दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

वर्ष : 31 | अंक :75
प्रतापगढ़ | गुरूवार , 16 जनवरी-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

## इस्कॉन से प्रेरणा लेकर सरकार देशवासियों के कल्याण के लिए सेवा भाव से काम कर रही - प्रधानमंत्री




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को नवी मुंबई के खारघर में इस्कॉन की परियोजना श्री श्री राधा मदनमोहनजी मंदिर का उद्घाटन किया और संगठन की सेवा भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस्कॉन से प्रेरणा लेकर उनकी सरकार देशवासियों के कल्याण के लिए इसी सेवा भावना के साथ निरंतर काम कर रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सेवा की यह भावना सच्चा सामाजिक न्याय लाती है और सच्ची धर्मनिरपेक्षता का प्रतीक है।प्रधानमंत्री ने कहा कि हर घर में शौचालय बनाना, उज्ज्वला योजना के तहत गरीब महिलाओं को गैस कनेक्शन देना, हर घर में नल का पानी पहुंचाना, हर गरीब व्यक्ति को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज देना, 70 वर्ष से अधिक उम्र के हर बुजुर्ग को यह सुविधा देना और हर बेघर व्यक्ति को पक्का घर देना, ये सभी कार्य इसी सेवा भावना से प्रेरित हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की आध्यात्मिक संस्कृति का आधार सेवा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आध्यात्मिकता में, ईश्वर की सेवा और लोगों की सेवा एक हो जाती है। उन्होंने कहा कि भारत की आध्यात्मिक संस्कृति साधकों को समाज से जोड़ती है, करुणा को बढ़ावा देती है और उन्हें सेवा की ओर ले जाती है। श्री कृष्ण के एक श्लोक का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी धार्मिक ग्रंथ और शास्त्र सेवा की भावना पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि इस्कॉन, एक विशाल संगठन है, जो शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण में योगदान करते हुए सेवा की इसी भावना के साथ काम करता है। उन्होंने कहा कि इस्कॉन कुंभ मेले में महत्वपूर्ण सेवा गतिविधियां चला रहा है।प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एक असाधारण और अद्भुत भूमि है, यह भौगोलिक सीमाओं से बंधा हुआ एक टुकड़ा मात्र नहीं है, बल्कि जीवंत संस्कृति वाली जीवंत भूमि है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस संस्कृति का सार आध्यात्मिकता है और भारत को समझने के लिए सबसे पहले आध्यात्मिकता को अपनाना होगा।मोदी ने कहा कि दुनिया भर में इस्कॉन के अनुयायी भगवान कृष्ण के प्रति अपनी भक्ति के कारण एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि एक और जोड़ने वाला सूत्र श्रील प्रभुपाद स्वामी की शिक्षाएं हैं, जो भक्तों को चौबीसों घंटे मार्गदर्शन देती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्रील प्रभुपाद स्वामी ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान वेदों, वेदांत और गीता के महत्व को बढ़ावा दिया और भक्ति वेदांत को आम लोगों की चेतना से जोड़ा।

उन्होंने कहा कि 70 वर्ष की आयु में, जब अधिकांश लोग अपने कर्तव्यों को पूरा मानते हैं, श्रील प्रभुपाद स्वामी ने इस्कॉन मिशन शुरू किया और दुनिया भर की यात्रा की, भगवान कृष्ण के संदेश को हर कोने में फैलाया। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि श्रील प्रभुपाद स्वामी के सक्रिय प्रयास हमें प्रेरित करते रहते हैं।प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर देते हुए कि सरकार कृष्ण सर्किट के माध्यम से देश भर में विभिन्न तीर्थस्थलों और धार्मिक स्थलों को जोड़ रही है। उन्होंने कहा कि यह सर्किट गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और ओडिशा तक फैला हुआ है। इन स्थलों को स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजनाओं के तहत विकसित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये मंदिर भगवान कृष्ण के विभिन्न रूपों को प्रदर्शित करते हैं, उनके बाल रूप से लेकर राधा रानी के साथ उनकी पूजा, उनके कर्मयोगी रूप और एक राजा के रूप में उनकी पूजा तक। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इसका उद्देश्य भगवान कृष्ण के जीवन और मंदिरों से जुड़े विभिन्न स्थलों की यात्रा को आसान बनाना है, जिसके लिए विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि इस्कॉन कृष्ण सर्किट से जुड़े इन आस्था केंद्रों तक भक्तों को लाने में सहायता कर सकता है। उन्होंने इस्कॉन से आग्रह किया कि वे अपने केंद्रों से जुड़े सभी भक्तों को भारत में कम से कम पाँच ऐसे स्थानों पर जाने के लिए प्रोत्साहित करें।

## सुकमा कांड में शामिल रहे कुख्यात चार नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**▶▶ वर्ष 2010 में सुकमा के ताड़मेटला की घटना में 76 जवान हुए थे शहीद**




**नारायणपुर, (हि.स.)।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने करीब 14 साल पहले सुकमा में हुए नक्सली हमले में 76 जवानों की शहाद की घटना में शामिल रहे चार कुख्यात नक्सलियों का आत्मसमर्पण कराने में सफलता प्राप्त की है। चार नक्सलियों पर कुल 32 लाख का इनाम था। इस दौरान मौजूद अधिकारियों ने आत्म समर्पण करने वाले नक्सलियों को प्रोत्साहन राशि के तौर पर 25-25 हजार रुपये के चेक भी सौंपे।नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सलियों में गांधी ताती उर्फ अरब उर्फ कमलेश ( 35 ) निवासी ग्राम कोरसागुड़ा थाना बासागुड़ा जिला बीजापुर माड़, डिवीजन संयुक्त मोर्चा प्रभारी तथा पूर्व नेलनार एरिया कमेटी प्रभारी, मैनू उर्फ हेमलाल कोर्राम डीवीसीएम, पूर्व बस्तर डिवीजन आमदाई एरिया कमेटी सदस्य, रंजीत लेकामी उर्फ अर्जुन एवं कोसी उर्फ काजल उर्फ कविता पति रंजीत लेकामी शामिल हैं। इन सभी पर आठ-आठ लाख का इनाम घोषित था।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सली अरब उर्फ कमलेश नेलनार क्षेत्र के 50 से अधिक गांवों में पिछले 8 सालों से आतंक का पर्याय रहा। अरब उर्फ कमलेश 6 अप्रैल 2010 में सुकमा ताड़मेटला घटना में 76 जवानों के बलिदान की घटना में शामिल रहा था। वहीं हेमलाल वर्ष 2021 के बुकिन्नतोर आईडी ब्लॉस्ट की घटना में भी शामिल था। इस घटना में पांच जवान बलिदान हुए थे। आत्मसमर्पित नक्स्ली अर्जुन उर्फ रंजित 2018 की इरपानार एम्बुश की घटना को अंजाम दिया था। इस घटना में भी पांच जवान बलिदान हुए थे। आत्मसमर्पित नक्सली जिला नारायणपुर, बीजापुर, सुकमा एवं सीमावती जिले/राज्य के 40 से अधिक बड़ी एवं छोटी नक्सल वारदात में शामिल रहा था।उन्होंने बताया कि क्षेत्र में लगातार पुलिस कैम्प खुलने एवं आक्रामक नक्सल विरोधी अभियान संचालित होने से ग्रामीणों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। उक्त आत्मसमर्पित चारों नक्सलियों ने बातचीत में बताया कि नक्सल संगठन के कई सदस्य भी वर्तमान में आत्मसमर्पण करना चाह रहे हैं लेकिन शीर्ष कैडर के दबाव के चलते वे पुलिस से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं।

## लेबलिंग और डिस्प्ले विनियमों में किसी भी संशोधन के लिए एफएसएसएआई ने तय की है एक जुलाई की तारीख

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने खाद्य सुरक्षा और मानक (लेबलिंग और प्रदर्शन) विनियम, 2020 के तहत निर्दिष्ट लेबलिंग संशोधनों को लागू करने के लिए हर साल 1 जुलाई की तारीख तय कर दी है। इस निर्णय से व्यवसाय करने में आसानी को बढ़ावा मिलेगा और उपभोक्ताओं को सूचित विकल्प चुनने में भी मदद होगी।एफएसएसएआई ने बुधवार को एक आधिकारिक बयान में बताया कि एफएसएस (लेबलिंग और डिस्प्ले) विनियमों से संबंधित संशोधनों और अन्य एफएसएस विनियमों में निर्दिष्ट लेबलिंग में किसी भी बदलाव के लिए अधिसूचना की तारीख से न्यूनतम 180 दिनों के अधीन, प्रवर्तन की तारीख हर साल 1 जुलाई तय की गई है।यह खाद्य व्यवसाय संचालकों (एफबीओ) के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने और उन्हें खाद्य लेबलिंग नियमों के अनुपालन के लिए एक पूर्वानुमानित और कुशल ढांचा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।एफएसएसएआई के अनुसार उपभोक्ताओं के लिए यह पहल खाद्य लेबलिंग में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करती है, सूचित निर्णय लेने में सक्षम बनाती है और खाद्य उत्पादों की सुरक्षा और गुणवत्ता में विश्वास बढ़ाती है।एफबीओ के सामने आने वाली चुनौतियां मुख्य रूप से नियमों के कार्यान्वयन, आवश्यक परिचालन परिवर्तन और संबंधित लागतों से संबंधित हैं।

## एअर इंडिया ने महाकुंभ जाना किया आसान

**▶▶ शुरू की नई नियमित उड़ान**




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** टाटा की अगुवाई वाली एअर इंडिया दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम महाकुंभ मेला 2025 के दौरान दिल्ली और प्रयागराज के बीच दैनिक उड़ानें संचालित करेगी।

एअर इंडिया ने हवाई यात्रा की बढ़ती मांग को देखते हुए दिल्ली और प्रयागराज के बीच अस्थायी दैनिक उड़ान सेवा शुरू करने करने का ऐलान किया है।एअर इंडिया ने जारी बयान में कहा कि इस रूट पर जैसे-जैसे मांग बढ़ेगी, एयरलाइन 25 जनवरी से 28 फरवरी 2025 तक उड़ानें संचालित करेगी। इसका उद्देश्य दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम के दौरान यात्रा की बढ़ती मांग को पूरा करना है, जिसमें दुनियाभर से लाखों श्रद्धालु आते हैं। इन उड़ानों के साथ एअर इंडिया ग्राहकों के लिए दो शहरों के बीच एकमात्र पूर्ण-सेवा उड़ान विकल्प लेकर आई है।इससे यात्रा करने वालों को समय बचाने और बेहतर कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा। विशेष बात यह है कि एयर इंडिया इस रूट्स पर एकमात्र फुल सर्विस एयरलाइन होगी, जो यात्रियों को प्रीमियम और इकोनॉमी दोनों ऑप्शन उपलब्ध कराएगी। इन विमानों में इकोनॉमी क्लास के अलावा प्रीमियम केबिन का विकल्प भी होगा। इससे भारत के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ उत्तरी अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण पूर्व एशिया के कई देशों के श्रद्धालुओं को भी आसानी से संपर्क सुविधा मिलेगी। एअर इंडिया के मुताबिक 25 जनवरी से 31 जनवरी तकः दिल्ली से फ्लाइट 14:10 बजे रवाना होकर 15:20 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। वापसी फ्लाइट 16:00 बजे प्रयागराज से उड़ान भरेगी और 17:10 बजे दिल्ली पहुंचेगी। इसके बाद 1 फरवरी से 28 फरवरी तकः दिल्ली से फ्लाइट 13:00 बजे रवाना होकर 14:10 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। वापसी फ्लाइट 14:50 बजे प्रयागराज से उड़ान भरेगी और 16:00 बजे दिल्ली पहुंचेगी।दिल्ली से प्रयागराज और प्रयागराज से दिल्ली के बीच एयर इंडिया की फ्लाइट्स के लिए बुकिंग एयरलाइन की वेबसाइट, मोबाइल ऐप और ट्रैवल एजेंट्स के माध्यम से की जा सकती है। यात्रियों को फ्लाइट बुकिंग के लिए जल्द से जल्द इस चैनल्स का उपयोग करना चाहिए, क्योंकि महाकुंभ के कारण यात्रा की भारी मांग हो सकती है।

## मणिपुर में बड़ी संख्या में हथियार और विस्फोटक बरामद



**इंफाल, (हि.स.)।** मणिपुर में अलग-अलग अभियानों में व्यापक पैमाने पर हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए। पुलिस ने बुधवार को बताया कि सुरक्षा बलों ने कांगपोकपी जिले के संवेदनशील इलाकों में तलाशी और क्षेत्र वर्चस्व अभियान चलाया। न्यू कैथेलमांबी थाना क्षेत्र के ज़ीरो प्वाइंट-पी1 रेलवे टनल रोड (सीओबी कोटलेन से 6 किलोमीटर उत्तर) में तलाशी के दौरान दो 9 मिमी सीएमजी और दो मैगजीन, दो देसी सिंगल बैरल राइफल, एक नंबर 36 हैंड ग्रेनेड तथा एक मोटरोला (बाओफेंग) बरामद किया गया।एक अन्य अभियान में फेयेंग रिज (फ्रीडम हिल और फेयेंग गांव के बीच) में दो बोल्ट एक्शन राइफल, तीन 9 मिमी पिस्टल, एक 0.32 पिस्टल, एक अन्य पिस्टल, तीन नंबर 36 हैंड ग्रेनेड, चार इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, तीन डेटोनेटर (नंबर 36 ग्रेनेड), दो .38 मिमी जिंदा राउंड, चार 0.22एमएम जिंदा राउंड, चार 9 मिमी जिंदा राउंड, दो टीयर स्मोक शेल (एसआर), एक गैस गन शेल, एक टीयर स्मोक (एलआर) तथा एक बाओफेंग रेडियो सेट बरामद किया गया। सभी बरामद वस्तुओं को आगे की जांच के लिए अधिकारियों को सौंप दिया गया ।

## दिल्ली-एनसीआर में घना कोहरा, रेल और हवाई यातायात प्रभावित

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के राज्यों के सीमावर्ती शहरों के लोगों को आज सुबह कड़ाके की ठंड और घने कोहरे का सामना करना पड़ा। विजिबिलिटी न के बराबर है। सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आसमान पर बादल छाए रहने की संभावना जताई है। कोहरे और कम विजिबिलिटी का असर हवाई यातायात पर भी पड़ा है।भारतीय रेलवे के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में कोहरे की वजह से दिल्ली आने वाली 26 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, आज शाम हल्की बारिश भी हो सकती है। अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस रह सकता है।देरी से चल रही हैं यह ट्रेनें:



बिहार क्रांति, श्रम शक्ति एक्सप्रेस, गोरखधाम एक्सप्रेस, नई दिल्ली हमसफर, महाबोधि एक्सप्रेस, वैशाली एक्सप्रेस, एसएलएन एएनवीटी एक्सप्रेस, श्रमजीवी एक्सप्रेस, अयोध्या एक्सप्रेस, लखनऊ मेल, पद्मावत एक्सप्रेस, एलकेओ नई दिल्ली एसी एक्सप्रेस, सप्त क्रांति एक्सप्रेस, हापा एसवीडीके एक्सप्रेस, मालवा एक्सप्रेस, केसीवीएल संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, जेबीपी एनजेडएम एसएफ एक्सप्रेस, गोंडवाना एक्सप्रेस, मेवाड़ एक्सप्रेस, निजामुद्दीन दुरंतो एक्सप्रेस, एसएनएसआई कालका एक्सप्रेस, यूपी संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, बीडीटीएस एलकेयू एसएफ एक्सप्रेस, तेलंगाना एक्सप्रेस, आरकेएमपी एनजेडएम एसएफ एक्सप्रेस और

### पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक को पीएमएलए कोर्ट से जमानत

**कोलकाता(हि.स.)।** कोलकाता की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक को राशन वितरण घोटाले से जुड़े मामले में जमानत दे दी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इस मामले की जांच कर रहा है। अदालत ने मल्लिक को 50 हजार रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दी।मल्लिक 2011 से 2021 तक राज्य के खाद्य और आपूर्ति मंत्री रहे। ईडी ने उन्हें 27 अक्टूबर 2023 को कोलकाता के साल्ट लेक स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के समय वह राज्य सरकार में वन मंत्री के पद पर थे।विशेष पीएमएलए न्यायाधीश प्रसंता मुखर्जी ने मल्लिक को 50 हजार रुपये के बेल बॉन्ड और 25-25 हजार रुपये के दो जमानतदार पेश करने की शर्त पर जमानत दी।

## नए युग की दहलीज पर खड़ा देश विकसित भारत लक्ष्य की ओर बढ़ा- सेनाध्यक्ष

**पुणे, (हि.स.)।** थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बुधवार को पुणे में सेना दिवस परेड की सलामी ली। उन्होंने देश की सीमाओं पर तैनात जवानों पर भरोसा जताते हुए कहा कि आज हमारा देश नए युग की दहलीज पर खड़ा है और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है। परेड में विभिन्न मार्चिंग दस्तों और हथियारों के जरिए सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया गया।सेना दिवस परेड 1949 में फील्ड मार्शल केएम करिअप्पा की भारतीय सेना के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ के रूप में नियुक्ति की याद दिलाती है, जो भारत के स्वतंत्रता के बाद के सैन्य नेतृत्व का प्रतीक है। थल सेनाध्यक्ष ने कहा कि हमारे देश को प्रगति और विकास के पथ पर आगे बढ़ने के लिए स्थिर और सुरक्षित वातावरण की आवश्यकता



है, जिसमें भारतीय सेना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुझे विश्वास है कि हम भारतीय सेना को एक आधुनिक, चुस्त, प्रौद्योगिकी सक्षम और भविष्य के लिए तैयार बल बनाने के लिए प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते रहेंगे।जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि उत्तरी सीमाओं पर स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील है। हमारी सेना किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार और सक्षम है। उत्तरी सीमाओं पर आधुनिक उपकरण और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। पश्चिमी सीमाओं की नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम लागू है लेकिन घुसपैठ की कोशिश जारी है। जम्मू-कश्मीर के आंतरिक क्षेत्रों में सुरक्षा बलों के निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप हिंसा में काफी कमी आई है। पिछले साल लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव और अमरनाथ यात्रा का शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होना सुरक्षा स्थिति में सुधार को दर्शाता है।थल सेनाध्यक्ष ने आर्मी डे परेड में सेना पदक (वीरता) और अन्य पुरस्कार प्रदान किए। परेड में मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री, मद्रास रेजिमेंट, मराठा लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंट, रेजिमेंट आफ आर्टिलरी, मिलिट्री पाइप्स एंड ड्रम बैंड, बाम्बे इंजीनियर ग्रुप, आर्मी आर्डिनेंस कार्प्स और एनसीसी के दस्तों ने मार्च करके सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया। मार्चिंग दस्तों के माथे पर पसीना और आंखों में अनुभव की चमक दिखाई दी। मार्चिंग दस्तों पर आर्मी एविएशन के हेलीकॉप्टरों ने पुष्पों की बारिश करके पूरे माहौल को देशभक्ति के जोश से भर दिया।

## भारतीय नौसेना को मिली ताकत

**▶▶ प्रधानमंत्री ने तीन लड़ाकू जहाजों को राष्ट्र को समर्पित किया**



**मुंबई, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में तीन लड़ाकू जहाजों- आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और आईएनएस वाघशीर राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया में प्रमुख समुद्री शक्ति के रूप में उभर रहा है। जहाज निर्माण उद्योग का विस्तार आत्मनिर्भर भारत अभियान में मदद करेगा।प्रधानमंत्री ने मुंबई में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आईएनएस वाघशीर (एक %हंटर-किलर% पनडुब्बी), आईएनएस सूरत (एक निर्देशित मिसाइल विध्वंसक) और आईएनएस नीलगिरी (एक स्टील्थ फ्रिगेट) के आने से भारतीय नौसेना अपनी समुद्री उपस्थिति को मजबूत करने के लिए तैयार है, जो चीन और पाकिस्तान जैसे विरोधियों के लिए एक निवारक के रूप में कार्य करेगी।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने भारतीय नौसेना को नई ताकत और दृष्टि दी थी। आज उनकी पवित्र भूमि पर हम 21वीं सदी की नौसेना को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठा रहे हैं।

यह पहली बार है कि एक विध्वंसक, एक फ्रिगेट और एक पनडुब्बी, तीनों एक साथ शामिल किया जा रहा है। गर्व की बात है कि तीनों मेड इन इंडिया हैं।उन्होंने कहा कि आज भारत को वैश्विक स्तर पर विशेष रूप से ग्लोबल साउथ में विश्वसनीय और जिम्मेदार भागीदार के रूप में पहचाना जाता है। भारत विस्तारवाद की भावना से नहीं बल्कि विकास की भावना से काम करता है। भारत ने हमेशा खुले, सुरक्षित, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन किया है।÷आईएनएस वाघशीर, जिसे %हंटर-किलर% पनडुब्बी के रूप में भी जाना जाता है, टॉरपीडो और एंटी-शिप मिसाइलों से लैस है और खुफिया जानकारी जुटाने और माइन-लेइंग क्षमताओं के अलावा एंटी-सरफेस और एंटी-सबमरीन दोनों तरह के युद्ध में सक्षम है।

### केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पर मुकदमा चलाने के लिए ईडी को मंजूरी दी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ शराब घोटाला मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग में कथित संलिप्तता के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। सूत्रों के अनुसार, साथ ही आप के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ भी मुकदमा चलाने को मंजूरी दी गई है।

## इंडियन स्टेट के बयान को लेकर घिरे राहुल गांधी

**▶▶ भाजपा ने बताया देश को तोड़ने वाला बयान**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** इंडियन स्टेट को लेकर दिए गए बयान को लेकर कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी घिरते दिखाई दे रहे है। भाजपा इस बयान को लेकर हमलावर है।

बुधवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हमला बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी का बयान देश को तोड़ने वाला है।केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने ट्वीट किया कि अब कांग्रेस की घिनौनी सच्चाई उनके अपने नेता द्वारा उजागर हो गई है। राहुल गांधी की इस बात के लिए सराहना करता हूं कि उन्होंने वह बात साफ-साफ कही है जो देश जानता है- कि वह भारतीय राज्य से लड़ रहे हैं। यह कोई रहस्य नहीं है कि राहुल गांधी और उनके तंत्र का शहरी नक्सलियों और डीप स्टेट के साथ घनिष्ठ संबंध है, जो भारत को बदनाम, अपमानित करना चाहते हैं। उनके बार-बार के कार्यों ने भी इस विश्वास को मजबूत किया है। उन्होंने जो कुछ भी किया या कहा है वह भारत को तोड़ने और हमारे समाज को विभाजित करने की दिशा में है।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली सांसद राहुल गांधी ने कांग्रेस के नए मुख्यालय %इंदिरा भवन% में पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए एक विवादास्पद बयान दे दिया। राहुल गांधी ने बुधवार को भाजपा और आरएसएस को घेरते हुए %इंडियन स्टेट% को लेकर विवादास्पद टिप्पणी कर दी। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई भाजपा और आरएसएस से ही नहीं, इंडियन स्टेट से भी है।

# सैनिक कल्याण पुनर्वास कार्यालय के सभागार में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पूर्व सैनिक दिवस





**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में सैनिक कल्याण पुनर्वास कार्यालय के सभागार में पूर्व सैनिक दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य विकास अधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांश सिंह के द्वारा वीर शहीदों के मानचित्र पर पुष्प अर्पित करके किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने पूर्व सैनिक दिवस पर देश के बलिदानियों को नमन करते हुए जिन्होंने भारत माता की मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया था उनको धन्यवाद दिया। इसके साथ उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों को किसी भी प्रकार की समस्या को हल करने का भरोसा दिलाते हुए कहा अगर आप लोगो को किसी भी प्रकार की समस्या आती है, तो एक एप्लिकेशन बनाकर मेरे ऑफिस में कभी भी मिल सकते है, आप लोगो की समस्या का निस्तारण अवष्य किया जायेंगा। इस अवसर पर कुछ वीर नारियों ने अपनी समस्या से मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया जिसे सुनकर उन्हांने सोल्जर बोर्ड को निर्देशित किया कि तत्काल सभी पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों की समस्या की एप्लिकेशन मेरे पास भेजा जाए, जिससे इन लोगों की समस्या को हल किया जा सकें।

मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के द्वारा 1962व 1965 व 1971 एवं कारगिल युद्ध विजेताओं के साथ वीर नारियों को पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र (साल) भेट कर स्वागत किया गया, जिसमें 11वीर नारिया एवं 19 युद्ध विजेताओं का आज सोल्जर बोर्ड द्वारा सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में कारगिल युद्ध विजेता सूबेदार मदन सिंह के द्वारा सभी पूर्व सैनिकों को पूर्व सैनिक दिवस के बारे में जानकारी प्रदान की गई, जिसमें जनपद के वीर नारियों एवं युद्ध विजेताओं ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित किया। तत्पश्चात क्षेत्राधिकारी मंझनपुर द्वारा सभी पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी को भरोसा दिलाया गया कि अगर किसी पूर्व सैनिक एवं बीर नारी या किसी फौजी के परिवार को पुलिस विभाग से संबंधित कोई समस्या होती है तो आप लोग कभी भी आ कर ऑफिस में मिल कर मुझको बता सकते है। पुलिस विभाग हमेशा आप लोगो की मदद में तत्पर रहेगी। इसके साथ क्षेत्राधिकारी 26 जनवरी 2025 को पुलिस लाइन में होने वाली परेड में सभी पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों को आमंत्रित भी किया और कहा अगले साल इससे भी बेहतर सैनिक दिवस समारोह हम लोग करवाएंगे, जिसमें आप लोगो को सम्मानित किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक संयुक्त संस्था के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह के द्वारा उपस्थित अधिकारीगण एवं पूर्व सैनिकों एवं बीर नारियों को सैनिक दिवस पर धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह, कारगिल युद्ध विजेता सूबेदार मदन सिंह, संजीव कुमार चौरसिया, राम शिवहरे, शिवकरण विश्वकर्मा, भैया लाल यादव, अजय कुमार त्रिपाठी, मनोज कुमार सिंह, मनोज कुमार चौरसिया, विनोद कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह एवं राजेश कुमार यादव सहित वीर नारिया एवं अन्य पूर्व सैनिकगण उपस्थित रहें।

# पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनशिकायतें



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए।

# प्रधानाध्यापक एमडीएम बनवाकर हो रहा कंगाल, शिकायत

**चायल, (कौशाम्बी)।** विकास खंड चायल के कंपोजिट विद्यालय रैयादेह माफी की सहायक अध्यापिका और ग्राम प्रधान की रंजिश का खामियाजा एमडीएम की रकम पर पड़ रहा है। दोनों के विवाद में बच्चों को मध्यांह् भोजन प्रधानाध्यापक सालों से अपने पैसे से कर रहे हैं। बैंक के खाते में रकम होने के बाद भी भुगतान नहीं हो पा रहा है। बुधवार को प्रधानाध्यापक ने मामले की शिकायत डीएम से करते हुए एमडीएम का भुगतान कराने की गुहार लगाई है।

कंपोजिट विद्यालय रैयादेह माफी के प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार सुमन ने बताया कि विद्यालय में कुल 243 बच्चे पंजीकृत हैं। प्रधान की हरकतों से आजिज आकर विद्यालय में तैनात एक अध्यापिका ने पूर्व में ग्राम प्रधान पर मुकदमा दर्ज कराया था।

उसी मुकदमें में सुलह करने के लिए ग्राम प्रधान कई बार दबाव बना चुके हैं। मुकदमें में सुलहनामा न लगाने पर प्रधान अगस्त 2023 से एमडीएम का पैसा बैंक खाते से नहीं निकाल रहे हैं। पिछले डेढ़ साल से प्रधानाध्यापक अपने वेतन और किराने की दुकान से सामान उधार लेकर बच्चों का एमडीएम बनवा रहे हैं। प्रधानाध्यापक ने बताया कि खाते से पैसा न निकाले जाने की जानकारी वह एसएमसी समेत उच्चाधिकारियों को कई बार दे चुके हैं। इसके बाद भी आज तक समस्या का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। दुकानदार से उधार सामान लेकर अगस्त 2023 से मध्याह्न भोजन बनवाया जा रहा है। बुधवार को प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार सुमन ने मामले की शिकायत डीएम से करते हुए एमडीएम का ढ़ाई लाख रुपया भुगतान कराने की गुहार लगाई है। वहीं ग्राम प्रधान मिठाई लाल का कहना है कि उनके भोजन बनवाने पर इतने ही बच्चों का खर्च 12 हजार रुपये आता था जबकि प्रधानाध्यापक के बनवाने पर 28 हजार रुपये भुगतान होता है। इसी बात के हस्ताक्षेप करने पर उनके ऊपर अध्यापकों ने मिलकर फर्जी छेड़खानी का केस दर्ज करा दिया है। विवाद के बाद से वह विद्यालय नहीं जाते हैं। उन्हें उपस्थित बच्चों की वास्तविक संख्या का भी पता नहीं चल पाता है। इसलिए वह एमडीएम की रकम नहीं निकाल रहे हैं।

# जिलाधिकारी ने की 22 कृषक उत्पादक संगठनो के संतृप्तीकरण अभियान अन्तर्गत जनपद स्तरीय मॉनीटरिंग समिति की समीक्षा

**▶▶ जिलाधिकारी ने एफपीओ को मार्केटिंग के लिए अधिक से अधिक सुविधायें उपलब्ध कराने के दिये निर्देश**




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा उदयन सभागार में 22 कृषक उत्पादक संगठनो के संतृप्तीकरण अभियान अन्तर्गत जनपद स्तरीय मॉनीटरिंग समिति की समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने एफपीओ के सदस्यों से वार्ता कर एफपीओ द्वारा किये जा रहें कार्यो यथा-उत्पादित उत्पाद के मार्केटिंग एवं टर्नओवर आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारित करने के निर्देश दियें। उन्होंने एफपीओ के सदस्यों से कहा कि जिस भी स्तर पर आपको समस्या आ रहीं है तो अपनी समस्या से तत्काल अवगत करायें। उन्होंने किसानों को मार्केट से जुड़कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया, ताकि जनपद का उत्पादन अन्य मार्केटिंग चौनलों पर प्रसारित हो सकें और उत्पाद का अच्छा मूल्य किसानों को प्राप्त हो सकें। इसके लिए उन्होंने विभिन्न एफपीओ से आए हुए किसानों का बोर्ड डायरेक्टर से बात कर समन्वय स्थापित करने के साथ-साथ मार्केटिंग की सुविधा के लिए उनको जागरूक किया।

उन्हांने बैठक में उपस्थित सदस्यों से केला व अन्य फसली उत्पादन के साथ-साथ प्रशंस्करण के सम्बन्ध में जागरूक किया, ताकि उत्पाद को जनपद के नाम से जाना जाय एवं वह सभी ऑनलाइन मार्केटिंग में एक अपनी पहचान बना सकें। उन्हांने कहा कि एफपीओ के तहत जनपद का किसान अपने उत्पाद को लेकर अच्छी जानकारी के साथ-साथ इसकी प्रोसेसिंग प्रशंसकरण एवं मार्केट में अच्छा पैसा कमा सकें और एफपीओ का रेवेन्यू बढ़ा सकें। उन्होंने उप कृषि निदेशक से कहा कि एफपीओ को कैम्प लगाकर लाइसेन्स देने की कार्यवाही करायी जाय। एफपीओ को मार्केटिंग के लिए अधिक से अधिक सुविधायें उपलब्ध करायी जाय, जिससे उनकी आमदनी और बढ़ सकें। उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा समिति के सदस्य, बोर्ड डैरेक्टर, कृषक उत्पादक संगठनो को तकनीक खेती, कृषि योजना से लाभ व उत्पादों के विपरण के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 ए0के0 सागर, कृषि विज्ञान केन्द्र के डॉ0 आशीष श्रीवास्वत, आइफा से नवकी, आईएफएफडीसी से नवीन द्विवेदी एवं डीएसएपी से डॉ0 अखिलेश सहित एफपीओ के कृषकगण उपस्थित रहें।

# किसान कल्याण केन्द्र मंझनपुर में किसान दिवस का हुआ आयोजन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में किसान कल्याण केन्द्र, मंझनपुर में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में डॉ0 आशीष कुमार श्रीवास्तव द्वारा कृषकों से खेती-बाड़ी पर संवाद स्थापित किया गया। इनके द्वारा कृषकों को बताया गया कि कृषि के साथ-साथ कृषि विवधीकरण अपनाते हुए कृषि के साथ पशुपालन, सब्जी उत्पादन, बागवानी अपनाया जाय। जिससे कृषकों की आय में वृद्धि होगी तथा कृषक का विकास होगा। डॉ0 श्रीवास्तव द्वारा कृषकों को बताया गया कि जो कृषक पशुपालन करना चाहते हों और आर्थिक रूप से कमजोर हों, वो कृषक अपने नजदीकी गौशाला से सम्पर्क करते हुए टैग किया हुआ पशु प्राप्त कर सकते हैं। उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सिराथू द्वारा कृषकों को बताया गया कि जो कृषक अलग-अलग फसलों का उत्पादन करना चाहते हैं, वो कृषि विभाग के राजकीय कृषि बीज भण्डार से समय-समय पर उपलब्ध मिनीकिट प्राप्त कर सकते हैं, इसके अतिरिक्त कृषि की नवीनतम तकनीकी जानकारी के लिए समय-समय पर कृषक प्रशिक्षण, कृषक भ्रमण कार्यक्रम कराये जाते रहते हैं। मत्स्य विकास से आये हुए श्री बृजेश सिंह द्वारा कृषकों को मत्स्य सम्पदा योजना के बारे में बताया गया तथा कृषकों को यह भी अवगत कराया गया कि कृषक किसान क्रेडिट कार्ड भी बनवा सकते हैं।

श्री लाल जी सरोज (सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा) द्वारा कृषकों को सरसों की फसल पर सल्फर के उपयोग के बारे में बताया गया जो कि कृषि रक्षा इकाईयों पर कृषकों को अनुदान पर उपलब्ध करायी जाती है। उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, सिराथू द्वारा कृषक को सोलर पम्प योजना की जानकारी प्रदान की गयी कि इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए कृषक को अपने पारदर्शी पंजीकरण संख्या के द्वारा ऑनलाइन 02 एच.पी.,03 एच.पी./05 एच.पी.,7.50 एच.पी./10 एच.पी. सोलर पम्प का आवेदन करना होता है, आवेदन के समय कृषक को रूपये-5000.00 ऑनलाइन टोकन मनी जमा करनी होती है। टोकन कन्फर्म होने पर कृषक अंश चालान के माध्यम से ऑनलाइन प्राप्त कर इण्डियन बैंक के किसी भी शाखा में जमा करना होता है। कृषक के पास 03,05 एच.पी. के सोलर पम्प के लिए 06 इंच व 7.50/10 एच.पी. के लिए 08 इंच का बोर होना आवश्यक है। वर्तमान में सोलर पम्प के लक्ष्य प्राप्त हैं जिस के लिए आवेदन की प्रक्रिया चालू है। इच्छुक कृषक बन्धु ऑनलाइन आवेदन करके लाभ प्राप्त कर सकते हैं। अन्त में उप कृषि निदेशक, कौशाम्बी एवं द्वारा कृषकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

इस अवसर पर उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, सिराथू श्री अभयराज गुप्ता, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी मंझनपुर सुश्री सूरूचि विश्वकर्मा, मत्स्य विभाग बृजेश सिंह, सहायक अभियन्ता सिंचाई विभाग श्री राकेश चन्द्र, लघु सिंचाई विभाग कुलदीप गुप्ता एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा कृषि विज्ञान केन्द्र महगाँव से आये हुए वैज्ञानिक डॉ0 आशीष कुमार श्रीवास्तव एवं विभिन्न विकासखण्डों से आये हुए कृषकगण उपस्थित रहें।

# शाखा को हराकर धमावा ने जीती अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अजुहा, (कौशाम्बी)।** विकास खंड सिराथू के इटैलीपुर सांखा में खेली जा रही अंडर 16 ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को शाखा बनाम धमावा के बीच क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच में साखा बाजार की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 4 ओवर में 58 रन बनाए जवाब में खेलने उतरी धमावा (सिराथू)की टीम ने 1 विकेट के नुकसान पर निर्धारित लक्ष्य हासिल कर फाइनल मुकाबला जीत लिया।टूर्नामेंट के फाइनल मैच में धर्मेश कुमार सरोज एवं अनुज कुमार ने फाइनल मैच के विजेता व उपविजेता टीम को मेडल, ट्राफी एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दिया। इस मौके पर अंकित कुमार, सोनू सरोज, हंसराज, विवेक यादव, विपिन कुमार, रवि ,नीरज, लवकुश कुमार, अतुल कुमार, गुलशन, अमरजीत सरोज,महेश प्रजापति तमाम ग्रामीण मौजूद रहें।

# सदर विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री इन्द्रजीत सरोज का मनाया गया जन्मदिन







**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** सपा पार्टी के मझंनपुर सदर विधायक इन्द्रजीत सरोज का जन्मदिन इनके आवास प्रीतम नगर प्रयागराज मे केक काटकर जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कौशाम्बी के युवा सासंद पुष्पेंद्र सरोज जन्मदिन पर मौजूद रहें। खुशी का इजहार करते हुए केक खाकर ईश्वर से पिता की लम्बी उम्र की प्रर्थना की और समाजवादी पार्टी के नेताओं पदाधिकारियो कार्यकर्ताओ ने उनके आवास पर पहुँचकर सपा जिला महासचिव गुलाम हुसैन, मुकीद अहमद सिद्दीकी, इरफान अहमद, राईन सैय्यद, जमील अहमद आदि सैकड़ो सपा कार्यकर्ताओ और सुभ चिन्तको समर्थको ने पहुँच कर जन्म दिन की बहुत बहुत बधाई और मुबारकबाद देते हुए लम्बी उम्र की ईश्वर से कामना की गई।

**▶▶ सपाई ने मनाया सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन**

कौशाम्बी। समाजवादी पार्टी की लोकप्रिय नेता मैनपुरी से सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से विभा यादव जिलाध्यक्ष महिला सभा के नेतृत्व में दयाशंकर यादव, जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी की उपस्थिति में अमित सिंह यादव के फार्म हाउस में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

उपस्थित लोगों में शाहनवाज अहमद, अरुण चौधरी, चंदन यादव, जगदीश यादव, जितेंद्र यादव, सुमित पांडे, आनंद यादव, भोला यादव पूर्व प्रधान कैमा, अनुराधा यादव एवं तमाम महिला सभा की कार्यकर्ता बहनों के साथ बड़े ही हर्षोल्लह के साथ मनाया गया।

# हिन्दू सुरक्षा परिषद बजरंग दल हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मां शीतला का लिया आशीर्वाद



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कड़ा, कौशाम्बी।** हिंदू सुरक्षा परिषद बजरंग दल हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष भव्य भारद्वाज ने बुधवार को शक्तिपीठ कड़ाधाम पहुंचकर मां शीतला का पूरे विधिविधान के साथ दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष आत्मप्रकाश पंडा द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष का अंगवस्त्र पहनाकर भव्य स्वागत सम्मान किया गया।इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव लाल सिंह पुरोहित, प्रदेश अध्यक्ष रवि पाण्डेय, युवा प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप तिवारी, प्रदेश मंत्री आशीष शुक्ला, युवा प्रदेश सचिव निखिल पाण्डेय, कौशाम्बी जिला सुरक्षा प्रमुख दिनेश गुप्ता, जिला मंत्री संदीप गुप्ता, जिला महामंत्री महेन्द्र मौर्य, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अंकित, ब्लाक अध्यक्ष संदीप आदि लोग उपस्थित रहें।

# जिलाधिकारी ने 03 प्राप्त आई0जी0आर0एस0 शिकायतों का स्वयं मौके पर पहुँचकर किया मौका मुआयना

**कौशाम्बी।** आई0जी0एस0 सन्दर्भ सं0-40017424025403 40017424025404 40017424025405 40017424025-403 शिकायतकर्ता विनोद कुमार पुत्र निवासी ग्राम भग्गू निवासी ग्राम-भीखागरग का पूरा मजरा जाठी तहसील मंझनपुर द्वारा आराजी सं0-1545 मि0 पर दिक्षीणग ज्ञान चन्द्र यादव आदि के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए प्रश्नगत आराजी पर किसी भी प्रकार कब्जा व दखल रोकने के सम्बन्ध में दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र का स्थलीय एवं अभिलेखीय जॉच कराया गया,जिसमें पाया गया कि आराजी सा:- 1545मि) एखामा 0.1140 हे0 पर छितिया पत्नी छेदी लाल व छेदी लाल पुत्र बुधई तथा ज्ञान चन्द्र पुत्र सियाराम आदि का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। भूमि पर शिकायतकर्ता द्वारा पिलर खड़ा कर अवैध रूप से कब्जा किया गया था। जिसको उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 26.01.2023 के क्रम में नायव तहसीलदार की उपस्थिति में दिनांक-30.10.2024 को अवैध कब्जा हटाकर पट्टा आवंटित को कब्जा दिलाया गया। वर्तमान समय में किसी भी प्रकार का कोई नया निर्माण नहीं हो रहा है, मौके पर यथा स्थिति बनी हुई है। आराजी से सम्बन्धित राजस्व परिषद् प्रयागराज के कम्प्यूटरीकृत वाद सं0 ए0एल0-202202-4200-3335 विनोद कुमार व अन्य बनाम ज्ञान चन्द्र अन्तर्गत धारा-110 राजस्व संहिता 2006 के आदेश दिनांक 04.06.2024 द्वारा दायर निगरानी बलहीन होने के कारण निरस्त कर दी गयी है। उच्च न्यायालय के आदेश 16.01.2023 के क्रम में कार्यवाही सुनिश्चित करने का आदेश पारित किया गया है। उसी आदेश के क्रम में विपक्षी ज्ञानचन्द्र को कब्जा दिलाया गया है। शिकायत की जाँच के समय शिकायतकर्ता मौके पर उपस्थित हुए तथा शिकायतकर्ता को निस्तारण आख्या से अवगत कराए जाने पर असन्तुष्ट एवं स्पॉट मेमों पर हस्ताक्षर करने से इंकार किया गया है। जिसका सत्यापन जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा मौके पर स्वयं जाकर किया गया, जिसका निस्तारण सही पाया गया। इसी प्रकार आई0जी0आर0एस0 सन्दर्भ संख्या-92417400017378 शिकायतकर्ता महेश सिंह पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम जाठी तहसील महानपुर द्वारा कब्जा करने के सम्बन्ध में दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र का स्थलीय एवं अभिलेखीय जॉच राजस्व टीम द्वारा कराए जाने पर पाया गया कि प्रार्थी ने जिन लोगों के नाम शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है, वे लोग प्रार्थी के निजी भूमि जो संक्रमणीय भूमिधर है, में पूर्व से घर बनाए हुए हैं, वहां की सरकारी भूमि पर कोई भी कब्जा नहीं किया जा रहा है। बगल में प्रार्थी के परिवार की भूमिधरी की भूमि है, जिस पर कुछ मकान बने हुए है। प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है कि वे मकान आपके चाचा की भूमिधरी भूमि में बना है, प्राथी सन्तुष्ट है। जिसका सत्यापन जिलाधिकारी श्री मधुसूदन हुल्गी द्वारा मौके पर स्वयं जाकर किया गया, जिसका निस्तारण सही पाया गया। इसी प्रकार आई0जी0आर0एस0 सन्दर्भ संख्या-15174240199713 शिकायतकर्ता तेजबली पुत्र बेनी प्रसाद निवासी हिसामबाद मजरा कोशम खिराज तहसील मंझनपुर द्वारा प्रार्थी को उसकी जमीन दिलाये जाने के सम्बन्ध में दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र के स्थलीय एवं अभिलेखीय जांच में पाया गया कि आ0सं0-852 1024. 1083 व 1029 में सहखातेदार के रूप में बतौर संक्रमणीय भूमिधर दर्ज है। आवेदक आराजी के अलावा अन्य गाटों पर आपसी खानदानी बटवारे के तहत काबिज है, खानदानी बटवारे में मिले गाटे के आलावा अन्य आराजी में भी बटवारा चाहता है, जिस कारण विपक्षी से विवाद होता है । प्रकरण भूमिधरी भूमि का बटवारा से सम्बन्धित है, आवेदक को अवगत करा दिया कि यह अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 की धारा-116 का बाद योजित कर अनुतोष प्राप्त करें। जिसका सत्यापन जिलाधिकारी द्वारा मौके पर स्वयं जाकर किया गया,

# सांड के हमले से मजदूर की इलाज के दौरान मौत

**कड़ा, (कौशाम्बी)।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के निजाममई गांव में शौच के लिए गए मजदूर पर एक आवारा सांड ने हमला कर दिया जिससे किसान गंभीर रूप से जख्मी हो गया , हादसे की जानकारी पर घरवाले किसान को इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहां किसान की मौत हो गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।कड़ा धाम थाना क्षेत्र के निजाममई गांव का रहने वाला मोतीलाल पुत्र रामचंद्र 35 वर्ष मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। बताया जाता है कि मोतीलाल मंगलवार की शाम गांव के बाहर बाग में शौच के लिए गया था , इस दौरान एक आवारा सांड ने मोतीलाल के ऊपर अचानक हमला कर दिया हादसे में मोतीलाल गंभीर रूप से जख्मी हो गया, आसपास मौजूद लोगो की सूचना पर पहुंचे घरवालों ने मोतीलाल को इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई

# टेल तक नहीं किसानो के खेत तक जाना चाहिए नहर का पानी- डॉ0 राजेश पटेल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में 15 जनवरी को जिले के कई गांवो जैसे उदहिन बुजुर्ग, घाटमपुर, जगन्नाथपुर, सरसवा, महंदापुर, नौगिरा, महुआखाडा आदि में ग्राम मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर खेतों तक नहर का पानी नहीं पहुंचने को लेकर कार्यकर्ताओं ने शिकायत की।

ग्राम मासिक बैठक के अंतर्गत ग्राम घाटमपुर ब्लॉक सिराथू में किसानो और पार्टी कार्यकर्ताओं से वार्ता करते हुए पार्टी नेता डॉ राजेश पटेल ने कहा कि हमारी पार्टी की मांग पर सिंचाई विभाग द्वारा नहरों में पानी छोड़ा गया है लेकिन नहरों का पानी खेत तक नहीं पहुंच पा रहा है जिससे किसान परेशान है। आगे कहा कि सिंचाई विभाग नहरों में टेल तक जलापूर्ति करने का दावा कर रहा है लेकिन किसानो के खेत तक नहर का पानी नहीं पहुंच पा रहा है। ऐसे में किसान पनचक्की लगाकर नहरों से खेतों की सिंचाई करने को विवश है। आगे कहा कि जब तक नहरों के नाली और कुलाबे ठीक नहीं करवाए जायेंगे तब तक नहरों में जलापूर्ति होने का किसानो को लाभ नही होगा। बहुत दिनों से नहरों में नालियां और कुलाबे क्षतिग्रस्त हैं, लिहाजा उन्हें ठीक कराया जाना किसानहित में जरूरी है। इसी के साथ डॉ राजेश पटेल ने कहा कि नहरों में टेल तक जलापूर्ति होने के बजाए किसानो के खेत तक पानी पहुंचना चाहिए। उन्होंने सिंचाई विभाग से मांग उठाई कि किसानो के खेत तक नहरों का पानी पहुंचना चाहिए। इस अवसर पर आदित्य तिवारी, मनोज गौतम, अमरनाथ लोधी, रोहित केसरवानी, जुम्मन अली आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

## कार्यालय उदघाटन समारोह में सोनिया समेत दिग्गजों के साथ प्रमोद व मोना की मौजूदगी पर कार्यकर्ता हुए मगन



**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस पार्टी के नये राष्ट्रीय कार्यालय के उदघाटन समारोह में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की सहभागिता को लेकर बुधवार को यहां कांग्रेसियों के चेहरे खिले दिखे। कैम्प कार्यालय पर जुटे कार्यकर्ताओं में नई दिल्ली में पार्टी के नये राष्ट्रीय कार्यालय के शुभारंभ को लेकर प्रसन्नता देखी गयी। वहीं कार्यकर्ता सोनिया गांधी तथा पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के द्वारा उदघाटन के मौके पर विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी की प्रभावी मौजूदगी को लेकर गदगद दिखे। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष केडी मिश्र, प्रमुख अमित सिंह पंकज, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, संतोष द्विवेदी, छोटे लाल सरोज, महमूद आलम, दयाराम वर्मा, दारा सिंह, शेरू खां, रामकृपाल पासी, दृगपाल यादव, लालजी यादव आदि ने सांसद प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना की सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के साथ उदघाटन समारोह में मौजूदगी को कार्यकर्ताओं की हौंसला आफजाई कहा है।

## देशी बम के साथ धराया आरोपी, गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने आरोपी को देशी बम के साथ हिरासत में लिये जाने मे सफलता ली है। लालगंज कोतवाली के दरोगा दीपक यादव बुधवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। राजातारा जंगल के समीप एक संदिग्ध युवक पुलिस को देख भागने लगा। पुलिस ने उसे धर दबोचा। तलाशी लेने पर आरोपी लालगंज के असैनापुर निवासी बृजपाल वर्मा के पुत्र शैलेष वर्मा के पास से पुलिस ने तीन देशी बम बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का केस दर्ज किया। दोपहर बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

## मकान का निर्माण करवा रही महिला को पीटा, मुकदमा दर्ज

**पट्टी प्रतापगढ़।** रानीगंज थाना क्षेत्र के रैनीसतखरिया गांव की रहने वाली शहाना बानो ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है। पीड़िता अपने मकान का निर्माण करवा रही है। जिसकी नीव खोदवा रखी थी। 14 जनवरी को दिन में 9 बजे के आसपास विपक्षी आए और नीव को बंद करने लगे। पीड़िता ने जब इसका विरोध किया तो उक्त विपक्षी ने पीड़िता को मारपीट करके घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने बुधवार को दिन में 3 बजे के आसपास मो0 लतीफ पुत्र करम अली के खिलाफ़ मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करके अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुटी हुई है।

## बाघराय बाजार में डाक्टर लाल पैथलैब्स का शुभारंभ

**बिहार प्रतापगढ़।** मानव जीवन का सबसे बडा धन स्वास्थ्य है। अच्छा व सुखमय जीवन व्यतीत करने के लिए अच्छे स्वास्थ्य का होना आवश्यक है। इसके लिए समय समय पर स्वास्थ्य का परीक्षण कराना आवश्यक है। यह बाते बाघराय सुंदरगंज बाजार स्थित संजय मिश्र मार्केट मे डाक्टर लाल पैथलैब्स का दीप प्रज्वलित करके व फीता काटकर शुभारंभ करते हुए प्रकाश हेल्थ सेंटर के निदेशक डाक्टर आर एस पांडेय ने कही। उन्होने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए अच्छे खान पान व अच्छे इलाज का होना जरूरी है। अब क्षेत्रवासियों को खून की जांच कराने के लिए दूर नही जाना पडेगा। आज से डाक्टर लाल पैथलैब्स बाघराय मे जनता जनार्दन के लिए समर्पित है। संचालक रामबाबू दुबे ने आए हुए अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया,। इस मौके पर शशिकुमार पांडेय प्रधान पति व देवीशंकर मिश्र, अनिल पांडेय, डाक्टर बांकेलाल चौरसिया,राजेंद्र प्रसाद शुक्ल फौजी, सरजूप्रसाद तिवारी फौजी, कप्तान शुक्ल, रामप्रकाश यादव, सिद्धनाथ यादव, भोले दुबे, शिवमूर्ति तिवारी,प्रदीप यादव, आदि मौजूद रहे।

## सिलाई-कढ़ाई से आत्मनिर्भर बनेगी महिलाएं

**कुंडा प्रतापगढ़।** समर्थ का लक्ष्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्म निर्भर बनाना है। घरेलू कार्यो के साथ सिलाई-कढ़ाई जैसे कार्यो को करके महिलाएं आत्म निर्भर बनेंगी। यह बातें मानिकपुर में चल रहे समर्थ कार्यक्रम में दिल्ली से पहुंचे हस्त शिल्प विभाग के एचपीओ मनोज कुंडू ने कहीं। समाज कल्याण नारी विकास के सचिव रत्नेश शर्मा ने बताया कि नगर पंचायत मानिकपुर में हस्त शिल्प विभाग प्रयागराज मंडल की ओर से चलाए जा रहे समर्थ कार्यक्रम में 30 महिलाएं सिलाई-कढ़ाई के प्रशिक्षण को प्रतिभाग कर रही हैं। एचपीओ रुपक दीक्षित ने प्रशिक्षण ले रही महिलाओं से कहा कि आपका काम आपकी पहचान बनाएगा और आपको आर्थिक रूप से मजबूत करेगा। इस मौके पर प्रयागराज से आए सक्षम वाजपेई, प्रशिक्षिका रेखा शर्मा, रीता मौर्या, राजीव, कमल, नेहा, आंचल, नीलम, वर्षा, किरन, पूजा, खुशबू, रुबी, काजल, शिवानी आदि मौजूद रहे।

## विपक्षी घर के ऊपर से जबरिया ले गए विद्युत कनेक्शन, विरोध पर आमादा फौजदारी

**पट्टी प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के सरसतपुर गांव निवासी संतोष कुमार ने बुधवार को दिन में 4 बजे के आसपास पुलिस को शिकयती पत्र देते हुए आरोप लगाया है। पीड़ित बीते माह घर पर नही था तो विपक्षी पीड़ित के घर के ऊपर से जबरिया विद्युत कनेक्शन लेकर चले गए। पीड़ित जब वापस आया और इसका विरोध किया कि उक्त विद्युत कनेक्शन जानलेवा हो सकता है। विपक्षी अमादा फौजदारी होते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। पीड़ित ने वहां से भाग कर अपनी जान बचाया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

## राम बहादुर बने अनुसेवक संघ के जिलाध्यक्ष

**कुंडा प्रतापगढ़।** तहसील परिसर में बुधवार को संग्रह अमीन अनुसेवक संघ के पदाधिकारियों की चुनावी बैठक हुई। इसमें सर्व सम्मति से राम बहादुर यादव को अनुसेवक संघ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस मौके पर जिला मंत्री अलख निरंजन तिवारी, कोषाध्यक्ष अवधेश नारायण तिवारी, आय व्यय निरीक्षक जीवेन्द्र सिंह भी मनोनीत किए गए।

## सर्दी की चपेट में आकर गिरा युवक, अचेत

**कुंडा प्रतापगढ़।** कहीं जाने के लिए वाहन के इंतजार में करीब 20 वर्षीय युवक बुधवार को दोपहर में नगर पंचायत के भगवन तिराहे पर खड़ा रहा। अचानक वह गश खाकर गिरा और अचेत हो गया। आसपास के लोगों ने ई-रिक्शा से उसे सीएचसी भेजा। डॉक्टर ने बताया कि युवक सर्दी की चपेट में आ गया है। घंटों इलाज के बाद जब वह होश में आया तो बगैर बताए चला गया। इससे उसका नाम पता नहीं चल सका।

# जनपद में 28 फरवरी तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** अपर जिला मजिस्टेऊट त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया है कि दिनांक 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या, 03 फरवरी को बसंत पंचमी व 26 फरवरी को शिवरात्रि का त्योहार मनाया जायेगा। दिनांक 18 जनवरी 2025 को नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा व इस दौरान अन्य विभिन्न शिक्षण संस्थानों द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षायें सम्पन्न होनी है। अपर जिला मजिस्टेऊट ने त्योहार पर विशेष सतर्कता बरते जाने तथा परीक्षाओं को सकुशल, नकलविहीन, शुचिता व निष्पक्षता से सम्पन्न कराने व शांति व्यवस्था एवं परिशांति परिपालित करने तथा साम्प्रदायिक सद्भाव एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से जनपद में 28 फरवरी 2025 तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दिया है। यह आदेश जनपद के सम्पूर्ण क्षेत्र में एवं जनपद में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी होगा। उन्होने बताया है कि एक स्थान पर 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों का विधि विरूद्ध जमाव प्रतिबन्धित किया जाता है। त्योहार के पावन पर्व पर कोई नई परम्परा नहीं कायम की जायेगी। कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थानों पर रिवाल्वर, पिस्टल, राइफल, एक नली बन्दूक व दो नली बन्दूक अथवा घातक हथियार यथा चाकू बल्लम, फरसा, विस्फोटक, ज्वलनशील पदार्थ, तेजाब आदि अथवा लाठी, डंडा, हाकी स्टिक आदि या किसी भी प्रकार का हथियार/शस्त्र लेकर नहीं चलेगा, न तो उसका प्रयोग करेगा। यह प्रतिबन्ध सरकारी ड्युटी पर तैनात अधिकारी/कर्मचारी तथा बैंक में लगे हुए सुरक्षा कर्मियों पर लागू नहीं होगा। शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को उनके सहारे के रूप में लाठी या डंडा लेकर चलने की छूट रहेगी। किसी भी सार्वजनिक धार्मिक स्थल पर डी0जे0, गीत-संगीत आदि की आवाज निर्धारित मानकों से अधिक नहीं होगी व लाउडस्पीकर का प्रयोग किसी भी दशा में इस प्रकार से नहीं किया जायेगा, जिससे विभिन्न सम्प्रदाय के लोगों में उत्तेजना फैलने की सम्भावना हो। इस संबंध में शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का कड़ाई से परिपालन किया जायेगा और लाउडस्पीकर का प्रयोग सक्षम अधिकारी एवं संबन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति से ही किया जा सकेगा। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह किसी भी सार्वजनिक, धार्मिक स्थल पर कोई ऐसी जनसभा, रैली या जुलूस का आयोजन नहीं किया जायेगा और न ही किसी प्रकार की अफवाह फैलाई जायेगी जिससे विभिन्न समुदाय के लोगों में मनमुटाव, वैमनस्यता या घृणा की भावना उत्पन्न हो। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह कोई ऐसी आलोचना नहीं करेगा जिसकी सत्यता स्थापित न हुई हो या तोड़-मरोड़ कर कही गयी बातों पर आधारित हो एवं जातीय या साम्प्रदायिक भावनाओं की दुहाई नहीं देगा। मस्जिदों, गिरिजाघरों, मन्दिरों या अन्य पूजा स्थलों को सभा स्थल के रूप में प्रयोग नहीं किया जायेगा और न ही इन स्थानों से जुलूस या रैली निकाली या समाप्त की जायेगी। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह प्रत्येक व्यक्ति के शांतिपूर्ण व विघ्न रहित जिन्दगी अधिकार को ध्यान में रखते हुए व्यक्तियों के विचारों या कार्यों का विरोध करने के लिए उनके घरों के सामने धरना, प्रदर्शन आदि का आयोजन नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह कोई ऐसा कार्य नहीं करेगा जिससे विभिन्न जातियों, धार्मिक व भाषायी समुदायों के बीच मतभेद बढ़े अथवा घृणा की भावना या तनाव पैदा हो। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह साम्प्रदायिक सौहार्द, शांति व्यवस्था एवं लोक व्यवस्था को भंग करने व लोगों को गुमराह करने वाले किसी भी प्रकार की अफवाह को प्रचारित व प्रसारित नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति, व्यक्तियों का समूह किसी प्रकार की नारेबाजी, उत्तेजना फैलाने वाले या साम्प्रदायिक सद्भाव विगाड़ने वाले प्रचार नहीं करेगा। परीक्षा केन्द्रों के आस-पासं 200 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारक यन्त्रों, ब्लूटूथ एवं आई0टी0 गैजेट्स सहित इसी प्रकार की अन्य इलेक्ट्रनिक डिवाइस का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। जनपद प्रतापगढ़ में सम्पन्न होने वाली परीक्षा से सम्बन्धित क्षेत्र में समस्त स्टॉफ/अधिकारी/परीक्षार्थी/मजिस्ट्रेट एवं सुरक्षा बल के अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति अथवा समूह परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं करेगा। परीक्षा केन्द्र के आस-पास 200 मी0 की परिधि में फोटो कापियर एवं स्कैनर का संचालन परीक्षा अवधि में पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। समस्त कक्ष निरीक्षक/स्टॉफ अथवा परीक्षार्थी उक्त उपकरणों को लेकर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं करेंगे और उक्त परीक्षाओं के संबंध में शासन द्वारा निर्गत सभी निर्देशों का उल्लंघन सभी संबंधित द्वारा किसी भी दशा में नही किया जायेगा। कोई भी परीक्षार्थी बिना परीक्षा सम्पन्न हुए सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना परीक्षा कक्ष से बाहर नहीं जायेगा और न ही उत्तर पुस्तिका बाहर ले जायेगा। परीक्षा की समाप्ति तक किसी भी अभ्यर्थी अथवा प्रश्न-पत्र को परीक्षा केन्द्र से बाहर नहीं जाने दिया जाएगा। कोई भी व्यक्ति, परीक्षार्थी परीक्षा स्थल की परिधि में किसी भी प्रकार के शस्त्रादि लेकर प्रवेश नहीं करेगा।

## संस्थान के सदस्य शिवाधार पांडे के निधन पर शोक-संवेदना



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** श्री हर्ष पांडे समाज सेवा संस्थान के सदस्य एवं रिटायर्ड राजकीय निर्माण निगम उत्तर प्रदेश के अभियंता शिवाधार पांडे के निधन पर शोक सभा संस्था कार्यालय पर बुलाई गई। जिसकी अध्यक्षता कृपा शंकर पांडे ने किया। इस मौके पर संस्था से जुड़े सदस्य इंजीनियर शिवाधार पांडे के निधन पर 2 मिनट का मौन रख करके उपस्थित सभी लोगों ने श्रद्धांजलि व्यक्त की। संस्थान के सेक्रेटरी डॉक्टर अनूप पांडे ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहां की अपनी विनम्रता सरलता एवं सहजता से हजारों लोगों के दिलों पर राज करने वाले बड़े भाई स्वर्गीय पांडे जी का आकस्मिक निधन निश्चित ही दिल को झकझोर करके रख दिया है। उनके विराट व्यक्तित्व को कभी भुलाया नहीं जा सकता। परमपिता परमेश्वर से यही प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दे। इस मौके पर राम सहाय यादव अरविंद कुमार पांडे डॉक्टर अमित कुमार पांडे सुधीर केसरवानी सुरेश सोनी बाबूराम पांडे काशीनाथ पांडे नवीन खंडेलवाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

## देशी बम समेत आरोपी युवक धराया, गया जेल

**लीलापुर प्रतापगढ़।** देशी बम के साथ गिरफ़्तार युवक पर मुकदमा दर्ज करके जेल भेजा गया। पुलिस अधीक्षक, डॉ0 अनिल कुमार द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक(पश्चिमी) संजय राय व क्षेत्राधिकारी लालगंज रामसूरत सोनकर के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी लालगंज नीरज कुमार यादव के नेतृत्व में उ0नि0 दीपक कुमार यादव ने मय हमराह कां0 ऋषिकान्त इन्दौलिया व कां0 आशीष गुप्ता द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/ वाहनों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर आज 15 जनवरी को तीन देशी बम के साथ शैलेश कुमार वर्मा उर्फ पन्नेलाल पुत्र बृजपाल वर्मा निवासीग्राम असैनापुर, थाना लालगंज को थानाक्षेत्र के राजातारा से उधनरपुर जाने वाली सड़क पर जंगल के पास गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त शैलेश कुमार वर्मा उर्फ पन्नेलाल पुत्र बृजपाल वर्मा निवासीग्राम असैनापुर, थाना लालगंज के कब्जे से तीन अदद देशी बम बरामद किया गया।

## धूमधाम से निकली कलश शोभा यात्रा, लगे जयकारे



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** श्रीमदभागवत कथा को लेकर बुधवार को पूरे बंशी में भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिला पुरूष श्रद्धालु शामिल हुए। गाजे बाजे के साथ निकली कलश शोभा यात्रा कथा स्थल से ग्रामीण इलाके के विभिन्न मंदिरों से होते हुए पुनः कथास्थल पर समाप्त हुई। कथाव्यास आचार्य अतुल जी महराज के निर्देशन में कलश यात्रा में मौजूद श्रद्धालु राधे कृष्ण के जयघोष में भी रमे दिखे। कलश यात्रा में निकाली गयी झांकी आकर्षण का विशेष केन्द्र रही। मुख्य यजमान कुन्ती देवी पत्नी स्वर्गीय त्रिभुवन नाथ दुबे ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। संयोजक ज्योति प्रसाद दुबे ने सभी के प्रति आभार जताया। सह संयोजन कुलदीप दुबे व रामेन्द्र दुबे ने किया। कलश यात्रा कार्यक्रम का संचालन सुधीर मिश्र ने किया।

इस मौके पर आशीष दुबे, धर्मेन्द्र दुबे, विकास तिवारी, महेन्द्र तिवारी, राकेश कुमार शुक्ल, रामेन्द्र प्रसाद तिवारी, आदर्श दुबे, आदित्य दुबे, गन्गेन्द्र प्रसाद तिवारी आदि मौजूद रहे।

## शिक्षक विधायक ने नगर पंचायत को सौपी ट्राली ट्रांसफार्मर की सौगात, खुशी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत को शासन द्वारा ट्राली ट्रांसफार्मर की सौगात मिली है। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने बुधवार को स्थानीय विद्युत उपकेन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम में नगर के लोगों को अठारह लाख रूपये की लागत से निर्मित चार सौ केवीए क्षमता का ट्राली ट्रांसफार्मर की सौगात सौंपी। उन्होनें कहा कि नगर पंचायत के वार्डो में अब अचानक ट्रांसफार्मर के जल उठने पर यह सुविधा तत्काल विद्युत आपूर्ति बहाल रखने में महत्वपूर्ण होगी। ट्राली ट्रांसफार्मर की सौगात को लेकर लोगों के चेहरे पर खुशी देखी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व संचालन अवर अभियंता बसन्तलाल ने किया। इस मौके पर एमएलसी प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह, शिक्षक नेता बृजेश द्विवेदी, पूर्व सभासद छोटे मिश्र, शास्त्री सौरभ त्रिपाठी, सभासद सुरेश गुप्ता, मनीष मिश्र, ऋषि द्विवेदी, नागेश्वर द्विवेदी, लव तिवारी आदि रहे।

## समाजसेविका की पुण्यतिथि पर समरसता सम्मान से नवाजे गये वरिष्ठ अधिवक्ता

▶▶ लालगंज तहसील सभागार में अधिवक्ताओं ने समरसता की मजबूती पर दिया जोर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय तहसील सभागार में बुधवार को समाजसेविका स्वर्गीया रामपती त्रिपाठी की पुण्यतिथि पर समरसता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने स्वर्गीय रामपति त्रिपाठी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

संयुक्त अधिवक्ता संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधि के क्षेत्र में योगदान के लिए वरिष्ठ अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं संयोजक अनिल त्रिपाठी महेश व रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने वरिष्ठ अधिवक्ता बेनी लाल शुक्ल, टीपी यादव, देवी प्रसाद मिश्र, मो. ईसा, केबी सिंह को अंगवस्त्रम तथा माल्यार्पण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता टीपी यादव व संचालन पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र ने किया। समारोह में महामंत्री सूर्यकांत निराला, अजय शुक्ल गुडडू, दिनेश सिंह, विपिन शुक्ल ने समरसता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ल व आभार प्रदर्शन सत्येन्द्र श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर शैलेन्द्र मिश्र, दीपेन्द्र तिवारी, शिव प्रसाद यादव, घनश्याम मिश्र, शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, लाल विनोद प्रताप सिंह, लाल अंकित सिंह, धीरेन्द्र मिश्र, शहजाद अंसारी, विनोद शुक्ला, संजय सिंह, रामकिंकर शुक्ल, सुमित त्रिपाठी, अनूप पाण्डेय, सिंटू मिश्र, निरंजन पाण्डेय, आशीष तिवारी, आदित्य मिश्र, अनिल यादव, शेष त्रिपाठी, कुलदीप तिवारी, अनिल पाण्डेय, बीडी पटेल, मस्तराम पाल, शैलेन्द्र शुक्ल, घनश्याम सरोज आदि अधिवक्ता रहे।

## शिक्षाविद पंडित रमाकांत द्विवेदी का जन्मोत्सव समारोह आयोजित

**संग्रामगढ़ प्रतापगढ़।** पानिगौ मैं बड़े ही धूमधाम से शिक्षाविद पं रमाकांत द्विवेदी का जन्मोत्सव मनाया गया। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी के प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह सोनू शुक्ला ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने पठन-पाठन एवं मोबाइल फोन के फेसबुक इंस्टाग्राम व्हाट्सएप आदि के नाटक का मंचन किया और नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत दी। इसके साथ ही स्वागत गीत सरस्वती वंदना को भी जीत के माध्यम से शानदार प्रस्तुति दी। विद्यालय के प्रबंधक पवन कुमार द्विवेदी ने आए हुए छात्र छात्राओं एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में पंडित रमाकांत द्विवेदी का बड़ा ही सराहनीय योगदान रहा है। उन्होंने उनके चित्र पर माल्यार्पण करके नमन किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य अशोक कुमार पांडे मनोज कुमार द्विवेदी अध्यक्ष नवनीत सिंह मनीष पांडे विकास मौर्य सुनीता पाल मंजू पांडे कृति गौतम राजेश तिवारी आदि



मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अरुणेश कुमार द्विवेदी ने किया।

## पेंटर की आकस्मिक मौत पर साथियों ने जताया शोक

**बिहार प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के मलावा छजईपुर गांव निवासी सोनू सरोज 30 वर्ष की तबियत बीते 12 जनवरी को बिगड गई। परिजन सोनू सरोज को इलाज हेतु प्रयागराज ले गए। जहां आज भोर मे सोनू सरोज पेंटर की मौत हो गई। आज अंतिम संस्कार श्रृंगवेरपुर घाट पर किया गया। पेंटर संघ बाघराय के अध्यक्ष रमेश सरोज के भाई सोनू के निधन पर पेंटर मुन्ना सरोज जीतलाल यादव व मुन्ना यादव,रामराज, शिवबहादुर, लूरे सुकुल लाल यादव, दिनेश पाल ने गहरा दुख जताया है।

## हनुमान मंदिर पर खिचड़ी भोज संग सम्मान समारोह आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** मकरसंक्रांति के उपलक्ष्य में कमला सेवा संस्थान के आयोजकत्व में शहर के टेजरी चौरहा स्थित हनुमान मंदिर पर बुधवार को खिचड़ी भोज एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परशुराम सेना के अध्यक्ष प्रदीप शुक्ल, भाजपा नगर अध्यक्ष आलोक गर्ग, संस्थान के संरक्षक दिनेश चन्द्र पांडेय व अन्य लोगों की उपास्थिति में मंदिर के पुजारी पंडित सुभाष पाण्डेय के मुखारविंद से वैदिक मंत्रों चारण के साथ किया गया। इस मौके पर आने-जाने वाले राहगीरों सहित भारी संख्या में लोगों ने खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया। संस्थान द्वारा प्रभु श्रीराम पटका व मां बेल्हा देवी का चित्र अतिथियों को भेंट करके सम्मानित किया गया। परशुराम सेना के अध्यक्ष प्रदीप शुक्ल ने कहा कि सनातन धर्म में अन्न दान को महादान की श्रेणी में रखा गया ह। जिला अभिसूचना ईकाई के इन्स्पेक्टर अतुल्य कुमार पांडेय ने कार्यक्रम की प्रसंशा करते हुए कहा कि मकर संक्रांति प्रेम भाईचारगी एवं एकता का महान त्यौहार है। बड़ों के प्रति यह सम्मान ही हमारी संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है। संस्थान के संरक्षक दिनेश चन्द्र पांडेय ने कहा कि इस तरह के त्योहार से युवा पीढ़ी को सामाजिकता का ज्ञान होता है और उनके अंदर भी नई ऊर्जा और संस्कार का संचार होता है। अंत में कार्यक्रम के आयोजक संस्थान के संस्थापक प्रत्यूष पाण्डेय ने सभी आगंतुकों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन का उद्देश्य रहा कि लोग त्योहार की गरिमा को अच्छी तरह समझ कर इससे प्रेरणा ले सके। इस मौके पर प्रशांत कुमार पांडेय,शुभम सिंह, अभिषेक दूबे, अजीत शर्मा, परमानंद मिश्र,देश राज सिंह, प्रतीक मिश्र, कार्तिकेय शुक्ल,अनुज सिंह, प्रशांत पाण्डेय आलोक,आशुतोष पांडेय, राहुल पाण्डेय, अभिषेक सिंह गंगेश,सहित अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

## सीओ ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर परखी सुरक्षा व्यवस्था



**सिराथू, (कौशाम्बी)।** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में पुलिस प्रशासन की ओर से विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश शासन की ओर से दिए गए हैं। इसके तहत बुधवार को क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने पुलिस बल के साथ सिराथू रेलवे स्टेशन पर गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान सीओ ने जिम्मेदारों को संदिग्ध लोगों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए।सीओ सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा , प्रभारी निरीक्षक सैनी बृजेश करवरिया एवं चौकी प्रभारी मनोज तोमर के साथ सिराथू कस्बे में भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। बाजार के साथ ही रेलवे स्टेशन पर गस्त कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। इसके साथ ही संदिग्ध लोगों के बारे में जानकारी ली। स्टेशन पर मौजूद यात्रियों की आईडी जांची और संदिग्ध लोगों के बैग सहित अन्य सामान की तलाशी ली। सीओ ने पुलिस कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अफवाह फैलाने वालों पर निगाह रखे। यदि कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार की अफवाह फैला कर माहौल बिगाड़ने का प्रयास करता मिले तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई करें। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक सैनी बृजेश करवरिया, चौकी प्रभारी मनोज तोमर सहित पुलिस बल मौजूद रहीं।

## जिलाधिकारी ने 09 जनसेवा केंद्रों की आईडी निरस्त करने के दिए निर्देश

**कौशाम्बी।** भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार किसानों को अधिक से अधिक योजनाओं को लाभ पहुंचाने और योजनाओं से किसानों को जोड़ने के लिए फार्मर रजिस्ट्री रजिस्ट्रेशन योजना संचालित की गई है। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में समस्त ग्राम पंचायतों में स्थापित समस्त जनसेवा केन्द्रों से कृषकां का फार्मर रजिस्ट्री रजिस्ट्रेशन का कार्य अभियान चलाकर कराया जा रहा हैं। इस अभियान में सभी जनसेवा केन्द्र संचालको द्वारा आवश्यक सहयोग करते हुए अधिक से अधिक कृषकों का रजिस्ट्रेशन किया जाना है। दिये गये निर्देशों के बावजूद जनसेवा केन्द्र संचालको द्वारा अपने ग्राम पंचायतों से सम्बन्धित कृषको का पंजीकरण में लापरवाही बरती जा रही है, जिसके कारण जनपद की प्रगति में वृद्धि नहीं हो पा रही है। जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए 09 सीएससी सेंटरों जिंसमें-रियाज अहमद दौलतपुर कसार, श्याम यादव रतगहा, दिनेश कुमार चरवा, बृजमोहन शर्मा चायल, कमलेश कुमार सोनी मंझनपुर, चन्दन सिंह कोसम इनाम, शुभम कुमार केशरवानी धुमाई, किरन कुमारी सौरई बुजुर्ग रजनीश सोनकर शमशाबाद की आई0डी0 निरस्त करने के निर्देश दियें।

## नलकूप के बोर को अराजकतत्वों ने किया ध्वस्त, शिकायत

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के डोरमा गांव में अपनी जमीन में नलकूप का बोर करा रही महिला ने अराजकतत्वों पर नलकूप के बोर में ईंट डालकर ध्वस्त करने का आरोप लगाते हुए सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के डोरमा गांव की सत्यरूपा पत्नी महेश प्रसाद ने बुधवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह अपनी भूमिधरी जमीन पर सरकारी योजना के मुताबिक नलकूप का बोर करा रही है, सत्यरूपा का आरोप है कि बीती रात अराजकतत्वों ने नलकूप के बोर में ईंट व बल्ली वगैरह डाल कर ध्वस्त कर दिया, सुबह जब पीड़िता ने देखा तो पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

## कोहरे के कारण पलटी ट्रक, एक जख्मी



**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के गौराहार में कोहरे के कारण एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें मौजूद एक व्यक्ति जख्मी हो गया, आसपास मौजूद लोगो ने घायल को ट्रक से बाहर निकाल इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया।बताया जाता है कि अमेठी जनपद थोरा निवासी राजकुमार सिंह पुत्र स्व रामकरन सिंह ट्रक में कटनी जबलपुर से मक्का लादकर नेपाल जा रहा था , ट्रक चालक जैसे ही सैनी कोतवाली के रामपुर धमावा गांव का मजरा गौराहार के पास पहुंचा तभी कोहरे की धुंध के कारण ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया हादसे में ट्रक में लदा मक्का सड़क किनारे बिखर गया जबकि चालक बाल बाल बच गया जबकि उसमें बैठतेराजकुमार जख्मी हो गया, आसपास मौजूद लोगो ने घायल को ट्रक से बाहर निकाल इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

## पीड़िता ने दबंगों पर लगाया भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सिराथू तहसील के एक गांव में कुछ दबंगों ने पीड़िता की भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है, पीड़िता के विरोध करने पर दबंग झगड़े पर आमादा हो जाते है, पीड़िता ने एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र कार्यवाही की मांग की है।सिराथू तहसील क्षेत्र के रामपुर सुहेला गांव की राबिया बानो पत्नी शादाब ने बुधवार को एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके पति रोजी रोटी के सिलसिले में मुंबई में रहते है , वह घर में अकेली रहती है। राबिया बानो का आरोप है कि उसके पिता के नाम दर्ज भूमि पर कुछ लोग अवैध कब्जा कर मकान निर्माण कर रहे है , जिसका विरोध करने पर दबंग गाली गलौच कर मारपीट पर आमादा हो जाते है, चौकी पुलिस को सूचना देने के बाद कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीड़िता ने मामले में एसडीएम से कार्यवाही की मांग की है।

## उर्स देखने आये इरशाद को मोटरसाइकिल ने टक्कर मारी



**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर के तिलहर मे रोड पार करते समय इरशाद पुत्र निशार (55) साल को एक मोटरसाइकिल ने टककर मार दी जिससे उनके पेर मे चोट लग गयी तभी साथ के लोगों ने डायल 108 पर कॉल करके एम्बुलेंस को बुलाया मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने उनको नजदीकी समुदायक स्वास्थ्य केंद्र तिलहर मे भर्ती कराया फर्स्ट ऐड करने के बाद ड्यूटी डॉक्टर ने उनको मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर रेफर कर दिया था।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 18 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना मंझनपुर से 06, थाना कौशाम्बी से 04, थाना सराय अकिल से 03, थाना पिपरी से 02, थाना संदीपनघाट से 01, थाना मो0पुर पइंसा से 02) कुल 18 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# कृषि रक्षा इकाई से हुई चोरी का सीओ ने किया खुलासा

**सैनी पुलिस ने चोरी के सामान के साथ पांच अभियुक्तों को किया गिरफ्तार**





लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली के बगल में स्थित कृषि रक्षा इकाई में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है, पुलिस ने इस मामलों में चोरी किए गए सामान के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लिखापढ़ी के बाद अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

सीओ सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने बुधवार को क्षेत्राधिकारी कार्यालय सिराथू में प्रेस वार्ता कर पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सैनी कोतवाली के बगल में स्थित कृषि रक्षा ईकाई से दो दिन पहले चोरों ने ताला तोड़कर सामान चोरी कर फरार हो गए थे । पुलिस की टीम गठित कर चोरों की तलाश की जा रही थी ।

बुधवार को मुखबिर की सूचना पर सैनी पुलिस ने कड़ा धाम थाना क्षेत्र के सौरई बुजुर्ग का मजरा नौडिया निवासी अंकित कुमार पुत्र सरोज कुमार की बीज की दुकान व घर से चोरी का सामान बरामद कर पांचों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद लिखापढ़ी कर न्यायालय के सुपर्द कर दिया गया । पकड़े गए आरोपियों में कड़ा धाम थाना क्षेत्र के सौरई बुजुर्ग का मजरा नौडिया निवासी अमितेश पुत्र सरोज कुमार , सरोज कुमार पुत्र रामलाल, अंकित कुमार पुत्र सरोज कुमार व पिपरी थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर उर्फ दुल्हापुर निवासी रामप्रकाश पुत्र स्व मुन्नू लाल , प्रदीप कुमार पुत्र रामप्रकाश के पास से फफूंद नाशक मैकी जेब उ 45 की सीलबंद दस अदद प्लास्टिक की बोरी , प्रिंट लॉक्टर दस अदद पेटी गत्ता सीलबंद खरपतवार नाशक , चार अदद पेटी गत्ता सीलबंद खरपतवार नाशक पेंडी मैथीली , एक अदद पेटी गत्ता सीलबंद मेट सल्फ्यूरान , एक अदद पेटी गत्ता सीलबंद लैम्डा साईहलोथरिन , एक अदद पेटी गत्ता कीटनाशक व 12 अदद ऑक्सी क्लोराइड पैकेट सीलबंद एवं 19340 रुपए के बेचे गए चोरी के सामान व दो अदद मोटर सायकिल बरामद किया है।

अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी सैनी बृजेश करवरिया , उपनिरीक्षक अंजनी कुमार , उपनिरीक्षक आलोक राज , कांस्टेबल जयवीर, नागेन्द्र कुमार, कन्हैया लाल, विक्रम, दीपक सिंह, विनीत कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# जानकीपुर में शिक्षिका ने थल सेना दिवस मनाते हुए बच्चों को दी जानकारी



लोकमित्र ब्यूरो

**शहजादपुर, (कौशाम्बी)।** विकास खंड सिराथू के जानकीपुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय में थल सेना दिवस मनाया गया । विद्यालय की शिक्षिका शालिनी सिंह ने बच्चों को थल सेना दिवस के बारे में जानकारी दी। इस दौरान बच्चों ने वीरता ,साहस ,शौर्य व देशभक्ति का प्रतीक अपने तिरंगे ध्वज को बनाया , तथा थल दिवस सम्बंधित पोस्टर बनाया। शिक्षिका शालिनी सिंह ने बताया कि बच्चों में देशभक्ति की भावना जाग्रत हो तथा सेना में नियुक्त देशप्रेमी जो हमारी रक्षा के लिए सदैव तत्पर रह कर सीमाओं से लगे शत्रुओं से हमारी सुरक्षा करते है उनके प्रति बच्चों का लगाव उत्पन्न हो तथा वह भी वीर सैनिक बनने के लिए अभिप्रेरित हो इस उद्देश्य से थल सेना दिवस मनाया तथा बच्चों को जानकारी भी दी कि भारत प्रत्येक वर्ष 15 जनवरी को सेना दिवस मनाता है। 1949 के उस दिन को याद करने के लिए जब भारत के अंतिम ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ जनरल फ्रांसिस रॉय बुचर ने प्रथम भारतीय सेना की कमान लेफ्टिनेंट जनरल कोडंडेरा एम. करिअप्पा (बाद में फील्ड मार्शल) को सौंपी थी।

# अटल आवासीय योजना व फॉर्मर रजिस्ट्री के काम में कोताही पर होगी कार्यवाही- बीडीओ

**बीडीओ ने पंचायत सचिवों के साथ की बैठक**



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** विकास खंड सिराथू के ब्लॉक कार्यालय में खंड विकास अधिकारी सिराथू ने विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर पंचायत सचिवों के साथ एक बैठक की। बैठक में बीडीओ ने सरकार द्वारा चलाई जा रही अटल आवासीय योजना में किसी तरह का कोताही न हो इसको लेकर बीडीओ सख्त दिखे। उन्होंने साफलहजे में कहा कि योजना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोताही करने वालों पर कार्रवाई तय है। बीडीओ सिराथू भवेश कुमार शुक्ला बुधवार को ब्लॉक कार्यालय में सचिवों की समीक्षा बैठक की जिसमें उन्होंने कहा अटल आवासीय योजना के तहत लोगों को जागरुक कर आवेदन कराएं । इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा योजना से चल रहे कामो की प्रगति की जानकारी ली। खंड विकास अधिकारी सिराथू भवेश शुक्ला ने 79 ग्राम पंचायत अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें लक्ष्य के मुताबिक फॉर्मर रजिस्ट्री , प्रधानमंत्री आवास हेतु सर्वे , अटल आवासीय योजना हेतु आवेदन आदि की जानकारी देते हुए कार्यों को पारदर्शी तरीके से कराए जाने के निर्देश दिए ।एडीओ पंचायत विश्व बंधु ने कहा गांव में बने सार्वजनिक शौचालय नियमित रूप से खुला और उनकी साफ सफाई कराई जाए ऐसे में निरीक्षण के दौरान गड़बड़ी मिलने पर केयरटेकर व सचिव के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि मनरेगा योजना के तहत चल रहे कामों को पूरा करने के लिए पढ़ रही कड़ाके के ठंड को देखते हुए कार्य स्थल पर अलाव की व्यवस्था करने के लिए कहा जिससे मनरेगा के मजदूरों को राहत मिल सके। इस मौके पर एडीओ पंचायत विश्व बंधु, एपीओ अशोक कुमार, ग्राम पंचायत सचिव पूरन चंद्र, बृजेश सिंह, विनय चौधरी, राहुल सिंह, दीक्षा शिवहरे, राजमणि आदि मौजूद रहे।

# घर से निकले युवक की हत्या कर शव को कुंए में फेंका

**पुलिस ने शव कुंए से निकाल पोस्टमार्टम के लिए भेजा**



लोकमित्र ब्यूरो

**चरवा, (कौशाम्बी)।** चरवा थानाक्षेत्र के चपहुंआ गांव में बुधवार सुबह कुंए में युवक का रक्तरंजित शव मिला। कुंए में शव मिलने की जानकरी परिजनों को हुई तो वह बदहवास हालत में घटनास्थल पर पहुंचे।

सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कुंए से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर सीओ फिंगर प्रिंट टीम के साथ मौके पर पहुंच घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

चपहुंआ गांव निवासी नईमउद्दीन (26) पुत्र नसीरउद्दीन मुंबई में रहकर काम करता था। मंगलवार शाम वह घर से बिना बताए निकला था। बुधवार सुबह गांव के बाहर स्थित सरदार सरोज के कुंए के समीप गए लोगों ने खून की बूंद



जमीन पर देखी तो उनके होश उड़ गए। कुंए में शव पड़े होने की सूचना इलाके में आग की तरह फैल गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद शव को कुंए से बाहर निकाला।

घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ सत्येंद्र तिवारी, फिंगर प्रिंट और फील्ड यूनिट की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक के पिता नसीरउद्दीन की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। इस सम्बंध में सीओ सत्येंद्र तिवारी का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# डीएम के आदेश पर विकास कार्यों में धांधली की जांच करने पहुंचे एडीओ पंचायत

**जांच में मिली कई खामियां, बिना निर्माण के ही नाली, इंटरलॉकिंग की निकाल ली गई धनराशि**



लोकमित्र ब्यूरो

**करारी, (कौशाम्बी)।** सदर ब्लॉक के तियरा जमालपुर गांव में विकास कार्यों में सरकारी धन का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया गया है। यहां बिना निर्माण कराए ही जिम्मेदारों ने नाली, इंटरलॉकिंग आदि की धनराशि निकालकर बंदरबांट कर लिया। इसके अलावा भी हैंडपंप रीबोर, मनरेगा, 14 वां, 15 वां वित्त आयोग की धनराशि का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया गया है। ग्रामीणों की शिकायत पर बुधवार को डीएम के आदेश पर एडीओ पंचायत कमलाकांत मिश्र जांच करने पहुंचे। जांच के दौरान अधिकारियों को चौंकाने वाले तथ्य सामने आए।

करारी के तियरा जमालपुर ग्राम सभा में विकास कार्यों की धांधली को लेकर काफी दिनों ग्रामीण शिकायत कर रहे हैं। बावजूद इसके कार्रवाई के नाम पर अधिकारी जांच का आश्वासन देते चले आए हैं। यहां का आलम यह है कि बिना कार्य करवाए ही ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव ने विभिन्न मद से लाखों रुपए गबन कर गए। बिना नाली निर्माण व इंटरलॉकिन करवाए ही अधिकारियों से मिलीभगत कर धन निकाल लिए। जबकि जमीनी हकीकत जस का तस बनी हुई है। शिकायतकर्ता ग्रामीण लवलेश कुमार व सियाराम का कहना है कि ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी तथा रोजगार सेवक की मिलीभगत से विकास कार्यों में जमकर धांधली किया जा रहा है।

गांव में नाली, सडक, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर के नाम पर 15वां,14 वां राज्यवित्त व मनरेगा योजना में बगैर काम के ही फर्जी तरीके से लाखों रुपये निकाल लिये गए। बताया गया कि ग्राम प्रधान पप्पू सरोज खुद का फर्जी जॉब कार्ड बनाकर मनरेगा से धन निकाल रहा है। जिसकी शिकायत खंड विकास अधिकारी से लेकर जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री तक से की गई है। बावजूद इसके जांच करने वाले अधिकारी फर्जी रिपोर्ट लगाकर जिला अधिकारी के साथ शासन को गुमराह कर रहे हैं। जबकि ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान व तत्कालीन सचिव के खिलाफ दर्जनों बार भ्रष्टाचार की शिकायत किया है। बहरहाल कुछ भी हो जिला अधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देश पर जांच करने पहुंचे एडीओ पंचायत ने ग्राम प्रधान व सचिव के द्वारा विकास कार्यों में धांधली का चिट्ठा तैयार कर लिया है। इसे लेकर अन्य ग्रामीणों का कहना है कि यदि जांच अधिकारी सही तरीके से जांच कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजेंगे तो ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव पर कार्रवाई तय है।

# लेखपाल संघ ने समस्याओं को लेकर की बैठक



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ सिराथू की बैठक बुधवार को लेखपाल संघ सिराथू के कार्यकारी अध्यक्ष शिव शंकर पाल की अध्यक्षता में तहसील परिसर में आयोजित की गई। जिसमें लेखपालों की समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से लेखपाल की समस्याओं के शीघ्र निराकरण का निर्णय लिया गया। बैठक में लेखपालों ने समस्याओं को लेकर अपने अपने विचार रखते हुए सुझाव लिए । बैठक के बाद लेखपाल संघ एसडीएम सिराथू अजेंद्र सिंह से मुलाकात कर समस्याओं से रूबरू कराया जिसके बाद एसडीएम ने समस्या से निजात हेतु आश्वासन दिया । इस दौरान कार्यकारी अध्यक्ष शिव शंकर पाल , मंत्री कमल सिंह, मुकेश पटेल , साधना सिंह , जीत लाल, प्रदीप सिंह , मान सिंह , सुनील अग्रहरि, सुनील श्रीवास्तव , विनोद सोनकर , विनोद पाल, सोहन लाल, उमेश केसरवानी, दिलीप कुमार , अचल सिंह , अनुराधा वर्मा, नेहा जैन, पूनम यादव, दुर्गेश कुमार, धर्मराज सहित दर्जनों लेखपाल मौजूद रहें।

# नगर पालिका परिषद मंझनपुर अध्यक्ष ने श्रद्धालुओं को कराया जलपान



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** आज अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंझनपुर बीरेंद्र सरोज फौजी ने महाकुम्भ प्रयागराज आने जाने वाले श्रद्धालुओं का नगर पालिका परिषद मंझनपुर के समदा में स्वागत शिविर में आये हुए नेपाल देश, बिहार व मध्य प्रदेश एवं विभिन्न राज्यों के सभी तीर्थयात्रियों का स्वागत कर श्रद्धालुओं को जल पान का भव्य प्रसाद वितरण किए। खाने पीने की उत्तम व्यवस्था चाय, पानी, सब्जी में आलू मखाना मटर, आलू जीरा, दमालु, रायता, चटनी, पापड़, चावल, तंदूरी रोटी, कचौडी, शाही बूंदी, हलुआ, सर्वसिद्धि प्रदान करने वाले महाकुम्भ में आप सभी की साधना और मनोकामना पूर्ण हो, यही कामना है।

## घर जाते समय युवक को कार ने मारी टक्कर, घायल

टेवां, कौशाम्बी। सदर कोतवाली क्षेत्रके सुखदेव पुर माजरा टेनशाह आलमाबाद निवासी अमित कुमार पुत्र ओम शंकर लोधी राजपूत आज दोपहर किसी काम से मंझनपुर गया था मंझनपुर से वापस आते समय पुलिस लाइन कौशांबी के पास विपरीत दिशा से आ रहे चार पहिया वाहन से टक्कर लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया युवक की हालत गंभीर बताई जा रही।

# सिद्ध कलिका पीठ के महंत अखिलेश्वरानंद ब्रह्मचारी महाराज ने ठिठुरती रातों में गरीबों को ओढ़ाया कंबल

लोकमित्र ब्यूरो

**सराय अकिल, (कौशाम्बी)।** सराय अकिल क्षेत्र सुरसेनी गांव के महंत अखिलेश्वरानंद ब्रह्मचारी महाराज ने मानवता और करुणा की अनूठी मिसाल पेश करते हुए संगम क्षेत्र में ठंड से जूझ रहे गरीबों के लिए एक अद्भुत सेवा का कार्य किया।

सर्द हवाओं और ओस भरी रातों में जब हर कोई अपने घरों में गर्माहट की तलाश कर रहा था, तब महंत अखिलेश्वरानंद ब्रह्मचारी ने संगम क्षेत्र में खुले आसमान के नीचे ठिठुरते गरीबों को राहत देने का बीड़ा उठाया। उन्होंने खुद गरीबों के पास जाकर उन्हें कंबल ओढ़ाए। महंत जी का यह कार्य न केवल समाज में दया और सेवा का संदेश देता है, बल्कि



यह यह भी दिखाता है कि सच्ची भक्ति वही है,

जो जरूरतमंदों की सेवा में समर्पित हो। महंत अखिलेश्वरानंद ब्रह्मचारी ने कहा, गरीबों की सेवा ही सच्ची पूजा है। समाज के हर व्यक्ति को अपने सामर्थ्य अनुसार जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए।संगम क्षेत्र में इस मानवीय पहल ने ठंड से कांप रहे कई लोगों के चेहरों पर मुस्कान ला दी। यह सेवा कार्य क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और समाजसेवा के प्रति प्रेरणा का स्त्रोत भी। महंत अखिलेश्वरानंद ब्रह्मचारी के इस पुनीत कार्य ने यह सिद्ध कर दिया कि धर्म का असली उद्देश्य इंसानियत और करुणा का पालन है।

## सम्पादकीय

# पूर्वोत्तर की चिंताओं पर केन्द्र को गौर करना चाहिए

केंद्र को पूर्वोत्तर की चिंताओं पर गौर करना चाहिए। उचित यह होगा कि चीन से इस मुद्दे पर सीधी बात की जाए। चीन भी नदी जल बंटवारे संबंधी अंतरराष्ट्रीय संधियों से बंधा हुआ है। उससे इस बारे में ठोस आश्वासन मांगा जाना चाहिए।चीन के ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने के एलान से पूर्वोत्तर भारत, और यहां तक कि बांग्लादेश में भी चिंता पैदा हुई है। आशंका है कि कभी हादसा होने से बांध टूटा, तो पूरा पूर्वोत्तर डूब जाएगा।साथ ही तनाव के हालात में चीन ब्रह्मपुत्र पानी भी रोक सकता है। ब्रह्मपुत्र नदी चीन में यारलुंग सांगपो नाम से जानी जाती है। अरुणाचल प्रदेश में इसे सियांग नाम से जाना जाता है।असम पहुंचने पर उसका नाम ब्रह्मपुत्र हो जाता है। ब्रह्मपुत्र की कुल लंबाई करीब 2,880 किलोमीटर है। इसका 1,625 किलोमीटर हिस्सा चीन के तिब्बत में है।भारत में 918 और बांग्लादेश में 337 किमी इलाके में ये नदी बहती है। पर्यावरणविदों ने ध्यान दिलाया है कि चीन की ओर से अतिरिक्त पानी छोडने की वजह से हाल के वर्षों में अरुणाचल में तीन बार भयावह बाढ़ आ चुकी है।इसके अलावा इलाके में पहले कई अन्य प्राकृतिक आपदाएं हो चुकी हैं। वर्ष 2000 में यारलुंग सांगपो की सहायक नदी ईगोंग सांगपो में भूकंप के कारण बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ था।इससे अरुणाचल प्रदेश और असम में भयावह बाढ़ आई, जिससे जान-माल का भारी नुकसान हुआ। ऐसी घटनाएं बाद में भी हुई हैं। इस कारण ताजा खबर आने के बाद से पूरे इलाके में चिंता गहराने की खबरें हैं।अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा है कि चीन बीते कई वर्षो से अरुणाचल से सटे सीमावर्ती इलाकों में बड़े पैमाने पर आधारभूत ढांचे का निर्माण कर रहा है।उन्होंने इस मुद्दे पर बातचीत की जरूरत बताई। केंद्र सरकार को ऐसी चिंताओं पर तुरंत गौर करना चाहिए। अब चूंकि चीन से द्विपक्षीय वार्ता फिर शुरू हो चुकी है, इसलिए उचित यह होगा कि चीन से इस मुद्दे पर सीधी बात की जाए।चीन भी नदी जल बंटवारे संबंधी अंतरराष्ट्रीय संधियों से बंधा हुआ है। उससे इस बारे में ठोस आश्वासन मांगा जाना चाहिए।भारत सरकार के लिए उचित होगा कि वह अंतरराष्ट्रीय संधियों के उपयुक्त प्रावधानों का उल्लेख इस सिलसिले में करे। संभव हो, तो बांग्लादेश को भी शामिल कर त्रिपक्षीय वार्ता के लिए पहल की जानी चाहिए।




# महाराष्ट्र में अमित शाह की विशाल रैली के बाद मची राजनैतिक हलचल



**अशोक भाटिया**

शिरडी में अमित शाह की विशाल रैली ने दिखाया कि भाजपा ने आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में शिंदे की शिवसेना और अजीत पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ मिलकर जाने का फैसला किया है। भारतीय जनता पार्टी का राज्य स्तरीय सम्मेलन शिरडी में आयोजित किया गया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा कार्यकर्ताओं की प्रशंसा की और विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने राजनीति को दबाव देते हुए कहा कि असली शिवसेना और असली एनसीपी की जीत हुई है। शाह ने बीएमसी चुनावों में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शिरडी में अपने भाषण में शिवसेना नेताओं उद्धव ठाकरे और शरद पवार पर कटाक्ष किया था। क्योंकि इन दोनों पार्टियों ने बीजेपी को सत्ता से बाहर रखने के लिए खतरनाक चाल चली थी. यह अमित शाह के भाषण में परिलक्षित हुआ। अमित शाह ने शरद पवार और उद्धव ठाकरे पर तंज कसा। विपक्षी दलों की आलोचना होनी चाहिए, लेकिन पवार और ठाकरे की आलोचना करके शाह ने दिखा दिया कि महाराष्ट्र कैसे इन दो नेताओं की वजह से पिछड़ गया है.पवार ने इतने वर्षों तक देश में मंत्री के रूप में कार्य किया लेकिन किसान आत्महत्याओं को नहीं रोक सके। ठाकरे के साथ भी ऐसा ही हुआ। ठाकरे ने कहा कि भाजपा ने भाजपा की पीठ में छुरा घोंपा है। भाजपा, शिंदे और अजीत पवार ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में अभूतपूर्व जीत हासिल की। शाह ने पवार और ठाकरे की पार्टियों को खारिज करने के लिए महाराष्ट्र के लोगों को धन्यवाद दिया। शाह ने कहा कि ध्यान चुनावों पर है और उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से इसके लिए कड़ी मेहनत करने का आग्रह किया। भाजपा का नारा पंचायत से संसद तक है और इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह इस साल के स्थानीय निकाय चुनावों से सच होगा। शाह का यह बयान कि यह भाजपा के इतिहास का सबसे बड़ा सम्मेलन है, वास्तव में वहां था। ऐसा इसलिए क्योंकि विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत से भाजपा में काफी आत्मविश्वास पैदा हुआ है और यह भाजपा के इस आयोजन में परिलक्षित हुआ।स्वागत बोर्डों, भगवा झंडों, भाजपा के नारों ने साईनगरी को हिला दिया था और इसने समग्र वातावरण में एक भगवा जीवंत वातावरण बनाया था। शाह के भाषण ने इन सभी चीजों को प्रतिबिंबित किया और भाजपा के भविष्य की कार्रवाई का विचार भी दिया। अमित शाह ने महा विकास अघाड़ी पर निशाना साधा क्योंकि महा विकास अघाड़ी एक घरेलू गठबंधन है। इस गठबंधन के तीनों दल एक-दूसरे पर पॉटशॉट लेने में लगे हुए हैं और वे इसे खो चुके हैं। गांव में भी नहीं। भाजपा और कांग्रेस में बहुत बड़ा अंतर है। पहले कांग्रेस के नेता और राज्यों के मुख्यमंत्री कांग्रेस की रैलियों में जयकार करते थे। कार्यकर्ताओं में होड़ लगी थी और इसलिए सभी नेता व पदाधिकारी वरिष्ठों की चाटुकारिता में व्यस्त थे। मैं



अब उस तस्वीर को नहीं देखता। इसके विपरीत सभी नेताओं-विधायकों के साथ-साथ सांसदों ने मुख्यमंत्री फडणवीस की तारीफ की है क्योंकि उन्हीं की वजह से भाजपा को यह सफलता मिली है। स्थानीय निकाय चुनाव महत्वपूर्ण हैं, विशेष रूप से मुंबई, ठाणे, संभाजीनगर आदि जैसे नगरपालिका चुनाव, और अब भाजपा पूरी ताकत से सामने आएगी। इसलिए अब भाजपा का संघर्ष स्थानीय स्तर पर खेला जाएगा। शाह ने विपक्ष, शरद पवार की एनसीपी और शिवसेना उबाथा को भी संदेश दिया है। चुनाव के बाद से ही भाजपा के लिए माहौल अनुकूल रहा है। भाजपा के पास देवेंद्र फडणवीस , चंद्रशेखर बावनकुले, आशीष शेलार, नारायण राणे, नितेश राणे की एक मजबूत टीम है। बालासाहेब के समय की शिवसेना और उद्धव के नेतृत्व वाले संगठन के बीच जमीन और सम्मान का अंतर है। उद्धव ने मुख्यमंत्री पद के लिए कांग्रेस से हाथ मिलाने की रस्सी काट दी। उद्धव ने खुद मुख्यमंत्री पद की खातिर भाजपा में जाने के लिए रस्सी काट दी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमित शाह को पार्टी प्रमुख के रूप में कार्य करना पड़ रहा है। अमित शाह का यह बयान कि दोनों दल आज नेताओं के विश्वासघात के कारण रसातल में पहुंच गए हैं, जो उनकी राजनीति से शुरू हुआ और ठाकरे ने बालासाहेब के विचारों के साथ विश्वासघात किया और बाद में उन्होंने भाजपा की पीठ में छुरा घोंपा।भाजपा को अब मुंबई और ठाणे नगर निगम और छत्रपति संभाजीनगर को जीतने की चुनौती से पार पाना होगा। यह कहना सुरक्षित है कि शाह के भाषण ने कार्यकर्ताओं को एक नया जोश और एक नया उत्साह दिया है। शाह के भाषण ने कार्यकर्ताओं को एक नया जोश और एक नया उत्साह दिया है। इसलिए भाजपा की जीत तय मानी जा रही है। बहन योजना मदद करने के लिए है। इससे कल शाह की रैली के बाद एक तस्वीर बनी कि भाजपा स्थानीय निकाय चुनाव भी जीतेगी।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हम तीनों के महागठबंधन में चौथे सहयोगी की जरूरत नहीं है, लेकिन हमारा महागठबंधन अंत तक महाराष्ट्र में रहेगा। दरअसल पिछले कुछ दिनों में उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे और संजय राउत ने सीएम फडणवीस के काम की तारीफ की है। मुख्यमंत्री ने कुछ ही शब्दों में स्पष्ट जवाब दिया। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, %मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों का उत्तराधिकारी हूं। यह पूछे जाने पर कि क्या उद्धव गुट मुख्यमंत्री के काम की प्रशंसा कर रहा है, उन्होंने कहा, ÷कुछ प्रशंसाओं को नजरअंदाज किया जाना चाहिए। आपको तारीफों के बारे में सावधान रहना होगा। अक्सर राजनीति को विभाजित करने के लिए इस तरह से प्रशंसा की जाती है। राजनीति में, यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि कोई कितनी भी प्रशंसा करता है, आपके पैर जमीन पर होने चाहिए। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा।क्या उद्धव ठाकरे गुट को भविष्य में महागठबंधन में शामिल करने पर विचार किया जा सकता है? इस सवाल के जवाब में कहा गया, %हमारी तीन कुर्सियां मजबूत हैं, इसलिए हमें चौथे सहयोगी की जरूरत नहीं है। हमारा महागठबंधन मजबूत है और महाराष्ट्र में अंत तक महायुति ही रहेगा। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा।उन्होंने कहा, %हमें जो पद मिला है वह पद नहीं है, यह एक जिम्मेदारी है। मैं उत्तराधिकारियों की सूची में नहीं हूं, लेकिन मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों का उत्तराधिकारी हूं। फडणवीस ने कहा कि देश और समाज की सेवा करने की संस्कृति तब शुरू हुई जब मैं कम उम्र में आरएसएस की शाखाओं में जाता था।उधर अमित शाह द्वारा शरद पवार पर किये गए आरोपों पर शरद पवार ने गृह मंत्री अमित शाह को अपने पद की मर्यादा बनाए रखने की नसीहत दी है।

दरअसल अमित शाह ने शिरडी में भाजपा के सम्मेलन में कहा था कि महाराष्ट्र में भाजपा की जीत ने 1978 में पवार के द्वारा शुरू की गई विश्वासघात की राजनीति को 20 फीट जमीन में दफना दिया है।पवार ने मंगलवार को मुंबई में कहा- इस देश ने कई बेहतरीन गृह मंत्री देखे हैं, लेकिन उनमें से किसी को भी अपने राज्य से बाहर नहीं निकाला गया। उनका इशारा सोहराबुद्दीन शेख फर्जी मुठभेड़ मामले में 2010 में शाह को 2 साल के लिए गुजरात से बाहर निकाले जाने की ओर था। 2014 में शाह को सभी आरोपों से बरी कर दिया गया था।शरद पवार ने कहा कि 1978 में मैं ष्ट्रूथा। तब राजनीति में पक्ष-विपक्ष के बीच इतनी कटुता नहीं थी। उस समय जन संघ के उत्तम राव पाटिल जैसे लोग भी मेरी मिनिस्ट्री में थे। इसके बाद जब वाजपेयी क्क्रू बने थे, तो उन्होंने मुझे आपदा मैनेजमेंट अथॉरिटी का अध्यक्ष बनाया था। मेरे विपक्ष में होने के बावजूद उन्होंने मुझे जिम्मेदारी दी थी।इंडिया गठबंधन में फूट की चर्चा पर पवार ने कहा- इंडिया गठबंधन में कभी भी स्टेट और लोकल चुनावों को लेकर कोई बात नहीं हुई थी। यह गठबंधन केवल नेशनल लेवल यानी लोकसभा चुनाव के लिए है।दरअसल, जम्मू-कश्मीर के ष्ट्रू उमर अब्दुल्ला ने कहा था कि लोकसभा चुनाव के बाद इंडिया गठबंधन का कोई महत्व नहीं है। इसे खत्म कर देना चाहिए। शिवसेना के सांसद संजय राउत ने अब्दुल्ला के बयान का समर्थन करते हुए कांग्रेस को इसके लिए जिम्मेदार बताया था। उन्होंने कहा था कि महाराष्ट्र निकाय चुनाव हम अकेले लड़ेंगे।पवार ने पिछले दिनों ऋस्र की तारीफ पर सफाई दी। उन्होंने कहा- वह संघ की आइडियोलॉजी का समर्थन नहीं करते हैं, बल्कि जिस तरह से उनके लोग मेहनत करते हैं, वह उनका समर्थन करते हैं।दरअसल, पवार ने 9 जनवरी को ह्रष्ट्क्र(स्क्र) कार्यकर्ताओं से कहा था कि संघ की कड़ी मेहनत की वजह से महाराष्ट्र में भाजपा और महायुति को शानदार जीत मिली थी। संघ के लोगों ने कड़ी मेहनत की और उनसे हमें सीखना चाहिए।निकाय चुनाव में गठबंधन जल्द तय करेंगे शरद पवार ने कहा कि महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों में उनकी पार्टी किसी के साथ लड़ेगी या अलग, इस बारे में 8-10 दिनों में फैसला कर लिया जाएगा। इसको लेकर पार्टी के भीतर मीटिंग होगी।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# सहकारिताः एक सतत और समावेशी वैश्विक भविष्य की कुंजी

**मुरलीधर मोहोल**

हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) का वैश्विक सहकारी सम्मेलन 2024, सौ से अधिक देशों से आए वैश्विक नेताओं की एक सभा मात्र न होकर कहीं अधिक मायने रखता है; यह एक सतत एवं न्यायसंगत भविष्य को आकार देने में सहकारी समितियों के बढ़ते महत्व का प्रमाण है।

सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र के अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ किया, जो एक महत्वपूर्ण वैश्विक पहल है जिसका मूल उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर ध्यानाकर्षित कराना है। यह वर्ष वैश्विक, आर्थिक और सामाजिक विमर्श का वह महत्वपूर्ण अध्याय बन रहा है, जहाँ सहकारी समितियों को न केवल स्थानीय विकास के साधन बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में भी पहचान दी जा रही है।

सहकारी मॉडलः आस्तित्व में समुदायिक पर वैश्विक बदलाव के लिए तैयार

सहकारी मॉडल के मूल में एक सरल लेकिन शक्तिशाली अवधारणा निहित है - परस्पर लाभ के लिए एक साथ काम करते लोग। सहकारिता सामूहिक स्वामित्व, साझा जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक निर्णय लेने पर जोर देती है। इन सिद्धांतों ने दुनिया भर में कृषि, स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय सेवाओं से लेकर ऊर्जा उत्पादन तक उल्लेखनीय सफलताएँ दिलाई हैं।

भारत में, सहकारी समितियाँ ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं ।

उदाहरण के लिए, अमूल ने न केवल भारत को दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक बना दिया है, बल्कि सहकारिता के माध्यम से आत्मनिर्भरता और समृद्धि का प्रतीक भी बन गया है। अमूल जैसी डेयरियां उन सभी महिलाओं को सशक्त बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिला नेतृत्व वाले विकास का समर्थन करती हैं, जो महिलाएं व्यावसायिक दूध उत्पादक के लिए ऐसी समितियों से जुड़ी हुई हैं। अपने सहकारी मॉडल के माध्यम से ये सहकारी समितियाँ नेतृत्व की भूमिकाएँ, कौशल विकास और वित्तीय सहायता प्रदान करती हैं, जिससे महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद मिलती है और अर्थव्यवस्था में उनकी भूमिका और मजबूत होती है।

सहकारी मॉडल को बढ़ावा देने में भारत का नेतृत्व

भारत ने लंबे समय से आर्थिक परिवर्तन और सामाजिक प्रगति को बढ़ावा देने के साधन के रूप में सहकारी समितियों के मूल्य को पहचाना है।

नई दिल्ली में आयोजित आईसीए वैश्विक सहकारी सम्मेलन के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति ने सहकारी आंदोलन के प्रति भारत की गहरी प्रतिबद्धता को उजागर किया है। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के शुभारंभ के दौरान उनके संबोधन ने एक आत्मनिर्भर, समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में सहकारिता की भूमिका को रेखांकित किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण ने हाशिए पर पड़े समुदायों को सशक्त बनाने की सहकारी क्षेत्र की क्षमता पर भी प्रकाश डाला, खासकर ग्रामीण भारत में, जहाँ सहकारी समितियाँ, कृषि और डेयरी फार्मिंग जैसे क्षेत्रों की रीढ़ बनी हुई हैं।

नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत सरकार ने सहकारी क्षेत्र को बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। सरकार द्वारा सहकारिता को बढ़ावा देने के लिए लिए जा रहे कदम इस मान्यता को उजागर करते है कि सहकारी समितियाँ केवल अतीत की निशानी नहीं हैं, बल्कि समकालीन आर्थिक और सामाजिक विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

सहकार से समृद्धि का विजनः भारत के सहकारी क्षेत्र का आधुनिकीकरण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन ने देश के सहकारी परिदृश्य को नया आयाम देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इनके कुशल दिशानिर्देशों में, भारत एक आधुनिक सहकारी ढांचे की ओर बढ़ रहा है जो डिजिटल अर्थव्यवस्था की मांगों के अनुरूप है।

सहकारी समितियों की पहुँच और प्रभावशीलता का विस्तार करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की प्रधानमंत्री और सहकारिता मंत्री की सोच तेसे डिजिटल होती दुनिया में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। सहकारी समितियों का भविष्य, बदलते समय के साथ इनके विकसित होने, और दक्षता में सुधार के लिए आधुनिक उपकरणों को समाहित करने की उनकी क्षमता में निहित है।

वैश्विक एजेंडाः सहकारिता और सतत विकास लक्ष्य

विश्व जब आर्थिक असमानता, जलवायु परिवर्तन और सामाजिक अशांति से जूझ रहा है, तो सहकारिता, विकास के लिए एक वैकल्पिक मॉडल पेश करती है जोकि समावेशी, लोकतांत्रिक और लचीला है। सहकारी मॉडल का जोर एकजुटता, आपसी सहयोग और लोकतांत्रिक भागीदारी पर है, जो इसे प्रमुख वैश्विक समस्याओं को संबोधित करने के लिए अद्वितीय बनाता है।

सहकारी समितियां वित्तीय लाभ से अधिक लोगों की प्राथमिकताओं पर जोर देती है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आर्थिक गतिविधियों के लाभ और व्यापक रूप से वितरित हो सके, जिससे वंचित सशक्त बनें और सामाजिक अंतर को कम करने में मदद मिले। सहकारिता आंदोलन को सतत विकास लक्ष्यों के साथ जोड़कर भारत ने खुद को सतत और समावेशी विकास के लिए वैश्विक अधिवक्ता के रूप में स्थापित किया है। संक्षेप में, सहकारिता एक समावेशी और टिकाऊ वैश्विक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में एक अहम भूमिका निभाती है।

आगे की राहः एक सहकारी भविष्य

सहकारिता केवल एक आर्थिक उपकरण नहीं हैं - वह सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और पर्यावरणीय स्थिरता प्राप्त करने का एक शक्तिशाली साधन है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में 'सहकार से समृद्धि' के विजन से ही 140 करोड़ की आबादी वाले हमारे देश को एक बेहतर भविष्य दिया जा सकता है । एक ऐसी दुनिया बनाई जा सकती है जहाँ विकास को साझा किया जाता है,

जहां असमानताएँ न्यून होती हैं और जहां समुदाय सहकार से सशक्त होकर जनमानस समृद्ध होते हैं।

लेखक केन्द्रीय सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री हैं

## समसामायिक

# आप के लिए चुनौतियां कठिन

दिल्ली विधानसभा चुनाव का ऐलान हो चुका है। यहां मतदान 5 फरवरी को होगा और नतीजे 8 फरवरी को आएंगे। वैसे चुनाव कार्यक्रम घोषित होने से काफी पहले ही चुनाव अभियान चरम पर पहुंच चुका था।2014 के बाद दिल्ली की राजनीति आप बनाम भाजपा के बीच दो ध्रुवीय हो गई है। इसके पूर्व भाजपा और कांग्रेस ही मुख्य पार्टियां होती थीं। 2013 से कांग्रेस का पतन आरंभ हुआ और पिछले दो विधानसभा चुनाव से वह शून्य पर है। भाजपा भी 1998 से सत्ता से बाहर है। भाजपा सत्ता में आना चाहती है तो कांग्रेस भी दिल्ली की मुख्यधारा में वापसी की कोशिश में है।प्रश्न है कि क्या इस बार पिछले दो विधानसभा चुनावों से अलग परिणाम आएगा? क्या सत्ता परिवर्तित होगी? क्या दिल्ली की राजनीति तीन ध्रुवीय होगी? पिछले चुनाव तक कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व की नीति किसी तरह भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सत्ता में आने से रोकना था। इसके लिए वह हर तरह का समझौता कर रही थी। लोक सभा चुनाव में आप के साथ सीटों पर समझौता भी हुआ। कांग्रेस ने रणनीति बदली और वाकई दिल्ली में बने रहने के लिए संघर्ष कर रही है। बावजूद कुछ समय पूर्व लगता था कि आप तीसरी बार एकपक्षीय जीत प्राप्त कर सकती है। चुनाव या किसी संघर्ष में प्रतिद्वंद्वी को पराजित करने का सबसे बड़ा सूत्र आक्रामक होना है यानी आक्रामक होकर प्रतिद्वंद्वी को उत्तर देने तक सीमित रख दीजिए।केजरीवाल ने लगातार ऐसी घोषणाएं कीं जिससे भाजपा के सामने उत्तर देने का विकल्प दिखता था। भाजपा और कांग्रेस, दोनों केजरीवाल की घोषणाओं का तथ्यात्मक खंडन करती रहीं, उनकी विसनीयता को भी अतीत के आधार पर प्रश्नों के घेरे में लाती रहीं लेकिन ऐसा नहीं था कि एजेंडा भाजपा तय कर रही हो।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनाव मैदान में उतरने तथा उम्मीदवारों की सूची जारी होने के साथ स्थिति बदलती दिख रही है। केजरीवाल की सबसे बड़ी ताकत मुफ्त की घोषणाएं रही हैं। इस बार उनका सबसे बड़ा दांव मंदिरों के पुजारियों और गुरु द्वारों के ग्रंथियों को 18 हजार रुपया मासिक वेतन देने की घोषणा है। इसके पहले महिला सम्मान योजना 2100 रुपया तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए निएवं सार्वजनिक अस्पतालों में निशुल्क उपचार की संजीवनी योजना घोषित की। इस समय मुस्लिम मतदाताओं की राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस का समर्थन करने की प्रवृत्ति उभरी है। कांग्रेस की आक्रामकता देखकर आप को लग रहा है कि दिल्ली के 11-12 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता उसके पास गए तो समस्या बढ़ जाएगी। दूसरे, केजरीवाल को समझ आ गया है कि देश में हिन्दुत्व राजनीति का मुख्य निर्धारक विचारधारा के रूप में बना रहेगा। इसका ध्यान रखते हुए उन्होंने पुजारियों और ग्रंथियों के वेतन की घोषणा कर दी तथा भाजपा द्वारा प्रश्न उठाने के बाद कहा कि वह बताए कि इसके पक्ष में है या नहीं? वे पुजारियों और ग्रंथियों को वेतन देना चाहते हैं, या नहीं? यह ऐसा प्रश्न था जिसका स्पष्ट उत्तर देना किसी भी पार्टी के लिए कठिन है। केजरीवाल के बोलने, लोगों को लुभाने की चतुर शैली का उत्तर किसी पार्टी के लिए देना कठिन रहा है।भाजपा का पुजारी प्रकोष्ठ दिल्ली में अत्यंत सक्रिय है, और उनके कारण पार्टी की ताकत भी बढ़ी है। केजरीवाल ने इसी पर चोट करने के रणनीति अपनाई और नहीं कहा जा सकता कि इसका असर नहीं हुआ। लालच किसी को भी डिगा सकता है। इमामों को 18 महीने से वेतन न मिलने का मामला भले ही कांग्रेस या दूसरे विरोधियों के लिए केजरीवाल को कठघरे में खड़ा करने का आधार हो, आप हिन्दुत्व समर्थकों के बीच संदेश देने की रणनीति अपना रही है कि हम घोषणा के बावजूद उनको वेतन दे नहीं रहे और केवल पुजारियों और ग्रंथियों को देंगे। सार्वजनिक रूप से न बोलते हुए भी जमीन पर ऐसा प्रचार देखा जा सकता है। भाजपा शायद इस रणनीति को आरंभ में नहीं समझ पाई। बावजूद आप और केजरीवाल के लिए यह चुनाव 2015 और 2020 से गुणात्मक रूप से काफी भिन्न और बड़ी चुनौतियों वाला है। भाजपा ने जैसे उम्मीदवार उतारे हैं, उनसे पिछले दो विधानसभा चुनावों के विपरीत लगता है कि वह जीतने के लिए लड़ रही है। केजरीवाल के विरुद्ध प्रवेश वर्मा तथा मुख्यमंत्री आतिशी के विरुद्ध रमेश बिधूड़ी को उतारना इसका प्रमाण है। कांग्रेस की ओर से संदीप दीक्षित केजरीवाल को चुनौती दे रहे हैं, और पार्टी ने अच्छे उम्मीदवार उतारे हैं यानी दोनों पार्टियां केजरीवाल को किसी भी तरह पराजित करना चाहती हैं। उच्चतम न्यायालय ने जमानत में केजरीवाल के साथ शर्त लगाई हुई है कि वे मुख्यमंत्री रहें भी तो न सचिवालय जाएंगे, न कैबिनेट की बैठक बुलाएंगे और न फाइल पर हस्ताक्षर करेंगे।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज आपके लिए दिन पॉज़िटिव रहने वाला है। आज आपका पारिवारिक मामला किसी बड़े बुजुर्ग की सहायता से सुलझ जाएगा। आज नियमित कार्यों के अतिरिक्त कुछ और जानकारियां हासिल करने में भी समय बीतेगा। सामाजिक गतिविधियों में आपकी उपस्थिति और विचार सराहनीय रहेंगे। कुछ लोग प्रतिस्पर्धा की भावना से आपके प्रति अफवाह फैला सकते हैं। |
| वृष | आज आपका दिन खास रहने वाला है। आज आप कई तरह की गतिविधियों में दिन बिताएंगे इसके साथ ही कठिन से कठिन काम को पूरे निश्चय के साथ पूरे कर लेंगे। आज व्यवसाय में मुनाफा दायक स्थिति बन रही है। आज किसी प्रोजेक्ट को लेकर ऑफिशियल यात्रा संभव है। आज पारिवारिक व्यवस्था को लेकर विचार विमर्श करेंगे। |
| मिथुन | आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला है। आज ऑफिस में आप किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करेंगे आपको सफलता मिलेगी। आज कुछ खास लोगों से मुलाकात का अवसर मिलेगा और रुका काम भी व्यवस्थित होगा। आज घर परिवार संबंधी समस्याओं को सुलझाने में सफल रहेंगे। |
| कर्क | आज आपको किसी अपने से अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज दिन भर सकारात्मक और अनुशासित दृष्टिकोण आपको खुश रखेगा। स्वयं की सूझबूझ से लिए गए निर्णय के उचित परिणाम हासिल होंगे। विद्यार्थियों को इंटरव्यू या करियर से संबंधित क्षेत्र में सफलता मिलने की पूरी संभावना है। |
| सिंह | आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। बिजनेस के लिए दिन अच्छा है। आज रियल स्टेट में फायदेमंद डील फाइनल हो सकती है। ऑफिस के कार्यभार की अधिकता की वजह से ओवर टाइम भी करना पड़ सकता है। घर का वातावरण मधुर और खुशनुमा बना रहेगा। आज जीवनसाथी के साथ भावनात्मक नजदीकियां बनाने में आपका प्रयास जरूरी है। |
| कन्या | आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आवागमन हो सकता है। आज आप इसकी तैयारी में व्यस्त रहेंगे। आज आप अपने जीवन में किसी प्रकार का बड़ा निर्णय लेना चाहते हैं, परंतु कुछ उलझनों के कारण आप नहीं ले पाएंगे। कविता लिखने के शौक़ीन लोगों को आगे बढ़ने का प्लेटफार्म किसी दोस्त की मदद से मिलेगा। |
| तुला | आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। कारोबार में अपनी मेहनत से आगे बढ़ेंगे। आज अच्छी खबर आपको मिलेगी। आज बच्चों के साथ समय बिताएंगे उनके मन की बातों को समझेंगे। काफी समय से आपके रिश्ते की बात चल रही थी वो जल्द पक्की होगी। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं। |
| वृश्चिक | आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है जिसे आप निराश नहीं करेंगे। नये प्रॉजेक्ट को पूरा करने में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आज आपको पिछले कुछ समय से अपने करियर और निजीवन संबंधी किए गए प्रयासों का फल मिलने का समय है। आज आपको बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। |
| धनु | आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबारियों को लाभ के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन में अपनापन बढ़ेगा। आज शाम का डिनर बाहर करेंगे। बच्चों के साथ आपसी लगाव बढ़ेगा। शिक्षकों के ट्रांसफर की परेशानियां खत्म होंगी। आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। इस राशि के लवमेट की गलतफहमियां खत्म होंगी। |
| मकर | आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। खान-पान में लापरवाही स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकती है। कानूनी कार्यों के लिए भागदौड़ से थकावट का एहसास होगा। दांपत्य जीवन में आज एक दूसरे को समझकर चलना होगा, इससे गलत फेहमियाँ नहीं होंगी। कारोबार में सुखद बदलाव आयेगा। |
| कुम्भ | आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको अचानक धनलाभ होने के योग बन रहे है। जीवनसाथी के साथ में किसी बात को लेकर मीठी नोक-झोक होगी। पहले दिए हुए किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आज आपके फेवर में आएगा। आज घर के किसी महिला को बड़ी सफलता मिलने के योग हैं। कुल मिलाकर आज का दिन अच्छा रहने वाला है। |
| मीन | आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। आज दोस्त आपका मनोबल बढ़ाएंगे। आज आपके स्वास्थ्य में बेहतरी बनी रहेगी। आज सोची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने में सफलता मिलेगी। जमीन जायदाद से जुड़े कार्य प्रगति से आगे बढ़ेंगे। आज परिवार का संपत्ति संबंधित समस्या सुलझ सकता है, जिसमें आपको वरिष्ठ सदस्यों की मदद भी मिलेगी। |

# महाकुम्भ जाने को लालायित श्रद्धालुओं को नहीं मिल रही स्पेशल रोडवेज बसों की सुविधा



लोकमित्र ब्यूरो

**जेठवारा-प्रतापगढ़।** स्पेशल रोडवेज बसों के न चलने से परेशान श्रद्धालु प्राइवेट संसाधनों से संगम नगरी तक जाने को मजबूर हैं। आध्यात्मिक सांस्कृतिक धरोहर का महापर्व महाकुम्भ मेला 2025 प्रयागराज जाने के लिए लालायित दिख रहे श्रद्धालुओं को प्रतापगढ़ जनपद के राम बन गमन मार्ग पर एक भी स्पेशल रोडवेज बसें चलती हुई नहीं दिखाई दे रहीं है। जिससे श्रद्धालु परेशान नजर आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के द्वारा चलाई गई हैं स्पेशल रोडवेज बसों में फिर भी श्रद्धालुओं को महाकुंभ नगर के संगम नगरी तक पहुंचने के लिए असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। इससे परेशान श्रद्धालुओं को स्पेशल रोडवेज बसों के न मिलने से बहुत ही कठिन परिश्रम का सामना करना पड़ रहा है।

राम वन गमन मार्ग पर स्थित मोहनगंज, सराय आनादेव, नारायणपुर, नौबस्ता, जेठवारा, डेरवा, लोकापुर, कानपुर, उमरी बुजुर्ग, भिटारा, कमासिन, मण्डल भासौं, कन्हैया नगर- बारों, बाघराय, छेऊंगा, विहार क्षेत्र के स्थानीय श्रद्धालुओं को महाकुम्भ के लिए परिवहन विभाग द्वारा चलाई गई

स्पेशल रोडवेज बसों के न मिलने से गणेश मिश्रा, इंदिरानन्द तिवारी, शिव बहादुर सिंह, राजेश तोमर, बब्बन पटेल, गया सिंह, राजेश यादव, मथुरा गुप्ता, मतेन्द्रनाथ मिश्रा, रमेश सिंह भदौरिया, राजेश यादव, अनूप पान्डेय, बृजेश पान्डेय, राकेश मिश्रा, रामसिंह, नीलमणि सिंह दरोगा, छोटेलाल शुक्ला, अविनाश शुक्ला, गयापाल सिंह कछवाह, आशीष सिंह कछवाह, संतोष सिंह रिंकू, प्रिन्स प्रजापति, धीरेंद्र प्रताप सिंह पिंकू, रामसूरत यादव, अविनाश यादव, क्षीरसागर तिवारी, गिरिश तिवारी, बिक्कू सिंह, अजय सिंह, संजय मिश्रा, रोहित मिश्रा, अजीत सिंह, सागर, सुनील, कन्हैयालाल, व अन्य लोगों ने असुविधा जाहिर की है। बता दें कि सीएम योगी आदित्यनाथ का बड़ा ऐलान, संगम स्नान के लिए प्रदेश के सभी जिलों से चलेंगी बसें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ 2025 के दौरान श्रद्धालुओं के सुगम संगम स्नान के लिए प्रदेश के सभी जिलों से प्रयागराज तक विशेष बस सेवाएं चलाने के निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में उन्होंने महाकुंभ के लिए रोडवेज द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे महाकुंभ की अवधि के दौरान सभी जनपदों से बसों का संचालन सुनिश्चित किया जाए। प्रमुख स्नान पर्वों के अतिरिक्त भी बस सेवाएं जारी रहें, जिससे किसी भी श्रद्धालु को यात्रा में समस्या न हो।

# दरवाज़े के सामने पानी फैलाने के विरोध पर पीटा, चार नामजद

**आसपुर देवसरा प्रतापगढ़।** थाना क्षेत्र के नगर गांव की रहने वाली सितारुलनिशा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है। बीते 13 जनवरी को सुबह 6 बजे विपक्षी पीड़िता के दरवाजे के सामने जबरिया हैंड पंप से पानी खोल दिए। जिससे पीड़िता के घर के सामने रखा सामान नुकसान हो रहा था। पीड़िता ने जब विरोध किया तो उक्त विपक्षी मारने पीटने लगे। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। पीड़िता की तहरीर पर बुधवार को दिन में 3 बजे के आसपास पुलिस ने नौशाद शेख, समशेर शेख, इशाद शेख व तैयब अली के खिलाफ मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुटी हुई है।

# महाकुंभ में स्नान के लिए विहिप ने बांटा आमंत्रण पत्र

## ▶▶ धर्म रक्षा अर्पण निधि कार्यक्रम आयोजित



लोक मित्र ब्यूरो

**लीलापुर प्रतापगढ़।** धर्म रक्षा अर्पण निधि कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसमें विहिप कार्यकर्ताओं ने महाकुंभ में स्नान करने के लिए आमंत्रण पत्र वितरित किया। विश्व हिंदू परिषद काशी प्रांत ने महाकुंभ 2025 प्रयागराज धर्म रक्षा अर्पण निधि का कार्यक्रम विकास खण्ड लक्ष्मणपुर अन्तर्गत सड़वा दुबान गांव स्थित बाबू संत बक्श स्नाकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण में संपन्न किया। इसमें वरिष्ठ भाजपा नेता विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रबंधक एवं विकास खण्ड लक्ष्मणपुर ब्लॉक प्रमुख पति डॉक्टर राकेश सिंह ने अपनी ओर से विशेष सहयोग देते हुए कहा कि धर्म की रक्षा के लिए हम हर तरह से तैयार हैं धर्म रक्षा हेतु हर तरह का सदैव सहयोग करते आए हैं और करते रहेंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष संजय उपाध्याय जिला मंत्री नागेंद्र भूषण शुक्ला,जिला प्रचार प्रसार प्रमुख कुंडा एवं इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस जिला उपाध्यक्ष पत्रकार अजय कुमार द्विवेदी ,जिला सह प्रसार प्रसार प्रमुख जितेंद्र शुक्ला आदि कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर राकेश सिंह को कुंभ मेला में आने के लिए निमंत्रण कार्ड भी दिया। इसी क्रम में विहिप कार्यकर्ताओं ने सगरा सुंदरपुर में समाजसेवी संजय शुक्ला के साथ ही क्षेत्र के दिवाकर शुक्ला, उमेश तिवारी, अनूप त्रिपाठी आदि को महाकुंभ में स्नान करने के लिए आमंत्रण पत्र दिया। समाजसेवी संजय शुक्ला ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य होगा कि मां गंगा की अविरल धारा में स्नान करने व मां गंगा की गोद में रहने का अवसर प्राप्त होगा।

# टायर फटने से अनियंत्रित कार पलटी, श्रद्धालु घायल



**कुंडा प्रतापगढ़।** प्रयागराज त्रिवेणी संगम से गंगा स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार का टायर फटने से उसमें बैठे सभी लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जनपद लखीमपुर थाना निघासन क्षेत्र के धगरावां खालसा गांव निवासी भानू प्रताप सिंह 29 वर्ष पुत्र लल्लू सिंह, भानू 55 वर्ष पुत्र शारदा सिंह तथा जनपद सीतापुर तैम्बो थाना क्षेत्र के बौटा गांव निवासी गुड्डू सिंह 45 वर्ष पुत्र विश्व नाथ सिंह, पत्नी लक्ष्मी देवी 40 वर्ष तथा वाहन का चालक धगवारा खालसा गांव निवासी कोबरे खान 35 वर्ष पुत्र नियाज़ अली मकर संक्रांति पर्व पर इनोवा कार से प्रयागराज त्रिवेणी संगम स्नान करने के लिए आए हुए थे। बुधवार को सुबह सभी लोग पुनः संगम स्नान करने के बाद अपने घर वापस प्रयागराज-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग से वापस लौट रहे थे। रास्ते में मानिकपुर थाना क्षेत्र के भड़चक गांव के समीप पहुंचने पर कार का टायर फट गया। जिससे तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे 3-4 पलटी खाते-खाते गड्ढे में चली गई। दुर्घटना ग्रस्त कार में चीख-पुकार मच गई। उसमें बैठे सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आस-पास के लोगों ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंच कर सभी घायलों को बाहर निकाला। इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडा भेजा गया। जहां पर सभी घायलों को इलाज चल रहा है।

# सूर्यवंश के सूर्य ने वन जाते समय सूर्यगढ़ में सूर्य की किरणों का किया था दर्शन- धर्माचार्य ओम प्रकाश पांडेय

लोक मित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर भक्तों द्वारा गंगा स्नान हुआ। जो लोग महाकुंभ तक नहीं पहुंच पाए थे उसमें से बहुत से लोगों ने श्रृंगवेरपुर पहुंचकर मां गंगा का स्नान दर्शन पूजन अर्चन किया।

इस अवसर पर धर्माचार्य ओम प्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुज दास ने कहा कि÷ पंच योजन विस्तीर्णम् प्रयागस्तु मंडलम, प्रयाग क्षेत्र पांच योजन अर्थात 60 किलोमीटर के एरिया में है। आज वही फल जो प्रयागराज में प्राप्त हुआ है वही श्रृंगवेरपुर पुर में भी स्नान करने पर प्राप्त हुआ। भगवान सूर्य उत्तरायण की ओर प्रवेश कर गए। खरमास की समाप्ति हो गई। आज से विवाह इत्यादिक शुभ कार्य प्रारंभ हो जाएंगे। प्रतापगढ़ का प्रभु श्री राम से विशेष संबंध है। हम मंदिरों में प्रातः काल खिचड़ी का भोग क्यों लगाते हैं?



इसका कारण है कि जब प्रभु श्री राम वनवास के लिए चले तो प्रथम रात्रि तमसा नदी के तट पर विश्राम किया और रात्रि में ही रथ पर सवार होकर वन की ओर चल पड़े। प्रातः काल सूर्यवंश के सूर्य मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने सूर्य की किरणों का दर्शन आज के प्रतापगढ़ के सूर्यगढ़ जगन्नाथपुर कोंहडौर के पास में किया। जहां पर प्रतिदिन हर समय जाड़ा गर्मी बरसात एवं सूखे के समय भी जल पृथ्वी से निकलता रहता है, जिसे मोछ्हा ताल कहते हैं।

शेषावतार लक्ष्मण जी ने भगवान श्री राम एवं माता सीता तथा सुमंत जी के लिए नित्य क्रिया हेतु तीर मार कर पृथ्वी से जल निकाला। यह सतत प्रक्रिया त्रेता युग से चली आ रही है। गांव के ब्राह्मणों ने प्रात काल मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम और माता सीता जी ,लक्ष्मण जी तथा सुमंत जी को खिचड़ी का प्रसाद पवाया था। इसीलिए मंदिरों में प्रातः काल खिचड़ी का प्रसाद पवाया जाता है। इसे बालभोग कहते हैं। दक्षिण भारत में इसे पोंगल भी कहते हैं। इसके पश्चात ठाकुर जी श्रृंगवेरपुर पहुंचे थे।

# महाकुंभ के श्रद्धालुओं के लिए लगा स्वागत शिविर



लोकमित्र ब्यूरो

**सुवंशा (प्रतापगढ़)।** नगर पंचायत सुवंशा बाजार अंतर्गत लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे पकड़ी पुलिस बूथ के सामने महाकुंभ 2025 में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्वागत शिविर लगाया गया है। इस स्वागत शिविर का आयोजन शासन के आदेशानुसार नगर पंचायत सुवंशा अध्यक्ष वेद प्रकाश बिंद एवं नगर पंचायत सुवंशा अधिशासी अधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में चल रहा है। इस शिविर में महाकुंभ 2025 में आने-जाने वाले शरणार्थियों के लिए पानी पीने, सुलभ शौचालय, रैन बसेरा एवं अलाव की व्यवस्था की गई है। व्यवस्था में नगर पंचायत सुवंशा के कर्मचारी बड़े बाबू कमर खान, पवन पाण्डेय, विवेक सिंह, विजय प्रकाश पिंटू यादव, रोहित शुक्ला, प्रेम गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

# रघुराज पीपल मैन फाउंडेशन ने अजय क्रांतिकारी को किया सम्मानित




लोक मित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।**विगत दो दशकों से अधिक समय से पूरे मनोयोग से जल एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में समर्पित हरित पुरुष के उपनाम से विख्यात जाने-माने पर्यावरणविद एवं पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी द्वारा जनपद में विलुप्त सकरनी नदी के पुनरोद्धार एवं प्रकृति रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी को बढ़ावा देने के साथ ही जल संरक्षण और जलवायु संरक्षण अभियान में समाज का सकारात्मक नेतृत्व के लिए रघुराज पीपलमैन फाउंडेशन हमीरपुर उ. प्र. के निदेशक नितेश कुमार ने प्रशस्ति पत्र जारी करके अजय क्रांतिकारी को सोशल वॉरियर अवार्ड- 2024 से सम्मानित किया है। यह सम्मान पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी को उनके द्वारा जल एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र मे किए जा रहे अथक प्रयासो और सामाजिक भागीदारी बढ़ाने हेतु दिया गया है। पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी के इस सम्मान से पर्यावरण सैनिकों और प्रकृति प्रेमियों,सामाजिक कार्यकर्ताओं और समाज के प्रबुद्धजनों में खासा उत्साह है।इस बारे में पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि सम्मान मिलने से जिम्मेदारियां बढ़ती है। पर्यावरण संरक्षण हेतु हमें और अधिक सजग और सक्रिय होना पड़ेगा।

जलवायु संरक्षण के बिना धरती पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती।जनमानस को इस तथ्यों के प्रति जागरूक करके उन्हें विलुप्त नदियों,संकटापन्न वन एवं जंगलों सहित प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा हेतु तैयार करने की बड़ी जरूरत है।उन्होंने सभी से प्रकृति की रक्षा और पर्यावरण की सुरक्षा हेतु आगे आने का आह्वाहन किया

# बाजार में मोबाइल चोरों का गिरोह सक्रिय, ग्राहक परेशान

**सगरा सुंदरपुर प्रतापगढ़।** स्थानीय साप्ताहिक बाजार में किसी न किसी ग्राहक का मोबाइल चोरी होने की घटना इन दिनों काफी तेज हो गई है। दूर दराज के लोग साप्ताहिक बाजार से गृहस्थी के समान इत्यादि खरीदने के लिए आते हैं। जैसा कि हर व्यक्ति के पास मोबाइल आज आवश्यक बन गया है , लिए रहते हैं लेकिन बाजार में जैसे ही किसी सामान को लेने के लिए झुकते हैं वैसे ही बाजार में सक्रिय चोरों के गिरोह के सक्रिय सदस्य जेब से मोबाइल को पार करने में थोड़ा सा भी नहीं चूकते हैं। ऐसे ही दर्जनों घटनाएं हो चुकी है और घटनाओं के बाद मोबाइल चोरी होने वाला व्यक्ति हाथ मल करके रह जाता है। सगरा सुंदरपुर स्थित चौकी पर शिकायत करने के बाद भी चौकी का कोई भी सिपाही बाजार के दिनों में बाजार के आसपास नहीं दिखता है क्योंकि इन दिनो ज्यादातर सिपाहियों की ड्यूटी कुंभ मेले में लगने की वजह से सिपाहियों की संख्या भी काम हो गई है। ऐसे में साप्ताहिक बाजार में मोबाइल चोरों का गिरोह और भी सक्रिय होता नजर आ रहा है । बुधवार और रविवार को लगने वाली बाजार में काम से कम आधा दर्जन से अधिक मोबाइल चोरी हो रहे हैं। लोगों को आशंका है कि यहां पर बाहर से आकर छोटे-छोटे बच्चे इस मोबाइल चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। बुधवार की बाजार में पूर्व सैनिक शिव बहादुर यादव ग्राम वासूपुर थाना लीलापुर का मोबाइल चोरी हो गया। यह तो एक सिर्फ बानगी है कितने लोग तो मोबाइल चोरी के होने के बाद भी बताना मुनासिब नहीं समझते। फिलहाल ग्राहकों ने पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मोबाइल चोरों के गैंग को पकड़ कर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है ।

# क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में

## ● किंधौली की टीम रही विजेता



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।**बाबागंज विकास खंड की ग्राम पंचायत उतरार के लोदीपुर ग्राउंड पर चल रहे लोदीपुर क्रिकेट टूर्नामेंट का बुधवार को फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें किंधौली की टीम ने हीरागंज की टीम को 15 रनों से हराकर खिताब अपने नाम किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए किंधौली की टीम ने 6 विकेट खोकर 96 रन बनाए। जवाब में उतरी हीरागंज की टीम 81 रन बनाकर आल आउट हो गई। टूर्नामेंट में अभिषेक कुमार को मैन ऑफ द सीरीज व शैलेंद्र सरोज को मैन ऑफ द मैच चुना गया। विजेता व उपविजेता टीम के कप्तान को मुख्य अतिथि व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद यादव ने ट्रॉफी व नगद धनराशि देकर पुरस्कृत किया। खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए विनोद यादव ने कहा कि खेल से मानसिक व शारीरिक विकास दोनों होता है। खेल हम सभी को निरोगी भी बनाए रखते हैं और सामाजिक एकजुटता का भी संदेश देते हैं।इस दौरान पूर्व प्रधान रायगढ़ कुंवर मुन्नू सिंह, कमेटी के अध्यक्ष शिव बहादुर सरोज, लवलेश सरोज, पूर्व बीडीसी राम सुमेर पाल, संदीप यादव, अमित सरोज, राकेश सरोज, रोहित सरोज, सूरज सरोज व पन्ना लाल सरोज सहित सैकड़ों दर्शक उपस्थित रहे।

# सड़क मरम्मत न होने पर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन,जल्द बनवाने का किया मांग



**दुर्गागंज प्रतापगढ़ ।** रानीगंज तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा पूरेरामसहाय में मुख्य सड़क रानीगंज देल्हूपुर मार्ग से निकली लिंक मार्ग जो गांव को जोड़ते हुए मऊआईम को जाने वाली सड़क पर जाकर जोड़ती है। जिस पर प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आवागमन बना रहता है लेकिन कई वर्षो से मरम्मत न होने से बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिस पर आए दिन राहगीर गिरकर चोटिल होते रहते हैं। जिसकी शिकायत कई बार उच्च अधिकारियों को किया गया पर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता है।वही दूसरी सड़क नरसिंहगढ़ पुल के पास से निकलकर कुकरी का पूरा पूरे रामसहाय पंचायत भवन को जाती है जो 2 किलोमीटर की दूरी पूर्व में खड़ंजा हुआ था वह भी गड्ढे में तब्दील हो गई है जिसे ग्रामीणों द्वारा काली सड़क होने का मांग किया जा रहा है।इस मौके पर विनोद कुमार यादव,रामआसरे पटेल ,अरविंद कुमार,राकेश कुमार,उमेश कुमार,दोस्त मोहम्मद, दिनेश कुमार जोखू लाल अखिलेश कुमार संजय कुमार सहित लोगों ने मांग किया है कि शासन प्रशासन अभिलंब पुरानी सड़क की मरम्मत व जीर्ण शीर्ण हालत में दूसरा खड़न्जा मार्ग डामली करण करे।

# वारण्टी गिरफ्तार, भेजा जेल

लोक मित्र ब्यूरो

**लीलापुर प्रतापगढ़।** मुकदमें में वांछित आरोपी वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार करके जेल भेजा गया। पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली देहात के उ0नि0 राकेश कुमार सिंह ने मय हमराह कां0 विपिन यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान, मु0अ0स0 79/2018 धारा 498/323 भादवि0 व 3/4 डीपी एक्ट थाना अंतू से संबंधित वारण्टी अभियुक्त विनय प्रताप सुत मुन्नालाल निवासी पूर रायजू थाना कोतवाली देहांत को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया।

# कलाग्राम में दर्शकों को मग्ध करती रही बहुरंगी प्रस्तुतियां

## गुरुवार को सुप्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर देगीं अपनी प्रस्तुति देंगी



**प्रयागराज।** लोक संगीत के भाव और लोकनृत्य प्रस्तुतियों से संजोए गए तो लोक गीतों के सुरों से पवित्र संगम की रेती पर बने कलाग्राम की चौथी शाम निखर उठी। मटकी नृत्य की थिरकन मिली तो लोकनृत्यों के इंद्रधनुषी रंग भी दर्शकों के जेहनोदिल में खूब चटक हुए।

कड़ाके की ठंड भी दर्शकों के उत्साह को कम नहीं किया। मौका था कलाग्राम में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से आयोजित संस्कृतिक कुंभ की जहां विभिन्न राज्यों के लोक कलाकार अपने-अपने अंचल की सांस्कृतिक प्रस्तुति के जरिए देश की समृद्धि सांस्कृतिक विरासत का भी दर्शन करा रहे हैं। सेक्टर 7 में स्थित कलाग्राम के भव्य मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत झारखंड के छाऊ नृत्य से हुई। इसके बाद उत्तराखंड से आए भगत सिंह राणा एवं दल ने प्रसिद्ध लोक नृत्य हारुल नृत्य की पूरे उत्साह और जोश के साथ प्रस्तुती दी। म.प्र. से आए डॉ. विजय चौरसिया और साथी कलाकारों द्वारा रीना शैला नृत्य, चंदन सिंह एवं दल द्वारा छपेली नृत्य, सपना गौतम एवं दल ने पाणी को मन्नै प्यादे ने में कद का मरुं रे रसिया गीत पर घूमर, पनिहारी नृत्य तथा महेश नागर द्वारा म्हार मनडा में नाचे मोर चलो सखियां खेलगां तथा म्हारे चूडो चमके म्हारी नथ झलके गीतों पर मटकी नृत्य की प्रस्तुति पर दर्शक झूमते रहे। उकाराम परिहार द्वारा बालातरा नृत्य तथा रत्नेश राणा द्वारा थारू नृत्य की प्रस्तुति को लोगों ने खूब सराहा।

सांस्कृतिक संध्या में गुरुवार को सुप्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर अपनी प्रस्तुति देंगी।

# दलित भाजपा नेता को पुलिस ने जमकर पीटा



लोकमित्र ब्यूरो

**झूंसी।** पुलिस ने झूंसी क्षेत्र के एक भाजपा नेता की जमकर पिटाई कर दी। जिससे वो लहूलुहान हो गए। पुलिस बीजेपी नेता पर ही सिर फोड़ने का आरोप लगा रही है। जानकारी के मुताबिक छतनाग रोड निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज पासी बीते दिनों अपने भाई के जमीनी विवाद में थाने गए थे। पुलिस ने निर्माण कार्य रुकवा दिया था। मनोज का आरोप है कि पुलिस ने किसी दूसरे नंबर से फोन करके गली दी। आज वह अपने साथियों के साथ विरोध दर्ज करने गए थे। इसी बीच पुलिस से नोक झोंक होने लगी। पुलिस वालो ने मनोज पासी को चारों तरफ से घेर कर पीटना शुरू कर दिया। जिससे मनोज लहूलुहान हो गए। मामले की सूचना जब भाजपा नेताओं को लगी तो थाने पहुंचे। पुलिस के विरुद्ध नेताओं का आक्रोश बढ़ता गया। पुलिस ने नेताओं को शांत करने के लिए मनोज पर ही उल्टा आरोप लगाया कि मनोज ने खुद अपना सिर फोड़ लिया है। वहीं उनके साथियों का कहना है कि मनोज पिटाई से बेहोश हो गए थे, उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के बाद उन्हें होश आया। उनके हाथ पैर में भी चोट के निशान हैं।खबर लिखे जाने तक भाजपा नेताओं का जमावड़ा थाने पर लगा रहा। भाजपा नेताओं का आरोप है कि पुलिस अपराधियों को तो पकड़ती नहीं है किंतु समाज के शरीफ लोगों को परेशान करती है। मामले की सूचना बीजेपी के आला नेताओं को भी दी गई है।

# किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से करें निस्तारण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट ब्यूरो-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन जिला कलेक्टरेट सभागार में किया गया। इस दौरान डीएम ने किसानों की समस्याओं को सुना और गुणवत्तूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए।बैठक में जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शासन की मंशानुरुप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग को निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में बंदर परेशान कर रहे हैं, वहां पर पिंजरे के माध्यम से बंदरों को पड़कर जंगलों में छुड़वाएं। जिलाधिकारी ने किसानों से अपील की कि सभी किसान आधार, मोबाइल नंबर, खतौनी जनसेवा केंद्र व ऐप के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाए। साथ ही अन्य किसानों को भी इस सम्बन्ध में जागरूक करें। इस दौरान भाकियू सदर तहसील अध्यक्ष अधिवक्ता शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि जिला मुख्यालय स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति में किसानों के लिए बनाए गए नीलामी चबूतरों में किसानों को फसल उत्पादन रखने के लिए जगह नहीं मिलती है।

वहां व्यापारियों ने कब्जा जमा रखा है। इस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को मौके पर जाकर समस्या निस्तारण के निर्देश दिए।

इस मौके पर उप कृषि निदेशक राजकुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चंद्र, खाद एवं विपणन अधिकारी अविनाश झा क्षेत्रीय वनाधिकारी हरिशंकर सिंह, देवेंद्र, निरंजन, भूमि संरक्षरण अधिकारी तुलसीराम, चकबंदी के अधिकारी सहित शैलेन्द्र सिंह, शिव दयाल, देवेंद्र सिंह, नीलकंठ द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# वैकल्पिक आवागमन मार्ग के लिए दिया मांग पत्र

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट ब्यूरो**-जिला मुख्यालय में बने ओवर ब्रिज के नीचे रेलवे क्रासिंग के पास पैदल आवागमन के मार्ग को रेलवे द्वारा पूर्णतया बाउण्ड्री बनाकर बंद कर देने के बाद क्षेत्र के लोगों ने डीएम को पत्र लिखकर पैदल आवागमन करने वाले लोगों के लिए वैकल्पिक मार्ग दिलाए जाने की मांग की है। डीएम ने इस सम्बन्ध में रेल अधिकारियों से वार्ता करने की बात कही है।रेलवे द्वारा ओवर ब्रिज के नीचे पैदल आवागमन के मार्ग को बाउण्ड्री वाल उठाकर बंद कर देने के बाद पैदल आवागमन करने वाले लोगों व क्षेत्र के व्यापारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को व्यापारियों ने पैदल आवागमन करने वाले लोगों के लिए वैकल्पिक मार्ग की मांग करते हुए जिलाधिकारी को 100 व्यापारियों के हस्ताक्षर वाला मांग पत्र सौंपा। व्यापारियों ने जिलाधिकारी से कहा कि रेलवे द्वारा मार्ग बंद करने से पैदल आवागमन करने वाले लोगों और व्यापारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि इससे क्षेत्र दो भागों के बंट गया है। साथ ही कोई अन्य रास्ता न होने से पैदल आवागमन करने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों ने जिलाधिकारी से जल्द से जल्द पैदल करने वाले लोगों के लिए वैकल्पिक मार्ग बनवाने की मांग की है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने रेल अधिकारियों से वार्ता करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर व्यापारी प्रतिनिधिमण्डल के वरिष्ठ व्यापारी पी डी गुप्ता, प्रदेश कार्यकारी सदस्य समाजवादी व्यापार सभा हिमांशु गुप्ता, रेल बोर्ड परामर्श समिति के सदस्य संतोष पप्पू जायसवाल, महेन्द्र गुप्ता आदि मौजूद रहे

# धूमधाम से निकाली गई श्रीराम कथा कलश यात्रा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट ब्यूरो**-श्रीराम मंदिर अयोध्या की प्रथम वर्षगाँठ के अवसर पर शंकर बाजार स्थित गुप्ता मैरिज हाल में शुरू होने वाली श्रीराम कथा की बुधवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा पटेल तिराहा से कथा स्थल तक धूमधाम से साधु-संतों, हाथी-घोड़ों व डीजे के साथ निकाली गई।कथा के आयोजक अभिषेक पहारिया ने बताया कि बुधवार को श्रीराम कथा की कलश यात्रा पटेल तिराहे से कथा स्थल गुप्ता मैरिज हाल तक निकालते हुए कलशों की स्थापना की गई। कलश यात्रा में साधु-संतो व हाथी-घोड़ों सहित डीजे की धुन में श्रद्धालुओं ने झूमते-गाते जय श्रीराम का नारा लगाया। साथ ही श्रीराम दरबार व श्रीराधा-कृष्ण की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। इस दौरान कथा वाचिका माधवी श्रद्धालुओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया।



कथा आयोजक ने बताया कि 16 जनवरी गुरुवार को कथा के पहले दिन कथा वाचिका मानस महात्म संत गुरु का वर्णन करेंगी। बताया कि श्रीराम कथा रसपान दोपहर 12:30 से 4:30 बजे तक श्रद्धालुओं को कराया जाएगा।इस मौके पर पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, व्यापारी नेता ओम केशरवानी, विष्णु गुप्ता, डॉ रचित पांडेय, बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह, गायत्री शक्तिपीठ के देवीदयाल यादव, अंकित पहारिया, दीनदयाल पहारिया, शिवदयाल पहारिया, हरि पहारिया, गोविंद पहारिया, कृष्ण कुमार पहारिया, जूली पहारिया, भीम पहारिया, लोकेश, दीपेश आदि मौजूद रहे।

# खिलाड़ियों के बीच मनाया गया जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव का जन्मदिन



**चित्रकूट ब्यूरो-** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति पर आयोजित अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट के 22वें सुभाष चैलेंज कप 2024-25 का दूसरा सेमीफाइनल मैच बुधवार को झांसी और कानपुर के बीच खेला गया। जिसमें झांसी ने 80 रनों से मैच जीत लिया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव का जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया गया। इसके अलावा जिला पंचायत कार्यालय में भी पहाड़ी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल व अपर मुख्य अधिकारी सुधीर की अगुवाई में जिला पंचायत अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया गया।मैच में पहले टॉस जीत कर बल्लेबाजी करते हुए झांसी की टीम ने निर्धारित 25 ओवर के मैच में 6 विकेट खोकर 216 रन बनाए। जिसमें झांसी के बल्लेबाज उत्कर्ष के 65 और संजय के 58 शामिल रहे। कानपुर के गेंदबाज करण ने तीन व नीरज ने एक विकेट लिया। 217 रनों के लक्ष्य का पीछा करने कानपुर की टीम ने टीम 24.1 ओवर में 136 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसमें कानपुर के बल्लेबाज प्रियांशु के 33 और शुभम के 28 रन शामिल रहे। झांसी के गेंदबाज संजय ने चार और अनुज ने एक विकेट लिया। झांसी ने इस मुकाबले को 80 रनों से अपने नाम कर फाइनल में प्रवेश किया। झांसी के खिलाड़ी संजय को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। मैच में हैदर जहां और दिन्नी यादव अंपायर रहे। इस मौके मधुरेन्द्र प्रताप सिंह, विवेक अग्रवाल, अनिल कुमार, अशोक कुमार, सौरभ नाहर, लोकेश सिंह, दीपक मिश्रा, अनुराग, आदेश, फिरोज अंसारी, रानू आदि मौजूद रहे।

# सेवा को कर्तव्य मान ड्यूटी पर डटे एनडीआरएफ जवान

**प्रयागराज।** महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ ही सेवाभाव के साथ कर्तव्य का पालन करना है। खासकर एनडीआरएफ की टीम मेला के पहले दिन से ही श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ ही सेवा व प्राथमिक उपचार करने में जुटी है। मेला के दौरान दूरदराज से आए श्रद्धालुओं को आपात स्थिति में बढ़ चढ़कर मदद की जा रही है। एनडीआरएफ की टीम प्रमुख रूप से जल पुलिस के साथ मिलकर स्नानार्थियों को डूबने से बचाने में लगे हैं। स्नान के दौरान बोट में सवार होकर लगातार भ्रमण करती है। मकर संक्रांति के दिन मंगलवार को संगम में नाव पलटने से एक परिवार के छह लोगों को डूबने से एनडीआरएफ जवानों ने रेस्क्यू कर जान बचाई थी। मेला में तीन दिन के अंदर लगभग 36 श्रद्धालुओं को प्राथमिक उपचार किया। इसमें कई को एम्बुलेंस बुलाकर मेला क्षेत्र में स्थित अस्पताल में भिजवाया। एनडीआरएफ के जवान जल के साथ ही थल में भी लगातार श्रद्धालुओं की जीवन रक्षा में जुटे हैं।

## कार्यालय जनपद न्यायाधीश (नजारत), प्रतापगढ़, उ0प्र0

**नीलामी सूचना वर्ष 2024-2025**

एतदद्वारा सर्वसधारण को सुचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय परिसर प्रतापगढ़ में स्थित 01 कदम्ब 01 कटसागौन व 01 गूलर के पेड़ की नीलामी दिनांक 18.01.2025 दिन शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर में नियत की गयी है।

अत: इच्छुक व्यक्ति उक्त तिथि को अपरान्ह 04.30 बजे उपस्थित होकर उक्त पेड़ की नीलामी हेतु बोली में सम्मिलित हो सकते हैं।

**नीलामी की शर्तें एवं प्रतिबन्ध**

1. उक्त कदम्ब, कटसागौन व गूलर के पेड़ों की नीलामी दिनाक 18.01.2025 को होना सुनिश्चित है, जिसमें न्यूनतम बोली क्रमशः 800, 1100 व 800 रूपये से प्रारम्भ होगी।
2. नीलामी में वही लोग भाग ले सकते हैं, जो नीलाम होने के पूर्व कार्यालय नजारत अनुभाग में पांच सौ रूपया प्रति पेड़ जमानत के रूप में जमा करेंगे।
3. जिस व्यक्ति के नाम नीलामी समाप्ति होगी यदि वह नीलामी नहीं लेता है, तो उसकी जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
4. बोली समाप्त होने पर सर्वाधिक बोती की 1/3 धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी। शेष धनराशि एक सप्ताह के भीतर देय होगी। जमा की गयी जमानत धनराशि को अंतिम धनराशि में समायोजित हो जायेगी।
5. नीलाम होने वाले वृक्ष को काटने, उठाने, ले जाने में परिसर की दीवार, भवन या वृक्ष की क्षति न होने पाये। उक्त में ढिलायी होने पर नीलामी प्राप्तकर्ता से तुरन्त क्षतिपूर्ति वसूली जायेगी।
6. नीलामी में सिक्योरिटी धनराशि जमा करने वाले व्यक्ति के अलावा उसके स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को बोली बोलने का अधिकार नहीं होगा।
7. नीलामी प्राप्तकर्ता को माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा नीलामी अनुमोदित होने के पश्चात नीलामी की सम्पूर्ण धनराशि तुरन्त जमा करना होगा।
8. नीलामी प्राप्तकर्ता को उपरोक्त पेड़ को स्वयं काटकर अपने खर्च पर वन विभाग से पेड़ काटने की अनुमति प्राप्तकर एक सप्ताह के अन्दर कदम्ब, कटसागौन व गूलर के पेड़ को नीलामी में दी गई शर्तों के अनुसार कटवाकर अपने खर्च पर नियमानुसार ले जाना होगा।
9. नीलामी प्राप्तकर्ता को उपरोक्त पेडों को हटाने हेतु कोई अतिरिक्त समय देय नहीं होगा।
10. माननीय जिला जज, प्रतापगढ़ उचित बोली न होने पर नीलाम की तिथि बढ़ा सकते हैं
11. माननीय जिला जज, प्रतापगढ़ नीलामी को बिना कारण बताये हुये रद्द कर सकते हैं या कोई अन्य आदेश पारित कर सकते हैं जो सभी को मान्य होगा।
12. अन्तिम आदेश जिला जज, प्रतापगढ़ का होगा।
13. नीलामी के शर्त एवं प्रतिबन्ध माननीय जनपद न्यायाधीश के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत हो।

| सदस्य | सदस्य | अध्यक्ष, नीलामी कमेटी |
|---|---|---|
| सुनीता सिंह नागौर | अजय कुमार-I | बाबूराम |
| अपर जिला जज/एफ0टी0सी0-I | अपर जिला जज/एफ०टी०सी० | अपर जिला जज, कक्ष सं० 02 |
| प्रतापगढ़ | प्रतापगढ़ | प्रतापगढ़ |

# बसपा मुखिया मायावती की सरकार में लागू की गईं थीं जन कल्याणकारी योजनाएं- शिवबाबू

## ▶▶ धूमधाम से मनाया गया बसपा मुखिया का जन्मदिन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट ब्यूरो-** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का जन्मदिन बुधवार को जन कल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान बाबा साहब का मिशन अधूरा, बीएसपी करेगी पूरा का नारा दिया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा ने कहा कि बसपा मुखिया मायावती ने मुख्यमंत्री रहने के दौरान उत्तर प्रदेश के दलितों, गरीबों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों समेत सर्व समाज के लोगों के हितों लिए जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया था। इन योजनाओं का देश में अन्य पार्टियों की राज्य सरकारों द्वारा नकल किया जा रहा है, किंतु इन लोगों के प्रति उनकी नीति व नीयत साफ न होने से यह सरकारें इन्हें कोई विशेष लाभ नहीं दे पा रही है। ऐसे में पार्टी के लोग उत्तर प्रदेश व उत्तर प्रदेश की तरह पूरे देश में भी जनकल्याणकारी सरकार बनाने के लिए पार्टी द्वारा किए गए कार्यों को



आम जनता के बीच प्रचारित करें। उन्होंने कहा कि पार्टी ने बाबा साहब का मिशन अधूरा, बीएसपी करेगी पूरा का नारा दिया है।इस मौके पर बसपा नेता लल्लू प्रसाद निषाद, पूर्व विधायक चंद्रभान सिंह पटेल, मंडल प्रभारी मान सिंह कुशवाहा, रामलखन निषाद, जमुना प्रसाद पाल, कौशलेंद्र कुमार, अखिलेश वर्मा, प्रेम नारायण वर्मा, राजबहादुर वर्मा, सोनपाल वर्मा, शंकर बाबा, रावेंद्र कुमार वर्मा, अवधेश बक्शी, रोहित सिंह पटेल, प्रखर सिंह पटेल, प्रहलाद यादव, शिवबाबू गर्ग, जगदीश सिंह यादव, प्रमोद वर्मा, शिव त्रिपाठी, उमाकांत त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## सूचना/नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सन्त कुमार मिश्रा ग्राम बबुरहा पोस्ट राजगढ़ जिला प्रतापगढ़ का निवासी हूं। समस्त शैक्षणिक अभिलेखों में भी यही नाम दर्ज है। मगर आधार कार्ड (नम्बर 551627654618) में त्रुटिवश मेरा नाम संतोष रामकरन मिश्रा अंकित हो गया है। यह पूरी तरह से गलत है। इसे संशोधित किया जाना आवश्यक है। इसकी जगह मेरा वास्तविक नाम सन्त कुमार मिश्रा दर्ज किया जाए।

सन्त कुमार मिश्रा
पुत्र राम करन मिश्रा
ग्राम - बबुरहा, पोस्ट- राजगढ़
परगना और तहसील - सदर
जिला - प्रतापगढ़

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति हदीश खान पुत्र मो0 हई खान रोजी रोटी के सिलसिले में सऊदी अरब (विदेश)में रहते हैं मेरे पुत्र मो0 मोनिश खान का चाल चलन अच्छा नहीं वह आए दिन मुझे गाली गलौज करते हुए मारता पीटता और प्रताड़ित करता है ,जिससे मुझे मानसिक और शारीरिक पीड़ा होती है ,उसकी प्रताड़ना और उसके कुकृत्य की जानकारी मैं अपने पति मो0 हदीश खान को फोन के माध्यम से देती रहती हूं ,मेरी प्रतिदिन अपने पति से फोन पर बात होती रहती है। हम दोनों पति पत्नी खूब सोच समझ कर अपने पुत्र मो0 मोनिश खान को अपनी समस्त चल अचल भूमि सम्पत्ति से आजीवन के लिए बेदखल करती हूं । उससे मेरा कोई वास्ता सरोकार नहीं है उसके द्वारा किए गए किसी भी वैध ,अवैध कार्य, व्यवहार ,आचरण के लिए मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी बल्कि वह स्वयं जिम्मेदार और उत्तरदायी होगा।

नजमा बानो
पत्नी हदीश खान
निवासी अधिया थाना कुंडा
जिला प्रतापगढ़।

# यज्ञोपवीत संस्कार कराकर धारण कराया जनेऊ

**चित्रकूट ब्यूरो-** श्रीकामदगिरि पीठम, कामदगिरि प्रदक्षिणा प्रमुख द्वार, कामतानाथ मंदिर ट्रस्ट एवं रामझरोखा ट्रस्ट के संयुक्त आयोजन में 51 विप्र बालकों का यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया।श्रीकामतानाथ मंदिर प्रमुख द्वार के अधिकारी संत डॉ मदनगोपाल दास महराज ने बताया कि आचार्यों द्वारा वैदिक पद्धति से मंत्रोच्चार, पूजन-यज्ञ एवं संकल्पों के साथ बालकों को यज्ञोपवीत (जनेऊ) धारण कराया गया। बताया कि श्रीकामदगिरि पीठाधीश्वर रामस्वरूपाचार्य महराज की प्रेरणा से ट्रस्ट द्वारा शिक्षा एवं संस्कार के लिए प्रकल्पों का विस्तार किया जा रहा है। ट्रस्ट के माध्यम से युवकों को हिंदू जीवन पद्धति से संस्कारित करते हुए आवश्यकतानुसार उन्हें शिक्षार्जन के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। जिसके तहत बड़ी संख्या में युवक शिक्षित और संस्कारित होकर सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में अपना सामाजिक योगदान दे रहे हैं। इस दिशा में विस्तार करते हुए ट्रस्ट द्वारा बच्चों को वेद-वेदांग शिक्षा से जोड़ा जा रहा है।

# पुलिस अधीक्षक ने किया मानिकपुर में पुलिस मेस के नवनिर्मित भवन का शुभारम्भ



**मानिकपुर, चित्रकूट-** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मानिकपुर थाना परिसर में नव निर्मित पुलिस मेस की बिल्डिंग का उद्घाटन किया। साथ ही भीषण ठंड के दृष्टिगत चौकीदारों को कंबल वितरित किए।पुलिस अधीक्षक ने मानिकपुर थाना परिसर में बनी नव निर्मित बिल्डिंग का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन कर फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान बाद पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुराने और जर्जर भवन में भोजनालय के अनुरूप समुचित व्यवस्था नहीं थी। इसके चलते शासकीय निधि एवं जन सहयोग से भवन निर्माण कराया गया है। जिसमें थाने में नियुक्त सभी पुलिसकर्मी एक ही स्थान पर सहभोज कर सकेंगे। इस दौरान उन्होंने सर्दी के मौसम को देखते हुए सभी ग्राम चौकिदारों को कंबल वितरित किए। कार्यक्रम का सफल आदर्श इंटर कॉलिज के प्रधानाचार्य राकेश प्रताप सिंह ने किया।इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख अरविंद कुमार मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, मानिकपुर उपजिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, मऊ क्षेत्राधिकारी यामीन, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु फहद अली, मानिकपुर थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह, आरआई शिवनारायण सिंह, पहाड़ी प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह, एसआई शंभूशरण सिंह, गफूर खां, कृपानंदन शर्मा, अजय बहादुर सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद कुमार द्विवेदी, समाज सेवी निर्भय सिंह, सम्राट सिंह, अखिलेश्वर सिंह, लालभाई मिश्र, पुरुषोत्तम दास अग्रहरि, राजकुमार पाल, राजू त्रिपाठी, सचिन पाण्डेय, रावेंद्र त्रिपाठी, श्याम मूरत गौतम, आदि मौजूद रहे।

# एसआरएन अस्पताल के नए ओपीडी ब्लॉक में शुरू हुई सर्जरी ओपीडी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** एसआरएन अस्पताल के नए ओपीडी ब्लॉक में सर्जरी विभाग के ओपीडी की शुरुआत कर दी गई है।

प्रोफेसर डॉ. संजय सिंह, डॉ. संतोष सिंह, और डॉ. आलोक सिंह ने मरीजों को देखा और उनकी जांच की। नए ओपीडी ब्लॉक की शुरुआत से मरीजों को बेहतर सुविधाएं और आधुनिक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

इस अवसर पर सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने कहा कि नया ओपीडी ब्लॉक सर्जरी विभाग के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

इससे मरीजों को आधुनिक चिकित्सा सेवाएं सुलभ होंगी और भीड़भाड़ की समस्या भी कम होगी। हमारी टीम हर संभव प्रयास करेगी कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिलें। मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. वत्सला मिश्रा ने कहा कि नए ओपीडी ब्लॉक की शुरुआत अस्पताल और मरीजों के लिए एक मील का पत्थर है।

यह हमारे चिकित्सा संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि हम मरीजों की सुविधा और स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

नए ओपीडी ब्लॉक में मरीजों के लिए विस्तारित स्थान, बैठने की बेहतर व्यवस्था और आधुनिक उपकरण लगाए गए हैं। अस्पताल प्रशासन ने इस नई सुविधा से मरीजों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देने का संकल्प लिया है।

एसआरएन अस्पताल के नए ओपीडी ब्लॉक में रोजाना बड़ी संख्या में मरीजों के आने और चिकित्सकों की विशेषज्ञ टीम इस चुनौती को कुशलता से संभालने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर महोदय प्रतापगढ़
कम्प्यूटरीकृत वाद सं0 टी20250257030026
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन मिन्नी शुक्ला बनाम सुशीला देवी मिश्रा आदि
बनाम
1. सुशीला देवी मिश्रा पत्नी श्याम नारायन मिश्र निवासी रूपापुर पर0 व तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ 2. विनीता देवी पत्नी देवी शंकर 3. लालदस सुत राम सरन 4. कृपा शंकर सुत रामसनेही 5. नितीश कुमार सुत रमाशंकर 6. सूर्यकान्ती पत्नी रमाशंकर समसत निवासीगण सराय खाण्डेराय टेऊंगा प्रतापगढ़ 7. श्यामा देवी पत्नी श्यामलाल निवासी दहिलामऊ सदर प्रतापगढ़ 8. देवी शंकर सुत राम सनेही नि0 सराय खण्डेराय टेऊंगा प्रतापगढ़ 9. गांव सभा टेऊंगा प्रधान ग्राम सभा टेऊंगा पर0तह0 सदर प्रतापगढ़
तारीख पेशी 23.01.2025

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 23.01.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज एफ0टी0सी0 तृतीय महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 398/2023
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन मोहम्मद शरीफ आदि बनाम जफरूल हसन आदि
बनाम
1. जफरूल हसन उम्र लगभग 55 वर्ष 2. शमीम अहमद उम्र लगभग 45 वर्ष 3. मुहीजुद्दीन उम्र लगभग 42 वर्ष 4. जैनुद्दीन उम्र लगभग 38 वर्ष सुतगण कमरूद्दीन समस्त निवासीगण ग्राम बुजहा पर0 व तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 20.01.2025

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 20.01.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 29 महोदय प्रतापगढ़
मूलवाद संख्या 458/2000
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन रामराज आदि बनाम जयराम आदि
बनाम
1/1 महन्थू उम्र 55 साल 1/2 सुरेश उम्र 45 साल सुतगण जयराम 1/3 शकुन्तला उम्र 42 साल पुत्री जयराम समस्त निवासीगण ग्राम हथौड़ा सराय पर0 पट्टी तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 13.02.2025

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 13.02.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

9452526750, 9839665450,8565970115
**दैनिक लोकमित्र**
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/-प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से करें निस्तारण




लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट ब्यूरो-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन जिला कलेक्टरेट सभागार में किया गया। इस दौरान डीएम ने किसानों की समस्याओं को सुना और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए।बैठक में जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शासन की मंशानुरुप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग को निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में बंदर परेशान कर रहे हैं, वहां पर पिंजरे के माध्यम से बंदरों को पड़कर जंगलों में छुड़वाएं। जिलाधिकारी ने किसानों से अपील की कि सभी किसान आधार, मोबाइल नंबर, खतौनी जनसेवा केंद्र व ऐप के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाए। साथ ही अन्य किसानों को भी इस सम्बन्ध में जागरूक करें। इस दौरान भाकियू सदर तहसील अध्यक्ष अधिवक्ता शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि जिला मुख्यालय स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति में किसानों के लिए बनाए गए नीलामी चबूतरों में किसानों को फसल उत्पादन रखने के लिए जगह नहीं मिलती है।

वहां व्यापारियों ने कब्जा जमा रखा है। इस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को मौके पर जाकर समस्या निस्तारण के निर्देश दिए।

इस मौके पर उप कृषि निदेशक राजकुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चंद्र, खाद एवं विपणन अधिकारी अविनाश झा क्षेत्रीय वनाधिकारी हरिशंकर सिंह, देवेंद्र, निरंजन, भूमि संरक्षण अधिकारी तुलसीराम, चकबंदी के अधिकारी सहित शैलेन्द्र सिंह, शिव दयाल, देवेंद्र सिंह, नीलकंठ द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# वैकल्पिक आवागमन मार्ग के लिए दिया मांग पत्र

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट ब्यूरो-**जिला मुख्यालय में बने ओवर ब्रिज के नीचे रेलवे क्रासिंग के पास पैदल आवागमन के मार्ग को रेलवे द्वारा पूर्णतया बाउण्ड्री बनाकर बंद कर देने के बाद क्षेत्र के लोगों ने डीएम को पत्र लिखकर पैदल आवागमन करने वाले लोगों के लिए वैकल्पिक मार्ग दिलाए जाने की मांग की है। डीएम ने इस सम्बन्ध में रेल अधिकारियों से वार्ता करने की बात कही है।रेलवे द्वारा ओवर ब्रिज के नीचे पैदल आवागमन के मार्ग को बाउण्ड्री वाल उठाकर बंद कर देने के बाद पैदल आवागमन करने वाले लोगों व क्षेत्र के व्यापारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को व्यापारियों ने पैदल आवागमन करने वाले लोगों के लिए वैकल्पिक मार्ग की मांग करते हुए जिलाधिकारी को 100 व्यापारियों के हस्ताक्षर वाला मांग पत्र सौंपा। व्यापारियों ने जिलाधिकारी से कहा कि रेलवे द्वारा मार्ग बंद करने से पैदल आवागमन करने वाले लोगों और व्यापारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि इससे क्षेत्र दो भागों के बंट गया है। साथ ही कोई अन्य रास्ता न होने से पैदल आवागमन करने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों ने जिलाधिकारी से जल्द से जल्द पैदल करने वाले लोगों के लिए वैकल्पिक मार्ग बनवाने की मांग की है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने रेल अधिकारियों से वार्ता करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर व्यापारी प्रतिनिधिमण्डल के वरिष्ठ व्यापारी पी डी गुप्ता, प्रदेश कार्यकारी सदस्य समाजवादी व्यापार सभा हिमांशु गुप्ता, रेल बोर्ड परामर्श समिति के सदस्य संतोष पप्पू जायसवाल, महेन्द्र गुप्ता आदि मौजूद रहे

# धूमधाम से निकाली गई श्रीराम कथा कलश यात्रा

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट ब्यूरो-**श्रीराम मंदिर अयोध्या की प्रथम वर्षगाँठ के अवसर पर शंकर बाजार स्थित गुप्ता मैरिज हाल में शुरू होने वाली श्रीराम कथा की बुधवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा पटेल तिराहा से कथा स्थल तक धूमधाम से साधु-संतों, हाथी-घोड़ों व डीजे के साथ निकाली गई।कथा के आयोजक अभिषेक पहारिया ने बताया कि बुधवार को श्रीराम कथा की कलश यात्रा पटेल तिराहे से कथा स्थल गुप्ता मैरिज हाल तक निकालते हुए कलशों की स्थापना की गई। कलश यात्रा में साधु-संतो व हाथी-घोड़ों सहित डीजे की धुन में श्रद्धालुओं ने झूमते-गाते जय श्रीराम का नारा लगाया। साथ ही श्रीराम दरबार व श्रीराधा-कृष्ण की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। इस दौरान कथा वाचिका माधवी श्रद्धालुओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया।



कथा आयोजक ने बताया कि 16 जनवरी गुरुवार को कथा के पहले दिन कथा वाचिका मानस महात्म संत गुरु का वर्णन करेंगी। बताया कि श्रीराम कथा रसपान दोपहर 12:30 से 4:30 बजे तक श्रद्धालुओं को कराया जाएगा।इस मौके पर पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, व्यापारी नेता ओम केशरवानी, विष्णु गुप्ता, डॉ रचित पांडेय, बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह, गायत्री शक्तिपीठ के देवीदयाल यादव, अंकित पहारिया, दीनदयाल पहारिया, शिवदयाल पहारिया, हरि पहारिया, गोविंद पहारिया, कृष्ण कुमार पहारिया, जूली पहारिया, भीम पहारिया, लोकेश, दीपेश आदि मौजूद रहे।

# खिलाड़ियों के बीच मनाया गया जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव का जन्मदिन



**चित्रकूट ब्यूरो-** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति पर आयोजित अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट के 22वें सुभाष चैलेंज कप 2024-25 का दूसरा सेमीफाइनल मैच बुधवार को झांसी और कानपुर के बीच खेला गया। जिसमें झांसी ने 80 रनों से मैच जीत लिया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव का जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया गया। इसके अलावा जिला पंचायत कार्यालय में भी पहाड़ी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल व अपर मुख्य अधिकारी सुधीर की अगुवाई में जिला पंचायत अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया गया।मैच में पहले टॉस जीत कर बल्लेबाजी करते हुए झांसी की टीम ने निर्धारित 25 ओवर के मैच में 6 विकेट खोकर 216 रन बनाए। जिसमें झांसी के बल्लेबाज उत्कर्ष के 65 और संजय के 58 शामिल रहे। कानपुर के गेंदबाज करण ने तीन व नीरज ने एक विकेट लिया। 217 रनों के लक्ष्य का पीछा करने कानपुर की टीम ने टीम 24.1 ओवर में 136 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जिसमें कानपुर के बल्लेबाज प्रियांशु के 33 और शुभम के 28 रन शामिल रहे। झांसी के गेंदबाज संजय ने चार और अनुज ने एक विकेट लिया। झांसी ने इस मुकाबले को 80 रनों से अपने नाम कर फाइनल में प्रवेश किया। झांसी के खिलाड़ी संजय को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। मैच में हैदर जहां और दिन्नी यादव अंपायर रहे। इस मौके मधुरेन्द्र प्रताप सिंह, विवेक अग्रवाल, अनिल कुमार, अशोक कुमार, सौरभ नाहर, लोकेश सिंह, दीपक मिश्रा, अनुराग, आदेश, फिरोज अंसारी, रानू आदि मौजूद रहे।

# बसपा मुखिया मायावती की सरकार में लागू की गईं थीं जन कल्याणकारी योजनाएं- शिवबाबू

## ▶▶ धूमधाम से मनाया गया बसपा मुखिया का जन्मदिन

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट ब्यूरो-** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का जन्मदिन बुधवार को जन कल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान बाबा साहब का मिशन अधूरा, बीएसपी करेगी पूरा का नारा दिया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा ने कहा कि बसपा मुखिया मायावती ने मुख्यमंत्री रहने के दौरान उत्तर प्रदेश के दलितों, गरीबों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गो समेत सर्व समाज के लोगों के हितों लिए जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया था। इन योजनाओं का देश में अन्य पार्टियों की राज्य सरकारों द्वारा नकल किया जा रहा है, किंतु इन लोगों के प्रति उनकी नीति व नीयत साफ न होने से यह सरकारें इन्हें कोई विशेष लाभ नहीं दे पा रही



है। ऐसे में पार्टी के लोग उत्तर प्रदेश व उत्तर प्रदेश की तरह पूरे देश में भी जनकल्याणकारी सरकार बनाने के लिए पार्टी द्वारा किए गए कार्यो को आम जनता के बीच प्रचारित करें। उन्होंने कहा कि पार्टी ने बाबा साहब का मिशन अधूरा, बीएसपी करेगी पूरा का नारा दिया है।इस मौके पर बसपा नेता लल्लू प्रसाद निषाद, पूर्व विधायक चंद्रभान सिंह पटेल, मंडल प्रभारी मान सिंह कुशवाहा, रामलखन निषाद, जमुना प्रसाद पाल, कौशलेंद्र कुमार, अखिलेश वर्मा, प्रेम नारायण वर्मा, राजबहादुर वर्मा, सोनपाल वर्मा, शंकर बाबा, रावेंद्र कुमार वर्मा, अवधेश बक्शी, रोहित सिंह पटेल, प्रखर सिंह पटेल, प्रहलाद यादव, शिवबाबू गर्ग, जगदीश सिंह यादव, प्रमोद वर्मा, शिव त्रिपाठी, उमाकांत त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# यज्ञोपवीत संस्कार कराकर धारण कराया जनेऊ

**चित्रकूट ब्यूरो-** श्रीकामदगिरि पीठम, कामदगिरि प्रदक्षिणा प्रमुख द्वार, कामतानाथ मंदिर ट्रस्ट एवं रामझरोखा ट्रस्ट के संयुक्त आयोजन में 51 विप्र बालकों का यज्ञोपवीत संस्कार कराया गया।श्रीकामतानाथ मंदिर प्रमुख द्वार के अधिकारी संत डॉ मदनगोपाल दास महराज ने बताया कि आचार्यो द्वारा वैदिक पद्धति से मंत्रोच्चार, पूजन-यज्ञ एवं संकल्पों के साथ बालकों को यज्ञोपवीत (जनेऊ) धारण कराया गया। बताया कि श्रीकामदगिरि पीठाधीश्वर रामस्वरूपाचार्य महराज की प्रेरणा से ट्रस्ट द्वारा शिक्षा एवं संस्कार के लिए प्रकल्पों का विस्तार किया जा रहा है। ट्रस्ट के माध्यम से युवकों को हिंदू जीवन पद्धति से संस्कारित करते हुए आवश्यकतानुसार उन्हें शिक्षार्जन के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। जिसके तहत बड़ी संख्या में युवक शिक्षित और संस्कारित होकर सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में अपना सामाजिक योगदान दे रहे हैं। इस दिशा में विस्तार करते हुए ट्रस्ट द्वारा बच्चों को वेद-वेदांग शिक्षा से जोड़ा जा रहा है।

# पुलिस अधीक्षक ने किया मानिकपुर में पुलिस मेस के नवनिर्मित भवन का शुभारम्भ



**मानिकपुर, चित्रकूट-** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मानिकपुर थाना परिसर में नव निर्मित पुलिस मेस की बिल्डिंग का उद्घाटन किया। साथ ही भीषण ठंड के दृष्टिगत चौकीदारों को कंबल वितरित किए।पुलिस अधीक्षक ने मानिकपुर थाना परिसर में बनी नव निर्मित बिल्डिंग का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन कर फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान बाद पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुराने और जर्जर भवन में भोजनालय के अनुरूप समुचित व्यवस्था नहीं थी। इसके चलते शासकीय निधि एवं जन सहयोग से भवन निर्माण कराया गया है। जिसमें थाने में नियुक्त सभी पुलिसकर्मी एक ही स्थान पर सहभोज कर सकेंगे। इस दौरान उन्होंने सर्दी के मौसम को देखते हुए सभी ग्राम चौकिदारों को कंबल वितरित किए। कार्यक्रम का सफल आदर्श इंटर कॉलिज के प्रधानाचार्य राकेश प्रताप सिंह ने किया।इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख अरविंद कुमार मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, मानिकपुर उपजिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, मऊ क्षेत्राधिकारी यामीन, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु फहद अली, मानिकपुर थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह, आरआई शिवनारायण सिंह, पहाड़ी प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह, एसआई शंभूशरण सिंह, गफूर खां, कृपानंदन शर्मा, अजय बहादुर सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद कुमार द्विवेदी, समाज सेवी निर्भय सिंह, सम्राट सिंह, अखिलेश्वर सिंह, लालभाई मिश्र, पुरुषोत्तम दास अग्रहरि, राजकुमार पाल, राजू त्रिपाठी, सचिन पाण्डेय, रावेंद्र त्रिपाठी, श्याम मूरत गौतम, आदि मौजूद रहे।

# किसान दिवस में किसानों की समस्याएं सुनी गयीं




लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में विकास भवन के आडिटोरियम में किसान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें जनपद भर से आये हुए कृषकों के साथ-साथ कृषि, पशुपालन, उद्यान, सहकारिता, विद्युत, सिंचाई सहित कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित अन्य विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। उप कृषि निदेशक विकेश कुमार पटेल द्वारा किसान दिवस से सम्बन्धित पिछली कार्यवाही को पढ़कर सुनाया गया तथा उपस्थित किसानों की समस्याओं के समाधान के बारे में भी बताया गया। उक्त अवसर पर जिले के सरकारी धान क्रय केन्द्र पर अपारदर्शी कार्यशैली, नहरों से सिंचित क्षेत्रों में राजकीय नलकूप लगाये जाने की व्यवस्था, सरकारी सस्ते गल्ले के वितरण में अनियमितता आदि पर चर्चा हुई। श्रीमती मीरा मौर्या ग्राम सिद्धी द्वारा अवगत कराया गया कि चारा मशीन से हाथ कट गया है जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि इस सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारी पहाड़ी को उचित निर्देश देदिएगएहैं। उक्त अवसर पर विजली समस्या,

खराब सडकों, खराब नहरों सहित अन्य समस्याओं को भी संज्ञान में लाया गया जिसपर सम्बन्धित को उचित निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, ए.आर. कोआपरेटिव, अग्रणी जिला प्रबन्धक व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधि महाविद्यालयों में लीगल एड क्लिनिक की स्थापना का लिया गया निर्णय

लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** गरीबों, असहायों एव जनजन तक विधिक सहायता पहुँचाने के उद्देश्य से जनपद में संचालित विधि महाविद्यालयों में लीगल एड क्लिनिक की स्थापना की जाएगी। इसी क्रम में जनपद न्यायाधीश अरविन्द मिश्र ने जनपद में संचालित विधि महाविद्यालयों के प्राचायों की बैठक आहूत कर उन्हे निर्देशित किया कि ग्रामीणजनों तथा गरीबो असहायो को विधि का ज्ञान हो और उनको विधिक सहायता मिलने में कोई कठिनाई न हो इसके लिए प्रत्येक विधि महाविद्यालय में लीगल एड क्लीनिक स्थापित की जायेगी ।

उन्होंने कहा कि लीगल एड क्लीनिक में विधि के छात्र/छात्राओं को सदस्य के तौर पर नामित किया जायेगा। सदस्यों का कार्य गरीबो, असहायों, शहरी/ग्रामीणजनों और जनजन को विधिक ज्ञान की जानकारी उपलब्ध करानी होगी और विधिक सहायता करना होगा। उन्होने यह भी बताया कि विधि के छात्र और छात्राओं के माध्यम से वाद विहीन गांव बनाने की योजना को कियान्वित किया जायेगा। बैठक में अपर जनपद न्यायाधीश / सचिव डीएलएसए विनय आर्या सहित विधि महाविद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

# महाकुंभ के श्रद्धालुओं की सेवा में विन्ध्याचलवासी भी आगे आए




लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** महाकुभ में जाने वाले श्रद्धालुओं में से कुछ का पड़ाव जनपद के विन्ध्यवासिनी मन्दिर सहित अन्य स्थानों पर भी होता है इसके लिए की जाने वाली अपेक्षित व्यवस्थाओ हेतु प्रशासन पहले से ही कटिबद्ध है कि इसमें सहयोग करने हेतु विंध्य पंडा समाज भी आगे आ गया है।

मकर संक्रांति के दूसरे दिन श्रद्धालुओं के प्रयागराज से विन्ध्याचल आने की संभावना को देखते हुए 125 कुंतल खिचड़ी की व्यवस्था की गयी। तीर्थ पुरोहितों ने बताया कि खिचड़ी वितरण की परंपरा स्व. छबीले मिश्र की पहल पर कई वर्ष पूर्व प्रारंभ हुई थी किन्तु महाकुंभ को ध्यान में रखकर उसकी मात्रा इस वर्ष बढ़ा दी गयी। तीर्थ पुरोहित शिव राम मिश्र ने बताया कि सभी को गरमा गरम खिचड़ी मिले इसके लिए अनवरत चूल्हा जल रहा है तथा ये क्रम देर रात तक चलेगा। उन्होंने ये भी बताया कि वार्षिक परंपरा तो मात्र खिचड़ी के दिन थी किन्तु महाकुंभ को देखते हुए विभिन्न स्नान तिथियों पर इसे आयोजित करने पर विचार किया जाएगा। तीर्थ पुरोहितों के सेवा कार्य का अनुकरण करते हुए अन्य समाज भी पूरे मनोयोग से लगा रहा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत अमिलिहा विकास खण्ड चित्रकूटधाम कर्वी, चित्रकूट**

पंत्राक : मेमो/निविदा/2024–25 दिनांक 15.01.2025

**निविदा सूचना**

एस एल डब्लू एम स्वच्छ भारत मिशन/राज्यवित्त/पंद्रहवां योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत अमिलिहा द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यों पर प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा व्यापार कर/आयकर में पंजीकृत फर्मो/सप्लायरों से दिनांक 21.01.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपराह्न 3.30 बजे ग्राम पंचायत में तैनात निर्माण समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के साथ खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 16.01.2025 से 21.01.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक ग्राम पंचायत से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्रक्कलन की धनराशि (लाख में) | 2% धरोहर धनराशि (रू0में) | निविदा मूल्य (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अमिलिहा ग्राम पंचायत में आर आर सी सेंटर निर्माण कार्य | 2.36 लाख | 4720 | 500 |
| 2 | अमिलिहा ग्राम पंचायत में ई रिक्शा का क्रय कार्य | 1.50 लाख | 3000 | 500 |

निविदा शर्तें:–
नोट : निविदा से सम्बन्धित शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय के पटल पर देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अमिलिहा
वि0ख0–कर्वी, चित्रकूट

ग्रा0पं0अधि0/ग्रा0वि0अधि0
ग्राम पंचायत अमिलिहा
वि0ख0–कर्वी, चित्रकूट

**कार्यालय नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी, जनपद चित्रकूट**

पत्रांक : 2539/2024–25/ई–निविदा सूचना दिनांक 13.01.2025

**ई–निविदा सूचना/दर आमंत्रण सूचना**

ई–टेण्डरिंग के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम में 15वॉ वित्त आयोग के अन्तर्गत (टाइड ग्राण्ट) अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यो की ई–निविदा दिनांक 16.01.2025 से 24.01.2025 समय 12.00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जायेगी जो उसी दिनांक को खोली जायेगी। निविदा प्रपत्रों मे निर्धारित शुल्क व जमानत धनराशि नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी के Axis Bank Account No. 919010066046073 ds IFSC Code-UTIB0004082 में जमा की जायेगी। निविदा सूचना http://etender.up.nic.in & http://nagarpalikaparishad chitrakootdhamkarwi.com पर देखी जा सकती है। निविदा सम्बन्धी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित निर्माण लिपिक से प्राप्त की जा सकती है।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
चित्रकूटधाम

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
चित्रकूटधाम

**कार्यालय ग्राम पंचायत भगवतपुर विकास खण्ड चित्रकूटधाम कर्वी, चित्रकूट**

पंत्राक : मेमो/निविदा/2024–25 दिनांक 15.01.2025

**निविदा सूचना**

एस एल डब्लू एम स्वच्छ भारत मिशन/राज्यवित्त/पंद्रहवां योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत भगवतपुर द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यों पर प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा व्यापार कर/आयकर में पंजीकृत फर्मो/सप्लायरों से दिनांक 21.01.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपराह्न 3.30 बजे ग्राम पंचायत में तैनात निर्माण समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के साथ खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 16.01.2025 से 21.01.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक ग्राम पंचायत से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्रक्कलन की धनराशि (लाख में) | 2% धरोहर धनराशि (रू0में) | निविदा मूल्य (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भगवतपुर ग्राम पंचायत में आर आर सी सेंटर निर्माण कार्य | 2.23 लाख | 4460 | 500 |
| 2 | भगवतपुर ग्राम पंचायत में ई रिक्शा का क्रय कार्य | 1.50 लाख | 3000 | 500 |

निविदा शर्तें:–
नोट : निविदा से सम्बन्धित शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय के पटल पर देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भगवतपुर
वि0ख0–कर्वी, चित्रकूट

ग्रा0पं0अधि0/ग्रा0वि0अधि0
ग्राम पंचायत भगवतपुर
वि0ख0–कर्वी, चित्रकूट

**Information**

I, Alisha Qureshi, Azad Nagar, Karari, Kaushambi, hereby, by giving a government affidavit of ten rupees, claim that my name in all my documents is Alisha Qureshi, which has become Alisha Quraishi due to a typing mistake. Similarly, my mother's correct name is Nargis Qureshi, whereas in my passport, due to a typing mistake, it has become Nargis Bano. Similarly, my father's name is Saleem Qureshi, which has become Saleem Ahmad Quraishi due to a typing mistake. Which should be considered correct as Alisha Qureshi, my mother's name is Nargis Qureshi and father's name is Saleem Qureshi.

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# त्यौहार नई पीढ़ी के लिए सनातन संस्कृति का स्मरण का श्रोत:डा0 नीरज श्रीवास्तव

## सेवा भारती रायबरेली इकाई के तत्वावधान में मकर संक्रांति उत्सव खिचड़ी भोज का हुआ आयोजन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** सेवा भारती रायबरेली इकाई के तत्वावधान में मकर संक्रांति उत्सव खिचड़ी भोज का आयोजन अलंकृता उत्सव लान में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम कि शुभारंभ एम्स रायबरेली के चिकित्सा अधीक्षक नीरज श्रीवास्तव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रान्त संघचालक प्रभू नारायण श्रीवास्तव ने भारत माता कि अर्चना से प्रारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि डॉ नीरज श्रीवास्तव ने कहा हिंदू त्यौहार हमारी सनातन परंपराओं को नई पीढ़ियां सनातन संस्कृति सीखने का कार्य करती है उन्होंने आवाहन किया अपने बच्चों को मोबाइल से दूर रखें ताकि उनकी मानसिक स्थिति स्वस्थ रहे। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रांत संचालक प्रभु नारायण ने कहा भगवत गीता हिंदू समाज को जीवन जीने का सर्वोत्तम ज्ञान कोष है जिसमें कुशल राजा से लेकर जीवन की सभी ज्ञान को दर्शाया गया है। सेवा भारती के प्रांत अध्यक्ष ने कहा सेवा भारती शोषित वंचित उपेक्षित समाज के उत्थान के लिए कार्यरत हैं उन्होंने आवाहन किया हम सब भी एक-एक परिवार के सहयोग का व्रत लें। सेवा भारती के खिचड़ी भोज में मोटे अनाज का उपयोग कर मिले मिलेट खिचड़ी द्वारा मोटे अनाज को बढ़ावा का सदेश दिया लगभग 350 लोगों ने खिचड़ी भोज में भाग लिया। इस अवसर पर प्रांत सेवा प्रमुख देवेंद्र अस्थाना विभाग सेवा प्रमुख गया प्रसाद शुक्ला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक राहुल जिला संघचालक जागेश्वर दयाल द्विवेदी सेवा भारती के अध्यक्ष नीरज गुप्ता महासचिव शेखर शुक्ला, गौरव रस्तोगी, विनोद बाजपेई, विजय रस्तोगी, राजा राकेश प्रताप सिंह सम्मिलित हुए।

## लालगंज तहसील में बैसवारा सेंट्रल बार एसोसिएशन के नाम से बना नया संगठन

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज के कुछ अधिवक्ताओं ने बैसवारा सेंट्रल बार एसोसिएशन के नाम से नया संगठन बनाया है। बुधवार को एक समारोह के दौरान संगठन का कार्यालय खोला गया जिसका उद्घाटन ग्राम न्यायालय के न्यायाधिकारी देवेश कुमार यादव के द्वारा किया गया। नए संगठन के संयोजक अधिवक्ता राम प्रताप सिंह हैं। उन्होंने ही नया संगठन बनाया है। इसके अलावा संजय सिंह महा मंत्री, हीरालाल संरक्षक, शिव प्रकाश गुप्ता कोषाध्यक्ष ,केदार दीक्षित उपाध्यक्ष, शेर बहादुर कनिष्ठ उपाध्यक्ष और स्वयंवर सिंह नए संगठन के मंत्री बनाए गए हैं। अधिवक्ताओं के नये संगठन का कुछ अधिवक्ताओं ने स्वागत किया है हालांकि पुराने अधिवक्ताओं का कहना है कि वैसवारा अधिवक्ता एसोसिएशन उत्तर प्रदेश बार काउंसिल से एफिलिएटिड है जहां से अधिवक्ताओं को सभी तरह की सुविधा हासिल हैं।

# मंत्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा जरूरत मन्द लोगों को वितरित किया कम्बल




**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उ0प्र0 सरकार दिनेश प्रताप सिंह ने मध्य रात्रि रेलवे स्टेशन, मंशादेवी मन्दिर व सुपर मार्केट का भ्रमण कर शीत लहर व ठंड से बचाव हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मा0 मंत्री जी ने सर्दी के बढ़ते मौसम के मद्देनजर, जनपद के विभिन्न स्थलों का मध्य रात्रि औचक निरीक्षण कर उपलब्ध व्यवस्थाओं को देखा गया तथा उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि रैन बसेरे में आने वाले लोगो को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित कराया जाए कि कोई भी व्यक्ति खुले में न सोए, यदि कही कोई ऐसा दिखे तो उसको पास के रैन बसेरा में शिफ्ट कराया जाए।

उन्होंने कहा कि सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर जहां जनसामान्य का आवागमन अधिक होता है, वहां पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि रैन बसेरे में अतिरिक्त कंबल तथा अलाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। साथ ही समस्त रैन बसेरों में समुचित साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान मा0 मंत्री जी ने जरूरत मन्द लोगों को कम्बल भी वितरित किए।

# जिला स्तरीय बोर्ड ऑफ विजिटर्स द्वारा जिला कारागार का किया गया निरीक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा सिविल रिट याचिका संख्या 1404/2023 सुकन्या सान्था बनाम भारत संघ व अन्य में पारित आदेश व माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशानुसार गठित बोर्ड ऑफविजिटर्स द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण सोमवार को किया गया।सदस्यों द्वारा बंदियों से उनके रहन-सहन, खाने-पीने के अतिरिक्त उनकी जाति के आधार पर उनसे कार्य में भेदभाव के संबंध में पूछा गया, जिस पर किसी भी बंदी द्वारा कोई भी शिकायत नहीं की गयी। सदस्यों द्वारा पाकशाला का निरीक्षण किया गया। जेल अधीक्षक द्वारा निरीक्षण के समय अवगत कराया गया कि प्रत्येक दिन नवीन बंदियों का जिला कारागार में दाखिला के समय किसी भी अभिलेखों में उसकी जाति का उल्लेख नहीं किया जाता है। पूर्व में इस तरह का कालम हुआ करता था जिसे अब उच्च स्तरीय आदेशों के अनुपालन में हटा दिया गया है। इसके अतिरिक्त सदस्यों द्वारा गैंग बुक का भी अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ विजिटर्स राजकुमार सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य, जिलाधिकारी।हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डा0 यशवीर सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी नवीन चंद्रा, बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पाण्डेय, जिला सेवा योजनाधिकारी विजय बहादुर सिंह सेंगर, जिला उद्योग अधिकारी परमहंस मौर्या, अधिशाषी अभियन्ता, पी.डब्लू.डी. महिपाल सिंह व जेल अधीक्षक अमन कुमार सिंह एवं जेलर हिमांशु रौतेला उपस्थित रहे।

# बैसवारे के लाल को सिक्किम लघु उद्योग भारती की कमान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** पिछले दिनों सिक्किम की राजधानी गंगटोक में विश्व के सबसे बड़े औद्योगिक संगठन लघु उद्योग भारती का गठन किया गया। एक सादे समारोह में सिक्किम के राज्यपाल महामहिम ओम प्रकाश माथुर ने नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष एवं उनकी टीम को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बताते चलें कि प्रदेश अध्यक्ष के रूप में चुने गए डा. आशीष मौर्य स्थानीय पूरे बाबा लालगंज के निवासी हैं। परिवरीजन कपड़े का व्यापार करते हैं।डा.आशीष मौर्य ने अपनी इंटर तक की पढ़ाई स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर से पूरी की। उसके बाद कर्नाटक से बी फार्मा किया।वहीं से एम फार्मा करने के बाद सिक्किम जाकर एक फार्मास्युटिकल कंपनी में काम करने लगे। अपनी मेहनत लगन और दूरदर्शिता ने उन्होंने कम समय में बड़ा मुकाम हासिल किया। जिस कंपनी में काम किया। बाद में उसी के मालिक बन गये। उनकी कंपनी में ही बैसवारा




परिक्षेत्र के सैकड़ों नवयुवक रोजगार प्राप्त कर अपनी आजीविका चला रहे हैं सपिछले वर्षों इस सदी कि सबसे बड़ी महामारी श् कोरोना श् में डा. आशीष मौर्य का सहयोग अविस्मरणीय रहा। उन्होंने दस हजार टेबलेट,और पांच हजार लीटर सेनेटाइजर जिला अस्पताल को तथा एक हजार टेबलेट और 500 लीटर सेनेटाइजर स्थानीय सी एच सी लालगंज को उपलब्ध कराई थी। साथ ही पुलिस प्रशासन, मंदिरों आदि सार्वजानिक स्थानों के लिए सेनेटाइजर की हजारों बोतलें प्रदान की थीं। डा. मौर्य ने लगभग 45 दिनों तक क्षेत्रीय दैनिक कामगारों एवं वंचितों के लिए राशन सामग्री भी प्रदान की थी। यह एक बहुत बड़ा सहयोग था जिसके कारण इस महामारी से लड़ने में स्थानीय वंचित जन समर्थ हो सके।समारोह को संबोधित करते हुए महामहिम राज्यपाल ने कहा कि सिक्किम पूर्ण ऑर्गेनिक राज्य है जहां ग्रामीण क्षेत्रों में अपार संभावनायें मौजूद हैं। लघु उद्योग भारती के माध्यम से इन संभावनावों को पूरा किया जा सकता है। कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश मित्तल सहित विभिन्न प्रदेशों के पदाधिकारी मौजूद रहे।डा. आशीष मौर्य को सिक्किम लघु उद्योग भारती का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर स्थानीय नागरिकों में हर्ष व्याप्त है। एक सभा के माध्यम से बैसवारा पी जी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह, सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश फौजी, शिक्षक नेता आशीष प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य राम प्रताप सिंह, शिक्षक विश्वास बहादुर सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य अनंत विजय सिंह, डा. निरंजन राय सहित सैकड़ों लोगों ने डा.आशीष मौर्य को उनके नए दायित्व की शुभकामना दी है।

# जन आरोग्य किट आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में वितरित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** बुधवार को ब्लाक सभागार में बीडीओ वर्षा सिंह द्वारा प्रभारी सीडीपीओ आशा यादव की मौजूदगी में 17 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए आई जन आरोग्य किट आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वितरित किया गया।बीडीओ वर्षा सिंह ने बताया कि जन आरोग्य किट में पर्दा दरी, कुर्सी, बीपी मशीन, थर्मामीटर के आलावा कई सामग्री शामिल हैं, जिन्हें आंगनबाड़ी केंद्र मऊ गर्वी, बरहुआं, ज्योना,सलेथू,कैड़ावा,पारा कला,कड़रिया, अलीपुर,हलोर कुशढी सागरपुर, कोटवा मोहम्मदाबाद, मोन, सहित 17 आंगनबाड़ी केंद्रो की कार्यकत्रियों को वितरित किया गया है।इस मौके पर एडीओ सहकारिता अरुण कुमार श्रीवास्तव, आंगन बाड़ी कार्यकत्री, सीता देवी, अंतोष, अंजू, संगीता सरोजनी आदि मौजूद रहीं।

# अधेड़ की पीट-पीटकर की गई हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार,दो अभी भी फरार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के नाथगंज मजरे हलोर गांव में बीती सोमवार की रात दबंगों द्वारा एक अधेड़ की पीट-पीटकर की गई हत्या के मामले में एक तरफ पुलिस को जहां दो आरोपियों को पकड़ने में सफलता हाथ लगी है व दो आरोपियों की तलाश जारी है, दूसरी ओर क्षेत्रीय विधायक श्यामसुंदर भारतीय ने आज बुधवार को पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया है वहीं आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। बता दे कि मृतक के पुत्र के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर चार लोगों को नाम जद करते हुए मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जिनमें से दो आरोपियों को पड़कर पुलिस ने जेल भेज दिया है वही दो अन्य आरोपियों के तलाश जारी है। बताते चले कि महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के नाथगंज मजरे हलोर गांव में



विगत सोमवार की रात्रि समय लगभग 8:30 बजे शौंच के लिए घर से निकले अधेड़ रामधनी पुत्र सत्यनारायण को रास्ते में घेर कर दबंगों ने पीट-पीट कर मार डाला था। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने घायल को सी एच सी महराजगंज पहुंचाया था। जहां चिकित्सकों ने नब्ज टटोलते ही मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया था।

किंतु पोस्टमार्टम होने के बाद जब शव गांव पहुंचा तो ग्रामीण और परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया था, लेकिन उप जिलाधिकारी सचिन यादव महराजगंज व क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल की सूझबूझ के चलते काफी मान मनौव्वल के बाद परिजन और ग्रामीण अंतिम संस्कार करने को मान गए थे। पुलिस बल की भारी मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार कराया गया था, तब जाकर पुलिस ने राहत की सांस ली घटना में नाम जद चार आरोपियों की धर पकड़ में पुलिस तत्पर थी मुखबिर खास की सूचना पर मंगलवार दिन में लगभग 1:00 बजे मदनिया नैय्या नाला पुल के पास कहीं भागने की योजना बना रहे राम अचल पुत्र कन्हैया व रोहित पुत्र राम अचल को मौके पर ही धर दबोचा और अपने साथ थाने ले आई और दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। उधर हत्या के खबर फैलते ही क्षेत्रीय विधायक श्याम सुंदर भारती मृतक के घर पहुंच कर परिजनों से मुलाकात की ढांढस बंधाया और हर संभव पीड़ित परिवार को मदद दिलाने का आश्वासन दिया, उन्होंने उप जिलाधिकारी महराजगंज को फोन कर के जमीन, प्रधानमंत्री आवास तथा अंतोदय राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड का लाभ दिलाने की बात कही। मामले में क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल का कहना है कि दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, शेष बचे आरोपी पुलिस से बच नहीं पाएंगे और उनको जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# जीजीआईसी देवानंदपुर में 150 निर्धन छात्राओं को बांटे गये स्वेटर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** श्री के0बी0 सिन्हा राजकीय बालिका इण्टर कालेज, देवानन्दपुर, रायबरेली द्वारा 150 निर्धन छात्राओं को स्वेटर वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डा0 बरखा भारती के तत्वाधान में स्वेटर वितरण का कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। स्वेटर वितरण मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद् अध्यक्ष शत्रोहन लाल सोनकर से कराया गया।

इस अवसर पर उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि यह विद्यालय एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ0 बरखा भारती ने आये हुए मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया। उक्त आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से निधि चौरसिया, अंजू सरन, नीलिमा द्विवेदी, संतोष एवं विद्यालय परिवार ने योगदान दिया।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने जिलाधिकारी से सड़क निर्माण हेतु की मुलाकात,मिला आष्वासन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** फैजाबाद रोड से उमरपुर, गेरखुआ, धमधमा, ग्राम मैनूपुर से कुमारगंज चौराहा सम्पर्क मार्ग डिघिया रोड की स्थिति अत्यन्त जर्जर होने से नाराज स्थानीय लोगों ने लोकसभा चुनाव वर्ष 2024 में मत का सामूहिक बहिष्कार के माध्यम से विरोध प्रदर्शन किया था। सांसद राहुल गांधी ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए उक्त विरोध प्रदर्शन को शान्त करने के आशय से ग्राम मैनूपुर गये और जनता को समझा-बुझाकर मतदान को शुरूआत करवाया, जिसके सम्बन्ध में कांग्रेस कार्य.जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने दो-बार 28 अक्टूबर एवं 22 नवम्बर 2024 को जिलाधिकारी से मुलाकात कर समस्या के समाधान के लिए प्रार्थना पत्र दिया था, परन्तु आम-जन की समस्या पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इस पूरे मामले पर कार्यवाहक जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि आज जिलाधिकारी एवं अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत से कांग्रेस नेता गणों के साथ मैने स्वयं मुलाकात की तो जिलाधिकारी ने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत से बात कर एन.ओ.सी. देने के लिए उनको निर्देशित किया। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत ने बताया कि 17 जनवरी 2025 को जिला पंचायत की बैठक होनी है, जिसमें प्रश्नगत सड़क की मरम्मत हेतु प्रस्ताव रखा जाएगा, ताकि सड़क का निर्माण हो सके। जिलाधिकारी ने शीघ्र ही समस्या का निस्तारण करने का आश्वासन दिया।

## पेट्रोल पंप संचालक ''नो हेल्मेट, नो फ्यूल'' की रणनीति करें लागू: डीएम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि जनपद रायबरेली में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा हेल्मेट न पहनने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से परिवहन आयुक्त, उ0प्र0 के पत्र द्वारा ''नो हेल्मेट, नो फ्यूल'' की रणनीति लागू करने की अपेक्षा की गयी है।जिलाधिकारी ने बताया कि केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा-129 एवं उ0प्र0 मोटरयान नियमावली-1988 के नियम-201 के अनुसार सभी मोटर साइकिल चालकों एवं सवारियों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बी0आई0एस0) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रोटेक्टिव हेड गियर (हेल्मेट) पहनना अनिवार्य है। इस प्राविधानों का उल्लघंन केन्द्रीय यान अधिनियम-1988 की धारा-177 के तहत दण्डनीय है, जिसमें जुर्माने का प्राविधान है। जिलाधिकारी ने इस सम्बन्ध में जनपद रायबरेली में स्थित सभी पेट्रोल पम्प संचालकों एवं स्वामियों को निर्देश दिये हैं कि आगामी 07 दिवसों में अपने प्रांगण में इस आशय के बड़े-बड़े होर्डिंग लगायेगें, कि 26 जनवरी 2025 से किसी भी ऐसे दो पहिया वाहन चालक को पेट्रोल का विक्रय नहीं किया जायेगा, जिससे चालक तथा सहयात्री ने हेल्मेट नहीं पहना हो। उन्होंने सभी पेट्रोल पम्प संचालकों एवं वाहन स्वामी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उनके प्रतिष्ठान में सी0सी0टी0वी0 कैमरा सदैव सक्रिय रहे ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में सी0सी0टी0वी0, फुटेज का अवलोकन कर आवश्यक निर्णय लिया जा सके।

# महिला आयोग सदस्य ने महिला उत्पीड़न से संबंधित सुनीं शिकायतें



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य एकता सिंह ने पी0डब्ल्यू0डी0 गेस्ट हाउस में महिलाओं उत्पीड़न व उनकी समस्याओं से जुड़े मुद्दो के बारे में अधिकारियों से समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने जन सुनवाई करते हुए घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, वैवाहिक समस्या, लैंगिक भेदभाव,शिक्षा व रोजगार संबंधी शिकायत सुनी। उन्होंने महिला थाना अध्यक्ष, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा को निर्देश दिये कि सभी प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए पीड़ित महिलाओ को शीघ्र न्याय दिलाया जाए। निर्देश दिये कि महिलाओं के उत्पीड़न व महिला से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्ध तरीके से किया जाये तथा महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार ग्राम पंचायत व ग्रामीण स्तर पर कराया जाये। जिन प्रकरणों में अभी कार्यवाही लंबित है उन्हें भी आयोग के संज्ञान में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी का निर्देश है कि महिलाओं और बच्चों से संबंधित प्रकरणों में शीघ्र कार्रवाई की जाए। उन्होंने महिला जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को शीघ्र निस्तारित करने का निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं को निरूशुल्क विधिक सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी।

इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय सिंह, जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, जिला विधिक सेवा प्राधिकारण के अधिकारियों सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पूरे अजबी मजरे ऐहार के नाली विवाद में बीडीओ ने कोतवाली लालगंज को भेजा कार्यवाही हेतु पत्र

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** खंड विकास अधिकारी डलमऊ ने लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे अजबी मजरे ऐहार में विवादित नाली निर्माण के मामले में 15 लोगों के खिलाफ कार्यवाही हेतु प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह को जरिये डाक पत्र भेजा है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि खंड विकास अधिकारी का पत्र मिला है ,जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। खंड विकास अधिकारी के द्वारा कोतवाली लालगंज को भेजे गए पत्र में पूरे अजबी गांव के राधा कृष्ण चौधरी यादव ,जगतपाल यादव ,देवी शंकर यादव ,सुभाष यादव ,सरिस यादव ,कुमारी दिशा, सोमनी कुमार, सोमवती, रामविलास यादव ,विमला यादव, बबूला देबी, सज्जन, शिवचरन, रामदुलारी और इंद्रपाल के खिलाफ सरकारी नाली को तोड़ देने और ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव के साथ अभद्रता का आरोप लगाया गया है। जबकि देवी कुमार यादव के पक्ष का कहना है कि बिना एस्टीमेट के ग्राम प्रधान रंजिशन सहन से नाली बनवा रहे थे। अगर नाली मनरेगा से बन रही थी तो मजदूरों के बजाय जेसीबी से क्यों कार्य कराया गया। देवी शंकर यादव ने खंड विकास अधिकारी ,ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव के खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी के यहां प्रार्थना पत्र देकर जांच की मांग की है।

## समाजसेवी ने निराश्रित असहायों को वितरित किया कंबल

**हैदरगंज -अयोध्या** क्षेत्र में ठंड से कंपकंपा रहे निराश्रित असहायों की मदद के लिए समाजसेवियों के हाथ आगे बढ़े। मकर सक्रांति के पावन पर्व पर गौहानी खुर्द में सैकडो लोगों को कंबल वितरण करते हुए समाजसेवी विमला जायसवाल ने कहा गरीबों की सेवा ही सच्ची ईश्वर की सेवा है । इसलिए इनकी मदद सभी को करना चाहिए। थाना क्षेत्र हैदरगंज के गौहानी खुर्द ग्राम पंचायत में आयोजित एक सादे समारोह में पूर्व जिला पंचायत सदस्य पद की उम्मीदवार रहीं पैसठ वर्षीय महिला समाजसेवी विमला देवी ने दिल खोलकर अपने पति वह अन्य सहयोगियों के साथ ठंड से ठिठुर रहे निराश्रित गरीब असहाय महिला पुरुषों को चिन्हित करके उन्हें कंबल वितरित किया ।जो वृद्धा ,विकलांग वहां तक नहीं पहुंच पाया उनकी टीम ने उसके घर पहुंच कर उसे भी कंबल ओढाकर ठंड से निजात दिलाने का काम किया ।

# दिल्ली के कोटला रोड स्थित इंदिरा भवन अब कांग्रेस का नया मुख्यालय

## कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पार्टी के नए राष्ट्रीय मुख्यालय का किया उद्घाटन



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने बुधवार को नई दिल्ली में 9ए, कोटला रोड स्थित पार्टी के नए मुख्यालय (इंदिरा गांधी भवन) का फीता काटकर उद्घाटन किया।इससे पहले पार्टी का ध्वजारोहण किया गया और झंडा गीत तथा राष्ट्र गान हुआ। इस अवसर पर सोनिया गांधी और कांग्रेसाध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर औपचारिक रूप से उद्घाटन किया।इस अवसर पर खरगे ने उपस्थित कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह कांग्रेस के लिए ऐतिहासिक क्षण है। पिछले 47 वर्षों से कांग्रेस का मुख्यालय 24, अकबर रोड में रहा है। आज मुख्यालय का उद्घाटन हमारी पार्टी के इतिहास में एक मील का पत्थर है। इंदिरा गांधी भवन के नाम से पार्टी का स्थायी दफ्तर बनना हम सबके लिए गर्व की बात है। यह भवन उसी इलाके में बना है, जहां हमारे महान नायकों ने सोचा था। 31 दिसंबर 1952 को पं. जवाहर लाल नेहरू की अध्यक्षता में सीडब्ल्यूसी की मीटिंग में यह तय हुआ था। उस दिन की आवाज थी कि इसी क्षेत्र में कांग्रेस मुख्यालय बने। नेहरू की उस ख्वाहिश को आज सोनिया गांधी ने पूरा किया। इसकी आधारशिला 28 दिसंबर 2009 को कांग्रेस के 125वें स्थापना दिवस पर सोनिया गांधी की देखरेख में रखी गई थी। इसलिए हमने उनसे उद्घाटन करने के लिए भी अनुरोध किया।कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आजादी की लड़ाई के सबसे कठिन दौर 1920 से 1947 तक कांग्रेस का मुख्यालय इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में स्वराज भवन में था, जहां इंदिरा गांधी का जन्म हुआ था। इसीलिए इस नए मुख्यालय का नाम इंदिरा भवन रखा गया है। कांग्रेस मुख्यालय पहले जंतर मंतर फिर राजेंद्र प्रसाद रोड और 1978 से 24 अकबर रोड पर है। कांग्रेस मुख्यालय ईट और पत्थरों की इमारत नहीं बल्कि यह विचारों का केंद्र रहा है। यह देश के लिए %स्कूल आफ डेमोक्रेसी% है। पहले कांग्रेस मुख्यालय से आजादी की लड़ाई लड़ी गई, फिर राष्ट्र निर्माण का कार्य हुआ, जिसके लिए महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी जैसे कई लोगों ने शहादत दी।खरगे ने कहा कि 28 दिसंबर 1885 को कांग्रेस के पहले अधिवेशन से लेकर अब तक के सभी नायकों को याद और नमन किया। उन्होंने कहा कि इस साल देश के संविधान के 75 साल और गांधी जी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के 100 साल पूरे हो रहे हैं। अपने विचारों की ताकत पर कांग्रेस कायम है। दादा भाई नौरोजी, महात्मा गांधी, सरोजिनी नायूड, सरदार पटेल, पंडित नेहरू, मौलाना आजाद, सुभाष चंद्र बोस और राजेंद्र प्रसाद आदि हमारी विरासत हैं। नेहरू की अगुवाई में किए गए प्रयासों से ही देश सबसे बड़ा लोकतंत्र बना। आंबेडकर ने दुनिया का सबसे बेहतरीन संविधान दिया। लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान जय किसान की थ्योरी दी। उन्होंने इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्वकाल के तमाम सुधारवादी कार्यक्रमों और 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध का जिक्र कर कहा कि देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नाम पर बना यह नया कांग्रेस मुख्यालय मातृशक्ति का प्रतीक है।उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस मुख्यालय उनके विरुद्ध लड़ाई का केंद्र बनेगा, जो संविधान को खतरे में डाल रहे हैं। उन्होंने संघ और भाजपा पर देश के इतिहास से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देशवासियों और कांग्रेसजनों को देश का इतिहास याद रखना चाहिए। डा.आंबेडकर ने कहा था कि वो इतिहास नहीं बना सकते, जो इतिहास को भूल जाते हैं।इस मौके पर लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि नया मुख्यालय कोई साधारण भवन नहीं है, बल्कि यह देश की मिट्टी से निकला है। उन्होंने कहा कि जो लोग कहते हैं कि भारत को 1947 में स्वतंत्रता नहीं मिली, यह हर एक भारतीय का अपमान है। अब समय आ गया है कि हम इस बकवास को सुनना बंद कर दें, क्योंकि ये लोग सोचते हैं कि वे बस रटते रहेंगे और चिल्लाते रहेंगे।इस अवसर पर एआईसीसी के महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी, अजय माकन, कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और सांसद, विधायक तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# काशी तमिल संगमम का तीसरा संस्करण 15 फरवरी से होगा शुरू -धर्मेंद्र प्रधान




**नई दिल्ली,(हि.स.)।** काशी तमिल संगमम (केटीएस) का तीसरा संस्करण उत्तर प्रदेश के वाराणसी में 15 से फरवरी से शुरू होगा। केटीएस की थीम ऋषि अगस्त्य के दर्शन पर केंद्रित होगी। इसकी मेजबानी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास करेगा।केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में काशी तमिल संगमम (केटीएस) के तीसरे संस्करण की आधिकारिक घोषणा की और इसके लिए आधिकारिक पंजीकरण पोर्टल लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि आईआईटी मद्रास द्वारा होस्ट किया गया पोर्टल ध्ड्डह्यद्धद्वह्लड्डद्वद्य.द्बद्धह्लद्ध.ड्ड्ढ.द्बठ्ठ एक फरवरी तक पंजीकरण स्वीकार करेगा। मंत्री ने कहा कि 10 दिनों तक चलने वाला केटीएस का यह तीसरा संस्करण 24 फरवरी को समाप्त होगा।प्रधान ने कहा कि इस वर्ष काशी तमिल संगमम का विशेष महत्व है क्योंकि यह महाकुंभ के साथ पड़ रहा है और यह अयोध्या में रामलला की %प्राण प्रतिष्ठा% के बाद पहला संगम भी है। उन्होंने कहा कि महर्षि अगस्त्य को केंद्रीय विषय और महाकुंभ एवं अयोध्या धाम की पृष्ठभूमि के साथ काशी तमिल संगमम 3.0 एक दिव्य अनुभव प्रदान करेगा तथा हमारी सभ्यता और संस्कृति के दो शाश्वत केंद्रों तमिलनाडु और काशी को पहले से कहीं अधिक करीब लाएगा। प्रधान ने कहा कि काशी तमिल संगमम 3.0 के माध्यम से तमिलनाडु और काशी के बीच के अविभाज्य संबंध जीवंत हो उठेंगे।मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि काशी तमिल संगमम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिमाग की उपज है, जो तमिलनाडु और काशी के बीच शाश्वत संबंधों का जश्न मनाने, सभ्यतागत संबंधों को मजबूत करने और एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को आगे बढ़ाने के लिए एक प्रेरणादायक पहल है। उन्होंने कहा कि काशी तमिल संगमम भारत के सबसे पूजनीय संतों में से एक महर्षि अगस्त्य का उत्सव होगा। महर्षि अगस्त्य की विरासत भारत के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक ताने-बाने में गहराई से समाई हुई है। उन्होंने कहा कि उनकी बौद्धिक प्रतिभा तमिल भाषा और साहित्य के साथ-साथ हमारे साझा मूल्यों, ज्ञान परंपराओं और विरासत का आधार है।प्रधान ने तमिलनाडु के लोगों को काशी तमिल संगमम 3.0 में पूरे मन से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस वर्ष सरकार ने तमिलनाडु से छात्र, शिक्षक-लेखक, किसान-कारीगर, पेशेवर-छोटे उद्यमी, महिलाएं और स्टार्ट-अप सहित पांच श्रेणियों के अंतर्गत लगभग 1000 प्रतिनिधियों को लाने का निर्णय लिया है। इसके अलावा विभिन्न केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत तमिल मूल के लगभग 200 छात्रों का एक अतिरिक्त समूह काशी और तमिलनाडु के बीच के संबंध को जीवंत करने के लिए इस कार्यक्रम का हिस्सा होगा। इस वर्ष सभी श्रेणियों में युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाएगा।काशी तमिल संगमम का आयोजन केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा संस्कृति, कपड़ा, रेलवे, पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण, सूचना एवं प्रसारण आदि मंत्रालयों और उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से किया जा रहा है।

# मार्क जुकरबर्ग के बयान पर मेटा ने मांगी माफी, कहा -अनजाने में हुई गलती




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** मेटा के भारत और दक्षिण एशिया के सार्वजनिक नीति निदेशक शिवनाथ ठुकराल ने सोशल मीडिया पर मार्क जुकरबर्ग के बयान के लिए माफी मांगी। जुकरबर्ग ने यह झूठा दावा किया था कि कोविड 19 के बाद हुए चुनावों में भारत सहित कई देशों में सरकारें सत्ता से बाहर हो गई।बुधवार को सोशल मीडिया में एक पोस्ट के जरिए शिवनाथ ठुकराल ने भारत को मेटा के नवाचारों के लिए महत्वपूर्ण भागीदार बताया। उन्होंने कहा कि मार्क का यह अवलोकन 2024 के चुनाव में कई मौजूदा दलों को फिर से नहीं चुनने को लेकर सही है लेकिन यह अवलोकन भारत के लिए नहीं था।

अनजाने में हुई इस गलती के लिए हम माफी चाहते हैं। भारत मेटा के लिए अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण देश बना हुआ है और हम इसके अभिनव भविष्य के केंद्र में होने की आशा करते हैं।उल्लेखनीय है कि जो रोगन के पॉडकास्ट पर मार्क जुकरबर्ग ने झूठा दावा करते हुए कहा कि 2024 दुनिया भर में चुनावों का एक बड़ा साल था और भारत सहित अन्य कई देशों में चुनाव हुए। कोविड 19 के बाद हुए इन चुनावों में भारत सहित कई देशों में सरकारें सत्ता से बाहर हो गई।

जुकरबर्ग के इस दावे पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई।उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत ने 2024 के चुनाव में 640 मिलियन से अधिक मतदाताओं के साथ एनडीए में विश्वास व्यक्त किया। जुकरबर्ग का यह दावा कि कोविड-19 के बाद 2024 के चुनावों में भारत सहित अधिकांश सत्तारूढ़ सरकारें हार गई, तथ्यात्मक रूप से गलत है।संसदीय समिति ने मेटा को मार्क के बयान पर तलब किया। 13 जनवरी को सूचना प्रौद्योगिकी और संचार पर संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष निशिकांत दुबे ने मेटा को इस गलत जानकारी के लिए तलब करके कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश के बारे में गलत जानकारी उसकी छवि खराब करती है। इस संगठन को इस गलती के लिए संसद और यहां की जनता से माफी मांगनी होगी। जिसके बाद बुधवार कोमेटा ने मार्क जुकरबर्ग के बयान पर माफी मांगी

# छत्तीसगढ़ में 32 लाख के चार इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**नारायणपुर/रायपुर, (हि.स.)।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में बुधवार को तीन दर्जन से अधिक घटनाओं में 32 लाख रुपये के चार इनामी नक्सलियों ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने मीडिया को बताया कि आत्मसमर्पित नक्सलियों में एक दंपत्ति भी है। आत्मसमर्पित नक्सलियों ने पुलिस को बताया कि ÷खोखली÷ और ÷अमानवीय÷ माओवादी विचारधारा और वरिष्ठ कैडरों द्वारा निर्दोष आदिवासियों के शोषण से निराश होकर आत्मसमर्पण किया है। वे जिला पुलिस द्वारा शुरू किए गए %निया पुलिस निया नार% (हमारा गांव, हमारी पुलिस) आत्मसमर्पण और पुनर्वास अभियान से भी प्रभावित हुए हैं। आत्मसमर्पित नक्सलियों में गांधी ताती उर्फ अरब उर्फ कमलेश (35वर्ष ) और मैनू उर्फ हेमलाल कोर्राम (35वर्ष) नक्सलियों की डिविजनल कमेटी के सदस्य थे।

# कांग्रेस 16 फरवरी से उप्र में किसान-खेत मजदूर सम्मान एवं न्याय यात्रा निकालेगी



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** अखिल भारतीय किसान कांग्रेस किसानों की समस्याओं को लेकर 16 फरवरी से उत्तर प्रदेश में ÷किसान-खेत मजदूर सम्मान एवं न्याय यात्रा÷ निकालेगी। इसकी शुरुआत गाजियाबाद से होगी। इससे जुड़ने के लिए एक मोबाइल एप भी लांच किया गया।अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के अध्यक्ष सरदार सुखपाल सिंह खैरा ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहले यह यात्रा 18 जनवरी से शुरू करने की तैयारी थी लेकिन महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो, इसलिए इसकी तिथि बढ़ाकर 16 फरवरी कर दी गई। उन्होंने बताया कि इस एप से जुड़ने का कोई शुल्क नहीं है। इसके माध्यम से खेती-किसानी से लेकर कानूनी परामर्श तक सबकुछ मुफ्त मिलेगा।उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अक्सर अडाणी का नाम लेते रहते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं कि देश 1947 में नहीं, राममंदिर बनने पर आजाद हुआ। ऐसा कहने वाले उनकी अनदेखी कर रहे हैं, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में जेलें काटीं और फांसी के फंदे पर झूले और शहीद हो गए।

आज तमाम बुद्धिजीवियों पर मुकदमे लादे जा रहे हैं। मेरे ऊपर पंजाब में आआपा सरकार ने भी पांच बड़े मुकदमे लगा रखे हैं। आआपा की सरकार पंजाब में वही सबकुछ कर रही है, जिसके लिए दिल्ली में केंद्र की भाजपा सरकार को कोसती है।किसान नेता ने कहा कि पिछले दस साल में भाजपा ने चंद कारपोरेट घरानों का 15 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर इसे पूंजीपति उन्मुखी बना दिया है। देश का आम आदमी ÷हैंड टू माउथ÷ है। किसान-मजदूर और आम आदमी परेशान है। देश की चुनाव परिपाटी प्रदूषित हुई है। संवैधानिक संस्थाएं खतरे में हैं। बजट में कृषि पर दो-तीन प्रतिशत बजट है। नए बजट में उस ओर ध्यान दिया जाना चाहिए ताकि किसानों की आत्महत्याएं रुकें। 2014 को लोकसभा चुनाव में भाजपा ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था, जो आज तक नहीं हुआ।उप्र कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि पश्चिमी उप्र से यात्रा की शुरुआत इसलिए होगी, क्योंकि इस इलाके के किसानों को भूमि अधिग्रहण मुआवजा और चीनी मिलों से गन्ने का भुगतान नहीं मिल रहा है। यात्रा के दौरान प्रत्येक जिले में कांग्रेस 300 किसान योद्धा बनाएगी, जिन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उप्र के बाद अन्य राज्यों में भी यह यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों को मिलने वाली उर्वरक की 50 किलो की बोरी अब 40 किलो की हो गई है लेकिन कीमत पहले वाली ही है। भाजपा सरकार को अडाणी समर्थित बताते हुए उन्होंने कहा कि लखनऊ एयरपोर्ट अडाणी को दिया गया है, जहां किसानों की जमीन जबरन अधिग्रहित की जा रही है।इस मौके पर अमेठी से सांसद किशोरी लाल शर्मा, अखिलेश शुक्ला और विश्व विजय सिंह भी मौजूद रहे।

# बसपा दिल्ली चुनाव में शानदार प्रदर्शन करेगी, राहुल नीला कपड़ा पहन कर रहे ढोंग : मायावती



**लखनऊ, (हि.स.)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि इंडी गठबंधन का कोई भविष्य नहीं हैं। राहुल और प्रियंका गांधी नीले कपड़े पहन कर ढोंग कर रहे हैं। बसपा दिल्ली विधानसभा चुनावों में शानदार प्रदर्शन करेगी, जिससे विपक्षी दलों की नींद हराम हो गई है। वह बुधवार को अपने 69वें जन्मदिन पर लखनऊ में पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रही थीं। इस दौरान खास बात यह रही कि आकाश आनंद के साथ उनके दूसरे भतीजे इशांत आनंद भी मौजूद रहे।मायावती ने कहा कि मेरा जन्मदिन समथर्क जन कल्याणकारी दिवस के रूप में मनाते हैं। उत्तर प्रदेश में बसपा की चार बार सरकार रही। इस दौरान गरीब, दलितों और पिछड़े वर्गो के लिए काफी योजनाएं लाई गई, जिससे उनके जीवन में खासा बदलाव आया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के चुनाव में पार्टी शानदार प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस पर हमलावर होते हुए उन्होंने कहा कि उस दल की सरकारों में बाबा साहेब सहित बहुजन समाज के सभी महान संतों, गुरुओं व महापुरुषों का हर स्तर पर उपेक्षा व अनादर किया। सपा ने दलितों का सदैव उत्पीड़न किया, लेकिन अब अखिलेश उन्हें अपने पाले में करने को लगे हैं, जिससे दलितों को सावधान रहना हैं। बसपा अध्यक्ष ने इस मौके पर मेरी किताब (पुस्तक) का विमोचन किया। इस पुस्तक में उनके संघर्षमय जीवन एवं बसपा मूवमेंट का सफरनामा है। यह किताब हिंदी एवं अंग्रेजी में हैं।

# पन्नू प्रकरण में गठित उच्च स्तरीय जांच समिति ने सरकार को सौंपी रिपोर्ट, होगी कार्रवाई



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** विदेश मंत्रालय ने अमेरिका की एक अदालत में दाखिल खालिस्तानी आतंकवादी गुरुपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश में एक भारतीय नागरिक के खिलाफ दायर आरोप पत्र को गंभीर मामला बताया है। विदेश मंत्रालय की ओर से स्पष्ट किया गया है कि यह भारत की नीति नहीं है।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका में न्यूयार्क की अदालत में एक भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता के खिलाफ खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू की हत्या के लिए भाड़े के हत्यारे के जरिए हत्या कराने की साजिश करने का आरोप लगाया गया है। भारत सरकार के एक अधिकारी पर भी हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया है।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को एक पत्रकार वार्ता में कहा कि एक व्यक्ति (निखिल गुप्ता) के खिलाफ अमेरिकी अदालत में दायर मामले को कथित तौर पर एक भारतीय अधिकारी से जोड़ा गया है। यह चिंता का विषय है। हमने कहा है और दोहराना चाहते हैं कि यह सरकार की नीति के भी विपरीत है।प्रवक्ता ने आगे कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संगठित अपराध, मादक पदार्थो और हथियारों की तस्करी और उग्रवादियों के बीच सांठगांठ भी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। यही कारण है कि मामले की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। इसके नतीजों के आधार पर आगे कदम उठाए जायेंगे।उन्होंने कहा कि इस तरह के सुरक्षा मामलों से जुड़ी ओर सूचनाओं को साझा नहीं किया जा सकता।

भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को अमेरिका की सूचना पर चेक गणराज्य में गत 30 जून को गिरफ्तार किया था। गुप्ता के खिलाफ लगाए गए आरोप के आधार पर उसे 20 साल की सजा हो सकती है।मामले का उल्लेखनीय पहलू यह है कि अमेरिका में जिस भाड़े के हत्यारे से संपर्क साधा गया था, वो अमेरिका की संघीय पुलिस का मुखबिर था। उसकी सूचना के आधार पर अमेरिका की पुलिस ने कथित साजिश की जांच शुरू करते हुए पूरी बिसात बिछाई थी। इस जांच के दौरान ही कनाडा में एक अन्य खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या हो गई।इसके बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर निज्जर की हत्या का आरोप लगाया।कनाडा के विषय पर भारत ने कहा कि जहां तक कनाडा का सवाल है, उन्होंने लगातार भारत विरोधी चरमपंथियों और हिंसा को जगह दी है। मुद्दे के मूल में यही है। इसका खमियाजा हमारे राजनयिक प्रतिनिधियों को भुगतना पड़ा है। इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि कनाडा सरकार राजनयिक संबंधों पर वियना कन्वेंशन के तहत अपने दायित्वों को पूरा करेगी। हमने अपने आंतरिक मामलों में भी हस्तक्षेप देखा है, यह स्पष्टतः अस्वीकार्य है।

# गुजरात में मांझे ने ली 6 लोगों की जान



**अहमदाबाद, (हि.स.)।** गुजरात में उत्तरायण (मकर संक्रांति) पर्व पर पतंगबाजी के बीच दिन भर 108 आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा दौड़ती रहीं। इस बीच राज्य भर में 6 लोगों की मौत हो गई। इस दौरान राज्य में एम्बुलेंस के लिए 4947 कॉल किए गए। यह पिछले साल की तुलना में करीब 345 कॉल अधिक हैं। उत्तरायण पर गुजरात भर में बड़े पैमाने पर पतंगबाजी होती है। पतंग की डोर से वाहन चालकों के चपेट में आने से लेकर कई छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं होती हैं। पतंग लूटने के दौरान भी बालक आदि जान गंवा देते हैं।

राज्य में उत्तरायण पर्व के दौरान पतंग की डोर (मांझा) के कारण 6 लोगों की जिंदगी चली गई। राजकोट में पतंग की डोर के कारण एक मोटर साइकिल सवार की मौत हो गई। दूसरी घटना सुरेन्द्रनगर के पाटडी के ओडु गांव के ईश्वरभाई ठाकोर भी पतंग की डोर से घायल हुए और बाद में उनकी मौत हो गई। इसी तरह हालोल के राहतलाव गांव के 5 वर्षीय कुणाल का पतंग के मांझे से गला कट गया और उसकी मौत हो गई। कुणाल अपने पिता परेशभाई के साथ टू व्हीलर पर जा रहा था। इसी दौरान पतंग की डोर आकर उसके गले में लिपट गई और जख्मी हालत में कुणाल को हालोल के सब डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। चौथी घटना कडी के कस्बा क्षेत्र में बिजली के तार से पतंग निकालने के दौरान एक महिला करंट की चपेट में आ गई। उसे बचाने में उसके भाई की करंट लगने से मौत हो गई। मेहसाणा की वडनगर तहसील के वडबार गांव के 35 वर्षीय मानसाजी ठाकोर की पतंग की डोर से मौत हो गई।उत्तरायण पर्व के दौरान वडोदरा में मांझे की चपेट में आने की छह घटनाएं सामने आई।

# मप्र के छिंदवाड़ा में कुआं धसने से तीन मजदूरों की मौत



**छिंदवाड़ा, (हि.स.)।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में ग्राम खूनाझिरखुर्द में कुआं धसने से मलबे में दबे तीन मजदूरों की जान नहीं बचाई जा सकी। करीब 22 घंटे चले रेस्क्यू आपरेशन के बाद एनडीआरएफ की टीम ने बुधवार दोपहर उनके शवों को कुएं से बाहर निकाल लिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उनके परिजनों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।छिंदवाड़ा के ग्राम खूनाझिरखुर्द निवासी ऐशराव वस्त्राणे के खेत में एक पुराने कुएं का गहरीकरण के दौरान मंगलवार शाम करीब चार बजे मिट्टी धंस गई, जिसमें छह मजदूर फंस गए थे। उनमें से तीन मजदूरों को तो सुरक्षित निकल लिए गया था, लेकिन मलबे में तीन लोग दबे रहे गए थे। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने होमगार्ड की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया, जो रात भर चला। रात करीब 10 बजे भोपाल से एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई और रेस्क्यू में जुट गई। रात भर चले रेस्क्यू के बावजूद कुएं में फंसे तीनों मजदूरों को बचाया नहीं जा सका।छिंदवाड़ा कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने बताया कि मजदूरों को निकालने के लिए प्रशासन ने सभी प्रयास किए। खुदाई के दौरान मलबे में दबे मजदूरों को कोई परेशानी न हो, इसलिए जाली लगाई गई थी, ताकि उन्हें सांस लेने में मदद मिल सके। साथ ही ऑक्सीजन भी दी जा रही थी। करीब 22 घंटे चले रेस्क्यू के बाद बुधवार को एनडीआरएफ की टीम ने तीनों मजदूरों को बाहर निकाल लिया, उन्हें चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

# नर्मदा के अतिरिक्त पानी से गुजरात के 9 हजार तालाब होंगे लबालब - अमित शाह



**गांधीनगर,(हि.स.)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को गांधीनगर जिले की मानसा तहसील के 241 करोड़ रुपये के प्रकल्पों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इसमें अंबोड गांव में 234.67 करोड़ रुपये के खर्च से बनने वाला डैम भी शामिल है। डैम के बनने से 8 गांवों के 1100 हेक्टेयर खेती की जमीन को सिंचाई की सुविधा मिलेगी।अपने गुजरात दौरे के तीसरे दिन केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गांधीनगर की मनसा तहसील के विभिन्न प्रकल्पों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि अंबोड महाकाली माता का मंदिर लोगों की आस्था का केन्द्र है। अंबोड के समीप अब साबरमती नदी पर डैम बनने वाला है। उन्होंने कहा कि उनकी इच्छा है कि इस डैम को एक किलोमीटर तक आगे बढ़ाना चाहिए जिससे अंबोड मंदिर के पास सुंदर सरोवर बन सके। उन्होंने कहा कि उत्तर गुजरात की पानी की समस्या का इसके जरिए समाधान होगा। नरेन्द्र मोदी ने गुजरात का मुख्यमंत्री बनने के बाद उत्तर गुजरात की प्यास बुझाने का काम किया।शाह ने कहा कि जब वे खुद 1997 में विधायक बने थे, तब उत्तर गुजरात के सभी विधायक बोरबेल बनाने की अनुमति मांगते थे। उन्हें अनुमति नहीं मिलती था, क्योंकि यहां डार्क जोन था। यहां 1200 फीट गहरा बोरबेल करने पर पानी मिलता था। पानी निकालने के बाद उसे सीधे खेत में नहीं डाल सकते थे। इस पूरी परिस्थिति को बदलने का विचार नरेन्द्र मोदी को आया। उन्होंने कच्छ हो, सौराष्ट्र हो या गांधीनगर से डीसा तक उत्तर गुजरात हो, सभी क्षेत्रों में पानी का स्तर ऊंचा लाने का काम किया। सबसे पहले नर्मदा योजना को शुरू कराया गया। कांग्रेस के अड़ंगा लगाने के बाद भी उसे दूर किया। नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद दरवाजा डालने का काम भी पूरा हो गया। भरुच से लेकर खावडा तक वाया सुरेन्द्रनगर, वाया अहमदाबाद जिला कैनाल पहुंचाने का काम पूरा हुआ।केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि नर्मदा का पानी गुजरात के 9 हजार से अधिक तालाबों में डाला गया। इसके बावजूद बारिश का पानी बह जाता था। इसके बाद सौनी योजना शुरू की गई, जिससे सौराष्ट्र के गांव-गांव तक पानी पहुंचाने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया।

उत्तर गुजरात के लिए सुजलाम सुफलाम योजना के जरिए कडाणा डैम से पानी निकाल कर डीसा तक पहुंचाया गया। खंभात में बर्बाद हो रहे पानी का भी संचय किया गया। नर्मदा का अतिरिक्त पानी भी मनसा के आसपास के 14 तालाबों समेत राज्य के 9 हजार तालाबों तक पानी पहुंचाने का काम शुरू किया गया।

# ममता चौरिटेबल ट्रस्ट बनी असहायों के लिए संजीविनीः दिनेश शर्मा



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** नर सेवा नारायण सेवा की अलख जगा रही ममता चौरिटेबल ट्रस्ट ने मिधानी ग्रुप के सहयोग से अपने स्वास्थ्य जागरुकता शिविर अंतर्गत दिव्यांग कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण व कंबल वितरण अभियान की श्रंखला में आज लखनऊ के कुम्हरावा बक्शी का तालाबए लखनऊ में विशाल शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें हजारों मातृ शक्तियों, बुजुर्गो को चश्मा, दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल व्हीलचेयर, बैसाखी, छड़ी कान की मशीन तथा हजारों की संख्या में गरीब जरूरतमंद मातृ शक्तियों को लगभग 2500 कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद,पूर्व उप मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार डॉ0 दिनेश शर्मा एवं बक्शी का तालाब के विधायक योगेश शुक्ला रहे। डा0 दिनेश शर्मा ने स्वस्थ्य शिविर की भव्यता और ट्रस्ट के नर सेवा की मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के विशाल सोच वाली ट्रस्ट ने विशाल शिविर लगाकर सेवा का कार्य कर रही है, मुख्यअतिथियों के कर कमलों से जरूरतमंदों को सांकेतिक वितरण कर वितरण अभियान का शुभारंभ किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव मिश्रा ने अपनी टीम के साथ मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का ट्रस्ट का स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ भेट कर अभिनंदन किया।

# मौनी अमावस्या पर 8-10 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना, युद्धस्तर पर करें तैयारी

- मुख्यमंत्री का निर्देश, रेलवे से समन्वय बनाकर सतत और समयबद्ध कराएं ट्रेनों का संचालन, बेहतर हो मोबाइल नेटवर्क
- बोले मुख्यमंत्री, हर सेक्टर में 24×7 जारी रहे बिजली और पानी की आपूर्ति, घाटों की हो बेरिकेडिंग
- मुख्यमंत्री का निर्देश, हर जिले से चलाई जाए बसें, प्रयागराज में ई-बसें,शटल बसें लगातार चलती रहें
- मुख्यमंत्री ने की महाकुम्भ के तीन दिनों की व्यवस्थाओं की समीक्षा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर 8-10 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम स्नान की संभावना के दृष्टिगत व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाये जाने के निर्देश दिए हैं।

बुधवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बीते 03 दिनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि पौषपूर्णिमा और मकर संक्रांति के दो प्रमुख स्नान पर्वों पर 06 करोड़ से अधिक लोगों ने त्रिवेणी स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। आगामी 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर 8-10 करोड़ लोगों के आगमन की संभावना है। ऐसे में व्यवस्थाओं को और बेहतर करने की



आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि रेलवे के साथ संवाद बनाकर महाकुम्भ स्पेशन ट्रेनों का समयबद्ध आवागमन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि नियमित और विशेष ट्रेनों का संचालन लगातार किया जाता रहे। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए इनकी संख्या को बढ़ाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने मेलाक्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क को और बेहतर करने की जरूरत भी बताई, साथ ही बसों, शटल बसों और इलेक्ट्रिक बसों का संचालन लगातार कराए जाने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि शौचालयों की नियमित सफाई की जाए, घाटों की बेरिकेटिंग हो और सभी सेक्टरों में 24म7 बिजली और पेयजल आपूर्ति की जानी चाहिए। बैठक में मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, प्रमुख सचिव गृह व सूचना, प्रमुख सचिव नगर विकास, चेयरमैन पॉवर कॉर्पोरेशन और निदेशक सूचना सहित अनेक अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# मशीन और आधुनिक तकनीक का लिया जा रहा सहाराः शर्मा

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि इस बार के महाकुम्भ में आये हुए श्रद्धालुओं की मदद के लिए जीआइएस आधारित क्यूआर कोड की व्यवस्था ऊर्जा विभाग द्वारा की गयी है। इस तकनीक का लाभ उठाकर श्रद्धालु अपने विछुड़े परिजनो से पुनः मिल रहे, अपने खोये सामान को फिर से प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार के कुम्भ मेले की व्यवस्था में मानवीय पुरुषार्थ, मशीन और आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है।

श्रद्धालुओं ने भी कुम्भ मेले में की गयी व्यवस्थाओं का मुक्तकण्ठ से प्रसंशा कर रहे हैं। इस तकनीक के माध्यम से महाकुंभ मेले में खोये हुए किसी के पिता जी मिल गये, किसी का भाई मिल गया, किसी को सही रास्ता मिल गया। उन्होंने बताया कि ऊर्जा विभाग ने इस बार मेला क्षेत्र में 50 हजार से अधिक बिजली के खंभों में जीआईएस मैपिंग आधारित भौगोलिक जगह चिन्हित करके क्यूआरकोड स्थापित किया है। हर खंभे को एक संख्या दी गई है। जो उस पर लिखी है। खंभे की संख्या बताने से उसकी लोकेशन यानी जगह मालूम पड़ जाती है। मेले में यदि आपका कोई भी प्रिय व्यक्ति बिछड़ गया हो या अन्य कोई समस्या हो तो पुलिस या प्रशासन के नजदीक के सहायता काउंटर अथवा हेल्पलाइन पर अपने खंभे की संख्या और अपनी समस्या बताने पर प्रशासन के अधिकारी या पुलिस आप तक पहुँचकर आपकी मदद कर रहे या फिर अपने स्मार्ट फोन से कोड को स्कैन करने से एक फॉर्म खुलेगा, उसमें अपना नाम, फोन नंबर और समस्या भरकर सबमिट करने प्रशासन आप तक स्वतः पहुँचकर आपकी मदद कर रहा। महाकुंभ मेला क्षेत्र में बिजली के खम्भे में लगा क्यूआर कोड श्रद्धालुओं की समस्या का त्वरित समाधान कर सकता है।

# संगम तब जाएंगे, जब मां गंगा बुलाएंगी

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि संगम तब जाएंगे, जब मां गंगा बुलाएंगी। सपा मुखिया अखिलेश यादव बुधवार यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने महाकुंभ को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि हरिद्वार से लेकर कोलकाता तक गंगा बहती है। जो गंगा में जहां पर डुबकी लगाना चाहता है, वह लगा सकता है। सभी जगह का अपना-अपना महत्व है।

अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि कल मैं हरिद्वार में था और मकर संक्रांति पर डुबकी लगाई थी। जब उनसे यह सवाल किया गया कि वह संगम में डुबकी कब लगाएंगे, तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि संगम तब जाएंगे, जब मां गंगा बुलाएंगी। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि महाकुंभ हमारी हिंदू परंपरा के तहत हजारों साल से होता आया है। साधु-संत, ऋषि-मुनि, जिन्हें हम कभी नहीं देख पाते, महाकुंभ में उनके दर्शन होते हैं। मां गंगा में पूजा-पाठ की जो तिथियां होती हैं, उस दिन संगम में स्नान करके पुण्य कमाते हैं। प्रयागराज महाकुंभ में हुई कुछ घटनाओं के बारे में पूछने पर अखिलेश यादव ने कहा कि अभी इन सब चीजों पर बात करने का समय नहीं है। लेकिन इतने संसाधन होने के बाद अगर कमियां रहती हैं, तो कहीं न कहीं सवाल खड़ा होता है। आज के समय तो हर चीज लाइव है। हर चीज दिख रही है। हमें उम्मीद है कि सरकार उन तमाम कमियों पर ध्यान देगी। उन चीजों का सही तरीके से इंतजाम करेगी, क्योंकि अभी बहुत दिन महाकुंभ को चलना है। हमें उम्मीद है कि सरकार उन तमाम कमियों को दूर करेगी। ज्ञात हो कि सपा मुखिया अखिलेश मंगलवार को उत्तराखंड पहुंचे थे। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद वह सीधे हरिद्वार रवाना हो गए। वहां उन्होंने मकर संक्रांति के अवसर पर गंगा में पावन डुबकी भी लगाई। इसकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। अखिलेश यादव ने तस्वीरें साझा कर सोशल मीडिया पर लिखा, मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मां गंगा का आशीर्वाद लिया। उन्होंने परिवार के साथ नमामि गंगे घाट पर पूजा-अर्चना कर चाचा को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी अस्थियां गंगा में विसर्जित की।

# मिल्कीपुर में सपा के झूठ को जनता करारा जवाब देने को तैयार है!

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** मिल्कीपुर विधानसभा पर उपचुनाव के लिए भाजपा ने अपने अपने प्रत्याशी उतार दिए हैं। भाजपा, सपा के बीच इस सीट पर कांटे की टक्कर होने की संभावना है। दोनो पार्टियां अपने- अपने जीत के दावे कर रही हैं। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य भाजपा प्रत्याशी के जीत का दावा किया। उन्होंने कहा, मिल्कीपुर में सपा का फर्जी च्क्। (परिवार डेवलपमेंट एजेंसी) फॉर्मूला पूरी तरह फेल! जनता ने साइकिल की हवा निकालने और विकास की गाड़ी आगे बढ़ाने का मन बना लिया है। भाजपा प्रत्याशी चंद्रभान पासवान रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे। सपा के झूठ, गुंडागर्दी, अपराध और दंगाइयों को जनता करारा जवाब देने को तैयार है! आप को बता दें कि मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा ने चंद्रभान पासवान को अपना उम्मीदवार बनाया है। इसके संबंध में भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय से प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई है। वहीं, सपा पहले ही अपना उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। सपा ने अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को टिकट दिया है। कांग्रेस और बसपा ने इस सीट पर प्रत्याशी नहीं उतारा है। गौरतलब है कि मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर 5 फरवरी को वोटिंग और 8 फरवरी को मतगणना होगी। नवंबर में हुए नौ विधानसभा सीटों के उपचुनाव में सिर्फ दो सीटें जीतने वाली सपा को झटका लगा था। मिल्कीपुर से सटी कटेहरी सीट पर उसे हार का सामना करना पड़ा था।

# मिल्कीपुर में भाजपा की होगी जीत, इंडी गठबंधन की असलियत सामने आ चुकी है

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** नोएडा के चाइल्ड पीजीआई में बीएमटी यूनिट के शुभारंभ के मौके पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, सांसद महेश शर्मा व पीजीआई के डायरेक्टर। मिल्कीपुर में चुनाव एकतरफा होगा। इस बार भाजपा बड़े अंतर से जीतेगी। इंडी गठबंधन ने जो खटा खट, चटाचटा जो आठ हजार रुपए आने वाले है। इन लोगों की असलियत सामने आ चुकी है। इनकी कलई खुल चुकी है। कुंभ के विषय में बताया कि ये अविस्मरणीय है। जिसका नजारा दुनिया देख रही है। ये बात प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कही। वो यहा चाइल्ड पीजीआई में बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट (बीएमटी) का शुभारंभ करने आए थे। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए चाइल्ड पीजीआई में बोन मैरों ट्रांसप्लांट की सुविधा जो प्रदेश किसी भी सरकारी अस्पताल में नहीं है।



उसका आज विधिवत लोकार्पण किया गया है। ये सुविधा देश के कुछ ही निजी अस्पताल में है। अब यहां बच्चों को निशुल्क सुविधा दी जाएगी। प्रदेश के सीएम ने उप्र की चिकित्सा सुविधा को बढ़ाया है। इसके अलावा जिला अस्पताल में एसएनसीयू का उद्घाटन किया। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने सेक्टर 30 स्थित पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ केयर (पीजीआई) पहुंचे और उन्होंने यहां बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट का उद्घाटन किया। चाइल्ड पीजीआई में बीएमटी यूनिट में 8 बेड होंगे और इसको लगाने में करीब चार करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। यहां तीन डॉक्टर और 30 नर्स को नियुक्त किया गया है। अस्पताल के डायरेक्टर डॉक्टर अरुण कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ के पीजीआई के बाद नोएडा में बाल मरीजों के लिए ये सुविधा शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से आज उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं काफी बेहतर हो गई हैं। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में लगातार देश तरक्की कर रहा है।

# उत्तर प्रदेश में बनेगा अद्वितीय रामायण कार्यक्रम

- उत्तर प्रदेश में लगेगा विश्व स्तरीय रामायण कार्यक्रम

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भारतीय संस्कृति की गौरव गाथा को जीवंत करने के लिए एक अद्वितीय पहल की शुरुआत हुई है। राज्य सरकार के सहयोग से कल्चरल क्रेस्ट संस्था द्वारा एक भव्य रामायण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम विश्व स्तरीय ऑडिटोरियम में आयोजित होगा और इसमें 150 से अधिक कलाकार भाग लेंगे। यह कार्यक्रम विश्व स्तरीय ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा और इसकी लागत लगभग 100 करोड़ रुपये होगी। कल्चरल क्रेस्ट संस्था द्वारा इस परियोजना की शुरुआत की गई है, जिसमें संस्था की सचिव सुरभी सिंह और राम उग्रह शुक्ल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और उन्हें इस परियोजना के बारे में बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस परियोजना की प्रशंसा की है और इसके लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया है। इस कार्यक्रम में 150 कलाकार भाग लेंगे और इसका टिकट भी होगा। यह कार्यक्रम तीन सौ रोज तक चलेगा और इसमें भाग लेने वाले कलाकारों को कला के माध्यम से रोजगार मिलेगा। इसके अलावा, यह कार्यक्रम हमारे सनातन धर्म का प्रचार प्रसार भी करेगा। यह परियोजना उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से बनाई जा रही है और इसके लिए जमीन का अनुदान और 30 वर्षों के लिए लीज पर देने का निर्णय लिया गया है। संस्था की सचिव सुरभी सिंह और राम उग्रह शुक्ल ने उत्तर प्रदेश सरकार की प्रशंसा की है और कहा है कि यह परियोजना भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# आजाद समाज पार्टी कार्यकर्ताओं ने नगर निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन किया

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में हजरतगंज स्थित नगर निगम मुख्यालय पर बुधवार को आजाद समाज पार्टी कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया। ठेकेदारी प्रथा के खिलाफजमकर नारेबाजी की। उनका कहना था कि सफाई कर्मचारी नगर निगम की रीढ़ की हड्डी हैं। पूरे शहर को साफ-सुथरा बनाने की जिम्मेदारी इनके कंधों पर है। इन्हें परमानेंट किया जाए।

प्रदर्शनकारी बोले ठेका प्रथा और संविदा पर कर्मचारियों को रखकर इनका शोषण किया जा रहा है। संविदा कर्मचारियों को 5 हजार से 7 हजार रुपए वेतन मिलता है। इसमें घर चला पाना संभव नहीं है। आसपा कार्यकर्ताओं ने कहा प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम इतना वेतन दिया जाए कि वह अपने बच्चों की पढ़ाई, दवा-



इलाज की जरूरत को पूरा कर सकें। सफाई कर्मचारियों को विशेष स्वास्थ्य बीमा और पेंशन योजना का लाभ दिया जाए। उन्होंने कहा-मांग पूरी नहीं हुई तो पूरे प्रदेश में आंदोलन किया जाएगा। लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में कूड़ा उठाने के काम को ठप कर दिया जाएगा। आसपा प्रदेश अध्यक्ष अनिकेत धानुक ने चेतावनी देते हुए कहा सरकार की ईट से ईट बजा देंगे। सफाई कर्मचारी कोरोना योद्धा है। कोरोना के समय में चिकित्सकों की सबसे ज्यादा मदद सफाई कर्मियों ने की थी। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने में सफाई कर्मियों का मुख्य योगदान रहा है। प्रदेश सरकार और नगर निगम के कर्मचारी ठेकेदारी प्रथा और संविदा नौकरी के माध्यम से सफाई कर्मचारियों के अधिकारों को चोट पहुंचा रहे हैं। नगर निगम में सफाई संविदा और आउटसोर्सिंग की व्यवस्था के तहत काम कर रहे सभी कर्मचारियों को वरिष्ठता क्रम के हिसाब से पूरे कार्यकाल को नियमित करते हुए स्थाई कर्मचारी बनाया जाए। सभी सफाई कर्मचारियों को विशेष स्वास्थ्य बीमा, पेंशन और आजीवन स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जाए।

सफाई व्यवस्था में लगे कर्मचारियों को आम नागरिकों के साथ स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण प्रदान किया जाए। ठेका प्रथा को तत्काल खत्म करके सभी कर्मचारियों को परमानेंट किया जाए। लखनऊ नगर निगम के सभी आठ जोन में ठेके पर करीब 10 हजार कर्मचारी काम करते है। संविदा कर्मचारियों की संख्या लगभग 2000 के करीब है। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि ज्ञापन लिया गया है।

# विशेषज्ञ व गाइड पर्यटकों को देगे संगम की प्राचीनता एवं सांस्कृतिक विरासत की जानकारीः जयवीर

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** तीर्थराज प्रयागराज में संगम तट पर लगने वाले दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुंभ का आरंभ हो चुका हैं। पवित्र नदी गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम पर होने वाले आस्था के महा आयोजन में 26 फरवरी तक करोड़ों लोग डुबकी लगाएंगे। श्रद्धालुओं के लिए यूपीएसटीडीसी ने विभिन्न पैकेज तैयार किए गए हैं। इन्हीं में से एक है अखाड़ा वाक टूर पैकज, जिसकी धनराशि 2000 रुपये निर्धारित की गई है। उत्तर प्रदेश स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन परेड ग्राउंड के टेंट कॉलोनी से सुबह सात बजे से वाक टूर शुरू करेगा और 09:30 बजे ढाई घंटे में विभिन्न अखाड़ों का भ्रमण कराएगा। इन अखाड़ों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। भ्रमण के लिए कम से कम पांच लोगों का ग्रुप होना चाहिए। पर्यटक इसकी बुकिंग नचेजकब.बव.पद से कर सकते हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि श्रद्धालु, पर्यटक की सुविधा के लिए तथा प्रयागराज मेले की विहंगम दृश्य अवलोकन के लिए इसकी शुरूआत की गयी है। अखाड़ा वाक टूर देशी विदेशी श्रद्धालुओं को प्रयागराज की प्राचीनता बदलते स्वरूप तथा कुम्भ क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक स्थलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जायेगी। इसके लिए विशेषज्ञ तथा गाइड की व्यवस्था की गयी है। आखाड़ा वाक करने वाले कम से कम 05 लोग यूपीएसटीडीसी पर बुकिंग कराकर अखाड़ा वॉक टूर में शामिल हो सकते हैं। उत्तर प्रदेश स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ने श्रद्धालुओं पर्यटकों की सुविधा के लिए कांबो पैकेज भी लांच किया है। 3500 रुपये में अखाड़ों के साथ-साथ नागा साधुओं, अघोरी संप्रदाय और कल्पवासियों को करीब से देखने-समझने का अवसर प्राप्त होगा। कांबो टूर पैकेज के तहत प्रतिदिन सुबह 07 बजे से दोपहर 12 बजे तक भ्रमण कराया जा रहा है। इसकी समय अवधि करीब 5 घंटे की है।

# दिल्ली में लोगों के साथ सौतेला व्यवहार किया गया

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने दिल्ली में नौकरी कर रहे उत्तर प्रदेश, बिहार के लोगों से अपील करते हुए बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान करते समय वे याद रखें कि ''कोरोना काल में उनके साथ किस तरह सौतेला व्यवहार किया गया था।'' मायावती ने यह भी दावा किया कि दिल्ली के विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी शानदार प्रदर्शन करेगी और ''अगर चुनाव निष्पक्ष तरीके से हुए तो परिणाम चौंकाने वाले होंगे।' मायावती ने अपने 69वें जन्मदिन के मौके पर लखनऊ में एक लोकमित्र ब्यूरो सम्मेलन को संबोधित किया जिसमें उन्होंने स्वयं रचित एक किताब का भी विमोचन किया। उन्होंने कहा, ''देश की राजधानी दिल्ली में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए बसपा की पूरी तैयारी है और पार्टी अकेले चुनाव लड़ रही है। मुझे पूरी उम्मीद है कि अगर ये चुनाव निष्पक्ष तरीके से हुए तो हमारी पार्टी पहले से बेहतर परिणााम लाएगी। उन्होंने कहा, ''इस चुनाव में कांग्रेस, भाजपा औरआम आदमी पार्टी, पहले की तरह इस बार भी कई लुभावने वादे और गारंटी की घोषणा कर रही है। लेकिन आप सब जानते हैं कि कई बार यहां सत्ता में रहने के बावजूद इन पार्टियों ने अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं किया।'' बसपा प्रमुख ने आरोप लगाया, ''रोटी-रोजी के लिए बड़ी संख्या में दिल्ली की झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे नजदीकी राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश तथा बिहार, के लोगों के साथ इन सभी दलों की सरकारों ने हर स्तर पर सौतेला व्यवहार किया। आप (उत्तर प्रदेश, बिहार के लोग) अच्छे से जानते हैं कि कोरोना काल में तो आपके साथ काफी बुरा बर्ताव किया गया।''

मायावती ने अपील करते हुए कहा कि इसलिये दिल्ली के विधानसभा चुनाव में सभी सोच-समझ कर अपना वोट दें। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक दूसरे को जनविरोधी साबित करने के लिए आए दिन की जा रही नफरती बयानबाजी और पोस्टरबाजी पर निर्वाचन आयोग को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) पर बसपा प्रमुख ने कहा, ''भाजपा के विकल्प के रूप में बसपा एकमात्र पार्टी है। 'इंडिया' का उत्तर प्रदेश सहित पूरे प्रदेश में कोई भविष्य नहीं है। ये सभी पार्टियां स्वार्थ के लिए एकजुट हुई हैं, जनता के लिए नहीं।

## बीएसपी प्रमुख मायावती को जन्मदिन पर सीएम योगी और अखिलेश ने दी बधाई

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती आज यानि बुधवार को अपना 69वां जन्मदिन मना रही हैं। पार्टी के कार्यकर्ता इस दौरान जिले स्तर पर विचार गोष्ठियों का आयोजन करेंगे। वहीं मायावती माल एवेन्यू स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों के लिए संदेश जारी करेंगी। साथ ही आज मायावती अपनी किताब मेरे संघर्षमय जीवन वह बसपा मुवमेंट का सफरनामा का विमोचन भी करेंगी। मायावती के जन्मदिन के मौके पर अखिलेश यादव और सीएम योगी आदित्यनाथ ने उन्हें बधाई दी है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव इस समय हरिद्वार में हैं। इस मौके पर उन्होंने एक्स पर मायावती को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने लिखा, सुश्री मायावती जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं ढेरों शुभकामनायें। वहीं, उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने भी मायावती को जन्मदिन की बधाई दी। सीएम योगी ने अपने एक्स पर लिखा, उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई! प्रभु श्री राम से आपके लिए दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना है।

# मायावती के जन्मदिन पर सपा कार्यालय के बाहर पोस्टर लगे

दलित नेता ने लिखा,हम दलितों के साथ हनुमान जी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती के 69वें जन्मदिन के दिन लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी (सपा) के कार्यालय के बाहर लगाए गए एक पोस्टर ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है।

इस होर्डिंग को दलित नेता और सामाजिक न्याय खटीक यात्रा के प्रभारी प्रदीप सोनकर ने लगवाया है। पोस्टर में भगवान हनुमान की तस्वीर लगाई गई है, जिसमें वह अपने कंधे पर गदा लिए हुए नजर आ रहे हैं। पोस्टर पर बड़े अक्षरों में लिखा है, हम दलितों के साथ हनुमान जी। यह संदेश न केवल बसपा के दलित समर्थन पर सवाल उठाता है। इस पोस्टर के पीछे के संदेश पर बात करते हुए प्रदीप सोनकर ने कहा यह पोस्टर दलित समुदाय की आवाज को मजबूत करने




और सपा के साथ खड़े रहने का प्रतीक है। भगवान हनुमान दलितों के प्रतीक हैं, जो अन्याय और शोषण के खिलाफ खड़े होते हैं। सपा कार्यालय के ठीक बाहर लगाए गए इस पोस्टर को राजनीतिक संदेश के तौर पर देखा जा रहा है। मायावती के जन्मदिन के अवसर पर इस प्रकार का पोस्टर लगाना यह दर्शाता है कि दलित समुदाय के नेता अपनी उपस्थिति और समर्थन का स्पष्ट संकेत दे रहे हैं। यह होर्डिंग सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बना हुआ है। कई लोग इसे राजनीतिक चाल बता रहे हैं, तो कुछ इसे दलित राजनीति के उभार का संकेत मान रहे हैं। वहीं समाजवादी पार्टी ने अभी तक इस होर्डिंग पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह बसपा के लिए एक चुनौती हो सकती है, खासकर आगामी चुनावों के मद्देनजर, जहां दलित और पिछड़े वर्ग के वोट अहम भूमिका निभाएंगे।

संक्षिप्त खबरें

## सड़कों पर रहने वाले जरूरतमंदों को कंबल वितरित



**लखनऊ।** नव ज्योति सेवा संस्थान की टीम ने इमामबाड़ा क्षेत्र में सड़कों पर रहने वाले जरूरतमंदों को रात्रि में कंबल वितरित किए। संस्था की टीम ने ठंड से जूझ रहे लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें राहत देने का प्रयास किया। संस्था के सदस्यों ने बताया कि सर्दी में खुले आसमान के नीचे रहना बेहद कठिन होता है। कंबल पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी और संतोष की झलक दिखी, और उन्होंने संस्था को दिल से दुआएं दीं। नव ज्योति सेवा संस्थान समाज में जागरूकता और मानवता को बढ़ावा देने के लिए हमेशा तत्पर है। उनका मानना है कि छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़े बदलाव ला सकते हैं।

## पूर्वांचल छठ पूजा सेवा समिति ने वितरित किये कंबल



**लखनऊ।** पूर्वांचल छठ पूजा सेवा समिति ट्रस्ट, की तरफ से लौलाई कांशीराम कालोनी में सैकड़ों दिव्यांगजन, गरीब माताएं, बहनो व भाईयो को निःशुल्क कंबल वितरण किया गया एवं भारतीय संविधान की कॉपी दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्र की लोकप्रिय पार्षद ममता रावत, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक गोमती यादव, कांग्रेस प्रदेश प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष रणधीर सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री सरोज कुमार पासवान, सेक्रेटरी पूजा सिंह, अमित सिंह, राहुल सिंह, अमरजीत, संजय यादव, मो. राशिद, राज यादव, कमेटी के अन्य सदस्य एवं कॉलोनी वासी उपस्थिति रहे। खुशियों का माहौल रहा।

## चर्चित कवि लोकेश को साहित्य गौरव सम्मान



**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश द्वारा प्रतिष्ठित कवि लोकेश त्रिपाठी को साहित्य गौरव सम्मान से नवाजा जाएगा। यह सम्मान उन्हें उनकी उत्कृष्ट साहित्यिक रचनाओं और काव्यात्मक योगदान के लिए दिया जा रहा है। संस्थान द्वारा यह पुरस्कार रु. 7,000.00 की धनराशि, अंग वस्त्र, प्रतीक चिह्न और सम्मान पत्र के रूप में प्रदान किया जाएगा। संस्थान की महामंत्री डॉ सीमा गुप्ता ने बताया कि बस्ती जिले के मूल निवासी और शासन में बतौर अनुभाग अधिकारी सेवारत कवि लोकेश त्रिपाठी को इस सम्मान से नवाजने का निर्णय संस्था के साहित्यिक मापदंडों और उनके योगदान को देखते हुए लिया गया है। यह सम्मान उनके साहित्यिक समर्पण और उनकी काव्य रचनाओं के माध्यम से समाज में जागरूकता और सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में किए गए प्रयासों को सराहता है। यह सम्मान समारोह आगामी 19 जनवरी 2025 को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 12:30 बजे से शुरू होगा, और इसमें प्रमुख साहित्यकारों, पत्रकारों, और अन्य सम्मानित व्यक्तियों की उपस्थिति रहेगी। कवि लोकेश को यह सम्मान मिलने पर साहित्य जगत में हर्ष की लहर है। उनके शुभचिंतकों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## हाईवे पर केक काटने वाला एक और गिरफ्तार

**लखनऊ** राजधानी लखनऊ की मड़ियांव पुलिस ने सड़क पर हुड़दंग मचाकर बर्ड-डे मनाने वाले एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। सेलिब्रेशन में मौजूद क्रेटा कार भी सीज की है। वहीं आरोपी बर्थ-डे ब्वॉय राघवेंद्र सिंह कोर्ट में सरेंडर करने की कोशिश में लगा है। सूत्रों की मानें तो बुधवार को कोर्ट तक पहुंचा था लेकिन सरेंडर नहीं कर पाया। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि बर्थ-डे ब्वॉय राघवेंद्र सिंह की तलाश में मड़ियांव थाने की दो टीमों को लगाया गया है। एक टीम उसके रिश्तेदारों व परिचितों के घर लखनऊ से बाहर जिलों में पूछताछ कर रही है। अभी उसका पता नहीं चल पाया है। राघवेंद्र ने पिछले साल उत्तरी सीट से विधायक नीरज बोरा के साथ केक काटा था। जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया वायरल हो रही हैं। घटना के बाद अब तक कुल 22 लोगों को गिरफ्तारी हो चुकी है। जिसमें से 6 नाबालिग हैं।

## तलाकनामा लेकर ससुराल पहुंचा युवक

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के इंदिरा नगर में पति धोखे से सादे कागज पर अंगूठा लगवाकर तलाकनामा लेकर ससुराल पहुंच गया। पत्नी को लिफाफा देकर घर के बाहर खेल रहे बेटे को उठा ले गया। पीड़िता का आरोप है कि बेटी के जन्म के बाद से पति परेशान कर रहा है। पुलिस मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है। इंदिरा नगर के मुंशी पुलिया के पास रहने वाली महिला ने बताया कि साल 2018 में रहीमनगर डुडौली के रहने वाले शहजाद पुत्र शब्बीर अली से उसका निकाह हुआ था। निकाह के बाद ससुराल वाले कम दहेज लाने का ताना देकर प्रताड़ित करने लगे। कुछ दिनों बाद मारपीट शुरू हो गई। कई बार घर से निकालने की कोशिश की। पीड़िता के पिता लोकलाज की दुहाई देकर दामाद को समझा कर शांत कराते रहे। पीड़िता का कहना है कि बेटा होने के बाद पति ने मारपीट कम कर दी, लेकिन नवंबर 2023 में बेटी के पैदा होते ही फिर प्रताड़ना शुरू हो गई। ज्यादा मारपीट होने पर कुछ ही दिन बाद मायके भगा दिया। थाने पर सुनवाई न होने पर कोर्ट में ससुरालवालों के खिलाफशिकायत दर्ज कराई। पीड़िता का आरोप है कि पति ने कोर्ट में समझौते के नाम पर सादे कागजों पर उसका और उसके बहनोई का अंगूठा लगवा लिया। इसके साथ में आधार कार्ड की कॉपी मंगा ली। 5 जून 2024 को पति शहजाद ससुराल पहुंचा और लिफाफा पकड़ाते हुए बोला इसे किसी से पढ़वा लेना। घर से निकलते वक्त बेटे को अपने साथ लेकर चला गया। महिला पढ़ी लिखी न होने की वजह से अपने पड़ोसी से पढ़वाया तो खुला तलाक लिखा था। उसी में बेटे को पति और बेटी को महिला के साथ रहने क बात लिखी थी। महिला का कहना है कि पति ने उसके अनपढ़ होने का फायदा उठाकर बिना उसकी सहमति से धोखे से तलाकनामा बनवाया है। इंस्पेक्टर इंदिरा नगर का कहना कहना है कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## प्लॉट दिलाने का झांसा देकर 14 लाख हड़पे

**लखनऊ।** आवास विकास कॉलोनी में प्लॉट दिलाने का झांसा देकर 14 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। पीड़ित ने पीजीआई कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। बंगला बाजार जेल रोड निवासी रवींद्र यादव के मुताबिक वर्ष 2023 में उनकी मुलाकात निलमथा निवासी जगदीश प्रसाद से हुई। आरोपित ने बताया कि आवास विकास में उसका प्लॉट है। जिसे रुपयों की आवश्यकता होने पर बेच रहा है। रवींद्र ने जगह पसंद आने पर प्लॉट खरीदने की हामी भर दी। टुकड़ों में करीब 14 लाख रुपये दिए। इसके बाद भी रजिस्ट्री नहीं की गई। दबाव डालने पर जगदीश गालीगलौज करने लगा। इंस्पेक्टर पीजीआई रवींद्र त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# मुख्यमंत्री के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे एलडीए अधिकारी

**सील बिल्डिंग पर अवैध निर्माण अधिकारियों की मिलीभगत से**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण में भ्रष्टाचार का घिनौना चेहरा एक बार फिर सामने आया है। अधिकारियों की मिलीभगत से एक सील की गई बिल्डिंग पर खुलेआम निर्माण कार्य जारी है। यह घटना अधिकारियों की मनमानी और कानून को ठेंगा दिखाने की हद को पार कर गई है।

इस निर्माण पर 09 जनवरी 2023 को एलडीए विभाग द्वारा सीलिंग की कार्रवाई की गई थी। लेकिन वर्तमान समय में जोनल अधिकारी की संरक्षण में निर्माणकर्ता ने सीलिंग तोड़कर धड़ल्ले से निर्माण कार्य जारी कर दिया है। यह स्पष्ट है कि अधिकारी निर्माणकर्ता को संरक्षण दे रहे हैं। शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अधिकारियों ने उसकी एक न सुनी। यह साफहै कि अधिकारी जनता की शिकायतों की अनदेखी करते हुए अपने स्वार्थ सिद्ध कर रहे हैं। यह मामला लखनऊ विकास प्राधिकरण में व्याप्त भ्रष्टाचार का एक और उदाहरण है। अधिकारी नियमों को ताक पर रखकर अवैध निर्माण को बढ़ावा दे रहे हैं और शहर के विकास को बाधित कर रहे हैं।

एलडीए प्रवर्तन जोन-7 में कई और सीलिंग बिल्डिंगों पर निर्माण कार्य जारी है, जिसमें एलडीए के जोनल अधिकारी और उनके अधीनस्थ कर्मचारियों का संरक्षण प्राप्त है। मुख्यमंत्री के आदेशों को ठेका दिखाकर अवैध निर्माण किया जा रहा है।

यह मामला एलडीए की लापरवाही और भ्रष्टाचार को उजागर करता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां कई अवैध निर्माण हो रहे हैं, जिनमें एलडीए के अधिकारियों की मिलीभगत है। उन्होंने मांग की है कि अवैध निर्माण पर रोक लगाई जाए और एलडीए के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## नगर निगम ने हटाया अतिक्रमण




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ को जाम से निजात दिलाने के लिए नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी है। बुधवार को जोन 1 में नोवेल्टी चौराहा, लालबाग और नगर निगम मुख्यालय के पास कार्रवाई की गई। इस दौरान शर्मा चाय वाले का चालान काटा गया। इसके साथ ही सड़क पर अवैध दुकान लगाने वालों के चालान भी काटे गए हैं। नगर निगम मुख्यालय के पास शर्मा चाय वाले की दुकान के पास अतिक्रमण है। यहां आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है। दुकान को अतिक्रमण मुक्त और ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू बनाए रखना के लिए हिदायत दी गई है। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने अतिक्रमण को लेकर सभी जोन के जोनल अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। शहर को अतिक्रमण और जाम से मुक्त करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में यह अभियान चलाया जा रहा है। जोनल अधिकारी ओम प्रकाश ने बताया कि कई बार हिदायत दी गई, जो दुकानदार हिदायत के बाद भी दुकान लगा रहे हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। अभियान के दौरान चालान काट कर 20 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला गया।

# महिला आयोग की अध्यक्ष ने की महिला जनसुनवाई



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान द्वारा आज आयोग मुख्यालय लखनऊ पर महिला जनसुनवाई की गयी। सुनवाई के दौरान 49 प्रचलित प्रकरणों के साथ आयोग मुख्यालय पर विभिन्न जनपदों से आये 09 पीड़ित आवेदिकाओ व आवेदकों द्वारा दिये गये नवीन प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई कर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये गये। साथ ही विभिन्न माध्यमों से आयोग कार्यालय में प्राप्त 196 नवीन प्रार्थना पत्रों पर भी त्वरित कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान के निर्देशानुसार प्रदेश के 23 जनपदों उन्नाव, फतेहपुर, सीतापुर, रायबरेली, मेरठ, हमीरपुर, इटावा, अम्बेडकरनगर, जालौन, शाहजहांपुर, अलीगढ़, मिर्जापुर, गाजीपुर, पीलीभीत, फर्रुखाबाद, महोबा, सिद्धार्थनगर, सुल्तानपुर, सहारनपुर, बिजनौर, बुलन्दशहर, शामली व मैनपुरी में भी आयोग की मा. उपाध्यक्ष श्रीमती अपर्णा यादव एवं मा. सदस्यों द्वारा मिशन-शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, विभिन्न महिला गृहों एवं आगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण तथा महिला उत्पीड़न की घटनाओं की संबंधित जनपदों के वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ महिला जनसुनवाई व समीक्षा बैठक कर पीड़ित महिलाओं की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कराया गया।

## लेसा ने फर्जी कनेक्शन चालू कर भेज दिया 46 हजार रुपये का बिल

**लखनऊ।** मोहनलालगंज के पदमिनखेड़ा में पत्नी के नाम बिजली कनेक्शन लेने वाले सख्श के नाम भी लेसा ने कागजों पर कनेक्शन दे दिया। यही नहीं उसे हर महीने बिल भेजने के साथ करीब 46 हजार रुपये बकाया होने पर कनेक्शन काटने का नोटिस थमा दिया। पीड़ित ने कई शिकायत की सुनवाई नही हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत के बाद जब जांच हुई तो बिजली विभाग ने आनन-फानन फर्जी कनेक्शन का बिल माफ करने की बात कही। पदमिनखेड़ा में रहने वाले गोकरन ने पत्नी कुंवारा के नाम घरेलू बिजली का कनेक्शन ले रखा है। वह उसका नियमित बिल भी जमा करता चला आ रहा है। उसने बताया कि बिजली विभाग कुछ दिन बाद से उसे गोकरन के नाम से एक और बिजली का बिल देने लगा। उसने दूसरा कनेक्शन न होने की बात कही, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसी बीच बिजली विभाग ने 41 हजार रुपये बकाया होने कीद नोटिस थमा दी।

## डॉक्टर की पत्नी का तीन डॉक्टरों का पैनल करेगा पोस्टमॉर्टम

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधान लखनऊ के पीजीआई इलाके में डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव की पत्नी प्रियंका का शव बुधवार को घर लाया गया। इसके बाद दोबारा पोस्टमॉर्टम के लिए स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस शव का तीन सदस्यीय मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराएगी। वीडियोग्राफी भी होगी। अब से कुछ देर में पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू होगी। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। दूसरी तरफ पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे प्रियंका के पिता ने फिर आरोपों को दोहराते हुए डॉ. आशीष पर हत्या का आरोप लगाया है। इससे पहले लखनऊ एयरपोर्ट से प्रियंका का शव सुबह करीब 9 बजे डॉ. आशीष के घर पर लाया गया। यहां प्रियंका के पिता सत्यनारायण भी परिवार के साथ पहुंचे थे। शव आते ही परिजनों के साथ अपार्टमेंट के लोग भी एकत्र हो गए। चार साल का प्रियंका का बेटा मां को लेटा देखकर पास जाने की जिद करने लगा। परिजनों ने उसको पास ले जाकर शव दिखाने के बाद मां सो रही है कह कर घर के अंदर ले गए। लखनऊ के वृंदावन स्थित एल्डिको सौभाग्य निवासी डॉ. आशीष श्रीवास्तव 4 जनवरी को पत्नी प्रियंका शर्मा के साथ थाईलैंड घूमने गए। 7 जनवरी को प्रियंका का शव होटल के बाथरूम में बॉथ टब में मिला था। 8 जनवरी तड़के आशीष ने अपने ससुर और परिजनों को घटना की सूचना दी थी। 11 जनवरी को आशीष थाईलैंड से लखनऊ अपने बेटे के साथ वापस आ गए। प्रियंका के पिता सत्यनारायण शर्मा ने हत्या की आशंका जताते हुए पीजीआई थाने में दामाद के खिलाफ मुकदमा लिखाया था।

## नगर निगम की 5.184 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण मुक्त

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** मंडलायुक्त रोशन जैकब और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देश पर बुधवार को सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए बड़ी कार्रवाई की गई। नगर निगम और तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने ग्राम धावा, पुरसेनी और सोनई कंजेहरा में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जों को हटाया।इस कार्रवाई में जेसीबी की मदद से प्लॉटिंग, अस्थायी बाउंड्रीवाल और सड़क जैसी संरचनाओं को ध्वस्त कर दिया गया। ग्राम धावा की 1.345 हेक्टेयर, ग्राम पुरसेनी की 3.337 हेक्टेयर और ग्राम सोनई कंजेहरा की 0.502 हेक्टेयर जमीन अतिक्रमणमुक्त की गई।प्रशासन की इस कार्रवाई का स्थानीय लोगों और प्रॉपर्टी डीलरों ने विरोध किया, लेकिन कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से कार्यवाही पूरी की गई। अभियान का नेतृत्व नायब तहसीलदार शैव्या मिश्रा और भानु प्रकाश त्रिपाठी ने किया। जानकारी के अनुसार ग्राम-धावॉ की अतिक्रमणमुक्त भूमि खसरा संख्या-247 बंजर, 248 बंजर, 252 मरघट, 252सं0, 253, 254, 243संख्या व 157(क्रमशः ऊसर) कुल क्षेत्रफल 1.345 हेक्टेयर तथा ग्राम-पुरसेनी की खसरा संख्या-1072ख तालाब, 1062 ख पशुचर, 1008 ऊसर, 950 ऊसर कुल क्षेत्रफल 3.337 हेक्टेयर व ग्राम-सोनई कंजेहरा, की खसरा संख्या-624ख एवं 625 पशुचर कुल क्षेत्रफल 0.502 हेक्टेयर है। उक्त भूमियों को अतिक्रमणमुक्त कराते समय कतिपय प्रापर्टी डीलरों एवं स्थानीय लोगों द्वारा विरोध किया किन्तु शांतिपूर्ण ढंग से कार्यवाही सम्पादित कर दी गयी। उक्त कार्यवाही से कुल 5.1840 हे0 बेशकीमती भूमि अवैध कब्जों से मुक्त करायी गयी।

इस प्रकार आज की कार्यवाही के द्वारा नगर निगम लखनऊ ने उक्त तीनों ग्रामों से कुल 5.1840 हेक्टेयर शासकीय भूमि से अस्थाई अवैध कब्जा हटाकर भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया गया।कुल 5.184 हेक्टेयर सरकारी जमीन को अवैध कब्जों से मुक्त कराया गया। नगर निगम का यह कदम सरकारी भूमि की रक्षा के लिए एक सख्त संदेश है।

## सूदखोर से परेशान होकर महिला ने छोड़ा घर,1 लाख के बदले ऐंठे 8 लाख

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के कृष्णानगर इलाके में एक युवक ने महिला को 1 लाख रुपए ब्याज पर देकर उससे करीब 8 लाख ऐंठ लिए। इसके बाद और पैसों की डिमांड करने लगा। महिला के विरोध करने पर समाज में बदनाम करने की धमकी देने लगा।

जिससे तंग आकर महिला घर छोड़कर चली गई। महिला की बरामदगी के बाद पूरा मामला सामने आया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।विनय नगर कृष्णानगर की रहने वाली रिचा शुक्ला पत्नी अमित कुमार शुक्ला ने बताया कि करीब 1 साल पहले उनकी मुलाकात आकाश सोनकर नामक व्यक्ति से हुई। उनकी मुलाकात मोहल्ले की रहने वाली शिवानी शर्मा पुत्री भैरो सिंह ने कराई थी। इस दौरान रिचा को परिवारिक वजह से एक लाख रुपए की जरूरत पड़ी। आकाश सोनकर ने ब्याज पर रुपए दिए। जिसके बदले में आकाश ने करीब एक साल में लगभग 6 लाख के जेवर, 1 लाख 80 हजार नकद व 1 लाख ब्याज के रूप में ऐंठ लिए। इसके बाद भी आकाश लगातार पैसों के लिए दबाव बनाता रहा। पीड़िता ने जब पैसा देने से मना कर दिया तो आकाश मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा।

धमकी देने लगा कि समाज व मोहल्ले में बदनाम कर देगा। उसकी धमकी से डर कर पीड़िता आत्महत्या के इरादे से घर से निकलकर संगम चली गई। पेपर पर पूरी जानकारी लिखकर घर में रख दिया। आकाश का मोबाइल नंबर भी पेपर में मेंशन कर दिया। जिससे आकाश की प्रताड़ना के बारे में सबको पता चल सके। रिचा के घर से जाने के बाद पति व परिवार ने काफी खोजा लेकिन कहीं पता नहीं चला। इस पर कृष्णानगर थाने में रिचा की गुमशुदगी दर्ज कराई।

## महापौर ने किया भरवारा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** महापौर सुषमा खरकवाल ने बुधवार को भरवारा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण शहर की जल एवं सीवेज व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों की एक विशेष टीम महापौर के साथ उपस्थित रही। इस टीम में प्रमुख रूप से अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, जलकल महाप्रबंधक कुलदीप सिंह एवं जलकल अधिशासी अभियंता विकास शामिल थे। इस दौरान प्रोजेक्ट डायरेक्टर राजेश मटपाल, सूएज इंडिया के प्रोजेक्ट मैनेजर अश्विनी डोगरा अपनी टीम के साथ तथा जलनिगम के अधिशासी अभियंता एवं जूनियर इंजीनियर भी मौजूद रहे।महापौर ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के विभिन्न हिस्सों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने प्लांट की वर्तमान कार्यक्षमता, उपलब्ध संसाधनों और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लांट की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि शहर की बढ़ती जनसंख्या और विकास को देखते हुए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यक्षमता को और बेहतर बनाना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्लांट में आने वाले सीवेज का उचित शोधन सुनिश्चित किया जाए और शोधित जल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। टीम ने प्लांट में स्थापित विभिन्न उपकरणों की कार्यप्रणाली का भी निरीक्षण किया और उनके रखरखाव के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महापौर ने प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि जलकल विभाग नगर निगम की प्राथमिकता है कि शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलें और पर्यावरण की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से प्लांट का निरीक्षण करें और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाएं। निरीक्षण के दौरान सूएज इंडिया की टीम ने प्लांट के तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी साझा की। महापौर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्लांट की क्षमता और दक्षता बढ़ाने के लिए एक विस्तृत कार्य योजना तैयार करें।

## नए ग्रीन कॉरिडोर का मंडलायुक्त ने निरीक्षण किया

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ मंडलायुक्त ने बुधवार को 5 केडी रोड कैनाल नाले के पास विकसित किए जा रहे पार्क का निरीक्षण किया। यह पार्क न केवल शहरवासियों को सुकून भरा माहौल देगा, बल्कि पर्यावरण के लिहाज से भी अहम साबित होगा। एलडीए (लखनऊ विकास प्राधिकरण) द्वारा विकसित किए जा रहे इस प्रोजेक्ट में नाले के दोनों ओर वाक-वे, कैफेटेरिया, पार्किंग, और हॉर्टिकल्चर ग्रीनिंग का काम किया जा रहा है। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि पार्क को ग्रीन कॉरिडोर के रूप में तैयार किया जा रहा है, जो न केवल सौंदर्य बढ़ाएगा बल्कि नागरिकों के लिए स्वास्थ्यप्रद वातावरण भी उपलब्ध कराएगा। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता और मानक का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूरा होना चाहिए और हरियाली (ग्रीनिंग) पर विशेष ध्यान दिया जाए। पेड़ों की कटाई और छंटाई का काम भी प्राथमिकता के साथ करने का आदेश दिया गया। इस अवसर पर मंडलायुक्त ने निर्माणाधीन सौमित्र वन का भी निरीक्षण किया। यह वन एक अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है, जो लखनऊ के पर्यावरण को और समृद्ध बनाएगा। अधिकारियों ने मंडलायुक्त को इस वन की विशेषताओं और प्रगति की जानकारी दी। मंडलायुक्त ने कहा इन प्रोजेक्ट्स का उद्देश्य केवल सौंदर्यीकरण नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हरियाली और पेड़ों का रखरखाव हमारी प्राथमिकता है। पार्क के विकास के तहत 900 मीटर के इलाके में वाक-वे, बैठने की व्यवस्था, कैफेटेरिया और ग्रीन जोन तैयार किए जाएंगे। इसके साथ ही पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था होगी ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यह इलाका आने वाले दिनों में लखनऊवासियों के लिए एक प्रमुख आकर्षण रहेगा।

## गोमतीनगर में रेलवे लाइन के पास मिला युवक का शव

**लखनऊ।** मिठाई वाला चौराहे के पास रेलवे लाइन के किनारे सोमवार देर रात एक युवक का शव मिला। पुलिस ने अज्ञात में शव पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। बुधवार सुबह परिवार वालों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर शव की शिनाख्त की। गोमतीनगर के विवेकखंड में किराए के मकान में रहकर छोटू (23) प्रिंटिंग प्रेस में काम करता था। पुलिस के मुताबिक गोमती नगर के विवेक खंड में किराए के मकान में रह रहे छोटू (23) भाइयों के साथ रहकर प्रिंटिंग प्रेस में काम करता था। भाई दिलीप ने बताया कि सोमवार रात भाई छोटू घर पर मोबाइल रखकर पैदल कहीं चला गया। देर रात तक वह घर नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन की पर उसका कुछ पता नहीं चला। मंगलवार को गोमतीनगर थाने में पहुंचकर भाई छोटू की गुमशुदगी दर्ज करवाई। बुधवार सुबह पुलिस ने फोन कर सूचना दी कि सोमवार देर रात मिठाई वाला चौराहे के पास कमर के नीचे कटा हुआ शव मिला था। जिसे पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया है।

## सेना दिवस पर स्मृतिका युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** 77वें सेना दिवस पर लखनऊ छावनी स्थित सूर्या कमान के युद्ध स्मारक स्मृतिका पर एक भव्य पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सूर्या कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने राष्ट्र की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुरों के सम्मान में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर लखनऊ स्टेशन के वरिष्ठ सैन्य कर्मी उपस्थित थे। इसी तरह के समारोह सूर्या कमान के अंतर्गत आनेवाले विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए गए। 1949 में 15 जनवरी को, जनरल केएम करियप्पा (बाद में फील्ड मार्शल) ने स्वतंत्र भारत की भारतीय सेना के प्रथम कमांडर-इन-चीफ के रूप में अंतिम ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ जनरल सर एफआरआर बुचर से भारतीय सेना की कमान संभाली।

# तापमान में आई गिरावट, अलाव का सहारा ले रहे ग्रामीण



लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** तापमान में गिरावट के चलते इन दिनों कुछ ज्यादा ही ठंड महसूस हो रही है। इसके चलते लोगों को काफी एहतियात बरतनी पड़ रही है। सुबह और शाम के समय बिना गर्म कपड़ों के निकलना मुश्किल जान पड़ रहा है। ग्रामीण ठंड से बचाव के लिए अलाव ताप रहे हैं। इस वर्ष भले ही तापमान में देरी से गिरावट आई, लेकिन अब ठिठुरन बढ़ने से जनजीवन प्रभावित होते दिख रहा है। गांव हो या क़स्बा, जहां अलाव जले तो चारों ओर लोग तापने के लिए घेरा बनाते दिखे। इन दिनों कड़ाके की ठंड ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। बीते चार दिनों से तापमान में काफी गिरावट आई है। जिसके चलते कड़ाके की ठंड पड़ रही है और शीतलहर का असर भी देखने को मिल रहा है। ठंड से राहत देने के लिए अलीगंज कस्बे के ग्रामीण अंचलों में ठंड से बचाव के लिए ग्रामीण अलाव जला रहे है, अत्यधिक ठंड की चपेट में आकर अब लोगों की सेहत भी खराब हो रही है। ठंड से बचने के लिए लोग स्वेटर, जैकेट, मफलर, टोपा व कंबल के साथ ही अलाव का भी सहारा ले रहे है। इस ठंड का ज्यादा असर छोटे बच्चों व बुजुर्गों पर देखा जा रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी छोटे बच्चों व बुजुर्गों को हो रही है, जो सर्दी, खांसी व बुखार की समस्या से जूझ रहे हैं।

# प्रगति के आधार पर विकास कार्यों एवं फैमिली आईडी की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा।** जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह के द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित माह दिसंबर 2024 की प्रगति के आधार पर विकास कार्यों, निर्माण कार्य एवं फैमिली आई डी की प्रगति के संबंध में एक समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 नागेंद्र नारायण मिश्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयोजित की गई,उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को कहा कि सीएम डैशबोर्ड की प्रगति रिपोर्ट को अधिकारी स्वयं जाचते रहे,अपने अधिनस्थों के भरोसे न रहें।

किसी भी दशा में जनपद की रैंकिंग प्रभावित न होने पाए,ष्ट,ष्ठ एवं श्व रैंक के अधिकारी माह के अंत तक अनिवार्य रूप से अपनी रैंक सुधार कर जनपद को टॉप 5 में बनाए रखें ,किसी भी विभागाध्यक्ष की शिथिल कार्य प्रणाली के कारण अगर जनपद की रैंक प्रभावित होती है तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी, सी.एम.डैशबोर्ड पर डाटा फीडिंग के दौरान पूरी सजगता के साथ कार्य करें कहीं पर भी किसी भी प्रकार की गलती की गुंजाइश न रहे, समाज कल्याण, पशु पालन विभाग, पंचायती राज ,उद्योग, प्रोबेशन ,नियोजन एवं ग्रामीण ऊर्जा अपनी रैंकिंग पर विशेष ध्यान दें किसी भी स्थिति में जनपद की रैंक प्रभावित न हो। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया के शीतलहर के दृष्टिगत निराश्रित गौवंश आश्रय स्थलों में सर्दी से बचाव के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं पशुओं के पीने के लिए ताजे पानी की व्यवस्था रहे तथा सुनिश्चित किया जाए की सूखे स्थान पर ही निराश्रित पशु बांधे जाएं, सीसीटीवी कैमरे निरंतर क्रियाशील रहे, केयर टेकर पूरी सजगता के साथ कार्य करें।

सभी जिला स्तरीय नोडल अधिकारी गौ शालाओं का नियमित निरीक्षण कर अपनी आख्या दे, कहीं पर भी अव्यवस्था पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारी एवं सोशल सेक्टर के लाभार्थी परक योजनाओं के विभागों को कहा कि शासन की मंशानुसार फैमिली आई.डी. कार्ड बनाए जाने के संबंध में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाए ताकि राशन कार्ड से वंचित लोग भी शासन की जनकल्याणकारी एवं लाभार्थी परक योजनाओं का लाभ समय से प्राप्त कर सकें, उन्होंने सभी निर्माण एजेंसीयो को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी प्रवीण कुमार राय, परियोजना निदेशक सुरेन्द्र कुमार, डीसी मनरेगा प्रभुदयाल,उप निदेशक कृषि रोहतास कुमार, जिला कृषि अधिकारी डॉ0 मनवीर सिंह,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 इंद्रजीत सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रदीप कुमार एवं रेखा मिश्रा, जिला दिव्यागजन सशक्तिकरण अधिकारी डॉ0 अजीत कुमार, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी यश वर्मा सहित सभी संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि, समस्त खण्ड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# नोएडा मीडिया क्लब में पत्रकार कल्याण कोष समिति की हुई बैठक

**नोएडा।** मीडिया क्लब वरिष्ठ पत्रकार स्व. विवेक दीक्षित के परिजनों का भरपूर आर्थिक सहयोग करने के लिए दृढ़ संकल्पित नोएडा मीडिया क्लब कार्यालय पर वरिष्ठ पत्रकार विनोद शर्मा की अध्यक्षता में पत्रकार कल्याण कोष समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वर्गीय विवेक दीक्षित, जो क्लब के सक्रिय सदस्य थे। उनकी हाल ही में लंबी बीमारी के बाद हुए निधन के उपरांत उनके परिवार की समस्याओं पर चर्चा की गई।बैठक से पहले, स्वर्गीय विवेक दीक्षित की 13वीं पर क्लब के अध्यक्ष पंकज पाराशर ने कार्यकारिणी सदस्यों के साथ उनके परिवार से मुलाकात की। उन्होंने परिवार को सांत्वना दी और उनकी समस्याओं को जाना।बैठक में दिवंगत पत्रकार के आश्रित परिवार की आर्थिक और सामाजिक समस्याओं के निराकरण के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। नोएडा मीडिया क्लब उनके परिवार के साथ हर संभव सहयोग के लिए तत्पर है।

# नाम बदलकर कुंभ मेले में घुसने पर पकड़ा गया एटा का अय्यूब

» अय्यूब की हिस्ट्री जांचने में जुटी पुलिस, परिजनों से की पूछताछ

लोकमित्र ब्यूरो




**एटा/अलीगंज।** कुंभ मेला प्रयाग राज में डासना मंदिर के महंत यति नरसिम्हानंद के कैंप के बाहर नाम बदलकर प्रवेश करते पकड़ा गया एटा के अलीगंज कस्बे के लुहारी दरवाजा मोहल्ले का रहने वाले अय्यूब की हिस्ट्री जांचने में जांच एजेंसियां जुट गई है। जैसे ही अयूब को प्रयागराज कुंभ मेले से गिरफ्तार किया गया है।

वैसे ही देश एक सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। देर रात पुलिस की टीमों ने अयूब के घर पहुंचकर परिजनों से पूछताछ की है और जांच की है मोहल्ले बालों से भी उसकी हिस्ट्री पता कर जांच की जा रही है। अयूब के परिजनों को अलीगंज कोतवाली बुलाकर पूछताछ की जा रही है और जानकारी जुटाई जा रही है।जानकारी के अनुसार अयूब को पुलिस ने कुंभ मेले में यति नरसिम्हानंद के कैम्प के बाहर से मंगलवार को गिरफ्तार किया था। आरोप है कि आयुष नाम बताकर अय्यूब कैंप में प्रवेश कर रहा था।फिलहाल अयूब पुत्र शाकिर निवासी मोहल्ला लुहारी दरवाजा थाना अलीगंज जनपद एटा पुलिस हिरासत में है और सुरक्षा एजेंसियां जांच में जुटी हैं। अयूब कुंभ में कैसे पहुंचा इसके पीछे का क्या मकसद है इन सवालों का जवाब खोजने के लिए सुरक्षा एजेंसियां जांच पड़ताल में जुटी हुई हैं।

अयूब के मां चुन्नी और पिता शाकिर जयपुर में रह रहे हैं।बताया जा रहा हैं तीन चार माह पूर्व अयूब के दादा का इंतकाल हो गया था तभी वह अलीगंज अपने घर आया था।अयूब के पिता के हिस्से में एक कमरा आता है जिसमें अभी ताला पड़ा हुआ है।अयूब की पांच बहने हैं बड़ी बहन का विवाह हो चुका है।

अयूब की चाची तबस्सुम ने जानकारी देते हुए बताया है कि अयूब आता जाता रहता है और वह पागल है नशेड़ी भी है महीने दो महीने में आता है और चला जाता है इधर उधर घूमता रहता है। मां बाप जयपुर रहते हैं। मोबाइल पर खबर देखकर सूचना मिली है रात को पुलिस भी पूछताछ करने आई थी। परिवार की सदस्य आसमा ने बताया कि अयूब करीब चार माह पूर्व अपने दादा की मौत होने पर आया था।नशे की हालत में रहता है बैंड में जाता है दादा की मौत होने के बाद आया था फिर फरार हो गया तब से कुछ पता नहीं है कहा है।पांच भाई बहन है मां बाप जयपुर में है।जानकारी मिली है आयुष नाम बदलकर कुंभ में गया था वहां पकड़ा गया है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनांतर्गत सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन आज

**एटा।** प्रभारी जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ0 अजीत कुमार ने बताया है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत 16 जनवरी 2025 को पूर्वाह्न 9ः00 बजे से जीआईसी ग्राउंड सकीट रोड एटा के परिसर में सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह के आयोजन को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह द्वारा सुरक्षा, शांति व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, विवाह मंडप, वीआईपी के स्वागत सत्कार, जलपान की व्यवस्था, स्वास्थ्य एवं एंबुलेंस की व्यवस्था, अग्निशमन की व्यवस्था, विद्युत सुरक्षा व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, वीडियोग्राफी सहित सामूहिक विवाह को सकुशल संपन्न कराने हेतु समस्त आवश्यक तैयारियां के संबंध में संबंधित अधिकारियों को प्रभारी नामित करते हुए दिशा-निर्देश दे दिये गये है,सभी सम्बन्धित अधिकारी दिए गए दायित्व का निर्वाहन पूरी सजगता एवं तन्मयता के साथ करेंगे।

# बेसिक शिक्षा विभाग के स्टॉल पर शिक्षण सहायक सामग्री बनी आकर्षण का केंद्र

» मिशन शिक्षण संवाद के कार्यों को मिल रही प्रशंसा

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा।** राजकीय जिला कृषि एवं औद्योगिक विकास प्रदर्शनी जनपद एटा में बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा विभाग की योजनाओं की जानकारी देने के लिए विद्यालयों में चल रही योजनाओं के बारे में अवगत कराने के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार द्वारा स्टॉल लगवाया गया है। स्टॉल पर समेकित शिक्षा जिला समन्वयक संजय मिश्रा जी एवं शिक्षकों द्वारा दिव्यांग बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी जा रही है।

मिशन शिक्षण संवाद टीम एटा के सदस्यों द्वारा जनपद के विद्यालयों में किए जा रहे कार्यों का प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदेश टीम द्वारा तैयार की गई पुस्तिकाओं को प्रदर्शित किया जा रहा है।जिनमें हर पुस्तक को नए रूप में प्रस्तुत किया गया है। शिक्षकों द्वारा शून्य निवेश से तैयार शिक्षण अधिगम सामग्री को प्राइवेट विद्यालयों के बच्चों द्वारा बहुत पसंद किया जा रहा है। रीड एलांग ऐप निपुण लक्ष्य ऐप, स्विफ्ट चैट ऐप को जानकारी प्राप्त कर अभिभावक डाउनलोड कर रहे है। ऑनलाइन कक्षाओं में जुड़ने, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए वर्कशीट्स के लिए बच्चों द्वारा जानकारी ली जा रही है।सभी शिक्षकों द्वारा बेसिक के स्टॉल पर भ्रमण कर उत्साहवर्धन किया जा रहा है।

बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा समय समय पर स्टॉल पर भ्रमण कर मार्गदर्शन दिया जा रहा है। बेसिक शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार द्वारा स्टॉल को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए निर्देशित किया गया है। अवकाश के दिनों में बेसिक के शिक्षकों भारतवीर वर्मा, मुकेश यादव, विकास मिश्र, अनुपमा द्विवेदी, ओमवीर सिंह, नीतू सिंह, निहारिका वर्मा, संजय सिंह, प्रीति रावत, प्रतीक्षा सक्सैना, रघुवीर सिंह, राकेश कुमार, बिम्बिसार बौद्ध, रंजना शर्मा, मधु, प्रियंबदा, शैलेन्द्र यादव, धर्मेंद्र यादव आदि ने सहयोग प्रदान किया।

# ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष का जोरदार किया गया स्वागत



लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** मीडिया क्लब में ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आदेश भाटी और महासचिव रोहित प्रियदर्शन का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर दोनों क्लबों के सदस्यों ने भविष्य में मिलकर कार्य करने और सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। बैठक में पत्रकारों के लिए आवास योजना पर गहन विचार-विमर्श किया गया और एक-दूसरे के सुझावों को साझा किया। इस मीटिंग में दोनों क्लबों ने संयुक्त प्रयासों से पत्रकारों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए संयुक्त प्रयासों करने का निर्णय लिया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार विनोद शर्मा पंकज पाराशर, सामवीर छावड़ा, ईश्वर चंद, रिंकू यादव, इकबाल चौधरी, सौरव राय,भूपेंद्र चौधरी, राजकुमार चौधरी, हरवीर चौहान मौजूद रहे।

# गरीब किसान मजदूर के साथ शोषण नहीं हो सकता : रविंद्र प्रधान

लोकमित्र ब्यूरो



**नोएडा।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर गरीब उत्थान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र प्रधान एवं पूर्व केंद्रीय निगरानी समिति सदस्य सोशल जस्टिस मंत्रालय भारत सरकार का जिला बुलंदशहर ग्राम कलैना का दौरा हुआ।जहां पर हजारों ग्राम वासियों की आबादी की जमीन को चकबंदी के दरमियान ग्राम समाज में दर्शाया जा रहा था।

जिसको लेकर हजारों ग्राम वासी परेशान थे जिसको लेकर ग्राम वासियों ने नोएडा आकर अपनी आबादी को बचाने के लिए रविंद्र प्रधान से बुहार लगाई थी।जिसको लेकर रविंद्र प्रधान ने दिनांक 13/1/2025 को ग्राम कलैना का दौरा किया जहां पर संबंधित सभी अधिकारियों को उपस्थित रहने के लिए पत्र जारी कर दिया था।सूचना के अनुसार सभी अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

जिनके बीच ग्राम वासियों की समस्या श्री रविंद्र प्रधान ने सुनी और अधिकारियों को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी व उत्तर प्रदेश में आदित्यनाथ योगी जी मुख्यमंत्री का हवाला देते हुए कहा कि आज भारत व उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और भारतीय जनता पार्टी की सरकार में किसी भी गरीब किसान मजदूर के साथ शोषण नहीं हो सकता है।

उन्होंने अधिकारियों को सही दिशा समझते हुए गरीबों की आबादी की जमीन को बचाया जिसको लेकर ग्राम कलैना के सभी वासी पीड़ित थे।शादी रविंद्र प्रधान द्वारा अधिकारियों को समझाते हुए कहा गया कि गांव में अभी शिक्षा का अभाव काम है।जिसको लेकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ ग्राम वासी नहीं ले पा रहे हैं जैसे की 60 साला पेंशन विधवा पेंशन और भी भारत सरकार द्वारा चलाई जा रहे हैं अन्य योजनाओं के बारे में आप महीना में काम से कम दो बार कैंप लगाकर ग्राम वासियों को समझाएंगे जिससे कि भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ हर गरीब मजदूर तक पहुंच सके साथ ही रविंद्र प्रधान द्वारा गांव में श्मशान घाट बनवाने वह बाल्मिक समाज के लिए बारात घर बनवाने हुए ग्राम वासियों को मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराने जैसे भी निर्णय लिए गए।

जिन पर अधिकारियों ने अपनी सहमति जताई और जल्द ही काम शुरू कर ग्राम वासियों को लाभ देने का वादा किया ग्राम वासियों ने रवींद्र प्रधान की जय जयकार करी और रविंद्र प्रधान को धन्यवाद करते हुए कहा कि अगर आप नहीं आए होते तो हमें बेघर होना पड़ता।

इस मौके पर ग्राम प्रधान संदीप चौधरी, ग्राम पूर्व प्रधान मनवीर सिंह चौधरी व अखिल भारतीय सफाई मजदूर गरीब उत्थान यूनियन से जिला बुलंदशहर अध्यक्ष अमिताभ बच्चन,स्वीटी त्यागी,भीम सिंह तंवर, दीपचंद वाल्मीकि, बेलचंद वाल्मीकि,जय किशोर वाल्मीकि, राजेश बाल्मीकि और सभी सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जीएल बजाज को ग्रोथ ऑफ रिटेंशन अवार्ड 2025 में पहला स्थान



» इस तरह के पुरस्कार संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उत्कृष्ट योगदान को दर्शाते हैं: पंकज अग्रवाल

लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** स्थित जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट को आईईईई उत्तर प्रदेश सेक्शन इंडिया द्वारा ग्रोथ ऑफ रिटेंशन अवार्ड÷ 2025 की श्रेणी में प्रथम स्थान प्रदान किया गया। यह सम्मान आगरा के होटल कोर्टयार्ड बाय मैरियट में आयोजित वार्षिक आम बैठक के दौरान दिया गया। इस सम्मान को संस्थान की ओर से डीएसडब्ल्यू डॉ. महावीर सिंह नरुका, डॉ. दिनेश सिंह और डॉ. जय सिंह ने ग्रहण किया। जीएल बजाज के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने संस्थान के सभी संकायों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के पुरस्कार जीएल बजाज की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उत्कृष्ट योगदान को दर्शाते हैं। यह हमारे संस्थान के लिए गर्व का क्षण है। यह पुरस्कार संस्थान के बढ़ते शैक्षणिक स्तर और छात्रों की उपलब्धियों की पहचान है।

# जन जागृति का अलख जगाने निकली साध्वी माता राजलक्ष्मी मंदा

» राजनगर एक्सटेंशन इकाई के मीडिया प्रभारी मनोज अग्रवाल ने राजनगर एक्सटेंशन में साध्वी माता राज लक्ष्मी का फूल मालाओं से स्वागत किया। साध्वी माता राजलक्ष्मी ने सनातन धर्म के रक्षा के लिए जीवन में सकारात्मकता को स्थान देने की बात कही

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** एयर फोर्स संगठन गाजियाबाद के अध्यक्ष देवेंद्र चौबे, संस्कार भारती गाजियाबाद महानगर के कार्यकारी अध्यक्ष अतुल प्रकाश भटनागर, योगाचार्य सतीश चंद्र शर्मा एमसीसी सिग्नेचर हाइट के महामंत्री मोनू त्यागी, फ्लैट ओनर्स फेडरेशन ऑफ़ गाजियाबाद राजनगर एक्सटेंशन इकाई के मीडिया प्रभारी मनोज अग्रवाल ने राजनगर एक्सटेंशन में साध्वी माता राज लक्ष्मी का फूल मालाओं से स्वागत किया। साध्वी माता राजलक्ष्मी ने सनातन धर्म के रक्षा के लिए जीवन में सकारात्मकता को स्थान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि अपने हिंदुत्व की पहचान को बनाए रखने के लिए अपने बच्चों में अच्छे संस्कारों को निरूपित करें और सप्ताह में किसी एक दिन सब परिवार बच्चों के साथ मंदिर जाकर भगवान के दर्शन किया करें।

उनका मानना है की हवा तो चारों ओर है लेकिन पंखे के नीचे बैठकर हम महसूस करते हैं इस तरह भगवान सर्वत्र व्याप्त हैं लेकिन मंदिर में जाने से हमें उसका आभास होता है कि भगवान हमारे साथ हैं ।गंगा में स्नान करने की महत्ता का उन्होंने विस्तार से वर्णन किया और कहा कि गंगा की पवित्रता को अक्षुण्ण बनाए रखने की जरूरत है और गंगा से संबंध जोड़ने की जरूरत है।

महाकुंभ सनातन संबंधों को जोड़ता है और गंगा में डुबकी लगाकर हम अपने तन मन को पवित्र करते हैं और सकारात्मकता की ओर बढ़ते हैं। उनके विचारों से आए हुए तमाम लोगों ने बहुत कुछ शिक्षा ली और लोगों ने सनातन की राह पर चलने का मन भी बनाया। इस यात्रा की जितनी कम प्रशंसा की जाए कम है और उनके इस उद्देश्य की पूर्ति में तमाम भारतवासी इन के साथ खड़ा है। कार्यक्रम के स्वागत के क्रम में डॉ राजीव श्रीवास्तव ने साध्वी माता राजलक्ष्मी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व की पूरी जानकारी दी और बताया कि साध्वी माता राजलक्ष्मी ने गिनीज बुक का रिकॉर्ड में इनका दो बार नाम आ चुका है और यह बहुत ही साहसी लग्नशील कर्तव्यपरायणा और सनातन धर्म की संस्कृति के लिए एक जानी-मानी व्यक्तित्व के रूप में जानी जाती है।

कार्यक्रम का संचालन कैप्टन गोपाल सिंह गुंजन ने किया एवं तमाम उपस्थित लोगों ने साध्वी माता राजलक्ष्मी का आशीर्वाद ग्रहण किया। फ्लैट ओनर्स फेडरेशन ऑफ़ गाजियाबाद राजनगर एक्सटेंशन इकाई के मीडिया प्रभारी ने साध्वी माता को आश्वासन दिया कि फेडरेशन सम्पूर्ण गाजियाबाद की सभी सोसाइटी के निवासियों तक विभिन्न माध्यमों से चलों कुंभ नहाएं का संदेश पहुंचाने का निरंतर प्रयास करती रहेगी।

# हत्यारोपी की जमानत अर्जी न्यायाधीश ने की खारिज

**गाजियाबाद।** मुरादनगर में 31 जुलाई को हुई युवक के हत्या के आरोपी नईम की जमानत अर्जी जनपद न्यायाधीश ने खारिज कर दी। जिला जज अनिल कुमार ने कहा कि अपराध गंभीर प्रकृति का है, इसलिए जमानत अर्जी खारिज की जाती है। जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि एक अगस्त को मुरादनगर थाने में जहीर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जहीर ने बताया था कि 31 जुलाई की शाम सात बजे घर पहुंचे तो जानकारी मिली कि दिन में दोपहर 12 बजे शादाब उसके साथी लालू और माजिद नलकूप पर नहाने गए थे। उसके बाद शादाब की कोई जानकारी नहीं मिली। शादाब के छोटे भाई जावेद, शहजादा व मुजीब ने एनटीपीसी के पास खंडहरनुमा कमरे में शादाब के हाथ पैर व गले में प्लास्टिक की टाई से बंधे थे। अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# जेएसडी धर्म पब्लिक स्कूल के द्वारा दिव्यांग जनों एवं बुजुर्ग जनों को निःशुल्क उपकरण वितरण किया गया




लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** इआरडी केयर फाउंडेशन संस्थापक संजीव भारद्वाज के सहयोग से जेएसडी धर्म पब्लिक स्कूल द्वारा पूरे नोएडा में अहम पहल चलाया जा रहा है।

दिव्यांग एवं बुजुर्ग जनों को जरूरतमंद जैसे घर घर तक निःशुल्क उपकरण वितरण किया जाता है। इसी कड़ी में आज मकर संक्रान्ति के शुभ अवसर पर हल्द्वानी गांव और कुलेशरा गांव में बुजुर्ग जनों को छड़ी और जो महीनों से पेशेंट तौर पर घर में कैद रहते थे बाहर नहीं निकल पाते थे चलने में असमर्थ रहते थे ऐसे जरूरतमंद को उनके सहयोग के लिए व्हील चेयर, वाकर, वैशाखी जैसे उपकरण इआरडी केयर फाउंडेशन के सौजन्य से एवं समाज सेविका संतोष सिंह एवं हरेंद्र पाण्डेय के आर डब्ल्यू ए की पूरी टीम के द्वारा कालोनियों में उपकरण निःशुल्क वितरण किया गया।

जिसमें उपस्थित इआरडी केयर फाउंडेशन से सोशल वर्कर विपुल सिंह, समाजसेविका संतोष सिंह, समाजसेवी डॉक्टर हरेंद्र पाण्डेय , चौहान और आर डब्ल्यू ए के सभी समाजसेवियों ने

अपना समय देकर कार्यक्रम में उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### एसपी द्वारा की गयी जनसुनवाई

**अमेठी।** बुधवार को पुलिस कार्यालय गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनसुनवाई की गयी । इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुना गया तथा उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए।

### देशी तमंचा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी।** जिल में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को उ0नि0 चन्द्रशेकर यादव थाना बाजार शुक्ल मय हमराह द्वारा अभियुक्त अशरफ पुत्र अनीस निवासी ग्राम मकदूमपुरकला थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 23 वर्ष को शेखपुर मोड के पास से समय करीब 04:42 बजे सुबह में गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक देशी तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। तो वहीं उ0नि0 शिवमूर्ति यादव थाना कमरौली मय हमराह द्वारा अभियुक्त अल्ताफ पुत्र गुलाम मोईन उर्फ लड्डुन निवासी ग्राम पूरे लाल मजरे रसूलपुर थाना कमरौली जनपद अमेठी उम्र करीब 21 वर्ष को लोहिया पुल फौजी ढ़ाबा के पास से समय करीब 08:30 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक देशी तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### अभियुक्त की निशानदेही पर पिस्टल बरामद

**अमेठी।** बुधवार को प्रभारी निरीक्षक थाना जगदीशपुर धीरेन्द्र कुमार यादव मय हमराह द्वारा मु0अ0सं0 299/24 धारा 109, 190, 191(2), 191(3), 61(2) बीएनएस थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी में संबंधित अभियुक्त लखन पण्डित उर्फ केशव पुत्र शौकीन पाण्डेय निवासी किठौली जलालपुर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को पुलिस अभिरक्षा रिमाण्ड में लिया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि ÷मैने अपने साथियो सूरज मिश्रा, युवराज सिंह, गगन मिश्रा, सर्वेश सिंह, रवि पासी और मो0 कैफ के साथ मिलकर दिनांक 22.12.24 को अनीत सिंह पुत्र तेज बहादुर निवासी ग्राम महमदपुर पर जान से मारने की नियत से गोलियां चलाई थी। अभियुक्त की निशानदेही पर ग्राम सलावतगढ़ के पास झाड़ियो से घटना में प्रयुक्त 01 पिस्टल (.23 बोर) बरामद की गई। बरामदगी के संबंध में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### पांडेयपुर की गौशाला में गौ वंशो के रखरखाव को लेकर किसान संगठन ने की बैठक

**बीघापुर,उन्नाव।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने बीघापुर विकासखण्ड क्षेत्र के पांडेयपुर में बैठक की है। बुधवार दिन के 03 बजे बैठक हुई है। गांव में गौशाला में गौवंशो के रखरखाव को लेकर लापरवाही का आरोप लगाया गया है। किसानों की फसल आवारा गौवंश खराब कर रहे है जिसकी शिकायत किसान संगठन से की गयी। किसान संगठन ने गांव की गौशाला को लेकर आज बैठक कर गौशाला में सुधार न होने पर जिले के उच्च अधिकारियो से शिकायत करने की बात कही है। बैठक में प्रमुख रूप से किसान संगठन में जिला अध्यक्ष किरण सिंह पटेल, अजय पटेल,विजयपाल कुशवाहा, सोनू ग्राम अध्यक्ष रावतपुर, देवीचरण, सतपाल सिंह आदि लोग रहे।

### कस्बा बिहार मे आयोजित हुआ अन्तर्जनपदीय वालीवाल टूर्नामेंट



**पाटन,उन्नाव।** तहसील बीघापुर क्षेत्र के ग्राम बिहार में बाबा गौरीशंकर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ थाना प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी व पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पति राजकुमार उर्फ रज्जन सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच महाराणा प्रताप एकेडमी लखनऊ और आरपीएफ लखनऊ की टीमों के बीच बेस्ट ऑफ थ्री का रोमांचक मुकाबला हुआ। आरपीएफ लखनऊ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने प्रतिभाग किया ।आयोजकों ने पूर्व खिलाड़ियों व अतिथियों का माल्यापर्ण एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में क्षेत्रीय ग्रामीणों और खेल प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर राजकुमार मिश्र, शिवम मिश्र, दिनेश बाजपेई, शानू बाजपेई, संदीप मिश्रा, बड़े बउआ, कान्हा मिश्रा, राजेंद्र बहादुर सिंह, ओमप्रकाश पासवान, अशोक सिंह, सुरेंद्र शुक्ला, हिमांशु कुमार मिश्रा, मोनू तिवारी, चंद्रेश सिंह, अजय मिश्रा, अर्पित सिंह, सुरेश मिश्रा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### तीन हत्यारों को न्यायालय ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**उन्नाव।** हत्या के मामले में नामित तीन अभियुक्तों को अपर जिला जज की न्यायालय ने आजीवन कारावास व 18- 18 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 महोदय द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत उन्नाव पुलिस के द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन व मॉनीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी के क्रम में अपर जिला जज पंचम की न्यायालय ने हत्या के अभियोग में 03 अभियुक्तगण को दंडित किया गया है। थाना बांगरमऊ के प्यारेलाल पुत्र चुन्नीलाल ,रामपाल पुत्र भूपनारायण तथा रामेश्वर पुत्र अर्जुन ने नन्हेलाल की हत्या कर दिया जिसकी थाना बांगरमऊ पर मु0अ0सं0 561/07 धारा 302/201/34 आईपीसी पंजीकृत किया गया था । जिसमें दिनांक 07.07.2007 को अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर आरोप पत्र दिनांक 21.09.2007 को न्यायालय में प्रेषित किया गया।

# नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा टारगेट कर अतिक्रमण हटवाने से डीएम हुए नाराज

» ईओ से कहा जिसका नही गिरवा रहे उसकी रिपोर्ट दे

लोकमित्र ब्यूरो



**रामनगर।** नगर पंचायत के तहसील मार्ग पर अतिक्रमण हटाने में चेयर मैन द्वारा मौजूद रहकर व्यक्ति विशेष को टारगेट करने पर नाराजगी जताई तथा एस डी एम को निर्देश दिया कि जिसका अतिक्रमण उन्होने नही हटाया उसकी रिपोर्ट बनाकर दे जिसे हाई कोर्ट में दाखिल किया जाएगा। उसका भी अतिक्रमण हटवाए जिससे रास्ता 24 फिट का एक समान रहे।
नगर पंचायत रामनगर के निवासी दया शंकर ने तहसील मार्ग पर अतिक्रमण हटाने के लिए पी आई एल दायर किया था जिसमे हाई कोर्ट ने अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था।उक्त रास्ता मौके कंही दस तो कंही बारह फिट मौके पर बना था मगर अधिकारियो ने इसे पहले दोनो तरफ ग्यारह ग्यारह फिट पर सहमत बनाई ।इसी बीच पी आई एल हो गई तो बीते दो तीन माह पहले इस मार्ग पर अतिक्रमण हटा लेकिन एक घर गिरा देने से मामला हाई कोर्ट पंहुच गया जो अभी भी विचाराधीन है।
पी आई एल कर्ता ने अतिक्रमण न हटाने के लिए अवमानना कर दिया जिस पर हाई कोर्ट ने अधिशाषी अधिकारी से कहा कि अतिक्रमण हटा या नही यह बताए व डी एम मौके जाकर देखें व हलफनामा दाखिल करें। बुधवार को डी एम सत्येंद्र कुमार, एस डीएम पवन कुमार, तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह ,ई ओ, चेयर मैन राम शरण पाठक व पी आई एल कर्ता सहित नगर पंचायत व तहसील कर्मी मौके पर आए।बीच से दोनो तरफ बारह बारह फिट पर सहमति बनी और रास्ता साफ होने लगा मगर तीन चार स्थानों पर अध्यक्ष द्वारा मनमानी कर बीच से बारह बारह के बजाए एक सिरे से दूसरे सिरे तक 24 फिट नाप कराकर हटवाने लगे जिस पर डी एम बहुत नाराज हुए और कहे कि व्यक्ति विशेष को टारगेट कर नुकसान करना ठीक नही है। कानून सभी के साथ एक समान लागू है।किसी को बचाना और किसी का ज्यादा नुकसान करना क्या ठीक है। और नाराज हो गए तथा एस डी एम से कहा कि जिसका नही हटवाए है।
उसका नाम पता सहित रिपोर्ट दे वही कोर्ट में दाखिल होगी और उसका गिरवाए भी। पक्षपात पूर्ण अध्यक्ष की कार्यशेली है। नगर की तमाम जनता भी इस पक्षपात पूर्ण कार्यवाही पर सन्न रही और डी एम व एस डी एम के न्यायप्रिय कार्यो की बातो की तारीफ करते रहे।

## ब्लॉक दिवस में आई 6 शिकायतें निस्तारण के दिये निर्देश




लोकमित्र ब्यूरो

**मसौली बाराबंकी।** विकास खण्ड मसौली के खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में ब्लाक दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें 6 प्रार्थना पत्र आये जिनके निस्तारित के निर्देश दिए। खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव के समक्ष ग्राम पंचायत चिलौकी निवासी नजरीन बानो व सूफिया बानो ने जन्म प्रमाण पत्र के लिए प्रार्थना पत्र दिया।
बघौरा निवासी एखलाख अहमद, अशद अहमद व साद अहमद ने जन्म प्रमाण के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने निस्तारित के लिए एडीओ पंचायत जानकीराम को निर्देश दिए। ग्राम पंचायत लक्षबर बजहा निवासी मो0 सलीम ने परिवार रजिस्टर नकल के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर सम्बन्धित सचिव को बीडीओ ने निर्देशित करते हुए निस्तारण करने को कहा।
इस मौके पर एडीओ कोऑपरेटिव खुशबू राय,एडीओ पंचायत जानकी राम,जैसराम, अनिल दुबे,उत्तम वर्मा, महेश प्रसाद सिंह, आकिब जमाल, संजीव कुमार, प्रताप नारायण, कमलेश कुमार यादव, सौम्या सिंह, प्रियंका सिंह, वीना मौर्या, कमल किशोर, अजय वर्मा, सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## सहकार भारती की सहायक जिला प्रमुख बनी नीलम प्रजापति

**जलेसर/एटा।** नगर की प्रमुख भाजपा नेत्री एवं शिक्षिका नीलम प्रजापति को सहकार भारती के जिला सहायक प्रमुख बनाया गया है। बुधवार को सहकार भारती के 47 वे स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर नगर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सहकार भारती की जिला प्रमुख नीलम चौहान ने नीलम प्रजापति को पटका पहना कर सहायक जिला प्रमुख सरकार भारती एटा के पद पर सर्वसम्मति से मनोनीत किये जाने की घोषणा की। इस दौरान- पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ दिनेश वशिष्ठ, प्रत्येन्द्र पाल सिंह, डी एस वर्मा, नरेन्द्र उपाध्याय, अजय उपाध्याय, दर्शनपाल सिंह बंटू, हरी बाबू शर्मा, डॉ एसवी तिवारी, प्रीति गौड़, अशोक शर्मा प्रवीन पचौरी, विवेक प्रजापति, हरेन्द्र प्रजापति, हरीश वार्ष्णेय आदि पदाधिकारी एवं गणमान्य उपस्थित रहे।

## दहेज हत्या के आरोपी पति, सास व ससुर गिरफ्तार



लोक मित्र संवाद

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत पश्चिमी चौकी क्षेत्र के गोताखोर मोहल्ले में मंगलवार शाम एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने मृतका के पति, सास और ससुर को गिरफ्तार किया है। मृतका की माँ द्वारा दहेज हत्या का आरोप लगाए जाने के बाद तत्काल दूसरे दिन ही पुलिस ने यह कार्रवाई की है।
गोताखोर निवासी नफीस की 22 वर्षीय पत्नी शबनम मंगलवार शाम अपने कमरे में मृत पाई गई थी। शबनम की माँ, गुडिया ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उनकी बेटी को मारा-पीटा गया और उसकी हत्या कर दी गई। इस तहरीर के आधार पर पुलिस ने शबनम के पति नफीस, ससुर शरीफ और सास अफसाना के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया था। गंगाघाट पुलिस ने बुधवार को एक तलाशी अभियान के दौरान तिकुनिया पार्क रेलवे क्रॉसिंग के पास से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आरोपियों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई और उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## सरसों की खेती में अधिक रुचि ले रहे किसान



» तेल की कीमतों में उछाल से खेती का बढ़ा रकबा

लोकमित्र ब्यूरो

**निन्दूरा, बाराबंकी।** बसंत पंचमी का नाम सुनते ही मन काफी प्रफुल्लित हो जाता है।व्यक्ति के मन मस्तष्कि में पीले पीले फूल दिखने लगते है। खेतों में सरसों के पीले फूल देखकर मन में मादकता का एहसास होने लगता है। खेतों में पीली धरती को देखकर किसान फुले नहीं समा रहे है। खेतों में पीले फूल दुल्हन की तरह दिख रहे है। विकास खण्ड निन्दूरा क्षेत्र में किसानों की पारंपरिक खेती में हरा मटर आलू व गेंहू शामिल है। लेकिन खाद्य तेलों की कीमतों के आसमान छूने से किसान सरसों की खेती में अपना रुचि दिखा रहे है। किसान सरसों चना की खेती कर रहे है।इन दिनों खेतों में सरसों की फसल लहलहा रही है। पीले रंग से सजे खेतों को देखकर किसानों का दिल खुशी से झूम रहा है। सरसों के पीले फूल मनमोहक बनाने में सहायक बन रहे है। खेतों में हल्की हवा बहते ही सरसो के फूल खुशी से झूमने लगे रहे है। सरसों के पीले फूल के लहलहाने से मन मादकता का एहसास कर रहा है। पीले सरसों के फसल को देखकर मन पूरा प्रफुल्लित हो जा रहा है। खेतों में सरसों के फूल ऋतुराज बसंत के करीब आने की उपस्थिति दर्ज करा रहा है। किसान देवराज यादव रामस्वरूप चौहान राम सजीवन जय प्रकाश नौमी लाल राजेश यादव आदि ने बताया कि जाड़े के दिनों में फसल पर कीट पतंगों का हमला कम होता है। इससे सरसों की बेहतर पैदावार होने की संभावना बढ़ जाती है। मौसम में समय समय पर परिवर्तन का सरसों की फसल पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता है। इससे किसानों को सरसों की खेती काफी फायदा देती है।

## राज्य महिला आयोग के उपाध्यक्ष ने किया औचक निरीक्षण

लोक मित्र ब्यूरो

**उन्नाव।** उ0प्र0 राज्य महिला आयोग के उपाध्यक्ष श्रीमती अपर्णा यादव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नवाबगंज का औचक निरीक्षण किया गया। उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में निरीक्षण भवन (पी0डब्ल्यू0डी0 गेस्ट हाउस), उन्नाव में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदक/ आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से जनपद के उच्चाधिकारियों के साथ महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा/महिला जनसुनवाई की गयी। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओ एवं बच्चो के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओ से जनसाधारण को जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में 33 प्रकरण में उपाध्यक्ष के समक्ष प्राप्त हुए। जिनके त्वरित निस्तारण के सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। तदोपरान्त वन स्टॉप सेन्टर एवं जिला महिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया, जहाँ उपाध्यक्ष द्वारा केक काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया एवं लगभग 70 नवजात बालिकाओं को बेबी केयर किट एवं मिष्ठान का वितरण किया गया एवं जिला कारागार उन्नाव का भ्रमण किया गया व निरूद्ध महिला बन्दियों से उनको उपलब्ध करायी जा रहा सुविधाओं एवं खान-पान आदि की जानकारी ली गयी एवं उनके साथ रह रहे बच्चों को ऊनी वस्त्र प्रदान किये गये। तत्पश्चात मा0 उपाध्यक्ष महोदया द्वारा विकास खण्ड नवाबगंज में तीन दिवसीय पोषण सम्बन्धी प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती संगीता सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, प्रभारी ए0एच0टी0यू0, जिला समन्वयक चाइल्ड लाइन, वन स्टॉप सेन्टर एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।

## मौत बनकर घूमते कुत्ते, शादी की सालगिरह के पहले योग शिक्षिका की ली जान

» 5 साल के अंदर एक दर्जन से ज्यादा की मौत का कारण बन चुके आवारा कुत्ते, कई घायल अपाहिज वाले हालातों से रहे गुजर

» 19 फरवरी को थी योग शिक्षिका की शादी की 35 वीं सालगिरह, 2 फरवरी को जाना था महाकुंभ स्नान करने

सुनील बाजपेई



**कानपुर।** कानपुर महानगर आजकल आवारा कुत्तों की चपेट में है। पूरे शहर में मौत बनकर घूम रहे यह आवारा कुत्ते बीते 5 साल के अंदर अनेक लोगों की असमय मौत का कारण भी बन चुके हैं। वहीं कई घायल हुए लोग अपाहिज वाले हालातो से भी गुजर रहे हैं। इन्हीं आवारा कुत्तों ने एक योग शिक्षिका की भी जान ले ली। वह आगामी 19 फरवरी को अपनी शादी की 35 सालगिरह मनाने वाली थी साथ ही महाकुंभ स्नान करने के लिए 2 फरवरी को प्रयागराज भी जाने वाली थीं। घटना के बाद उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मुताबिक काकादेव थाना क्षेत्र में हुई इस घटना के बारे में प्राप्त जानकारी के मुताबिक बर्रा-1 जेड-1 ब्लॉक निवासी सुरेश यादव की पत्नी अन्नपूर्णा देवी (56) योग शिक्षिका थीं। वह घर-घर जाकर योगा सिखाती थीं। मौके पर पहुंची पुलिस को परिवार वालों ने बताया कि घटना के समय योग शिक्षिका अन्नपूर्णा देवी काकादेव थाना क्षेत्र के नवीन नगर में योगा सिखाने के बाद स्कूटी से घर लौट रही थीं। तभी गुरुगोविंद सिंह स्टेडियम के पास आवारा कुत्तों ने उन्हें दौड़ा लिया। जिसके फल स्वरुप स्कूटी भगाने पर वह असंतुलित होकर सड़क किनारे बिखरी ईंटों पर जा गिरीं। हुक खुला होने से हेलमेट भी दूर जा गिरा। इससे सिर में गंभीर चोट लग गई। वहां मौजूद हॉस्टल के छात्र उन्हें पास के पनेसिया हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।
सूचना पर काकादेव थाना प्रभारी मनोज भदौरिया हॉस्पिटल पहुंचे। महिला के पर्स से बरामद दस्तावेज के आधार पर टीचर की शिनाख्त कर परिजनों को फोन कर अस्पताल बुलाया। अस्पताल पहुंचे पति सुरेश यादव ने बताया कि 19 फरवरी को हमारी शादी की 35वीं सालगिरह है। साथ ही वह अन्नपूर्णा के साथ 2 फरवरी को महाकुंभ में स्नान करने भी जाने वाले थे।लेकिन इस घटना ने जीवन भर नहीं भूलने वाले दुख के सागर में धकेल दिया। जिससे परिवार में कोहराम मचा है।

# डीएम ने की जनसुनवाई, 26 जनवरी से नो हेलमेट, नो फ्यूल नियम होगा जनपद में लागू

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने बुधवार को नवीन कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। और जनपद में सड़क सुरक्षा के अंतर्गत 26 जनवरी 2025 से नो हेलमेट, नो फ्यूल का नियम लागू होगा। इस नियम के अंतर्गत दो पहिया वाहन चालकों तथा सहयात्रियों को हेलमेट न लगाए जाने पर जनपद के किसी भी पेट्रोल पंप संचालक द्वारा पेट्रोल नहीं दिया जाएगा।
इसके लिए सभी दो पहिया वाहनों के चालकों एवं सहयात्रियों को अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाना होगा तभी उन्हें पेट्रोल पंप पर पेट्रोल दिया जाएगा। इसके लिए जिलाधिकारी निशा अनंत द्वारा सभी पेट्रोल पंप संचालकों एवं स्वामियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि वह दिनांक 26 जनवरी 2025 से किसी भी दो पहिया वाहन चालक को बिना हेलमेट लगाए पेट्रोल नहीं देंगे तथा इस आशय का अपने प्रांगण में बड़े-बड़े होर्डिंग लगाएंगे कि नो हेलमेट नो फ्यूल, सभी पेट्रोल पंप संचालक एवं स्वामी यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उनके प्रतिष्ठान में सीसीटीवी कैमरा सदैव सक्रिय रहें ताकि किसी भी विवाद की स्थिति में सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर आवश्यक निर्णय लिया जा सके।
जिलाधिकारी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु एवं घायलों की संख्या में वृद्धि के प्रति भारत सरकार द्वारा गंभीर चिंता व्यक्त की गई है। उन्होंने बताया कि हाल ही में हुई राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा में सुधार हेतु समस्त जिलों में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं जिसमें सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली असामयिक मृत्यु और गंभीर चोटों को रोकने के लिए एक ठोस, दीर्घकालिक और प्रभावी रणनीति की आवश्यकता है।
माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं में 50त्न की कमी लाए जाने का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसे प्राप्त करने के लिए नवाचार और व्यवहार परिवर्तन पर केंद्रित उपायों को अपनाना अनिवार्य है इस दिशा में नो हेलमेट नो फ्यूल की रणनीति एक निर्णायक कदम हो सकती है यह रणनीति न केवल हेलमेट पहनने को अनिवार्य बनाने में सहायक होगी बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति नागरिकों में जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना को भी प्रोत्साहित करेगी।
उन्होंने बताया कि मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 129 एवं उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली 1998 का नियम 201 के अनुसार सभी मोटरसाइकिल चालकों एवं सवारियों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रोटेक्टिव हेड गियर (हेलमेट) पहनना अनिवार्य किया गया है इन प्रावधानों का उल्लंघन केंद्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 177 के तहत दंडनीय है जिसमें जुर्माने का भी प्राविधान है।
नो हेलमेट नो फ्यूल का नियम जनपद में प्रभावी ढंग से लागू हो इसके लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को भी कड़े निर्देश दिए हैं कि वह अपने-अपने क्षेत्र में सभी पेट्रोल पंप संचालकों से समन्वय स्थापित कर उक्त नियम का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराएं तथा किसी भी पेट्रोल पंप संचालक द्वारा यदि नियम का उल्लंघन किया जाए तो उसके विरुद्ध भी प्रभावी कार्यवाही करें।

## दहेज के लोभी ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**शुक्लागंज, उन्नाव।** सुमेरपुर जिला उन्नाव की एक विवाहिता को दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों द्वारा मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता शालिनी ने बताया कि उसका विवाह दो वर्ष पूर्व गंगाघाट थाना क्षेत्र के श्री नगर मोहल्ला निवासी अनुपम अवस्थी के साथ हुआ था। शादी के दो महीने बाद से ही उनके ससुराल वाले नकदी और गाड़ी की मांग करने लगे थे। इस मांग के बारे में उन्होंने अपने माता-पिता को भी बताया था। शालिनी का आरोप है कि मांग पूरी न होने पर उनके ससुराल वाले उन्हें आए दिन प्रताड़ित करते थे। पीड़िता शालिनी दीक्षित की तहरीर के आधार पर गंगाघाट पुलिस ने उनके पति अनुपम अवस्थी, देवर शुभम, सास देवंती और ससुर दिनेश के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

## बसपा सुप्रीमो का मनाया गया जन्म दिवस

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की चार बार की मुख्यमंत्री रहीं मायावती का 69वां जन्म दिवस जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया गया। कान्हा मैरिज लान में बसपा कार्यकर्ताओं का उत्साह ठंड पड़ भारी रहा। जागृति जत्थे के कलाकारों ने सोहर और मंगल गीतों के साथ अम्बेडकर मिशन के चेतना गीत प्रस्तुत कर समारोह में चार चांद लगाए, बसपा सुप्रीमो की लम्बी उम्र की कामना करते हुए बहुजन समाज को हुक्मरान समाज बनाने के संदेश दिए। समारोह में वक्ताओं के विचार बहुजन समाज पार्टी के चालीस साल के सफर और मायावती के चार बार के मुख्यमंत्रित्व काल पर केंद्रित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब डॉ अम्बेडकर और मान्यवर कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। मुख्य वक्ता अयोध्या मंडल के मंडल प्रभारी छोटे लाल मौर्य ने कहा कि बहन मायावती ही भारतीय संविधान को सुरक्षित रख सकती है।जो लोग हमेशा बाबा साहब डॉ अम्बेडकर का विरोध करते थे,आज संविधान को सर पर रखकर चलकर झूठी राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा, कांग्रेस और सपा को निशाने पर लिया और कहा कि जो छत्रपति शाहूजी महाराज नगर के नाम से बने जिले को स्वीकार नहीं कर सकते, उनसे कभी आरक्षण और भारतीय संविधान को सुरक्षित रखने की उम्मीद नहीं की जा सकती। अच्छा शासन, अच्छा काम ही बी एस पी की पहचान है। बामसेफ की जिला संयोजक किसमता संजीव भारती ने बसपा सुप्रीमो को लम्बी उम्र की कामना करते हुए बसपा कार्यकर्ताओं को संगठन के काम अपने घर परिवार की तरह करने के संदेश दिए और कहा कि जब बहन मायावती जी प्रधानमंत्री नहीं बनती देश में भारतीय संविधान ठीक से लागू नहीं हो सकता।
उत्तर प्रदेश ही नहीं देश की जनता बहन मायावती के शासन की याद कर रही है। मुख्य अतिथि और पूर्व लोकसभा प्रत्याशी नन्हे सिंह चौहान ने कहा कि सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय बसपा की नीति है।बहन मायावती जी ने बाबा साहब डॉ अम्बेडकर और मान्यवर कांशीराम के सपने को साकार के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। समारोह को जिला प्रभारी राम अभिलाष बौद्ध, दिनेश गौतम, खुशबू बौद्ध, बलराम यादव, जितेन्द्र सरोज , विधानसभा अध्यक्ष शिवराम, लक्ष्मण प्रसाद, महादेव मौर्य, मोहनलाल गौतम आदि ने संबोधित किया।
बसपा के जिला प्रभारी विजय गौतम ने बसपा शासन काल की उपलब्धियां गिनाई। बसपा की पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रागिनी तिवारी ने बसपा सुप्रीमो को जन्म दिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की वर्तमान शासन व्यवस्था ठीक नहीं है,इसको ठीक करने का काम बहन मायावती ही कर सकती हैं। गीतकार संतोष भानु-सुल्तानपुर की टीम के गीतों ने बसपा कार्यकर्ताओं को मिशन मूवमेंट के लिए समर्पित रहने के संदेश दिए।

संक्षिप्त खबरें

## अर्हं योग के प्रणेता मुनि श्री 108 प्रणम्य सागर महाराज के पावन सानिध्य में शिविर का आयोजन



**गाजियाबाद।** किशनगढ़ राजस्थान स्थित आर के कम्युनिटी सेंटर में स्वात्म साधना शिविर का आयोजन 11 से 13 जनवरी तक किया गया। आचार्य 108 विद्या सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य व अर्हं योग के प्रणेता मुनि श्री 108 प्रणम्य सागर महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित शिविर ने युवाओं, पेशेवरों व बुजुर्ग श्रद्धालुओं के जीवन में आत्मिक ऊर्जा का संचार किया। शिविर में सैकड़ों युवक-युवतियों, बालक-बालिकाओं और वरिष्ठ श्रावक.श्राविकाओं ने अपनी तनावपूर्ण और व्यस्त दिनचर्या से बाहर निकलकर आत्मिक शांति और आंतरिक ऊर्जा का अनोखा अनुभव प्राप्त किया। शिविर के दौरान सभी प्रतिभागियों ने त्रि.गुप्ति मौन, पंच मुद्रा, कायोत्सर्ग, योगासन, योग निद्रा, ध्यान और प्राणायाम जैसे अद्भुत अभ्यास सीखे जो स्वस्थ शरीरए प्रसन्न मन और निर्मल चेतना को बनाए रखने में सहायक हैं। श्री वीर दिगंबर जैन मंदिर संजय नगर के कोषाध्यक्ष प्रद्युम्न जैन एवं अर्ह ध्यान योग के अन्तरप्पा शिक्षक स्वात्म शिविर में वॉलेंटियर के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सभीअपनी व्यस्ततम, थकान भरी एवं तनाव पूर्ण जिंदगी में सकारात्मक आत्मिक ऊर्जा का संचार करने के लिए अर्ह ध्यान योग के तत्वावधान में समय समय पर आयोजित होने वाले शिविरों में अवश्य भाग लेना चाहिए और अपने जीवन सकारात्मक बदलाव का अनुभव करना चाहिए।

## रविंद्रा यॉर्क्स अकादमी ने 10 रन से जीता लीग मैच



**गाजियाबाद।** जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में मंगलवार को रविंद्रा यॉर्क्स अकादमी और एमटेन क्रिकेट अकादमी के बीच लीग मैच खेला गया। मैच में रविंद्रा यॉर्क्स की टीम ने 10 रन से जीत हासिल की। टॉस जीतकर एमटेन क्रिकेट अकादमी ने गेंदबाजी की। रविंद्रा यॉर्क्स की टीम बल्लेबाजी करते हुए 34.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 251 रन बनाए। वरुण यादव ने 74, केशव डबास ने 44 और यश ने 40 रन बनाए। विरोधी टीम से विवान और शुभम ने दो-दो विकेट लिए। एमटेन क्रिकेट अकादमी की टीम ने निर्धारित 40 ओवर में 241 रन बनाकर सभी विकेट खो दिए। विनय कुमार ने 60, आर्यन ने 49 और अंश शर्मा ने 38 रन बनाए। रविंद्रा यॉर्क्स से कमल सिंह, कार्तिक और अमन गोस्वामी ने दो-दो विकेट लिए। वरुण यादव को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

## सरकारी जमीनों पर खुलेआम कब्जा, तहसील प्रशासन मौन

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश सरकार भूमाफियाओं पर लगातार नकेल कस रही है। और आए दिन सरकारी जमीनों से अवैध अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं, परंतु प्रदेश सरकार के आदेश का जिले की अमेठी तहसील पर कोई असर देखने को मिला, ताजा मामला महमूदपुर ग्राम सभा का है, जहां पर कोई प्रभाव पड़ता नजर नहीं आ रहा है, जहां ग्राम सभा नगर पंचायत अमेठी से सटी हुई है, वही दोनों तरफ एक मुसाफिरखाना को जाने वाला हाईवे और एक सुल्तानपुर को जाने वाला हाईवे और बाईपास भी उसी में से होकर गुजर रहा है, और इन सरकारी जमीनों की कीमत लाखों करोड़ों में है, जहां पर कई सरकारी संस्थान अथवा कार्यालय बनाए जा सकते हैं, परंतु विधानसभा की जनता का दुर्भाग्य है कि जनप्रतिनिधि और अधिकारी अपनी जेब भरने के चक्कर में सरकारी जमीनों पर लगातार कब्जे करवाने में व्यस्त है सिर्फ कागजों पर लिखा पढ़ी कर नोटिस दिया जाता है कार्यवाही नहीं होती है, अमेठी तहसील अंतर्गत कई ऐसी सरकारी जमीन है जिन्हें कई वर्षों से भू माफियाओं द्वारा कब्जा किया गया है।

जिन पर अमल के लिए शिकायतें लगातार की जा रही हैं परंतु सरकारी जमीन मुक्त होने का नाम नहीं ले रही है, इस प्रकार महमूदपुर ग्राम सभा पर फर्जी प्रमाण पत्र बनवा कर चार साल तक प्रधानी करने वाले का मामला है, इन्हें पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के करीबियों में जाना जाता है, इनके द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा करना आम बात है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन इनके सम्मुख नतमस्तक नजर आ रहा है। प्रशासन द्वारा स्वयं जारी किए गए स्पॉट मेमो में दर्शाया गया है कि महमूदपुर निवासी आरिफ खान सुत इकबाल अहमद द्वारा गाटा संख्य 464 पर अतिक्रमण कर बाउंड्री वाल बना लिया गया है । जो कि नवीन पर्ती की भूमि है । जिस पर पूर्व प्रधान के अतिक्रमण के विरोध में शिकायतकर्ता दिलीप मौर्य द्वारा ट्विटर के माध्यम से प्रशासन को शिकायती पत्र 8 दिसंबर 2024 को दिया गया था। किंतु 9 दिसंबर 2024 को लेखपाल द्वारा लगाई रिपोर्ट में दो हफ्ते के भीतर अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया गया था। किंतु अतिक्रमणकारी द्वारा अब तक ना तो अतिक्रमण हटाया गया ना ही प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही की गई है। ऐसे में कहा जा सकता है कि एक ओर योगी सरकार भू माफियाओं पर नकेल कसने की बात कहती है,तो वहीं भू माफियाओं को अमेठी तहसील प्रशासन का संरक्षण प्राप्त है। सरकारी जमीनों पर कब्जा अतिक्रमण मुक्त कब किया जाएगा, विधानसभा अमेठी में राम जाने।

# ओवरहाइट, ओवरवेट गन्ना परिवहन पर कसेगा शिकंजा

- चीनी मिल देंगे अंडरटेकिंग, अनुपालन न होने पर जिम्मेदार होंगे चीनी मिल अध्याशी
- गन्ना परिवहन में ओवरहाइट, ओवरवेटिंग रोकने को डीएम ने गठित की 09 टीमें

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** जिले में ओवरहाइट, ओवरवेट गन्ना परिवहन पर शिकंजा कसने को प्रशासन ने कमर कस ली। गन्ना परिवहन में ओवर हाइट, ओवरवेट पर पूर्णतया अंकुश लगाने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने कलेक्ट्रेट में संबंधित जिम्मेदार अफसरो संग जरूरी बैठक कर रणनीति तय की और कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम-एसपी ने चीनी मिलवार कुल 09 टीमें गठित की, जो चीनी मिलों के गेट पर तैनात रहकर ओवरहाइट और ओवरवेट ट्रकों की जांच करेगी, दोषी पाए जाने पर संबंधित वाहनों को सीज करने और जुर्माना लगाने की कार्यवाही करेगी। इन टीमों में परिवहन, पुलिस और गन्ना महकमें के जिम्मेदार अफसर शामिल रहेंगे। बैठक में तय हुआ कि प्रत्येक चीनी मिल को अपने और ट्रांसपोर्टर की ओर से यह अंडरटेकिंग देनी होगी कि ओवरहाइट और ओवरलोड गन्ना पकड़े जाने पर चीनी मिल के अध्याशी जिम्मेदार होंगे, जिस पर विधिक कार्यवाही की जाए। जिले में कैंपकर गठित टीमों संग कड़ी कार्यवाही करें सहायक चीनी आयुक्त

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने डीसीओ वेद प्रकाश सिंह को किसी भी सूरत में गन्ना वाहनों में ओवरलोडिग न होने और सभी गन्ना क्रय केंद्रों पर गन्ना ढोने वाले वाहनों पर पीछे रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिए। डीएम ने निर्देश दिए कि सहायक चीनी आयुक्त जिले में कैंप करेंगे और भ्रमणशील रहकर जिले में सभी गठित टीमों संग दोषियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए ओवरहाइट, ओवरलोडिंग करने वालों पर लगाम व रिफ्लेक्टर लगाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से एआरटीओ (प्रवर्तन और प्रशासन) अखिलेश कुमार द्विवेदी, जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकार ट्रैफिक रमेश कुमार तिवारी मौजूद रहे। नो हेलमेट,नो पेट्रोल की व्यवस्था 26 से पूरे जिले में होगी लागू,बिना रिफ्लेक्टर चार पहिया वाहनो को भी नहीं मिलेगा ईंधन सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खीरी जिले में 26 जनवरी से नो हेलमेट, नो पेट्रोल की व्यवस्था लागू हो जाएगी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने व्यवस्था को धरातल पर लागू करने के लिए संबंधित अधिकारियों को जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। वही बिना रिफ्लेक्टर लगे चार पहिया वाहनो को भी डीजल-पेट्रोल नहीं मिलेगा।

# पलक झपकते ही बाइक पर कर देते थे हाथ साफ



- पुलिस के हत्थे चढ़े दो वाहन चोर

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** सदर कोतवाली पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से शहर से चोरी की गई दो बाइकें बरामद की हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों का चालान कर दिया है।

सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने बताया कि एलआरपी चौकी इंचार्ज पशुपति नाथ तिवारी ने मुखबिर की सूचना पर छाउछ स्थित गैस प्लांट के पास से दीपक मौर्य निवासी गांव बाछेपारा थाना नीमगांव और साजन कुमार निवासी अल्लीपुर वनडिया थाना इमलिया जनपद सीतापुर हाल निवासी छाऊछ को चोरी की एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर एक अन्य चोरी की बाइक बरामद की है। शहर कोतवाल ने बताया कि गिरफ्तार दीपक मौर्य शातिर वाहन चोर है। उसके खिलाफ थाना नीमगांव, गोला, कोतवाली सदर में चार मामले दर्ज हैं।

# वैशाली में स्पा सेंटर में चल रहा था देह व्यापार, पुलिस ने छापेमारी कर आरोपियों को दबोचा



लोकमित्र ब्यूरो

**इंदिरापुरम।** कौशांबी थाना क्षेत्र के वैशाली सैक्टर-4 शॉप्रिक्स मॉल के प्रथम तल पर स्पा सेंटर की आड़ में चल रहा देह व्यापार पर सोमवार रात पुलिस ने छापा मारा। छापे के दौरान पुलिस ने चार महिलाओं का रेस्क्यू किया। पुलिस ने मौके से महिला और दो पुरुष को गिरफ्तार किया है।

एसीपी स्वतंत्र सिंह ने बताया कि सोमवार रात इंदिरापुरम व थाना कौशांबी पुलिस टीम द्वारा सर्च एवं रेस्क्यू अभियान चलाया गया। इसी दौरान शाप्रिक्स मॉल स्थित स्पा सेंटर में चल रहे अनैतिक देह व्यापार की जानकारी मिली।

तभी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छापेमारी की। टीम को मौके से 4 महिलाएं मिलीं। इसके अलावा स्पा सेंटर की संचालिका और दो व्यक्ति भी मिले। पूछताछ में बताया कि संचालिका और दो व्यक्तियों द्वारा चारों महिलाओं से देह व्यापार कराया जा रहा है।

पुलिस ने दोनों व्यक्तियों अरुण कुमार, शशिकांत और संचालिका महिला को गिरफ्तार किया।

पुलिस को मौके से रजिस्टर, डायरी, मैन्यू कार्ड, क्यूआर कोड स्कैनर व आपत्तिजनक सामग्री मिली। पूछताछ में पता चला कि महिला संचालिका द्वारा अनैतिक कमाई करने के लालच से रेस्क्यू महिलाओं से देह व्यापार कराकर ग्राहकों से पैसे लिए जाते है। संचालिका द्वारा महिलाओं को काम दिलाने व पैसों का लालच देकर बहला फुसलाकर प्रतिदिन देह व्यापार कराया जा रहा था।

# क्षेत्र में तीन मौतों के बाद जागा प्रशासन

- तेज तर्रार थाना प्रभारी विवेक उपाध्याय व एआरटीओ की ताबड़तोड़ कार्यवाही से थर्राए वाहन स्वामी
- एआरटीओ व खमरिया पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में छः ट्रक सीज, जिला प्रशासन के निर्देश पर हुईं कार्यवाही



लोकमित्र संवाददाता

**धौरहरा-खीरी।** ओवरलोड व ओवरहाइट गन्ना/ भूसी/खोही भरें वाहनों से लगातार हो रही मौतों से आखिर कार प्रशासन नींद से जागकर पीलीभीत बस्ती हाइवे पर छः गन्ना भरे ओवरलोड ट्रको को सीज करने की कार्यवाही की गई।

जिससे वाहन स्वामियों में हड़कम्प मच गया। जिले व क्षेत्र में ओवरलोड व ओवरहाइट वाहनों में गन्ना/भूसी/खोई सहित अन्य प्रकार के वाहनों से लगातार हो रही मौतों पर रोक लगाने व शिकंजा कसने के उद्देश्य से डीएम खीरी के निर्देश पर जिला स्तरीय अफसरों संग अतिआवश्यक बैठक करते हुए तत्काल उपरोक्त तरह के वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने के दिये दिशा निर्देश जारी किए गए थे। इसी क्रम में धौरहरा क्षेत्र के ग्राम टेगनहा में ओवर लोड व ओवर हाइट वाहन गन्ना भरे ट्रक से तीन नाबालिग बच्चों की मौत व एक अन्य नाबालिग लड़की घायल हुई थी जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा गया था।

सड़कों पर ओवर लोड व ओवर हाइट वाहनों पर शिकंजा कसने के लिए बुधवार मे एआरटीओ खीरी अखिलेश द्विवेदी व तेज तर्रार खमरिया प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार उपाध्याय व अन्य पुलिस बल के साथ सड़कों पर छापा मार कार्यवाही करते हुए 6 ओवरलोड गन्ना भरे ट्रकों को सीज करने की कार्यवाही होने से वाहन चालकों में अफरातफरी मच गई।

## निघासन के सिंह सभा गुरूद्वारा से धौरहरा टापरपुरवा गुरूद्वारा पहुंची संगत



- गुरु गोविंद सिंह प्रकाश पर्व पर निकला नगर कीर्तन

लोकमित्र संवाददाता

**धौरहरा/निघासन-खीरी।** निघासन के सिंह सभा गुरूद्वारा से चलकर धौरहरा क्षेत्र के कफारा व टापरपुरवा सिंह सभा गुरूद्वारा पहुंची नगर कीर्तन संगत का जगह जगह स्वागत किया गया। नगर कीर्तन में सामिल गतका पार्टी ने अपने करतब दिखाए।

गुरु गोविंद सिंह प्रकाश पर्व महोत्सव पर निघासन के सिंह सभा गुरूद्वारा से भारी संख्या में गुरू संगत नगर कीर्तन के साथ निकाली गई। इस नगर कीर्तन का स्वागत निघासन, ढखेरवा चौराहा, रमियाबेहड़, कफारा में किया गया। इसके बाद नगर कीर्तन सिंह सभा गुरूद्वारा टापरपुरवा धौरहरा पहुंची जहां क्षेत्र के लोगों में उसका स्वागत किया। इस गुरूद्वारा में गुरु लंगर का भी आयोजन किया गया। नगर कीर्तन में सामिल गतका पार्टी ने करतब दिखाए। इस मौके पर क्षेत्र भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए 04 शातिर अन्तर्राज्य बाइक चोर गिरफ्तार

- चोरी की 12 मोटर साइकिल, 01 ई-रिक्शा, 01 सोलर प्लेट एवं 02 अवैध तमंचा व 06 जिन्दा कारसूत 12 बोर बरामद
- पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज राजेश भारती के पर्यवेक्षण में जनपद में हो रही मोटर साइकिल चोरी की घटनाओं का संज्ञान लेते

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा/कासगंज।** पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज राजेश भारती के पर्यवेक्षण में जनपद में हो रही मोटर साइकिल चोरी की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए, अभि0गण की गिरफ्तारी एवं वाहनों की बरामदगी हेतु क्षेत्राधिकारी नगर आंचल चौहान के नेतृत्व में थाना कासगंज एवं सर्विलांस, एसओजी की संयुक्त टीम का गठन किया गया । टीम द्वारा लगातार किये जा रहे प्रयासों के क्रम में बुधवार को रात्रि को चैकिंग के दौरान एटा कासगंज रोड पर बन्द पड़े ईट भट्टा के पास जंगल से 04 शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । जिनके कब्जे से 02 अवैध तमंचा व 06 जिन्दा कारतूस 12 बोर एवं अभि0गण की निशादेही पर 12 चोरी की गयी मोटर साइकिलें, 01 ई-रिक्शा, 01 सोलर प्लेट जो जंगल में छुपा कर रखी गयी थी, बरामद हुई है । बरामद मोटर साइकिलों में से तीन मोटर साइकिलें कासगंज क्षेत्र से चोरी होना एवं एक बुलट मोटर साइकिल थाना सोनिया विहार दिल्ली से चोरी होना पायी गयी है । शेष बरामद मोटर साइकिलों की जाँच एवं तस्दीक की जा रही है । पुलिस पार्टी द्वारा किये गये उक्त सराहनीय कार्य के लिए उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कृत किया जायेगा।

## छिप कर घर में रह रहा जिला बदर आरोपी गिरफ्तार

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत पश्चिमी चौकी क्षेत्र के मिश्रा कॉलोनी निवासी एक युवक,जिस पर विभिन्न आपराधिक मामलों के चलते जिला बदर की कार्यवाही की गई थी,उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी जिला बदर के आदेश का उल्लंघन करते हुए चोरी-छिपे अपने घर में रह रहा था।

मिश्रा कॉलोनी निवासी ऋषभ उपाध्याय पर कई आपराधिक मामले दर्ज थे, जिसके कारण जिला प्रशासन ने उसके खिलाफ जिला बदर की कार्यवाही की थी। जिला बदर के आदेश के बावजूद, ऋषभ अपने घर में ही रह रहा था। गंगाघाट कोतवाली पुलिस को इस बारे में मुखबिर से सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस ने ऋषभ के घर पर दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है और उसे कोर्ट में पेश किया है। यह गिरफ्तारी जिला बदर के आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने की दिशा में पुलिस की एक महत्वपूर्ण कार्रवाई है।

# जश्ने हैदर आज दुनिया में मनाया जाएगा

- कौन है मालूदे काबा ये बताया जायेगा
- जिसमे खूबसूरत सजाबट के साथ मस्जिद व इमामबाड़े को लाईटिंग से सजाया गया, देर रात केक काट कर हजरत अली मौला मुश्किल कुशा का जन्मदिन मनाया गया, और खूब आतिशबाजी की गयी

लोकमित्र संवाददाता



**मोहम्मदी-खीरी।** 13 रजब मौला मुश्किल कुशा,शेरे खुदा हजरत अली की यौमे पैदाइश के मौके पर एक महफिल का आयोजन शुक्लापुर में किया गया, जिसमे खूबसूरत सजाबट के साथ मस्जिद व इमामबाड़े को लाईटिंग से सजाया गया, देर रात केक काट कर हजरत अली मौला मुश्किल कुशा का जन्मदिन मनाया गया,और खूब आतिशबाजी की गयी,जिसमे देर रात महफिल चली,महफिल मे सभी शायरो को कमेटी ने उपहार देकर सममान किया।

महफिल की सदारत एडवोकेट मो.हसन नकवी ने की और महफिल की निजामत कमेटी अध्यक्ष मो.अब्बास नकवी ने की,महफिल की शुरुआत हजरत पैगम्बरे इस्लाम मोहम्मद साहब और उनके दामाद हजरत अली की तकरीर जमीर हसन रिजवी ने की,और लकी जैदी ने नाते पाक से महफिल की शुरुआत की,और ऐ कहा, ऐ बादे सबा उनको पैगाम सुना देना, बीमार हू उनका,लाजिम है सिफा देना महफिल मे बाहर से आऐ शायर स्वाले जैदी ने यू कहा ऐ करबोबला तेरी जन्नत है अली अकबर आएगा वही जिसको शब्बीर बुलाएंगे ने अपना कलाम पढ कर खूब वाहवाही लूटी,अफजल जैदी ने कुछ यू कहा अली का जश्न हम यू मनाते है,रजब की 13 को हम ईद मनाते है वही निजामत कर रहे अब्बास नकवी ने हजरत अली की शान मे कसीदे पढते हुऐ कहा, जश्ने हैदर आज दुनिया मे मनाया जाऐगा, कौन है मालूदे काबा ऐ बताया जायेगा। जो बनाते फिर रहे है बुगजे हैदर के महल, उनके अरमानों पे बुलडोजर चलाया जायेगा। वही सूफी कमरुद्दीन कादरी ने कहा, अली का इश्क तो मुकद्दर सवार देता है अली का बुगज चेहरे बिगाड़ देता है। महफिल की सदारत कर रहे हसन नकवी ने कुछ यू कहा,

ऐ शरफ फातमा जहरा के सिबा किसको मिला,अगद अललाह पढे और बाधे पयम्बर सेहरा

देर रात तक महफिल चली,सभी को ईनाम कमेटी की जानिव से दिया गया,कलाम पढने बालों मे जाहिद लकपेडा, मुनना जैदी, शाने अली ससिल बच्चों ने कलाम पढे, कमेटी मे अकरम रिजवी, भोला रिजवी, हसन जैदी, शवी हसन, रिजवान जैदी, बच्छन जैदी,जमन जैदी, कमाल जैदी, शाहरुख रिजवी, आलिम रजा, शकील जैदी, कुमैल नकवी, शोयव जैदी का विषेश योगदान रहाअन्त मे सदर ने सभी का धन्यवाद दिया।

## आर एस एस द्वारा अहिल्या बाई होल्कर जन्मशती समारोह का आयोजन किया गया



**बांगरमऊ,उन्नाव।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर स्थित स्वर्गीय परशुराम कटियार बालिका महाविद्यालय में आज़ अहिल्याबाई होलकर का जन्म सती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में आर एस एस के विभाग प्रचारक कौशल किशोर ने अहिल्याबाई होलकर के जीवन चरित्र पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस मौके पर आयोजित सामाजिक समरसता सहभोज में खिचड़ी परोसी गई। सहभोज में विभाग कार्यवाह सुशील, जिला कार्यवाह राम नरेश सिंह, गंगा समग्र अवध प्रांत संयोजक अवधेश बाजपेई, प्रदीप कुमार सोनी व कुशल तिवारी आदि सहित सैकड़ों स्वयं सेवक शामिल हुए।

# अवैध उगाही का चल रहा खुला खेल, पुलिस की भी भूमिका संदिग्ध

लोकमित्र ब्यूरो



**गाज़ियाबाद।** स्थानीय पार्षद ने पत्र जारी कर खुद खोला अपने पति और उसके गुर्गो की अवैध उगाही का खेल। वार्ड 18 बाग वाली कॉलोनी में अवैध उगाही मामले में पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही है पुलिस अवैध उगाहीबाजों को बचाने के चक्कर में जुटी हुई है जबकि पार्षद ने खुद पत्र जारी कर अपने पति द्वारा उपरोक्त घृणित कार्य को मेयर द्वारा दिए गए मौखिक आदेश के बाद करने की बात कुबूल की है और फिर भी कवि नगर जोनल कार्यालय द्वारा हुई जांच में सत्यता पाए जाने के बाद कवि नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए जो तहरीर दी गई उस पर 5 दिनों बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है जिस घटना के सीसीटीवी फुटेज, ऑडियो रिकॉर्डिंग और गवाह सभी मौजूद हो तो फिर भी पुलिस द्वारा प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज न होना लोकल पुलिस की संलिप्तता को दर्शाता है । इस मामले में पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही है।भ्रष्टाचार के खेल में आकंठ डूबे जेल जाने के डर से पार्षद और उसके पति रोज कर रहे नए खेल कर रहे है अब पार्षद ने कमिश्नर के नाम पर नए पत्र जारी किए जिस पर तारीख 8 अंकित है जबकि आज 15 तारीख को पत्र जारी किया जा रहा है और अवैध उगाही बाजो के खिलाफ जनकल्याण समिति के अध्यक्ष जयकिशन ने नगर निगम में शिकायत 8 तारीख को दी थी जो की अज्ञात लोगों के खिलाफ वसूली करने की थी जिसकी जांच कवि नगर जोन कार्यालय द्वारा की गई जांच में सत्य पाया गया और जोनल प्रभारी द्वारा कविनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करने को तहरीर दी थी उसके बाद खुद पार्षद पति अपने लोगों को बचाने के लिए मेयर महोदय का नाम लेकर जब पूरी तरह फस गया तो उसे अनजाने में उसकी संलिप्तता को साबित करने के लिए रोज नए-नए झूठे सबूत पेश कर रहा हैं यह नया पत्र भी उसी का एक प्रमाण भर है। जब पार्षद ने 8 तारीख को ये पत्र जारी कर दिया था तो 8 दिन बाद अभी तक थाने या डीसीपी कार्यालय में ये क्यों नहीं दिया गया यदि दिया गया तो जोनल कार्यालय और पार्षद द्वारा तहरीर दिए जाने के बावजूद पुलिस द्वारा अभी तक अवैध उगाही बाजों के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं की गई यह झूठा पत्र तो पुलिस को कठघरे में खड़ा कर रहा है अत्याचार होगी कड़ी कार्रवाई या नहीं।

संक्षिप्त खबरें

## भाकियू राष्ट्रीय प्रवक्ता का पंचशील होटल मे संगठन पदाधिकारियों ने किया जोरदार स्वागत

**अयोध्या** ।भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिले के संगठन मे चल रहे दरार व गुटबंदी का उपचार किसान महाकुम्भ प्रयागराज मे 16 जनवरी से 18 जनवरी तक होने वाले तीन दिवसीय संगठन के राष्ट्रीय शिविर मे होने क़ी प्रबल संभावना है 7 बुधवार को एक निजी कार्यक्रम मे जाने को रास्ते मे कुछ देर के लिये पंचशील होटल मे संगठन के जिम्मेदार पदाधिकारियों के साथ रुके भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत व प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा रुके थे 7 इस दौरान उनका जिले कि महिला बिंग क़ी जिलाध्यक्ष सुमन पाण्डेय के नेतृत्व मे फूल मला प्रतीक चिन्ह तथा पगड़ी पहना क़र जोरदार स्वागत किया गया 7 इस मौके पर प्रदेश सचिव श्रीराम वर्मा, दिनेश दूबे, युवा जिलाध्यक्ष राम जनम यादव, डा0 रामजनम वर्मा, महासचिव हजारीलाल चौरसिया, रामजीत पाण्डेय, प्रीति पाण्डेय, अमरनाथ मौजूद रहे 7 राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा के साथ जिले के पदाधिकारियों क़ी अलग बैठक कराकर उनकी नब्ज टटोली 7 संगठन मे एक जिम्मेदार पदाधिकारी के कार्य व्यवहार को लेकर पदाधिकारी नाराज दिखे 7 काफ़ी मंथन के बाद इसका उपचार प्रयागराज किसान कुम्भ मे राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत व प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा ने करने का भरोसा दिया 7 ऐसे मे जिले के संगठन मे बड़ा उलटफेर होने क़ी संभावना है 7 मंगलवार देर साय जिले मे पहुँचे राष्ट्रीय प्रवक्ता व उनकी टीम को गोपनीय स्थान पर रक्खा गया था जिसकी निगरानी प्रशासन स्वयं क़र रहा था 7 बताया गया कि रामगनेश मौर्य क़ी बेटी क़ी होने वाली 17 जनवरी क़ी प्रस्तावित शादी के एक दिन पहले वो उनके घर जाने को जिले मे पहुँचे थे जो देर सायं प्रयागराज किसान कुंभ राष्ट्रीय शिविर मे शामिल होने प्रस्थान क़र जायेगे ।

## कुंभ स्नान में आने जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का सबब बनी

**गोसाईगंज -अयोध्या।**महाकुंभ स्नान में शामिल होने के लिए यात्रियों को आने जाने में असुविधाओं का सामना न करना पड़े इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने पूरे प्रदेश से प्रयागराज तक आवागमन करने के लिए बसों का रेला लगा दिया है।बावजूद अकबरपुर में तैनात एआरएम कुवर हरिओम श्रीवास्तव शासन के इस दिशा निर्देश की अवहेलना कर आए दिन महबूबगंज (श्रृंगीऋषि) से प्रयागराज तक जाने वाली बस को बाधित करने में लगे रहते हैं। महबूबगंज(श्रृंगीऋषि)से प्रयागराज तक जाने वाली निगम की बस बंद कर यात्रियों को परेशान करने की नियत से बस संचालन बिना किसी पूर्व सूचना के बंद कर यात्रियों को परेशान करते रहते हैं।मालूम हो कि तीन माह पूर्व गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद तथा श्री सीताराम जी विराजमान मंदिर सेवा ट्रस्ट कस्बा दिलासीगंज की सदस्य श्रीमती आरती जायसवाल ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस संपर्क मार्ग पर निगम की बस चलवाया था। जिसका उद्घाटन सभासद श्री मती आरती जायसवाल तथा व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय पराग,केन्द्रीय दुर्गा पूजा समिति के नगर अध्यक्ष हेमंत कसौधन, समाजसेवी हनुमान सोनी,बजरंग समिति अध्यक्ष अशोक मोदनवाल तथा पूर्व चेयरमैन रमेश चंद्र कसौधन के अनुज उमेश कसौधन,नगर पंचायत के सभी सदस्यों सहित तत्समय अकबरपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री सी0 बी0 राम की मौजूदगी में गोसाईगंज विधायक अभय सिंह ने बस को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया था।महीनो तक बस अपने निर्धारित समय पर आती जाती रही। नित्य सवारियों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने के कारण इस बस की डिमांड भी होने लगी।लेकिन इधर कुछ दिनों से अकबरपुर में तैनात एआरएम कुंवर हरिओम श्रीवास्तव की काली छाया इस बस पर पड़ गई।और यह उनके मनमानी कि शिकार हो गई।अकबरपुर डिपो पर तैनात एआरएम हरिओम श्रीवास्तव के इस गैर जिम्मेदाराना रवैए की शिकायत सभासद श्रीमती जायसवाल ने मुख्यमंत्री,परिवहन मंत्री से करने की बात कही है।

## साप्ताहिक बंदी का पालन नहीं, दुकानों पर काम करने वाले श्रमिकों का हो रहा शोषण

**गोसाईगंज -अयोध्या-** नगर में साप्ताहिक बंदी का दिन शुक्रवार तय किया गया है, लेकिन इसके बावजूद नगर में 90त्न बाजार खुले रहते हैं। इससे न केवल दुकानों पर काम करने वाले कर्मचारियों का शोषण हो रहा है, बल्कि श्रम नियमों का भी खुलेआम उल्लंघन हो रहा है।शुक्रवार को नगर का गोसाईगंज बाजार पूरी तरह से गुलजार रहा। यहां पर एक-दो दुकानों के ही शटर गिरे मिले, लेकिन बाकी दुकानें खुली रहती है। कई दुकानदारों ने तो पूरा सामान बाहर सजाये रखते हैं। हालांकि कुछ दुकानदारों ने यह माना कि उन्हें विभाग के अफसरों का डर लगा रहता है, लेकिन फिर भी दुकान खुली रहती है।शुक्रवार को बंदी दिवस का पालन न होने से श्रमिकों को साप्ताहिक अवकाश नहीं मिल पाता है। इसके अलावा, इस दिन काम करने के बदले उन्हें अतिरिक्त रुपये भी नहीं दिए जाते। इससे उनकी मेहनत का सही मूल्य नहीं मिल रहा और वे आर्थिक रूप से पिछड़ रहे हैं नगर में इक्का-दुक्का दुकानों को छोड़कर सभी दुकानदार अपने व्यवसाय में व्यस्त रहते है। इस अव्यवस्था से न केवल कर्मचारियों का शोषण हो रहा है, बल्कि यह श्रम कानूनों के भी खिलाफ है।

स्थानीय नागरिकों का मानना है कि यदि इस नियम का सख्ती से पालन किया जाए तो श्रमिकों को उनका हक मिलेगा और बाजारों में भी अनुशासन रहेगा। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और साप्ताहिक बंदी का पालन सुनिश्चित करने के लिए क्या कार्रवाई करता है।

## खेलों से बढ़ती है एकजुटता-बाबा राम लखन

**अयोध्या।** विकासखंड मिल्कीपुर के ग्राम गोहन्ना कानूनगो में बुधवार को मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी चन्द्रभान पासवान के पिता बाबा राम लखन ने क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेलों से समाज में एकजुटता बढ़ती है,अच्छे स्वास्थ्य के लिए खेल जरूरी है इसलिए भाजपा सरकार खेल और खिलाड़ियों के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है,सरकार प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता एवं खेलो इंडिया जैसी खेल कार्यक्रम चला कर ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं अवसर देकर आगे बढ़ा रही है।उन्होंने गोहन्ना प्रीमियर लीग खेल प्रतियोगिता का फीता काट कर शुभारंभ किया और प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें प्रतिभाग कर रही है। पहले मैच में बारुन बाजार ने पाठक का पुरवा को 8 विकेट से हराया। मैच में पहले बल्लेबाजी करने आई पाठक का पुरवा ने आठ ओवरों में 9 विकेट खोकर 64 रन बनाए जिसके भी जवाब में बारुन बाजार ने दो विकेट खोकर 65 रन बनाते हुए मुकाबला आसानी से जीत लिया। दूसरा मैच पुरैनी और बरगदिहा के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बरगदिहा ने 7 विकेट खोकर 78 रन बनाए। जिसके जवाब में पुरैनी ने 6 विकेट खोकर 79 रन बनाते हुए मुकाबला 4 विकेट जीत लिया।मैच के अन्त में उम्मीद किरण सेवा संस्थान के अध्यक्ष समाजसेवी लाल चन्द्र चौरसिया ने आलराउंडर रमन ओझा को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। इस मौके पर आशुतोष चौरसिया,मो नफीस, मनोज चौरसिया, मो जुनैद, रितेश मौर्य,जगराम चौरसिया,अमन कोरी, शिवम कसौंधन,राहुल जायसवाल,कृष्ण कुमार यादव, अंकित गोस्वामी,जितेंद्र कुमार शर्मा,अंकित राज दुबे, मनोज सिंह समेत बड़ी संख्या खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## मकर संक्रांति पर्व पर खिचड़ी भोज का किया भंडारा

**अयोध्या।**पब्लिक सेवा संस्थान के अंतर्गत आज मकर संक्रांति के दिन खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। रायबरेली रोड स्थित भगवान श्री शिव दुर्गा हनुमान मंदिर रायबरेली रोड के समीप इस भंडारे का आयोजन भव्य रूप से किया गया जिसमें भक्तगण बढ़-चढ़कर सम्मिलित हुए, पब्लिक सेवा संस्थान के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव ने इसका आयोजन भव्य रूप से किया जिसमें मुख्य रूप से भक्तगण भारी संख्या में सम्मिलित हुए। इस भंडारे का आयोजन नव वर्ष से सप्ताह में 2 दिन प्रसाद का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुख्य रूप से मंगलवार और शनिवार के दिन श्री शिव दुर्गा हनुमान मंदिर के समीप इसका आयोजन होना आ रहा है मंगलवार के दिन हलवे का प्रसाद और शनिवार के दिन खिचड़ी भोग का प्रसाद मुख्य रूप से होता आ रहा है ।

# सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद ने किया नामांकन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव के लिए समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजीत प्रसाद ने अपने आवास सहादतगंज से निकलकर नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ कचहरी में नामांकन किया । इस दौरान उनके साथ समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव पूर्व मंत्री व सांसद अवधेश प्रसाद, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव पूर्व विधायक जयशंकर पांडे बीकापुर प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रुश्दी मियां पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव समेत तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद थे। नामांकन के पश्चात दोपहर में विकासखंड अमानीगंज के ग्राम सभा बकौली में एक जनसभा का भी आयोजन किया गया । जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर मिल्कीपुर उपचुनाव जीतने का मंत्र दिया गया । पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने कहा कि पूरे प्रदेश में युवा किसान महिलाएं और आमजन बेहद परेशान है महंगाई ने लोगों का जीना हराम कर दिया है ऐसे में प्रदेश सरकार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए मिल्कीपुर उपचुनाव से बेहतर कोई और मौका नहीं हो सकता । इस चुनाव को समाजवादी पार्टी जीतकर सरकार को मुंहतोड़ जवाब देगी। जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने इस मौके पर कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ मिल्कीपुर उपचुनाव में लगे हुए हैं इस बार का यह चुनाव समाजवादी पार्टी को जीतना तय है ।

पार्टी प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि आज बेहद सादगी के साथ समाजवादी पार्टी के मिल्कीपुर विधानसभा के प्रत्याशी अजीत प्रसाद ने अपना पर्चा दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### विधानसभा उप निर्वाचन 2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी

**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र 273 (अ0जा0) के उप निर्वाचन 2025 के तहत नामांकन प्रक्रिया 10 जनवरी 2025 से शुरू हुई। रिटर्निंग ऑफिसर और उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर ने बताया कि आज, 15 जनवरी 2025 तक दो प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। इनमें समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजीत प्रसाद ने दो सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया, जबकि मौलिक अधिकार पार्टी के प्रत्याशी ने एक सेट में नामांकन पत्र जमा किया। इसके अतिरिक्त, दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी नामांकन प्रक्रिया के तहत एक-एक सेट में नामांकन पत्र लिया। नामांकन की प्रक्रिया 17 जनवरी 2025 तक जारी रहेगी, जो अंतिम तिथि है। निर्वाचन की तैयारियाँ पूरी तरह से तेज हो चुकी हैं और क्षेत्र में चुनावी माहौल बन चुका है।चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत नामांकन की प्रक्रिया पारदर्शिता से पूरी की जा रही है, ताकि सभी राजनीतिक दलों और निर्दलीय प्रत्याशियों को समान अवसर मिल सके।

## मकर संक्रांति पर्व पर मनरेगा श्रमिकों को सरयू स्नान,हनुमानगढ़ी सहित रामलला का कराया दर्शन- अमरदीप गौड़

**अयोध्या** ग्राम रोज़गार सेवक संघ अयोध्या के जिला अध्यक्ष अमरदीप गौड़ ने ग्राम पंचायत रसूलाबाद के मनरेगा श्रमिकों को पतित पावनी माँ गंगा मे सरयू स्नान,हनुमानगढ़ी व दिव्य व भव्य प्रभू श्री राम मंदिर मे बिराजमान राम लला का दर्शन कराया । ज़िलाध्यक्ष अममरदीप गौड़ ने बताया कि मनरेगा श्रमिको ने इच्छा जताई की सरयू स्नान व मन्दिर का दर्शन करवा दीजिए जिस पर तुरंत ही अपने नेतृत्व मे अयोध्या ले जाकर दर्शन पूजन कराया व मनरेगा में कार्यरत ग्राम रोज़गार सेवकों ,मनरेगा कार्मिको को सूबे के मुख्यमंत्री मा. योगी आदित्य नाथ जी द्वारा किये जा रहे 8 लाख कार्मिको मे ग्राम रोज़गार सेवकों सहित मनरेगा कार्मिको को भी सम्मिलित कराने व विनियमतिकरण करने की कामना की । दर्शनार्थियों में गुड़िया ,मायादेवी दिव्या गंगाजली, विमला, राजकुमारी, सुमित्रा, अर्चना, शीला,सुनरा, आदि।

## मिल्कीपुर उपचुनाव- सूरज चौधरी की उम्मीदवारी ने बढ़ाई सियासी गर्मी

**▶▶सूरज चौधरी की उम्मीदवारी से बदला समीकरण**



**अयोध्या** जिले की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव ने राजनीति का पारा चढ़ा दिया है। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने अपने उम्मीदवार के रूप में संतोष कुमार (सूरज चौधरी) का नाम घोषित कर सबको चौंका दिया है। कभी समाजवादी पार्टी के करीबी रहे सूरज चौधरी अब आजाद समाज पार्टी के टिकट पर मैदान में हैं, जिससे इस चुनाव का समीकरण बदलता नजर आ रहा है।सूरज चौधरी समाजवादी पार्टी के अहम चेहरों में से एक रह चुके हैं और सपा नेता अवधेश प्रसाद के करीबी माने जाते थे। लेकिन हाल ही में उन्होंने 500 समर्थकों के साथ सपा छोड़कर भीम आर्मी का दामन थाम लिया। अब वह आजाद समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। सूरज चौधरी का कहना है कि वह युवाओं और दलित समुदाय की आवाज को बुलंद करेंगे। उनकी उम्मीदवारी ने समाजवादी पार्टी और भाजपा के लिए चुनौती बढ़ा दी है। दोनों ही दल इस चुनाव को जीतने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। सूरज चौधरी के मैदान में उतरने से चुनाव त्रिकोणीय हो गया है। तीनों प्रमुख उम्मीदवार पासी समुदाय से हैं, जिससे इस चुनाव में जातिगत समीकरण भी अहम हो गया है। आजाद समाज पार्टी ने दलित और युवा मतदाताओं को रिझाने के लिए आक्रामक प्रचार शुरू कर दिया है। पार्टी का फोकस उन मुद्दों पर है, जो दलित और पिछड़े वर्गों को सीधा प्रभावित करते हैं।5 फरवरी को मतदान के बाद जनता का फैसला 10 फरवरी को सामने आएगा। इस उपचुनाव में हर पार्टी के लिए अपनी ताकत साबित करना अहम है।सूरज चौधरी की एंट्री ने न सिर्फ मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है, बल्कि सपा और भाजपा को अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर कर दिया है। अब देखना यह है कि मिल्कीपुर की जनता किसे अपना नेता चुनती है।

## मिल्कीपुर विधानसभा में नामांकन सभा को सम्बोधित करेंगे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

गुरूवार को मिल्कीपुर पेट्रोल पम्प के बगल 10 बजे से होगी नामांकन सभा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर भाजपा नामांकन सभा का आयोजन करेगी। गुरुवार को प्रातः दस बजे विधानसभा क्षेत्र के मिल्कीपुर पेट्रोल पम्प के बगल मैदान में सभा को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी सम्बोधित करेंगे। प्रदेश सरकार के सात मंत्रियों की नामांकन सभा में मौजूदगी रहेगी।

मिल्कीपुर के भाजपा प्रत्याशी चन्द्रभानु पासवान के गुरुवार को होने वाले नामांकन को लेकर भाजपा ने तैयारियां पूरी कर ली है। नामांकन सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। विधानसभा के हर क्षेत्र व बाजारों से लोगों को सभा के लिए आमंत्रित किया गया है। चुनाव संचालन समिति ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। लगातार पार्टी के पदाधिकारी बैठकें करके चुनाव को लेकर रणनीति बना रहे है। जिले के पदाधिकारियों को चुनाव को लेकर विशेष जिम्मेदारियां सौपी गई है।

जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने बताया कि नामांकन सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। चुनाव को लेकर जनता इस बार भाजपा के प्रति उत्साहित नजर आ रही है। बूथ स्तर पर पदाधिकारियों सम्पर्क व संवाद शुरु कर दिया है। छोटे-छोटे ग्रुपों में पदाधिकारी बैठकें करके चुनाव की समीक्षा कर रहे है। जिला मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि 10 बजे नामांकन सभा शुरु हो जाएगी। सभा की व्यवस्थाओं के लिए कार्यकर्ताओं की टीम को लगाया गया है। सभा के दौरान प्रदेश सरकार के मंत्रियों में स्वतंत्रदेव सिंह, सूर्य प्रताप शाही, जेपीएस राठौर, गिरीश चन्द्र यादव, मयंकेश्वर शरण सिंह, दयाशंकर मिश्र दयालु, सतीश शर्मा के साथ में एमएलसी अवनीश पटेल, पुष्पेन्द्र पासी सहित जिले के जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

## खिचड़ी भोज आपसी भाईचारे का प्रतीक -भगवान बक्श सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**
**पूरा बाजार -अयोध्या** ।भारतीय क्षत्रिय समाज अयोध्या के तत्वाधान में श्री हरि प्रतिष्ठान के सभागार में खिचड़ी भोज के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि स्टेट बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भगवान बक्श सिंह ने कहा कि खिचड़ी हमारा परंपरागत त्यौहार है जो आज भी पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है इस अवसर पर आयोजित खिचड़ी भोज आपसी भाईचारा का प्रतीक है विशिष्ठ अतिथि भारतीय क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य छेदी सिंह ने कहा कि समाज को शिक्षित कर अपना स्थान बनाएं जिससे समाज में हम लोगों का गौरव कायम रह सके विशिष्ठ अतिथि भारतीय क्षत्रिय समाज के जिला अध्यक्ष वअवध विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर डॉ एम पी सिंह ने कहा कि क्षत्रिय अपने धर्म रक्षा का पालन करते हुए समाज में अपने गौरव को कायम रखें तथा आपसी विवाद को पंचायत के माध्यम से हल करें कार्यक्रम का आयोजन देव बक्श सिंह शिव बक्श सिंह व अमरजीत सिंह ने किया तथा संचालन भारतीय क्षत्रिय समाज के विधानसभा अध्यक्ष लाल साहब सिंह ने किया। इस अवसर पर सूर्यवंश क्षत्रियो के अध्यक्ष गुरु प्रसाद सिंह अनिल कुमार सिंह भानु प्रताप सिंह राजेंद्र सिंह डॉ शिव बक्श सिंह सुरेंद्र सिंह डॉ पंकज सिंह चक्रवर्ती सिंह क्षत्रिय बोर्डिंग हाउस के अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार रामकुमार सिंह सुर्यकेश सिंह देवनारायण सिंह रणधीर सिंह लाला प्रधानाचार्य अविचल सिंह पूर्व प्रधानाचार्य शीतला प्रसाद सिंह सहित दो दर्जन लोगों ने अपने विचार व्यक्त किया डॉ तेज बहादुर सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया

## मकर संक्रांति पर विशाल खिचड़ी भोज का हुआ आयोजन

मकर संक्रांति की खुशी को साझा करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम-डॉ. एसपी शुक्ला




**लोकमित्र ब्यूरो**
**अयोध्या।** मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर शहर के राम अंजोर साहिब बंदगी के निकट जानकी हॉस्पिटल, नाका बाईपास अयोध्या में एक विशाल खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन का मुख्य उद्देश्य मकर संक्रांति के अवसर पर समाज के सभी वर्गों को एकजुट करना और समाजिक समरसता को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम की शुरुआत उत्तर प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या के मुख्य सुरक्षा अधिकारी आनन्द त्रिपाठी द्वारा की गई। डॉ. एसपी शुक्ला, जो कि डॉ. लोहिया महिला पीजी कॉलेज कुचेरा के प्राचार्य हैं, ने बताया कि इस आयोजन में विशाल भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ दूर-दूर से लोग भी शामिल हुए समाज के विभिन्न वर्गो के लोगों ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खिचड़ी भोज का आनंद लिया, जो मकर संक्रांति की खुशी को साझा करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बना। इस अवसर पर शहर के नागरिकों में उल्लास और भाईचारे की भावना दिखाई दी।

खिचड़ी भोज में बड़ी संख्या में लोगों ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया और मकर संक्रांति का आनंद लिया। आयोजन में भंडारे के सह-संयोजकों के रूप में लालमणि यादव, सतीश कुमार पाण्डेय, टिंकू शुक्ला, राजेश पाठक, झब्बर यादव, रवीन्द्र यादव, लव कुमार मिश्र, रिंकू यादव सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## एमओयू के माध्यम से हम किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में मदद करेंगेप्राणेश कुमार

इंडियन बैंक और श्वेतधारा डेयरी की साझेदारी से किसानों को मिलेगा बड़ा लाभ




**लोकमित्र ब्यूरो**
**अयोध्या।** अयोध्या में इंडियन बैंक और श्वेतधारा डेयरी ने किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत, इंडियन बैंक श्वेतधारा डेयरी से दूध बेचने वाले किसानों को बिना किसी संपार्श्विक के डिजिटल माध्यम से 2 लाख रुपये तक का कृषि ऋण (किसान क्रेडिट कार्ड) प्रदान करेगा। इस पहल से किसानों को वित्तीय सहायता मिल सकेगी, जिससे उनका आर्थिक विकास संभव होगा और कृषि कार्यों में सुधार होगा।

### समझौते की मुख्य बातें

इस समझौते में इंडियन बैंक की लखनऊ अंचल प्रबंधक प्राणेश कुमार और श्वेतधारा अयोध्या के मुख्य कार्यकारी रोहित कुमार ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर इंडियन बैंक के मुख्य महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता, गोंडा अंचल के प्रबंधक हेमंत मिश्रा, बहराइच जोन के मुख्य प्रबंधक अतीश श्रीवास्तव और श्वेतधारा अयोध्या के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

### किसानों को मिलेगा बड़ा फायदा

इस नए समझौते से किसानों को कई फायदे प्राप्त होंगे, जिनमें प्रमुख हैं- आसानी से ऋण- अब किसानों को बैंक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वे डिजिटल माध्यम से घर बैठे आसानी से कृषि ऋण प्राप्त कर सकेंगे।

बिना संपार्श्विक ऋण- किसानों को ऋण लेने के लिए किसी संपत्ति को गिरवी रखने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे उन्हें आर्थिक दबाव से राहत मिलेगी।दूध उत्पादन में वृद्धि- इस ऋण की राशि से किसान अपने पशुओं की बेहतर देखभाल कर सकेंगे, जिससे दूध उत्पादन में वृद्धि होगी।आर्थिक स्थिति में सुधार- ऋण मिलने से किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, जिससे वे कृषि कार्यों में और बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

### इंडियन बैंक और श्वेतधारा का समर्पण

इंडियन बैंक के लखनऊ अंचल प्रबंधक प्राणेश कुमार ने कहा, ÷उत्तर प्रदेश में तेजी से हो रहे विकास में हमारा भी योगदान है। इस एमओयू के जरिए हम किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में मदद करेंगे।÷ वहीं, श्वेतधारा डेयरी के मुख्य कार्यकारी रोहित कुमार ने कहा, ÷हम किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस समझौते से किसानों को अधिक लाभ मिलेगा, जिससे वे अधिक दूध का उत्पादन कर सकेंगे।इंडियन बैंक की विस्तार योजनाएं-इंडियन बैंक की उत्तर प्रदेश में 1081 शाखाएं, 536 एटीएम और 4343 बीसी लोकेशन हैं, जिससे बैंक अपनी सेवाओं को और अधिक सुलभ बना रहा है। बैंक डिजिटल उत्पादों का विकास कर रहा है, ताकि ग्राहकों को बेहतर और तेज़ सेवाएं मिल सकें।इंडियन बैंक के मुख्य महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता ने इस एमओयू की सफलता की कामना की और किसानों से अपील की कि वे इस योजना का लाभ उठाएं, जिससे उनका आर्थिक और सामाजिक स्तर बेहतर हो सके। साझेदारी किसानों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिससे वे अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते हैं और कृषि क्षेत्र में प्रगति कर सकते हैं।

## पूर्व मंत्री ने कंबल वितरण कर मनाया सांसद डिंपल यादव का जन्मदिन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**अयोध्या** । पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने सांसद डिंपल यादव के जन्मदिन के शुभ अवसर पर अपने कृष्णापुर निवास पर महिलाओं को कम्बल वितरण कर मनाया जन्मदिन, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि समाजवादी पार्टी सरकार में कन्या विद्याधन सहित महिलाओं को सुरक्षित महसूस कराने के लिए 1090 महिलाओं की हेल्पलाइन की शुरुआत 2012 में की गई थी, ताकि महिलाएं सुरक्षित रहे, आज भारतीय जनता पार्टी ने अखिलेश यादव द्वारा चलाई सभी योजनाएं बंद कर दी है , 2027 में जनता अखिलेश यादव की सरकार बनाने का मन बना चुकी है इसका शुभारंभ मिल्कीपुर चुनाव जीतकर समाजवादी करेगी महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया,इस मौके पर जिला अध्यक्ष पारस नाथ यादव विधानसभा अध्यक्ष रक्षाराम यादव शमशेर यादव शिवबरन यादव गोपी वर्मा राजेश कोरी ,प्रधान ऊदल आशीष वर्मा ,प्रधान रमन लाल, प्रधान गयादीन यादव शैलेन्द्र तिवारी ,प्रधान लल्लन पासवान हरिराम वर्मा सुरेन्द्र,वंशराज चोरसिया,अजय रावत अज्जू ,धीरज बीडीसी दीपक कोरी प्रधान अनिल तिवारी चुनूं, प्रधान विनोद मिश्रा, पवन तिवारी पिंटू,पंकज पांडे पारिजात तिवारी पंकज शर्मा, इत्यादि लोग मौजूद थे।

## राम की सेवा ही मेरे लिए सबसे बड़ा धन है- विधायक वेद प्रकाश गुप्ता



**लोकमित्र ब्यूरो**
**अयोध्या।** विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने नव वर्ष एवं मकर संक्रांति के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के विशिष्ट जन पत्रकारों एवं समाज के वरिष्ठ लोगों के साथ अपने विद्यालय जयपुरिया पब्लिक स्कूल में सह भोज आयोजित किया इस अवसर पर आज तक के वरिष्ठ पत्रकार बनवीर सिंह के दिवंगत होने पर एक शोक सभा का भी आयोजन कर उनके आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट मौन रहकर ईश्वर से प्रार्थना किया। कार्यक्रम मे पत्रकार प्रदीप पाठक जयप्रकाश गुप्ता डॉ आनंद गोपाल सिंह समीर शाही राजेन्द्र कुमार दुबे (राजू)अजय श्रीवास्तव अज्जू राकेश तिवारी कुशल मिश्र आकाश कुमार संजीव आजाद सुबोध श्रीवास्तव सीएम श्रीवास्तव अमिताभ श्रीवास्तव आकाश सोनी सैकड़ो की संख्या में इस अवसर पर विधायक रुदौली रामचंद्र यादव विधायक अमित सिंह व्यापारी नेता चंद्र प्रकाश गुप्ता भाजपा नेता धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू अभय सिंह आदि विशिष्ट उपस्थित है। इस अवसर पर भाजपा विधायक ने पत्रकारों को सम्मानित किया विधायक ने इस अवसर पर भगवान राम की नगरी में बन रहे भव्य रामलला के मंदिर के प्रशंसा की और इसके लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद दिया

# नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 5721 छात्र होंगे शामिल

## जिले के 13 केंद्र पर आयोजित होगी नवोदय प्रवेश परीक्षा

### 18 जनवरी को 11:00 बजे से होगी परीक्षा




**बलरामपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय की छठवीं शिक्षा की प्रवेश परीक्षा जिले के 13 केंद्रों पर होगी। यह सभी केंद्र विकासखंड मुख्यालय पर संचालित इंटर कॉलेज बनाए गए हैं। प्रवेश परीक्षा में 5721 छात्र पंजीकृत हैं। जो 18 जनवरी को आयोजित जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा 2025 में शामिल होंगे।

जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 के लिए जिले में 13 केंद्र बनाए गए हैं इनमें हरैया सतघरवा विकासखंड के मोहनलाल रामलाल इंटर कॉलेज केंद्र पर 504 ,राम शंकर भारती इंटर कॉलेज मथुरा बाजार केंद्र पर 792 ,पन्नालाल सरावगी किसान बालिका इंटर कॉलेज बजर डीह 497 छात्र परीक्षा देंगे। बलरामपुर विकासखंड मुख्यालय पर डीएवी इंटर कॉलेज में 792 ,एमपीपी इंटर कॉलेज में 816, बालिका इंटर कॉलेज 495 एवं विकासखंड गैसडी राजकीय इंटर कॉलेज केंद्र पर 771 ,तुलसीपुर ब्लॉक के स्वतंत्र भारत इंटर कॉलेज में 256 , पचपेड़वा विकासखंड के लोकमान्य तिलक इंटर कॉलेज में 254 ,श्री दत्त गंज विकासखंड के सरदार वल्लभभाई पटेल इंटर कॉलेज में 133 ,परीक्षार्थी परीक्षा देंगे इसी क्रम में उतरौला विकासखंड के मोहम्मद यूसुफ उस्मानी इंटर कॉलेज में 216 ,गंडास बुजुर्ग विकासखंड के रामदीन बुधराम कृषक इंटर कॉलेज हुसैनाबाद केंद्र पर 220 ,एवं रेहरा बाजार विकासखंड के एजी हाशमी इंटर कॉलेज सादुल्लाह नगर में 275 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।जिले के 13 केंद्र पर 5721 परीक्षाथी परीक्षा के लिए पंजीकृत है। इन सभी छात्रों को 18 जनवरी को 11ः00 बजे से परीक्षा में शामिल होना है। परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थी को आधे घंटे पहले पहुंचना होगा।प्रवेश पत्र ,पेन के अतिरिक्त कोई भी इलेक्ट्रॉनिक सामग्री नहीं ले जानी है। परीक्षा जिलाधिकारी के निर्देशन में निर्धारित प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में संपन्न होगी।

### जिम्मेदार के बोल

जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रधानाचार्य गीता मिश्रा की माने तो जिलाधिकारी के निर्देशन में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 आगामी 18 जनवरी को जिले के 13 केंद्र पर आयोजित होगी ।परीक्षा में 5721 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। सभी केंद्र पर परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। छात्रों के सुविधा अनुसार उनके ब्लॉक पर ही बने केंद्र पर परीक्षा देने की सुविधा दी गई।

### बिना पहचान पत्र के छात्र को नहीं मिलेगी एंट्री

जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं को प्रवेश द्वार पर आधार कार्ड अथवा विद्यालय से बना हुआ पहचान पत्र जिसमें फोटो स्पष्ट हो साथ ले जाना होगा बिना पहचान पत्र के छात्रों को प्रवेश परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जाएगा।

# बाइक ट्रैक्टर ट्राली से भिड़ी, युवक की मौत

बांदा। तेज रफ्तार बाइक आनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। इसमे सवार एक युवक की मौत हो गई। तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।बिंसडा थाना क्षेत्र के सिंहपुर गांव निवासी 32 वर्षीय दिनेश पुत्र रामगरीब अपने 27 वर्षीय चाचा बलवान, 25 वर्षीय फुफेरे भाई पप्पू पुत्र सुकुरूवा, बलवान का 14 वर्षीय भांजा करन, के साथ बहन गुडडन को खिचड़ी देने बबेरू के पतवन गांव गए थे। चारो लोग सोमवार की शाम एक ही बाइक में बैठ कर वापस गांव जा रहे थे। तभी बदौसा थाना क्षेत्र के उतरवां गांव के पास बाइक आनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। जिससे सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद दिनेश को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन

**सुलतानपुर।** कटका महोत्सव 2025 का अयोजन ए के शिक्षा निकेतन अंगनाकोल में कटका क्लब सामाजिक संस्था व देवा पब्लिकेशन के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ विद्या की देवी मां सरस्वती के पूजन अर्चन से हुआ।

कार्यक्रम में मुख्याथिति जिला पंचायत सदस्य अजय चतुर्वेदी नंदन ने बताया कि कटका क्लब सामाजिक संस्था अपने सामाजिक कार्यों के चलते जिला में निरंतर चर्चा का विषय बनी रहती है आने वाली पीढियां और समाज के प्रति प्रेरणा की स्तोत्र है । पढ़ाई के साथ-साथ खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आयोजनों से बच्चों के अंदर प्रतिभा का निखार होता है। जिसके फलस्वरूप उनकी प्रतिभा निखर कर बाहर आती है। शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष शीतला प्रसाद पांडेय ने बताया कि युवा साथी अपना लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ें। सफलता उनके कदम चूमेगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों को आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा विनम्र ने बच्चों को उन्नत शिक्षा मिले, बिना शिक्षा के



वह कुछ नहीं कर पायेंगे। इसलिए समाज के हर सम्पन्न व्यक्ति को शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आगे आना होगा। तभी इस देश का भविष्य शिक्षित समाज के हाथों में सुरक्षित रहेगा। कार्यक्रम का संचालन और प्रस्तुतीकरण रविदीप म्यूजिकल ग्रुप ने किया। देव पब्लिकेशन के डायरेक्टर डी एस जायसवाल ने आए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया । अवधनामा रत्न सम्मान 2025 से 21 लोगों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपस्थित सुलतानपुर विधायक प्रतिनिधि पवन सिंह, इंजी.रूपेश सिंह, शैलेंद्र सिंह प्रधान सरवन, राम अचल यादव प्रधान, रमेश दुबे विभाग मंत्री विहिप, बृजेंद्र मिश्रा,संदीप मिश्रा, रवि प्रजापति, लाल जी तिवारी, डॉक्टर अनुप मिश्र, नरेंद्र कुमार मिश्र, अर्जुन पाल, हरी गोविंद पांडेय, आदि लोग उपस्थित रहे।

# वाहनों की जांच-पड़ताल में सैकडों के काटे गए चालन

**सुल्तानपुर।** पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर यातायात पुलिस ने जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्र में वाहन व चालको की सघन जांच-पड़ताल की जा रही है। 11जनवरी से यातायात पुलिस, उप संभागीय विभाग संयुक्त रूप से अभियान चलाकर हेल्मेट, लाइंसेंस, सीटबेल्ट, काली फिल्म व कागजात जांचे जा रहे है। जांच में आवश्यक दस्तावेज ना दिखाने पर कार्रवाई के साथ ही चालान काटे गए। यातायात निरीक्षक राम निरंजन, उप निरीक्षक काज़ी हुजूर आलम, मुख्य आरक्षी अरविंद कुमार यादव व दर्जनों होमगार्ड/पीआरडी के जवानों ने रोडवेज स्थित वाहन चेकिंग लगाकर सैकड़ो वाहनों की जांच की। अनियमित चलने वालों का चालान काटा गया, यातायात निरीक्षक राम निरंजन ने बताया कि 10जनवरी तक हमारा जागरुकता अभियान चला था, जिसमें यातायात पुलिस वाहन चालकों से अपील करते हुए



जागरूक किया था, और अपने वाहनों के दस्तावेज सही करने, लाइसेंस, सीटबेल्ट, काली फिल्म, फायर साइलेंसर आदि पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करने की सूचना दिया था। हमारा जागरूकता अभियान 10जनवरी को समाप्त हो गया। 11जनवरी से आरटीओ व यातायात पुलिस संयुक्त रूप से जनपद में अभियान चलाकर नियम विरुद्ध चलने वालों पर कार्रवाई कर रहा है, आगे भी हमारा अभियान जारी रहेगा। टीएसआई राम निरंजन ने बताया कि नगर के सभी मुख्य मार्ग व चौराहों पर एक उप निरीक्षक व पुलिस, होमगार्ड, पीआरडी के जवान लगाए गए है, जिन्हें निर्देशित किया गया है कि वाहनों की सघन जांच-पड़ताल करें और नियम विरुद्ध चलने वालों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# लव जिहाद, लैंड जिहाद जनसंख्या जिहाद का देश में चलन चिंताजनक-सर्वेश

**सुल्तानपुर।** गोकशी रोहिंग्या धर्मातरण को लेकर लगातार सनातन पर हो रहे प्रहार के खिलाफ राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ निस्वार्थ भाव से बिगुल फूंक दिया है। जिसका पर्याय आज लगातार हो रहे प्रहार जैसे लव जिहाद, लैंड जिहाद, वोट जिहाद, जनसंख्या जिहाद, के बाद कुंभ जिहाद, वक्फ जिहाद की आवाज उठाने वाले सनातन की आवाज बन चुके गौ रक्षा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी सर्वेश सिंह की अगुवाई में सिटी मजिस्ट्रेट विदुशी सिंह को एक ज्ञापन सौपा।

सिटी मजिस्ट्रेट विदुशी सिंह को सौपे ज्ञापन में बेजुबान जीवों की राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के जिला संयोजक कुश-भवनपुर राकेश सिंह दद्दू ने कहा कि जिले में गोकशी, धर्मा जेहाद, लव जिहाद, लैंड जिहाद, धर्म जिहाद, वोट जिहाद, बच्चोंद्वारा भिक्षावृत्ति करवाना एक नई शाखा को जन्म दिया जा रहा है। निर्भीकता पूर्वक लगातार आवाज



उठाने वाले प्रदेश प्रभारी शासन व प्रशासन, जनप्रतिनिधियों को अवगत कराते रहे हैं।

बिना भय व डर के जनपद में लगातार यह गोरखधंधा चल रहा है। वही इसके खिलाफ आवाज उठाने वालों पर जान-माल का खतरा भी बना हुआ है। संगठन के प्रवक्ता रवि दुबे ने कहा कि सनातन धर्म को अगर बचाना है तो हम सबको जाति धर्म का भेदभाव भुलाकर आगे आना ही होगा और इसे अब रोकने की जरूरत है।

रोहिंग्या, बंग्लादेशी मुस्लिम अपना नाम बदलकर जिले में पूरी तरह आमद कर चुके हैं, और हिंदू देवी देवताओं के नाम पर भोली भाली जनता को बेवकूफ बनाकर उनका मानसिक व धन का प्रलोभन कर रहे हैं। प्रदेश महामंत्री जयशंकर दुबे ने कहा कि यह लोग कट्टर होते जा रहे हैं फुटपाथ पर नाम बदलकर अपनी दुकान चला रहे हैं, यही लोग खास कर अपना आधार कार्ड भी इसी जनपद से बनवा रखे हैं, जिले में कुछ नामचीन लोग हैं जो बच्चों को पैसे का प्रलोभन देकर उनसे भिक्षावृत्ति भी करवा रहे हैं। प्रसाशन उन्हें चिन्हित कराकर देश से बाहर करने का काम करें, अन्यथा हम सभी अहिंसा परमो धर्म पर विश्वास रखने वाले गौ रक्षक व सनातनी लोग हिंसा तथोपि च पे मजबूर होंगे। ज्ञापन के अवसर पर प्रदीप सिंह, उदय शंकर मिश्र, अनिल अग्रहरि, प्रदीप कसौधन, अनुज प्रताप सिंह, मनीष गुप्ता, राणा प्रताप सिंह, गया वक्श दुबे, सूर्य प्रकाश तिवारी, राजीव द्विवेदी, बृजेश श्रीवास्तव उर्फ बंटू, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पति की नशाखोरी से परेशान युवती ने फंदा लगाकर जान दी

**बांदा।** पति की आदतो से परेशान पत्नी ने कमरे के अंदर दुपटटा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।बिसंडा थाना क्षेत्र के बरसड़ा बुजुर्ग गांव निवासी 32 वर्षीय सुनैना पत्नी रामनरेश ने सोमवार की रात कमरे के अंदर लगे बांस में दुपटटा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। काफी देर बाद मौके पर पहुंचे पति ने शव फंदे पर लटकता देखा तो चीख पड़ा। शोर सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के ससुर कमलेश ने बताया कि उसका पति मजदूरी करता है। वह नशे का आदी है। इसी बात को लेकर अक्सर पति पत्नी में विवाद होता रहाता था।

# कुंभ स्नान कर लौटा युवक सरकारी बिल्डिंग की छत से कूदा, मौत

**बांदा।** कुंभ नहा कर आया युवक शहर के बंगाली पुरा स्थित जिला पंचायत आवास की छत से नीचे कूद गया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जानकारी परिजनो को दी। सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए।
बंगाली पुरा स्थित जिला पंचायत का सरकारी अवास है इसमें अवर अंभियंता, और राजस्व निरीक्षक रहते है। मंगलवार को मकर संक्राति का त्यौहार होने की वजह से अवर अभियंता और राजस्व निरीक्षक गांव चले गए थे।

इसी बीच एक युवक छत पर चढ गया। आसपास के रेलवे कर्मचारियो ने देखा तो शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर आरपीएफ के एसआई अतुल कुमार मौके पर पहुंच गए। सीढ़ी लगाकर उसे नीचे उतारने का प्रयास किया। लेकिन तब तक युवक छत से नीचे कूद गया। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। तलाशी के दौरान उसकी जेब से निकले मोबाइल नबंर पर घरवालो को जानकारी दी। परिजनो ने उसकी शिनाख्त 32 वर्षीय मनोज पुत्र केशरिया बाला निवासी डोगर पुर थाना सुरोल जिला ग्वालियर म प्र के रूप में किया। मृतक के भतीजे अरूण कौशल ने बताया कि वह 12 जनवरी को कुंभ नहाने गया था। मंगलवार को उसकी वापसी होने थी। छत से कैसे कूदा उन्हे जानकारी नही है। मृतक पुताई का काम करता था।

# संस्कृत शिक्षण कल्याण समिति का अधिवेशन आयोजित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** माध्यमिक संस्कृत शिक्षक कल्याण समिति उ0प्र0 की जनपदीय इकाई का अधिवेशन शुक्ल पक्ष, पौष पूर्णिमा को श्री बलदेवदास हनुमत संस्कृत महाविद्यालय, उनुरखाकुटी, सुलतानपुर में सम्पन्न हुआ। समिति द्वारा जनपद के संस्कृत विद्यालयों/महाविद्यालयों से सेवानिवृत्त वयोवृद्ध शिक्षकों अभिनवपाणिनी आचार्य पं0 पारसनाथ शुक्ल सहित 17 वयोवृद्ध शिक्षकों को जिलाध्यक्ष दिनेश नारायण शुक्ल एवं डॉ0 शशिधर मिश्र द्वारा माल्यार्पण कर अंगवस्त्र एवं भगवान श्रीराम की प्रतिमा प्रदान कर सम्मानित किया। उसके पश्चात महाविद्यालय के छात्रों द्वारा वैदिक व लौकिक मंगलाचरण तथा स्वागत गान का सुन्दर प्रस्तुतीकरण हुआ। पं0



कृपाशरण द्विवेदी की अध्यक्षता में उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षण कल्याण समिति का अधिवेशन प्रारम्भ हुआ। जनपद के अध्यक्ष दिनेश नारायण शुक्ल ने अपने द्वारा कृत कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। उपस्थित समस्त शिक्षकों ने करतल ध्वनि से समिति के कार्यों की प्रशंसा किया। डॉ0 चन्द्रशेखर पाण्डे की उपस्थिति में जनपदीय इकाई का निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न हुआ, जिसमें निम्न पदाधिकारी निर्वाचित हुए- अध्यक्ष- दिनेश नारायण शुक्ल, उपाध्यक्ष डॉ0 अमिता तिवारी, महामंत्री संजय कुमार शुक्ल, मंत्री गिरीश कुमार मिश्र, उपमंत्री विनोद कुमार तिवारी, संगठन मंत्री हरिदत्त दूबे, कोषाध्यक्ष अवधेश दूबे, मीडिया प्रभारी शिखा तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य डॉ0 विजय प्रकाश मिश्र, मुक्तेश चन्द्र पाण्डेय, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, आशीष कुमार तिवारी 'पप्पू, . मण्डलीय समिति हेतु कृपा शरण द्विवेदी, विनय कुमार मिश्र, बनारसी नाथ दूबे, संजीव कुमार मिश्र, जितेन्द्र कुमार मिश्र व. प्रान्तीय समिति हेतु गुरू प्रकाश मिश्र, प्रेम नारायण दूबे, कृष्ण प्रताप पाण्डेय, धवल कुमार मिश्र। कार्यक्रम में अधोलिखित शिक्षकगण डॉ0 शशिधर मिश्र, डॉ0 योगेश्वर शुक्ल, उमाकान्त मिश्र, अमित शुक्ल, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, मुक्तेश चन्द्र पाण्डेय, सुशील कुमार दूबे, डॉ0 शशिमौलिनाथ पाण्डेय, डॉ0 अतुल कुमार मिश्र, राम दयाल तिवारी, घनश्याम मिश्र, संतोष कुमार तिवारी, राजेश उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

# चलते ट्रक के पीछे घुसी बाइक, दो युवकों की मौत

**बांदा।** तेज रफ्तार बाइक आगे जा रहे खड़े ट्रक मे जा घुसी इसमे बाइक सवार दो युवको की मौत हो गई। तीसरा युवक घायल हो गया । उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।तिंदवारी थाना क्षेत्र के मिरगाहनी गांव निवासी 28 वर्षीय रमेश उर्फ मोनू पुत्र मनसुख अपने 35 वर्षीय पड़ोसी शिवकरन पुत्र सेवका और अपने 25 वर्षीय भाजें रवि कानपुर के साथ तिंदवारी में मजदूरी करने आए थे। सोमवार की रात मजदूरी करने के बाद तीनो लोग बाकइ में बैठकर गांव जा रहे थे। बाइक मोनू चला रहा था। तभी मिरगाहनी रोड़ पर पावर हाउस के पास ट्रक आगे जा रहा था। ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक मार दिया। जिससे बाइक ट्रक के पीछे घुस गई। इसमें मोनू उर्फ रमेश की मौके पर मौत हो गई। शिवकरन और रवि घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलो को उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने शिवकरन की हालत नाजुक बताकर उसे कानपुर रेफर कर दिया। परिजन शिवकरन को लेकर कानपुर जा रहे थे। तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। रवि का इलाज किया जा रहा है। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गए। ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक मोनू के चचेरे भाई रामशंकर ने बताया कि मोनू मजदूरी करता था। वह अपने पीछे पत्नी गुडिया के अलावा तीन पुत्री एक पुत्र छोड़ गया है।

# व्यापार मण्डल ने की नवागत एसपी से औपचारिक मुलाकात

**सुल्तानपुर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल ने आज जिला प्रभारी प्रवीन्द्र भालोटिया के नेतृत्व व जिलाध्यक्ष विजय प्रधान की अध्यक्षता में जिला उपाध्यक्ष गोपाल जी सोनी ने भगवान राम की चरण पादुका एंव पुष्पगुच्छ भेंट कर नवागत पुलिस अधीक्षक का जनपद में स्वागत एंव अभिनंदन करते हुए व्यापारीयों की समस्याओं से अवगत कराया।प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय व सरंक्षक गिरधर गोपाल अग्रवाल ने नवागत पुलिस अधीक्षक को हिंदू पंचाग के अनुसार राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर राम मंदिर कलेंडर सप्रेम भेट कर स्वागत एंव अभिनंदन किया। प्रदेश मंत्री



हिमांशु मालवीय ने नवागत पुलिस अधीक्षक से अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की कार्य शैली व अब तक व्यापारी हित में किए गए कार्यो का सूक्ष्म रुप से परिचय दिया। नवागत पुलिस अधीक्षक महोदय ने व्यापारी हित एंव सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करने का आश्वासन दिया।

# कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम

**सुल्तानपुर।** सामाजिक समरसता को देखते हुए कलेक्ट्रेट सभागार में पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रत्याशी अमरनाथ यादव द्वारा खिचड़ी सह भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व यश सुधाकरन, सिटी मजिस्ट्रेट विदुशी सिंह व मुख्य राजस्व अधिकारी बाबूराम को गुलदस्ता भेंट कर शुभारंभ हुआ। खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व यश सुधाकरन ने कहा कि ऐसे आयोजन से हमारी पुरानी परंपरा जीवित रहती है और समाज को एक नई दिशा मिलती है तथा सामाजिक समरसता बढ़ती है। सिटी मजिस्ट्रेट विदुशी सिंह ने कहा कि ऐसा कार्यक्रम होने से सभी जाति धर्म के लोगो को एक सूत्र में बांधे रहता है। सभी उपस्थित जनों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया। सह खिचड़ी भोज कार्यक्रम के आयोजक पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रत्याशी श्री यादव ने कहा कि समाज की सेवा आत्मीयता से होनी चाहिए जो सेवा आत्मीयता से की जाती है उसमें समरसता अपने आप आ जाती है। इस दौरान भूतपूर्व शिक्षक रामसुंदर यादव व आदर्श यादव ने उपस्थित अधिकारियों को बुकें भेंट कर सम्मानित किया।

# एलएलबी परीक्षा में नकल करते पकड़ा गया नकलची

## एमएलके पीजी कॉलेज में सेमेस्टर परीक्षाएं जारी

**बलरामपुर।** बुधवार को बुधवार को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर से सम्बद्ध एम एल के पी जी कॉलेज परीक्षा केंद्र पर चल रही विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं में एक नकलची पकड़ा गया। परीक्षा में कुल 1115 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 37 अनुपस्थित पाये गए।

महाविद्यालय प्राचार्य/केंद्राध्यक्ष प्रो0 जे पी पाण्डेय ने बताया कि 15 जनवरी को प्रथम पाली की केन्द्र पर चल रही एल एल बी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में कक्ष निरीक्षक की मुस्तैदी से शक्ति स्मारक संस्थान के एक छात्र को नकल करते पकड़ा



गया। उन्होंने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षा में एल एल बी प्रथम सेमेस्टर व बीए पंचम सेमेस्टर के पंजीकृत 840 परीक्षार्थियों में से 807 परीक्षार्थी उपस्थित रहे । 33 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा में एल एल बी पंचम सेमेस्टर की परीक्षा में पंजीकृत 312 में से 308 परीक्षार्थी उपस्थित रहे । 04 अनुपस्थित पाये गये।

# मण्डलायुक्त द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित नवनिर्मित एन.आई.सी. भवन एवं वी.सी. रूम का किया गया लोकार्पण

**सुलतानपुर।** मण्डलायुक्त अयोध्या मण्डल अयोध्या श्री गौरव दयाल द्वारा जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिगला, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। तत्पश्चात आयुक्त महोदय द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में नवनिर्मित एन.आई.सी. भवन एवं वी.सी. रूम का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। मा0 आयुक्त महोदय द्वारा नये बने एन.आई.सी. भवन व वी.सी. रूम के सम्बन्ध में कहा गया कि इससे सुलतानपुर प्रशासन व यहां की जनता को लाभ मिलेगा। उन्होंने इस कार्य हेतु जिलाधिकारी महोदया की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी महोदया के कार्यकाल में कलेक्ट्रेट परिसर का पहले से बेहतर सौंदर्यीकरण हुआ है। मा0 आयुक्त महोदय द्वारा निर्माण कार्य कराने वाली कार्यदायी संस्था के अधिशाषी अभियंता, ग्रामीण



अभियंत्रण विभाग के.के. मिश्रा, सहायक अभियन्ता आलोक कुमार की सराहना की।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) एस. सुधाकरन, अपर पुलिस अधीक्षक अखण्ड प्रताप सिंह, उप जिलाधिकारी सदर विपिन द्विवेदी, सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह, सीओ सिटी प्रशांत सिंह सहित अन्य संबंधित गण उपस्थित रहे।

# ठंड को देखते हुए शिक्षकों ने स्कूलों को बंद करने की मांग

## प्राथमिक शिक्षक संघ शिक्षक प्रतिनिधि मंडल बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**बलरामपुर।** प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई प्रतिनिधिमंडल ने भीषण ठंड बढ़ते देखते बेसिक शिक्षा अधिकारी से मुलाकात की है। प्रतिनिधि मंडल ने गलन एवं ठंड को देखते हुए नर्सरी से आठवीं तक स्कूलों को बंद करने की मांग की है।

प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष ज्ञान सागर पाठक की अगुवाई में शिक्षक प्रतिनिधिमंडल बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला से मुलाकात



की है। बढ़ती ठंड एवं शीतलहरी को देखते हुए मांग पत्र देते हुए नर्सरी से आठवीं तक स्कूलों में अवकाश बढ़ाने की मांग की है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब बच्चों के पास समुचित उलेन के कपड़े उपलब्ध नहीं है जो भीषण ठंड में बचाव में अपर्याप्त है एवं विद्यालयों में न कोई अलाव की व्यवस्था है ऐसे में जब तक शीतलहरी एवं गलन वाली ठंड रहती है स्कूलों में छात्रों का अवकाश घोषित किया जाए। इस दौरान नगर अध्यक्ष आलोक मणि पांडेय, उतरौला ब्लॉक अध्यक्ष वैभव शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष वेद प्रकाश पांडेय, संयुक्त मंत्री शिवकुमार सोनी सहित अन्य पदाधिकारी प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे हैं।

संक्षिप्त खबरें

## धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा, जमकर झूमे भक्त



**बांदा।** कालु कुआं में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को कलश यात्रा ने शहर भ्रमण किया। कन्याएं व महिलाएं सिर पर कलश लिए हुए चल रही थीं। इसके साथ ही डीजे की धुन पर बज रहे भक्तिगीतों पर श्रद्धालु जमकर थिरके। कलशयात्रा कालूकुआं से काली देवी मंदिर तक गए। वहां पर कलश यात्रा का समापन हो गया। कथावाचक पंडित सौरभ त्रिपाठी खड्डी छतरपुर ने भक्तों को कथा का महात्म बताया। आयोजक रामसेवक गुप्ता ने बताया कि 15 जनवरी से 21 जनवरी तक श्रीमद् भागतव कथा का आयोजन होगा और 22 जनवरी को भंडारा आयोजित किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू, शिवपूजन गुप्ता, वंदना गुप्ता, राजेश गुप्ता, कमलेश, आशुतोष, अच्युत, अमित, सुशील गुप्ता, पीतांबर यादव, रामवृक्ष, अवधेश कुमार, गोलू यादव, रामबहाल चंद्रभान, राधेश्याम, बलराम यादव, संतोष यादव, चंद्रप्रकाश,गोपाल, संतोष पासवान, विजय मिश्रा, हजारी दास बाबा, बलजीत आजाद, रामवृक्ष यादव, कन्हैया कुमार, पप्पू आदि मौजूद रहे।

## पालिका चेयरमैन ने हॉकरों को वितरित की जैकेट



**बांदा।** कानपुर लखनऊ और शहर से प्रकाशित होने वाले विभिन्न समाचार पत्रों को शीतलहरी और कोहरे की धुंध के बीच घर-घर वितरण करने वाले हॉकरों को नगर पालिका चेयरमैन ने अपने कैंप कार्यालय में जैकेटों का वितरण किया। चेयरमैन ने कहा कि कड़ाके की ठंड के बीच भी हॉकर अपने कर्तव्य से पीछे नहीं हटते।

नगर पालिका चेयरमैन मालती बासू ने बुधवार को स्वराज कालोनी स्थित कैंप कार्यालय में समाचार पत्र वितरण करने वाले हॉकरों को जैकेटों का वितरण किया। इस दौरान सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ भी मौजूद रहे। कहा गया कि कड़ाके की ठंड के बीच समाचार पत्रों का हॉकर वितरण करते हैं। वह अपने कर्तव्य से कभी पीछे नहीं हटते हैं। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि अंकित बासू, सभासद राकेश गुप्ता दद्दू, मनीष रैकवार, योगेंद्र कुमार योगी, अंशू वर्मा, राममिलन तिवारी, विश्वप्रकाश श्रीवास्तव और सभासद आदि मौजूद रहे।

## स्वामी विवेकानंद की जीवनी के बारे में दी जानकारी



**बांदा।** युवा मंडल जखनी बरसड़ा खुर्द आदि गांवों से युवा मंडलों ने राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान अतिथियों को शॉल देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

जनता इंटर कॉलेज खुरहंड में आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पंडित रामयश द्विवेदी की अध्यक्षता में हुआ। इस युवा दिवस कार्यक्रम में युवा मण्डल जखनी, बरसंडा खुर्द आदि गांव से युवा मंडलों ने प्रतिभाग किया। मंचासीन अतिथियों का बैच अलंकृत करके नेहरू युवा केंद्र द्वारा कार्यक्रम में सभी मंचासीन अतिथियों को शॉल देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य दादूराम ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनके विषय में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में विवेक कुमार त्रिपाठी (अध्यक्ष नेहरू युवा समिति) शैलेंद्र सिंह, मालती कुशवाहा, श्वेता दीक्षित, गुरुकृपा द्विवेदी, राजेश कुमार, कृष्णदत्त, रमाकांत चौरसिया, देवेंद्र कुमार यादव, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, (पूर्व प्रधानाध्यापक) सत्य स्वरूप उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में 120 लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रवि अवस्थी ने किया।

## तेज रफ्तार बाइक गिरने से आई चोट, युवक की मौत

**बांदा।** बाइक अनियंत्रित होकर गिर जाने से युवक की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कबजे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बिसंडा थाना क्षेत्र के अमलोहरा गांव के निराला नगर मोहल्ला निवासी 40 वर्षीय अजय पुत्र चुनबाद वर्मा मकर संक्राति के पर्व पर शनिवार की दोपहर अपनी बहन शंकुतला के घर ओरन बाइक से खिचड़ी देने जा रहा था। तभी गांव से निकलते ही बाइक के आगले पहिया में गिटटी पड़ गई। जिससे बाइक आनियंत्रित होकर गिर पड़ी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार के दौरान उसे कानपुर रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर कानपुर जा रहे थे। तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर गांव आ गए। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के पड़ोसी महेद्र ने बताया कि अजय सूरत में रह कर मजदूरी करता था। वह पांच दिन पहले मकर संक्राति का त्यौहार मनाने के लिए गांव आया था। अचानक हुई इस घटना से पत्नी सावित्री समेत मां गिरजा का रो रो कर बुरा हाल हो गया। मृतक अपने पीछे पत्नी के अलावा एक पुत्र एक पुत्री छोड़ गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# मकर संक्रांति के दूसरे दिन नटबली मेले में उमड़े हजारों लोग

## मेला परिसर की निगहबानी करती रही पुलिस, आरपीएफ ने सुरक्षात्मक तरीके से निकलवाई ट्रेनें

**▸▸दुर्ग में बना है नटबली का मंदिर, प्रेमी जोड़ों समेत ग्रामीणों ने टेका मत्था**





**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** भूरागढ़ दुर्ग में मकर संक्रांति पर्व पर आयोजित होने वाले मेले के दूसरे दिन बुधवार को 30 हजार से अधिक मेलार्थियों की भीड़ उमड़ी। मेलार्थियों के साथ ही प्रेमी जोड़ों ने नटबली समाधि पर मत्था टेका और रेवड़ी का प्रसाद चढ़ाकर मन्नतें मांगी। इस दौरान मेले में सैकड़ों दुकानें सजी रहीं। महिलाओं और बच्चों ने जमकर खरीददारी की। केन नदी में युवा जोड़ों व अन्य लोगों ने परिजनों के साथ नौका विहार का लुत्फ उठाया।

भूरागढ़ दुर्ग के नीचे केन नदी किनारे स्थित नटबली मंदिर परिसर में दूसरे दिन बुधवार को मेले की धूम रही। महिलाओं और प्रेमी जोड़ों ने नटबली की समाधि पर मत्था टेका और रेवड़ी का प्रसाद चढ़ाया। बुंदेलखंडी भाषा में इसे आशिकों का मेला भी कहा जाता है। इस साल मकर संक्रांति का पर्व लोगों ने दो दिन मनाया। बुधवार को लोगों ने त्योहार मनाया और मेले का लुत्फ उठाया। पहले दिन मंगलवार को लोगों ने केन नदी पहुंचकर श्रद्धा की डुबकी लगाई और पूजा पाठ किया। केन नदी तट पर बने नटबली मंदिर में पूरे दिन भीड़ रही। लोगों ने श्रद्धा से माथा टेक कर मंगलकामना की। मेला देखने के लिए शहर समेत दूर दराज से लोग जुटे। लोगों ने प्राचीन भूरागढ़ किला घूमकर आनंद उठाया। महिलाओं और बच्चों ने मेले का जमकर लुत्फ उठाया। इसके बाद बुधवार को भी लोगों ने मकर संक्रांति पर्व मनाते हुए केन नदी में डुबकी लगाई और खिचड़ी का दान किया। उधर मेले में भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही। मटौंध व भूरागढ़ समेत आसपास थानों की फोर्स तैनात रही। बड़ी संख्या में स्त्री, पुरुष, युवक-युवती व बच्चे शरीक हुए। प्रेमी जोड़ों ने भी यहां हाजिरी दी। कुछ श्रद्धालुओं ने खिचड़ी लंगर का आयोजन किया। मेले में भूरागढ़ में नटबली की समाधि पर लगने वाले दो दिवसीय मेले में दूसरे दिन बुधवार को मेलार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। मेले में महिलाओं व बच्चों ने जमकर लुत्फ उठाया और खरीददारी भी की।

इस मेले में नवविवाहित जोड़ों के अलावा प्रेमी-प्रेमिकाओं की ज्यादा भीड़ उमड़ती है। प्रेमी जोड़ों ने नटबली की समाधि पर मत्था टेका और उसे प्रिय रही रेवड़ी चढ़ाकर मन्नतें मानी। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया।

### सन 1880 से लग रहा है मेला

बांदा। युवा नटबली प्रेमी की कहानी से जुड़े इस मेले में हर वर्ष बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लोग शरीक होते हैं। यहां दो मंदिर हैं। किवदंती है कि एक प्रेमी नटबली की और दूसरा मंदिर उसकी प्रेमिका किलेदार नोने अर्जुन सिंह की पुत्री का है। वर्ष 1850 में मकर संक्रांति के दिन प्रेमिका के पिता की शर्त पूरी करते समय सूत की रस्सी पर नदी पार कर रहे नटबली प्रेमी की गिरकर मौत हो गई थी। प्रेमिका के पिता ने नट युवक की रस्सी काट दी थी। तब से हर वर्ष यहां मकर संक्रांति पर मेले की परंपरा चली आ रही है।

### कॉसन विधि से निकाली गई ट्रेनें, आरपीएफ रही तैनात

मकर संक्रांति मेले के दूसरे दिन बुधवार को उमड़ी भीड़ के मद्देनजर ट्रेनों का आवागमन कॉसन विधि से कराया गया।

कॉसन विधि के दौरान आरपीएफ के सिपाही रेलवे ट्रैक पर तैनात रहे। ट्रेन आने का समय होने पर अलर्ट सिपाहियों ने ट्रैक के दोनो ओर खड़े होकर धीमी रफ्तार से ट्रेनों को वहां से निकलने दिया। रेलवे प्रशासन भी मेले के मद्देनजर चालकों को सख्त हितायत देते हैं।

## बर्थ डे पार्टी में दबंगो ने छह लोगो को पीटा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** बर्थ डे पार्टी में खाना खाने आए दबंगो को मना करने पर आधा दर्जन से अधिक दबंगो ने एक ही परिवार के छह लोगो के ऊपर डंडो से हमला कर दिया। जिससे सभी लोग घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नही किया।

शहर के रामलीला मैदान निवासी रिंकू चौरसिया पुत्र सुरेश चंद्र चौरसिया के बेटी मिम्मे का सोमवार को बर्थ डे था। इसी बीच करीब आधा दर्जन से अधिक दबंग खाना खाने के लिए आ धमके इसी बीच रिंकू ने मना कर दिया। इसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ गया कि आधा दर्जन लोगो ने 30 वर्षीय रिंकू चौरसिया को पीटना शुरू कर दिया। बहनोई को पिटता देख 19 वषीय साला सलमान पुत्र अमिया, उसकी तीन बहने 22 वर्षीय हिना, 16 वर्षीय रचा, 18 वर्षीय रोशनी, 25 वर्षीय शकील पुत्र भुल्ली हुसैन पुर घायल हो गए। घटना से इलाके में अफरा तफरी मच गई। शोर गुल सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंच गए। हमलवार फरार हो गए। सभी घायलो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस सबंध में कोतवाली प्रभारी पंकज सिंह का कहना है कि उनके पास ऐसी कोई सूचना नही आई है।

## 21 करोड़ की लागत से होगा चौड़ीकरण, डिवाइडर बनेंगे

### राज्यमंत्री और विधायक ने भूमिपूजन के साथ किया गया शिलान्यास



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** शहर की सड़कों का चौड़ीकरण करने और डिवाइडर के साथ ही एप्रोच रोड निर्माण कराए जाने के लिए बुधवार को भूमिपूजन का आयोजन किया गया। राज्यमंत्री के साथ ही सदर विधायक ने भूमिपूजन किया और काय का शिलान्यास किया।

अशोक लाट कचेहरी चौराहे से महोबा रोड़ मुक्ति धाम तक.95 किमी तक सड़क चौड़ीकरण व सौन्दर्यीकरण का शिलान्यास समारोह बुधवार को आयोजित हुआ। इस कार्य की लागत 21 करोड़ है, जिसमें डेढ़ मीटर डिवाइडर के साथ दोनों ओर 9 मीटर अप्रोच रोड के साथ फुटपाथ का निर्माण कार्य किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, जिलाधिकारी नागेन्द्र सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में पालिकाध्यक्ष मालती गुप्ता बासू, जिलाध्यक्ष भाजपा संजय सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा बालमुकुंद शुक्ल मौजूद रहे। इसके साथ जिला महामंत्री कल्लू राजपूत, जिला मंत्री पंकज रैकवार विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, भाजपा नेता राहुल सिंह, मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता रज्जन, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण प्रान्तीय खंड मनोज पाण्डेय, एई अजय सिंह, एडीएम राजेश कुमार, उप जिलाधिकारी सदर अमित शुक्ला भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पूर्व सैनिकों व अधिकारियों ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** पूर्व सैनिक संघ जिला इकाई ने विगत वर्ष की भांति सन 1857 के अमर शहीदों को भूरागढ़ किला में बनी समाधि स्थल में एकत्रित होकर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। भारत माता की जय और अमर शहीदों के जय उद्घोष के साथ श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर सभी उपस्थित पूर्व सैनिकों ने शहीद स्थल पर भारत-चीन, भारत-पाक एवं ऑपरेशन विजय के अमर शहीदों को भी याद कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व कैप्टन बीएस राठौड, दयाशंकर तिवारी,आरपी तिवारी, विंदु कुमार गौतम, छत्रपाल सिंह, रामनरेश, इंद्रपाल, कृष्ण कुमार प्रजापति, कैप्टन विश्राम सिंह, कैप्टन एलएस यादव, कैप्टन जयपाल प्रजापति, सूबेदार मान सिंह, डिप्टी जेलर शिवशरण, सूबेदार अवध नारायण मिश्रा, हवलदार तेज बहादुर मिश्रा, हवलदार सुरेश द्विवेदी, हवलदार रामलखन सिंह, हवलदार अवधेश दीक्षित, हवलदार सुरेंद्र सिंह परिहार, नायक चंद्रपाल प्रजापति आदि दर्जनों पूर्व सैनिक व समाज सेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दीनदयाल सोनी ने किया।

## भूरागढ़ के विराट दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांवपेच

### मकर संक्रांति के मौके पर हुआ दंगल का आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** भूरागढ़ तिराहा क्रिकेट ग्राउंड में बुधवार को विराट दंगल का आयोजन किया गया। इस दंगल में उत्तर प्रदेश समेत दिल्ली, मथुरा, बिहार और हरियाणा आदि के पहलवान आए और अपनी कुश्ती कला का प्रदर्शन किया। विजेता पहलवानों को अतिथियों ने पुरस्कार देकर हौसलाफजाई की। अतिथियों ने कहा कि हाईटेक हो चुके इस जमाने में अब भी कुश्ती कला अपनी छाप छोड़ रही है।

विराट दंगल में प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, दिल्ली कन्नौज, मुजफ्फरनगर बिहार, हरियाणा, मध्य प्रदेश और इटावा के नामी पहलवानों के साथ महिला पहलवान भी अपनी कुश्ती का दमखम दिखाएंगी। इस आयोजन का उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों की कुश्ती परंपरा और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देना है। मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री रामकेश निषाद व सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता में महिला कुश्ती को विशेष रूप से शामिल कर इसे और आकर्षक बनाया गया है। राहुल पांडेय ने कहा कि हर वर्ष मकर संक्रांति पर इस दंगल का आयोजन किया जाता है, जो कुश्ती प्रेमियों के बीच बेहद लोकप्रिय है। इस वर्ष भी दर्शकों के लिए खास इंतजाम किए गए हैं, जिससे वे खेल का भरपूर आनंद उठा सकें। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, राहुल पांडे,सोनू सिंह, विश्व हिन्दू महासंघ जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, निलेश, एएसपी शिवराज, एसडीएम ने पहलवानों से हाथ मिलाकर कुश्ती शुरू कराई। आयोजक राहुल पांडे बागिया वाले ने अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर संचालन कमलेश कुमार, राजू अरनाम, रामू अजूबा, निभाया, पवन, संदीप, आकाश, देवराज, नवीन कुमार, विवेक नामदेव, प्रेम, आकाश, रामरतन, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

## फर्जी रिपोर्ट रद्द की जाए, शहर कोतवाल को हटाने की मांग

### जनता दल युनाइटेड पदाधिकारियों ने अशोक स्तंभ तले दिया धरना





**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** जनता दल युनाइटेड की महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष शालिनी पटेल की अगुवाई में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। धरने को संबोधित करते हुए शालिनी पटेल ने कहा कि उनके खिलाफ और अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज किए गए फर्जी मुकदमों को रद्द किया जाए। जदयू नेत्री ने कहा कि नगर कोतवाल को हटाया जाए। उनके इशारे पर कई निर्दोष लोगों पर मुकदमे दर्ज किए गए हैं। बाद में कलेक्ट्रेट पहुंचकर शालिनी पटेल ने गृहमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

न्याय चाहिए, अन्याय नहीं सहेंगे, जैसे नारे अशोक स्तंभ तले धरना प्रदर्शन के दौरान लगाए गए। शालिनी पटेल ने नगर कोतवाली प्रभारी के खिलाफ जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि शहर कोतवाल ने अपनी नाकामी को छिपाने के लिए उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि शहर कोतवाल को जल्द से जल्द कोतवाली से हटाया जाए। आरोप लगाया कि नगर कोतवाल ने उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया है। जदयू नेत्री ने कहा कि दर्ज किए गए फर्जी मुकदमों को रद्द किया जाए। इसके साथ ही शहर में बढ़ते अपराधों के पीछे कुछ संगठित गिरोह हैं, जिन्हें पुलिस का संरक्षण प्राप्त है। इन अपराधियों को जल्द से जल्द जेल भेजने की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान जदूय पदाधिकारियों ने नगर कोतवाल को बर्खास्त किए जाने की मांग की। धरने को संबोधित करने के बाद जदयू पदाधिकारी कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। वहां पर न्याय चाहिये, अन्याय नहीं सहेंगे, का नारा बुलंद किया। शालिनी ने कहा कि वह किसी भी निर्दोष व्यक्ति पर फर्जी मुकदमा बर्दाश्त नहीं करेंगे। जिलाधिकारी ने कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि उनकी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा और ज्ञापन को गृह मंत्रालय और मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मामले की जांच के लिए एक विशेष समिति बनाई जाएगी। प्रदर्शन के बाद जेडीयू कार्यकर्ताओं ने आपात बैठक कर आगे की रणनीति तय की। शालिनी सिंह पटेल ने कहा कि अगर सरकार ने 15 दिनों के भीतर उनकी मांगों को नहीं माना, तो बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान जदयू जिलाध्यक्ष उमाकांत, अतर्रा नगर अध्यक्ष जदयू महिला प्रकोष्ठ ज्योति मौर्य, जदयू नगर विकास प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष काशी प्रसाद याज्ञिक, जानकीदेवी, जदयू जिला उपाध्यक्ष शालिनी सविता जदयू जिला उपाध्यक्ष रामबाई प्रजापति, जेडीयूसैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्षे अर्जुन सिंह, उमेश तिवारी, धीरज मिश्रा, सुमित सिंह, नीरज सिंह लालू सिंह कुलदीप सिंह, जयप्रकाश निगम संदीप अकेला, हजरत अली फिरोज खान ,बिहारी लाल, लवलेश पटेल, कुलदीप गर्ग विनोद पटेल, रविकांत कुशवाहा , ममता प्रजापति गुड़िया वर्मा,मीरा वर्मा, लल्ला वर्मा समेत सैकड़ो जेडीयू कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एसआरएन अस्पताल के नए ओपीडी ब्लॉक में शुरू हुई सर्जरी ओपीडी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** एसआरएन अस्पताल के नए ओपीडी ब्लॉक में सर्जरी विभाग के ओपीडी की शुरुआत कर दी गई है। प्रोफेसर डॉ. संजय सिंह, डॉ. संतोष सिंह, और डॉ. आलोक सिंह ने मरीजों को देखा और उनकी जांच की। नए ओपीडी ब्लॉक की शुरुआत से मरीजों को बेहतर सुविधाएं और आधुनिक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।
इस अवसर पर सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने कहा कि नया ओपीडी ब्लॉक सर्जरी विभाग के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इससे मरीजों को आधुनिक चिकित्सा सेवाएं सुलभ होंगी और भीड़भाड़ की समस्या भी कम होगी। हमारी टीम हर संभव प्रयास करेगी कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिलें। मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. वत्सला मिश्रा ने कहा कि नए ओपीडी ब्लॉक की शुरुआत अस्पताल और मरीजों के लिए एक मील का पत्थर है।
यह हमारे चिकित्सा संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि हम मरीजों की सुविधा और स्वास्थ्य सेवाओं के स्तर को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।
नए ओपीडी ब्लॉक में मरीजों के लिए विस्तारित स्थान, बैठने की बेहतर व्यवस्था और आधुनिक उपकरण लगाए गए हैं। अस्पताल प्रशासन ने इस नई सुविधा से मरीजों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देने का संकल्प लिया है।
एसआरएन अस्पताल के नए ओपीडी ब्लॉक में रोजाना बड़ी संख्या में मरीजों के आने और चिकित्सकों की विशेषज्ञ टीम इस चुनौती को कुशलता से संभालने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

# तिल्हापुरमोड़ उपकेंद्र से विद्युत आपूर्ति आज रहेगी बाधित

**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, (कौशाम्बी)।** तिल्हापुरमोड़ उप केंद्र के अवर अभियंता जैनुद्दीन अंसारी ने बताया की गुरुवार को सेउढ़ा ,तिलगोड़ी व नेवादा फीडर पर जर्जर तार बदलने का कार्य चलेगा जिसमें सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक मरम्मती करण का कार्य चलेगा इस दौरान 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी अवर अभियंता ने लोगों से अपील की है कि वह बिजली से जुड़े कार्य कटौती से पहले कर ले जिससे की असुविधा से बचा जा सके।

# वायु महाकुंभ के लिए 1.5 करोड़ से अधिक महाप्रसाद ऑर्डर की डिलीवरी करेगा

**प्रयागराज।** भारत का पहला ज़ीरो-कमीशन फूड डिलीवरी ऐप वायु ने ओएनडीसी (ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स) के साथ साझेदारी की है। जिसके तहत महाकुंभ 2025 के दौरान 1.5 करोड़ से अधिक महाप्रसाद ऑर्डर देशभर में डिलीवर किए जाएंगे। यह ऐतिहासिक पहल पवित्र महोत्सव के दौरान देशभर के भक्तों को प्रसाद उपलब्ध कराएगी, जिसमें 13 जनवरी से 26 फरवरी के बीच 45-50 करोड़ लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।
वायु प्रयागराज, अयोध्या, और वाराणसी के पवित्र शहरों से महाकुंभ 2025 का महाप्रसाद भक्तों को उनकी ऑर्डर करने के सात दिनों के भीतर पूरे भारत में डिलीवर करेगा।




साथ ही, प्रयागराज रेलवे स्टेशन से गुजरने वाले यात्री भी यात्रा के दौरान महाप्रसाद प्राप्त कर सकते हैं। प्रयागराज और अयोध्या से प्रसाद की पेशकशें पहले ही वायु और ओएनडीसी खरीदार ऐप्स पर लाइव हैं, और वाराणसी जल्द ही इसमें शामिल होने वाला है।

# विश्व मानव रूहानी केंद्र ने महाकुंभ में किया विशाल भंडारे का आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**महाकुंभ नगर।** विश्व मानव रूहानी केंद्र मुख्यालय नवांनगर द्वारा प्रयागराज महाकुंभ में आए श्रध्दालुओं के लिए निशुल्क भोजन प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। यहां प्रतिदिन लाखों श्रध्दालुओं के लिए निशुल्क भोजन प्रसाद व्यवस्था की गई है। पांच सौ से अधिक सेवादार दिन-रात श्रध्दालुओं की निरंतर सेवा कर रहें। संत बलजीत सिंह महाकुंभ की पावन भूमि पर अप्रत्याशित रूप से उपस्थित होकर संस्था द्वारा आयोजित लंगर में सहभाग किया। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ पंक्ति में बैठकर लंगर ग्रहण किया और अपने साधारण व्यक्तित्व के साथ सादगी का संदेश दिया। संत बलजीत सिंह ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए सेवकों से निर्देशित करते हुए कहा कि 144 वर्षो बाद ऐसा दुर्लभ संयोग आया है। महाकुंभ से कोई भी श्रध्दालु भूखा न जाएं, निरंतर श्रध्दालुओं की सेवा करते रहे, उन्हें किसी प्रकार की कोई असुविधा न होने पाये।
प्रबंधक समिति के सदस्य मनमोहन सिंह ने बताया कि विश्व मानव रुहानी केंद्र एक चैरिटेबल संस्था है। पूरे भारतवर्ष में 256 मानव केंद्रों के माध्यम से देशभर में सेवा कार्य निरंतर चलता रहता है। यह संस्था धर्म और आध्यात्म के साथ-साथ श्री अमरनाथ यात्रा, मणिमहेश यात्रा, आदि कैलाश यात्रा, किन्नर कैलाश यात्रा, श्रीखंड महादेव यात्रा, कावंर यात्रा समेत अन्य धार्मिक यात्राओं के दौरान श्रध्दालुओं के लिए निशुल्क भोजन, चिकित्सा सेवा व अन्य चैरिटी के माध्यम से सहायता प्रदान करता है। संगठन का मुख्यालय हरियाणा राज्य के जिला पंचकुला, ग्राम नवांनगर, तहसील कालका में स्थित है। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद वितरित किया गया।

# कलाग्राम में दर्शकों को मग्ध करती रही बहुरंगी प्रस्तुतियां

## गुरुवार को सुप्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर देगीं अपनी प्रस्तुति देंगी



**प्रयागराज।** लोक संगीत के भाव और लोकनृत्य प्रस्तुतियों से संजोए गए तो लोक गीतों के सुरों से पवित्र संगम की रेती पर बने कलाग्राम की चौथी शाम निखर उठी। मटकी नृत्य की थिरकन मिली तो लोकनृत्यों के इंद्रधनुषी रंग भी दर्शकों के जेहनोदिल में खूब चटक हुए। कड़ाके की ठंड भी दर्शकों के उत्साह को कम नहीं किया। मौका था कलाग्राम में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से आयोजित संस्कृतिक कुंभ की जहां विभिन्न राज्यों के लोक कलाकार अपने-अपने अंचल की सांस्कृतिक प्रस्तुति के जरिए देश की समृद्धि सांस्कृतिक विरासत का भी दर्शन करा रहे हैं। सेक्टर 7 में स्थित कलाग्राम के भव्य मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत झारखंड के छाऊ नृत्य से हुई। इसके बाद उत्तराखंड से आए भगत सिंह राणा एवं दल ने प्रसिद्ध लोक नृत्य हारुल नृत्य की पूरे उत्साह और जोश के साथ प्रस्तुती दी। म.प्र. से आए डॉ. विजय चौरसिया और साथी कलाकारों द्वारा रीना शैला नृत्य, चंदन सिंह एवं दल द्वारा छपेली नृत्य, सपना गौतम एवं दल ने पाणी को मन्ने प्यादे ने में कद का मरुं रे रसिया गीत पर घूमर, पनिहारी नृत्य तथा महेश नागर द्वारा म्हार मनडा में नाचे मोर चलो सखियां खेलगां तथा म्हारे चूडो चमके म्हारी नथ झलके गीतों पर मटकी नृत्य की प्रस्तुति पर दर्शक झूमते रहे। उकाराम परिहार द्वारा बालातरा नृत्य तथा रत्नेश राणा द्वारा थारू नृत्य की प्रस्तुति को लोगों ने खूब सराहा। सांस्कृतिक संध्या में गुरुवार को सुप्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर अपनी प्रस्तुति देंगी।

# दलित भाजपा नेता को पुलिस ने जमकर पीटा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**झूंसी।** पुलिस ने झूंसी क्षेत्र के एक भाजपा नेता की जमकर पिटाई कर दी। जिससे वो लहूलुहान हो गए। पुलिस बीजेपी नेता पर ही सिर फोड़ने का आरोप लगा रही है।



जानकारी के मुताबिक छतनाग रोड निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज पासी बीते दिनों अपने भाई के जमीनी विवाद में थाने गए थे। पुलिस ने निर्माण कार्य रुकवा दिया था। मनोज का आरोप है कि पुलिस ने किसी दूसरे नंबर से फोन करके गली दी। आज वह अपने साथियों के साथ विरोध दर्ज करने गए थे। इसी बीच पुलिस से नोक झोंक होने लगी। पुलिस वालो ने मनोज पासी को चारों तरफ से घेर कर पीटना शुरू कर दिया। जिससे मनोज लहूलुहान हो गए। मामले की सूचना जब भाजपा नेताओं को लगी तो थाने पहुंचे। पुलिस के विरुद्ध नेताओं का आक्रोश बढ़ता गया। पुलिस ने नेताओं को शांत करने के लिए मनोज पर ही उल्टा आरोप लगाया कि मनोज ने खुद अपना सिर फोड़ लिया है। वहीं उनके साथियों का कहना है कि मनोज पिटाई से बेहोश हो गए थे, उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के बाद उन्हें होश आया। उनके हाथ पैर में भी चोट के निशान हैं।खबर लिखे जाने तक भाजपा नेताओं का जमावड़ा थाने पर लगा रहा। भाजपा नेताओं का आरोप है कि पुलिस अपराधियों को तो पकड़ती नहीं है किंतु समाज के शरीफ लोगों को परेशान करती है। मामले की सूचना बीजेपी के आला नेताओं को भी दी गई है।

# रमेश जायसवाल के निधन पर कांग्रेसजनों का शोक

**प्रयागराज।** शहर कांग्रेस के वयोवृद्ध नेता एवं 45 वर्षो से अधिक समय तक वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संगठन प्रभारी पद का दायित्व निभाने वाले एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. राजेंद्र कुमारी बाजपेई के सहयोगी रमेश जायसवाल (84) का अस्वस्थता के कारण इलाज के दौरान बुधवार प्रातः निधन होगया। उनके निधन से कांग्रेसजनों में शोक की लहर व्याप्त है।
कांग्रेसजनों की एक शोकसभा पूर्व महापौर एवं शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष चौ.जितेन्द्र नाथ सिंह की अध्यक्षता में कोठी चौधरी साहब में अपराह्न हुई। शोक सभा में कहा गया कि वे पार्टी के सबसे अनुभवी और समर्पित नेता थे। चौधरी जितेंद्र ने कहा कि मेरे साथ अंतिम बार वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे जायसवाल पूर्ववर्ती चार अध्यक्षों के साथ भी उक्त पद का दायित्व बखूबी निभा चुके थे। सादगी, सरल और मिलनसार होने के साथ वे धार्मिक भी थे। दो मिनट का मौन भी रख दिवंगत आत्मा की शांति हेतु कामना की गई।
यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय, राज्य समिति के फुज़ैल हाशमी, रघुनाथ द्विवेदी, अजय श्रीवास्तव, हरिकेश त्रिपाठी, राजेश राकेश, डा.सत्या पांडेय, नयन कुशवाहा, संजय कृष्ण, राजेंद्र अग्रवाल, अल्पना निषाद, राकेश श्रीवास्तव , शकील अहमद, अनिल श्रीवास्तव, अरशद अली, अनिल श्रीवास्तव, राजेंद्र जायसवाल, विजय यादव, चमन रावत, इरशाद उल्ला, सतीश केसरवानी, अरूण चौरसिया आदि थे।

# परमार्थ निकेतन के शिविर में मनाया गया आर्मी-डे



**प्रयागराज।** अरैल महाकुंभ क्षेत्र स्थित परमार्थ निकेतन शिविर में महाकुम्भ के अवसर पर बुधवार को 77वां आर्मी डे मनाया गया। विश्व के अमेरिका, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, कनाडा, स्पेन, ब्राजील, आईलैंड, दक्षिण अफ्रीका, नेपाल, अर्जेंटिना, पूर्तगाल, फ्रांस, इटली, मलेशिया आदि कई देशों से महाकुम्भ में आये श्रद्धालुओं और परमार्थ निकेतन के ऋषिकुमारों ने स्वामी चिदानन्द सरस्वती के सान्निध्य में भारतीय सेना के जज्बे को सलाम करते हुये जवानों को शुभकामनायें आर्पित की।इस अवसर पर स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि हमारे देश के जवान वेतन के लिये नहीं वतन के लिये कार्य करते हैं। हमारे सैनिक देश में शांति, समृद्धि और सुरक्षित वातावरण बनाने में योगदान देते हैं। हमारी सेना असाधारण साहस के साथ अपनी सीमाओं की रक्षा करती है। आतंकवाद को नियंत्रित करने में सैनिकों का और अध्यत्मवाद को प्रसारित करने में संतों की महत्वपूर्ण भूमिका है। परमार्थ निकेतन परिवार ने महाकुम्भ की धरती से कृतज्ञता के साथ वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने देश की सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी उन्हें आज की गंगा आरती समर्पित की गयी।स्वामी जी ने कहा कि सैनिक है तो हम हैं, हमारा अस्तित्व है और हम सब सुरक्षित हैं। सैनिक वेतन के लिए नहीं, वतन के लिए लड़ते हैं। उनका यह बलिदान और समर्पण राष्ट्र के प्रति उनकी गहरी निष्ठा और समर्पण का प्रतीक है। भारतीय सेना का हर जवान देश के लिए अपने प्राणों की बलि देने में गर्व महसूस करता है। हम सभी भारतीयों का कर्तव्य है कि हम अपने सैनिकों का सम्मान करें।

# नुक्कड़ नुक्कड़ पर स्वच्छता महाकुंभ का संदेश

**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज द्वारा महाकुंभ के दृष्टिगत तीर्थयात्रियों को जागरूक करने हेतु प्रमुख मार्गो और आश्रय स्थल , बस स्टैंड , रेलवे स्टेशन इत्यादि पर प्रयागराज के कलाकारों द्वारा स्वच्छता विषय पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया जा रहा है।हनुमान मंदिर सिविल लाइन के पास बने सेल्फी प्वाइंट पर नुक्कड़ नाटक कर रहे नुक्कड़ नाट्य अभिनय संस्थान प्रयागराज के कलाकारों 200 से अधिक श्रद्धालुओं को प्रमुख मार्गो पर बने शौचालय की जानकारी उनकी साफ सफाई की जिम्मेदारी साथ ही साथ जगह जगह बने रैन बसेरे के बारे में बड़े ही मनोरंजक ढंग से तीर्थयात्रियों को जागरूक कर रहे है। नुक्कड़ नाटक मंचन के दौरान कलाकारों ने तीर्थयात्रियों से संवाद स्थापित करते हुए उनके अनुभव को



भी नुक्कड़ नाटक में शामिल किया। नुक्कड़ नाटक में दिखाया गया कि कैसे शहर को स्वच्छता को बनाए रखने के लिए नगर निगम प्रयागराज कार्य कर रही है इस दौरान कंट्रोल रूम से निगरानी कबाड़ के जुगाड़ से बने शिवालय पार्क, बायों सीएनजी, मियावकी वृक्षारोपण इत्यादि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।
जोन 03 के जोनल अधिकारी नवनीत शंखवार ने कहा पूरे 45 दिनों तक इस परक के जागरूकता अभियान नुक्कड़ नाटक पर संचालित किए जाएंगे ताकि शहर में आ रहे तीर्थ यात्रियों को जागरूक किया जा सके।

# संविधान गौरव दिवस अभियान के तहत समरसता भोज का आयोजन



**प्रयागराज।** दलित समाज के बीच स्वीकृति बढ़ाने व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दलित समाज के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्यो का संदेश लेकर भाजपा भारतीय संविधान गौरव दिवस अभियान के तहत विभिन्न प्रकार के आयोजन कर रही है। बुधवार को भाजपा प्रयागराज महानगर के कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र के नेतृत्व में गरीब असहायों को कम्बल वितरित कर समरसता भोज का आयोजन किया। शिवकुटी मंडल के दलित बस्ती बड़ी बगिया में समरसता भोज का आयोजन किया गया। लोगों को खिचड़ी बांटी गई व कंबल वितरित किए गए। 1000 लोगों को कंबल वितरण किया गया। महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने कहा कि भाजपा भारतीय संविधान गौरव दिवस अभियान के माध्यम से समाज दलित वर्ग तक पहुंच रही है। भारत के हर पर्व तीज त्यौहार में समरसता का भाव प्रकट होता है। अभियान के तहत 17 जनवरी को जिला पंचायत सभागार में एक विशाल गोष्ठी का आयोजन भी किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर राकेश भारती, कंचनलता, मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा, अर्चना साहू, सुमन गुप्ता, सीमा देवी, मंजू यादव, आशुतोष पांडेय, रीता देवी, शिवकुमारी, प्रशांत शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# मंझनपुर ने कटहुला टीम को चार विकेट से हराया



**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, (कौशाम्बी)।** तहसील के बिलासपुर गांव में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को मंझनपुर की टीम ने कटहुला टीम को चार विकेट से पराजित कर दिया। कटहुला की टीम ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। सलामी बल्लेबाज अज्जू दो गेंद खेल एक रन पर कैच आउट हो गए। दूसरी छोर पर खड़े शोएब भी कुछ खास नहीं कर पाए। तीन गेंद में एक चौका लगाकर आउट हो गए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए हन्नान ने पारी को संभालते हुए 15 गेंद में टीम के लिए 22 रन जोड़े। वह नदीम की गेंद पर छक्का लगाने के चक्कर में बाउंड्री पर कैच आउट हो गए। शिवम ने 15 गेंद खेल एक छक्के की सहायत से नौ रन बनाकर कैच आउट हो गए। अन्य खिलाड़ी कुछ खास नहीं कर पाए। 66 रन बनाकर टीम आल आउट हो गई। जवाब में मंझनपुर की टीम की तरफ से ओपनिंग करने उतरे अनस पहली ही गेंद पर लांग आन पर कैच हो गए। दूसरी छोर पर शमीर ने 13 गेंद में दो छक्के और दो चौके की सहायता से 23 रन जोड़कर पारी को संभाला। लेकिन अगली ही गेंद में कैच लपक लिए गए। अमन ने नौ गेंद में तीन छक्के की सहायता से 24 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, रहमान ने सात गेंद में एक छक्का मार कर छह विकेट खो कर लक्ष्य को हासिल कर लिया। मंझनपुर की टीम ने कटहुला टीम को चार विकेट से पराजित कर दिया। विजेता टीम के खिलाड़ी मुस्तफा ने तीन ओवर में तीन विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया। कमेटी ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर श्रीचतुर्वेदी, अनिल कुमार, सुंदर लाल आदि लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा आज आंकाक्षी विकास खण्ड कार्यालय, कौशाम्बी में बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी जनपदध्ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी आशा एवं आगनबाड़ी कायकत्रियों एक टीम बनाकर सैम बच्चों को चिहिन्त कर मैमध्सासान्य श्रेणी में परिवर्तित करने के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। उन्हांने सभी



सुपरवाइजरों एवं सीडीपीओ को घर-घर जाकर सैम बच्चों को चिहिन्त कर उन्हें एनआरसी में भर्ती कराने के निर्देश दियें। उन्होंने जनपद में मातृ शिशु मृत्यु दर कम से कम करने के लिए आरबीएसके की टीम एवं ऑगनबाड़ी सुपरवाइजरों की एक टीम बनाकर कार्य करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने आरबीएसके की टीम को गॉव-गॉव भ्रमण कर ऑगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण एवं पोषण ट्रैकर को चेक करने के भी निर्देश दियें। उन्हांने कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी पूरे मनोयोग से कार्य करें।

# जिलाधिकारी निर्माणाधीन फोर लेन मार्ग का आकस्मिक निरीक्षण कर लिया जायजा, दियें आवश्यक दिशा-निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा निर्माणाधीन परियोजना कौशाम्बी पर्यटन स्थल को प्रयागराज मुख्यालय वाया एयरपोर्ट से जोड़ने वाले निर्माणाधीन फोर लेन मार्ग, बौद्ध थीम पार्क, गेट कंपलेक्स तथा यमुना नदी में निर्माणाधीन सेतु का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन सेतु के निर्माण कार्य को त्वरित गति से गुणवत्तापूर्ण ढंग से जून माह 2025 तक पूर्ण करायें जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दियें।
उन्होंने फोरलेन रोड के निर्माण कार्य को भी तीब्र गति से कराते हुए कार्य को माह-अप्रैल 25 तक पूर्ण करायें जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अन्य परियोजनाओं के निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत पूर्ण कराये जाने के निर्देश दियें। निर्माण कार्यो की धीमी प्रगति पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत पूर्ण कराये जाने के निर्देश दियें। निरीक्षण उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अजीत प्रताप सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड परियोजना प्रबंधक सेतु निगम तथा परियोजना प्रबंधक उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड उपस्थित रहें।

# हाड़ कपाने वाली ठंड में बलीपुर टाटा में समाजसेवियों ने गरीबो को दिया कम्बल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** कई दिन से हाड़ कपाने वाली ठंड पड़ रही है जिनके पास गर्म कपड़े कम है वह परेशान दिखाई पड़ रहे हैं समाजसेवी लोगों ने गरीबों की मदद को हाथ बढ़ाया है और कंबल वितरण किया है सुबह से कोहरा होने के बाद भी कम्बल की चाहत में कांपते ठिठुरते लोग मौके पर पहुंचे हैं और कम्बल पा कर प्रसन्नता जाहिर की है।
कंपकपाती ठंड में गरीब कमजोर मजलूम असहाय विकलांग बूढ़े जरूरतमंद लोगों को समाजसेवी लोगों ने कंबल वितरण कर उनकी जरूरत पूर्ण करने का प्रयास किया है विकासखंड चायल के ग्राम सभा बलीपुर टाटा में बुधवार को 250 से अधिक कंबल का वितरण ग्राम वासियों को किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के पर्व पर विनय कुमार त्रिपाठी के द्वारा गरीब कमजोर मजलूम बूढ़े विकलांग असहाय जरूरतमंद ग्रामवासियों को कम्बल दिया गया है इस मौके पर 250 से अधिक लोगों को कम्बल दे कर उन्हें राहत दी गई है जिसके साथ ही सहयोगी डॉक्टर शिव मोहन त्रिपाठी, दिलीप कुमार त्रिपाठी रामनरेश त्रिपाठी, कृष्ण दत्त त्रिपाठी, डॉ विजय कुमार त्रिपाठी, अनिल कुमार त्रिपाठी, सतीश कुमार त्रिपाठी, महेंद्र कुमार मिश्रा, रवि गुप्ता आदि गणमान्य व्यक्तियों के साथ इस कम्बल वितरण आयोजन को सफल बनाया गया।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत कराया परेड रिहर्सल



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा आगामी गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत पुलिस लाइन कौशाम्बी में रिहर्सल परेड का निरीक्षण किया गया एवं टोलीवार परेड का रिहर्सल कराया गया व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही**
कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 107 वाहनों का ई-चालान किया गया।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत चलाया गया जागरूकता अभियान

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल विद्यालय, गांव व कस्बा में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में थाना सैनी व थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए, चौपाल लगाकर, कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों, छात्राओं, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं



एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉलध्पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।